दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :356
प्रतापगढ़ | सोमवार, 28 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

आज हम आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं-एस. जयशंकर

मुंबई , एजेंसियॉ। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। बता दें, महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है और मतदान 20 नवंबर को होगा तथा नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।संवाददाताओं से बात करते हुए जयशंकर ने कहा, %मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-रोधी अभियान का प्रतीक है। जब हम हस्ट के सदस्य थे, तब हम आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष थे। हमने पहली बार सुरक्षा परिषद की बैठक मुंबई के उस होटल में की थी, जहाँ आतंकवादी हमला हुआ था।जयशंकर ने कहा, %लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं।% उन्होंने कहा, %जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है।जयशंकर ने कहा, %हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे।% जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी।

जयशंकर ने कहा, %हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी। इसमें कुछ समय लगेगा।जयशंकर ने निवेश को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाने के आरोपों को रविवार को खारिज करते हुए कहा, %पिछले 10 वर्ष में सभी परियोजनाएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के पास नहीं आयी हैं। निवेशकों का अपना हिसाब-किताब होता है और वे ऐसी राज्य सरकार का चुनाव करेंगे जो सक्षम और कुशल हो।%

सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है -अमित शाह

पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल) । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल भू पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन और एक 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और राज्य के लोगों से 2026 में राजनीतिक बदलाव लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की अवैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है।

मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे।'' शाह ने कहा, ''घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है...दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।

'मन की बात'

देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर-प्रधानमंत्री

कहा- एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' छाया हुआ है

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग स्पेस का भी यहां विस्तार हो रहा है और वह दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं।आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं। उन्होंने कहा, ''एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। भारतीय गेम्स भी इन दिनों दुनिया-भर में लोकप्रिय हो रहे हैं।'' पिछले दिनों भारत के अग्रणी गेमर्स से हुई अपनी मुलाकात को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''वाकई, देश में रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है।''प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने स्पाइडर मैन और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की और कहा कि अब भारत के युवा मौलिक सामग्री तैयार कर रहे हैं, जो देश की संस्कृति की झलक दर्शाती है। उन्होंने कहा, ''एनिमेशन क्षेत्र आज एक ऐसे उद्योग का रूप ले चुका है कि जो दूसरे उद्योगों को ताकत दे रहा है।''

आरजेडी में शामिल हुए शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे

सिवान क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ने की उम्मीद बढ़ी

पटना, एजेंसियॉ। दिवगंत आरजेडी नेता शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहब और बेटे ओसामा रविवार को राजद में शामिल हो गए हैं। दोनों के राजद में शामिल होने पर पार्टी को सिवान क्षेत्र में राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें, हिना साहब और ओसामा ने राजद प्रमुख लालू यादव की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता हासिल की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। ये कार्यक्रम राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड आवास पर आयोजित किया गया था।इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा, %आज आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में हम लोगों की कद्दावर नेता रही हिना शहाब ने पुनः पार्टी सदस्यता ग्रहण की है उनके पुत्र ओसामा शहाब भी पार्टी में शामिल हुए हैं।

कई समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली है। मेरा विश्वास है कि इससे सिवान के साथ-साथ पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती मिलेगी। हम लोगों की जो धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा है इस माध्यम से इसे हम जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।शहाबुद्दीन परिवार का सिवान क्षेत्र में व्यापक प्रभाव माना जाता है। ऐसे में हिना साहब और ओसामा में पार्टी में शामिल होने को राजद के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोनों के राजद में शामिल होने पर खुशी जाहिर की है। उम्मीद जताई जा रही है कि अब सिवान और उसके आसपास के क्षेत्रों में आरजेडी का समर्थन बढ़ सकता है।

पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, 3 बारूदी सुरंगों का पता चला; राजौरी में बढ़ाई गई सुरक्षा

पुंछ ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस ठिकाने से दो हथगोले और तीन बारूदी सुरंगें बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान की गई।इस बीच, सीमावर्ती जिले राजौरी में आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रणदीप कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में आतंकवादियों पर नजर रखने और उनकी गतिविधियों को नाकाम करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई।

बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा, सुबह छाई धुंध की चादर

नई दिल्ली (आरएनएस)। सर्दियों के आते ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या फिर से बढ़ने लगी है। रविवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा, जिसके कारण सुबह आकाश में धुंध की चादर देखने को मिली।केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 रहा। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 216, गुरुग्राम में 233 गाजियाबाद में 375, ग्रेटर नोएडा में 346 और नोएडा में 320 अंक रहा।दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर पहुंच गया है। जिसमें आनंद विहार में 405, जहांगीरपुरी में 408, नेहरू नगर में 405, विवेक विहार में 403 अंक बना हुआ है। वहीं इसके अलावा दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से 400 के बीच बना हुआ रहा। जिसमें अलीपुर में 400, अशोक विहार में 384, आया नगर में 329, बवाना में 398, चांदनी चौक में 318, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 346 और डीटीयू में 318 रहा।इसके अलावा द्वारका सेक्टर 8 में 339, आईजीआई एयरपोर्ट में 324, आईटीओ में 361, लोधी रोड में 305, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 370, मंदिर मार्ग में 352, मुंडका में 362, नरेला में 355, एनएसआईटी द्वारका में 349, नॉर्थ कैंपस डीयू में 367, ओखला फेस 2 में 347, पटपड़गंज में 340,पंजाबी बाग में 368, पूसा में 325, रोहिणी में 381, शादीपुर में 343, सिरी फोर्ट में 332, सोनिया विहार में 400, श्री अरविंदो मार्ग में 318, वजीरपुर में 392 अंक बना हुआ रहा।वहीं दिल्ली के तीन इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर 300 के बीच रहा, जिसमें दिलशाद गार्डन में 281, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 292, नजफगढ़ में 266 दर्ज किया गया।बता दें केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड की तरफ जारी आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया जा रहा है, जिससे लोगों को घर के बाहर सांस लेने में परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसमें खासतौर पर बच्चे और बूढ़े शामिल हैं।

बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में नौ लोग घायल

विपक्ष के निशाने पर मोदी सरकार

मुंबई , एजेंसियॉ। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह भगदड़ मच गयी, जिसमें नौ लोग घायल हो गए। यह हादसा बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ने के दौरान हुआ।अधिकारियों के मुताबिक, बांद्रा टर्मिनल के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर भारी भीड़ थी। ट्रेन पर चढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की हुई, जिसकी वजह से भगदड़ मच गयी और नौ लोग इसमें घायल हो गए। घायलों को भाभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, इन नौ में से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान हो गयी है। बांद्रा स्टेशन पर घायल हुए लोगों की पहचान शबीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदर गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चूमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत सहानी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में की गयी है।बांद्रा रेलवे स्टेशन पर हुए इस हादसे पर राजनीति शुरू हो गयी है। विपक्ष मोदी सरकार पर हमला कर रहे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, जब से मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है और रेल मंत्री को फिर से जिम्मेदारी दी गई है, देश में 25 से अधिक बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 100 से अधिक लोगों की जान गई है।राउत ने आगे कहा, %आप बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाई-स्पीड ट्रेनों की बात करते हैं और नितिन गडकरी हवा में बसें चलाने की बात करते हैं। लेकिन, ज़मीन पर सच्चाई क्या है? जिस तरह से यात्री घायल हुए, क्या इसके लिए रेल मंत्री ज़िम्मेदार नहीं हैं?

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, %महाराष्ट्र में जंगलराज है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि एक नेता को सरेआम गोली मार दी गई। आज खबर आ रही है कि भीड़ के कारण 9 लोग घायल हो गए। ये (भाजपा) शोर मचाते हैं कि डबल इंजन की सरकार होगी तो सब ठीक हो जाएगा। वहां डबल इंजन की सरकार है, उनके पास रेलवे भी है और कानून व्यवस्था भी। अगर यात्रियों के साथ ऐसी घटनाएं होंगी तो रेलवे पर कौन भरोसा करेगा?

बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे विमान में बम की सूचना निकली अफवाह

अयोध्या, (हि.स.)। बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे अकासा एयरलाइंस के विमान में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया एक्स पर धमकी भरे मेसेज के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान को सकुशल लैंड कराया गया। जांच में बम अथवा कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली।अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया विमान में 173 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान के यात्रियों को बम की सूचना से अवगत नहीं कराया था।

वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी ने 51 फुट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा का किया अनावरण

वाराणसी ,एजेंसियॉ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान रविवार को यहां हवाई अड्डा मार्ग स्थित हरहुआ के काजीसराय क्षेत्र में 51 फुट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसारप्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री ने परिक्रमा करते हुए विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा स्थापित इस भव्य प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने दो साल में तैयार किया है। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने काशीवासियों के लिए आस्था के इस प्रतीक को समर्पित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया, जहां उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत भी की, जिसमें हजारों छात्रों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने वाराणसी सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। योगी ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पूजा के पश्चात बाबा विश्वनाथ से प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा।

किसानों को फ्री बिजली देने की बात कहकर मीटर लगा रही सरकार-राकेश टिकैत

लखनऊ,एजेंसियॉ। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महापंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है।उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी?टिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद संवाददाताओं से कहा, ÷अगर मीटर लगाना है तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा।उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिर्जापुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है। टिकैत ने कहा कि यही हाल मक्का का है।भाकियू नेता ने कहा कि अकेले बिहार में एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान फसलों को कम कीमत पर बेचने से किसानों को होता है और यह हाल सभी राज्यों का है। टिकैत ने आरोप लगाया, ÷सरकार चाहती है कि लोग बंधुआ मजदूर बनकर रहें। यह एक बड़ी साजिश रची जा रही है। यह सरकार देश को श्रमिकों का देश बनाना चाहती है क्योंकि उद्योगों में श्रमिकों की भारी कमी है।

डीएम आवास परिसर से मिला लापता महिला का कंकाल

जिम ट्रेनर ने हत्या के बाद दफनाया, चार महीने पहले किया था मर्डर

कानपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक मर्डर केस को सुलझा लिया है। पुलिस ने कानपुर के जिलाधिकारी के बंगले के पास से एक महिला का शव बरामद किया गया। यह शव चार महीने पहले लापता हुई एक महिला का है, जिसकी पहचान एकता के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, एकता की हत्या उसके जिम ट्रेनर प्रेमी ने की है। जिम ट्रेनर विमल सोनी ने पुलिस की पूछताछ में कबूल किया कि उसने एकता की हत्या की और उसके शव को सरकारी अधिकारियों को आवंटित बंगलों वाले इलाके में दफनाया दिया था।महिला 24 जून को लापता हो गई थी। महिला के पति राहुल गुप्ता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें पुणे, आगरा और पंजाब भेजी गई हैं। शुरुआती जांच में पुष्टि हुई थी कि महिला की मौत हो चुकी है। पुलिस ने सबूतों के आधार पर कानपुर के रायपुरवा इलाके के निवासी सोनी को हिरासत में लिया। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को उस जगह के बारे में बताया जहां उसने महिला के शव को छुपाया था।

पूछताछ के दौरान सोनी ने पुलिस को बताया कि वह एकता के साथ रिलेशनशिप में था। उसकी शादी होने से एकता खुश नहीं थी। डीसीपी (उत्तरी कानपुर) श्रवण कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि हत्या वाले दिन सोनी और एकता बातचीत करने के लिए कार में बैठ थे। इस दौरान दोनों की बहस हो गयी और सोनी ने एकता के गले पर मुक्का मार दिया, जिसके बाद वह बेहोश हो गयी। बाद में उसकी मौत हो गयी।

बता दें, पुलिस के बाद इस दौरान का एक सीसीटीवी फुटेज हैं, जसिमें एकता और सोनी साथ में जिम से बाहर जाते दिखाई दे रहे हैं। सिंह ने कहा कि उस व्यक्ति का पता लगाना मुश्किल था क्योंकि वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था।एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह मामला फिल्म दृश्यम से मिलता-जुलता है, जिससे प्रेरित होकर आरोपी ने हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने घटनास्थल के पास करीब आठ फीट गहरा गड्ढा खोदा और उसमें शव को दफनाया। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पर्दाफाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलोहेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है।डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है।बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गई थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी।

महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा है 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल

प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन पर बने हैं 10 आश्रय स्थल

➢आश्रय स्थलों में बनेगें अस्थाई टिकट घर, शौचालय व पूछताछ कांउटर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। मेला प्राधिकरण इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के ज़रिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचने का अनुमान है। रेलवे एनसीआर के प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है।महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर 1 नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है।

आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग

प्रयागराज। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक यात्रियों को अलग-अलग रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। इन आश्रय स्थलों में उनके स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों की घोषणा के साथ रेलवे प्रशासन उन्हें सही ट्रेन तक पहुचांने का भी प्रयास करेगा। इसके लिए आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग, जाने वाली ट्रेनों की दिशा के मुताबिक की गई है। लखनऊ और बनारस जाने वाले यात्रियों को लाल रंग के आश्रय स्थल, कानपुर के लिए हरे रंग का, जबकि सतना, मानिकपुर, झांसी की ओर जाने वालों को पीले रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। अलग-अलग स्टेशनों पर आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग थोड़ी अलग-अलग भी है, जिसकी जानकारी स्टेशनों पर लगी रहेगी। इसके साथ ही आरक्षित श्रेणी के यात्रियों के लिए अलग से भी अस्थाई आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव राह चलते लोगों ने दी पुलिस को सूचना

प्रयागराज। कोरांव थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। घटना की सूचना पर दोपहर परिजन मौके पर पहुंचकर बिलखने लगे। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के रवनिया गांव निवासी 21 वर्षीय अंकित कुमार मिश्रा पुत्र चंद्रमा प्रसाद मिश्र एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में अपनी मैजिक गाड़ी लगाकर आसपास के शहरों में परिवहन का काम करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह वो सामान लादकर अपनी गाड़ी से बनारस गया था। रात में एक बजे वह माल उतारकर वाराणसी से प्रयागराज के लिए वापस आ रहा था।बताया जा रहा है बीती सुबह लगभग तीन बजे भदोही में औराई थाना से कुछ दूरी पर सड़क के किनारे स्थित इमली के पेड़ में रुमाल के सहारे उसका शव लटकता हुआ पाया गया। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।इस मामले में कोरांव थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला ने बताया कि मृतक का शव पीएम के लिए भेजा गया है।

धन्वंतरि जयंती धनतेरस के उपलक्ष्य में 'आरोग्य उत्सव' का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। धन्वंतरि जयंती धनतेरस के उपलक्ष्य में प्रकृतिवेदा वैलनेस सेंटर के द्वारा 'आरोग्य उत्सव' यज्ञ हवन, पूजन, भजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूजा पाल, विधायक, चायल कौशांबी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्लेष गौतम, राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि एवं संचालक तथा डॉ. वी के मिश्रा, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग प्रयागराज कीउपस्थिति में संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में पूजा पाल ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में हर आदमी किसी ने किसी रोग से ग्रसित है। आयुर्वेद ही यह कैसा माध्यम है जिसे इलाज करने पर आदमी किसी और विकार का शिकार नहीं होता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. श्लेष गौतम ने कहा कि आयुर्वेद ही कैसा माध्यम है जो मनुष्य को रोगी होने ही नहीं देता अगर कोई रोगी है तो उसको सही करने की जो क्षमता आयुर्वेद में है वह किसी और चिकित्सा पद्धति में नहीं है। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ. वी के मिश्रा ने कहा कि प्रकृति वेद वैलनेस सेंटर में देश-विदेश से लोग आकर उपचार करा रहे हैं।प्रकृतिवेदा वैलनेस सेंटर के निदेशक डॉ पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि 'जब सृष्टि की रचना हुई थी तो भगवान ब्रह्मा ने सबसे पहले यज्ञ प्रयाग की धरती पर ही किया था। आरोग्य उत्सव आरोग्य उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेष सेवा से स्वास्थ्य एवं समाज को दिशा देने वाले कुछ महानुभावों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. हितेश मनकेले डॉ रवि गुप्ता, सुचिता दिग्गा, अरुण शाश्वत , गीता रानी, डॉ सूर्य यादव, योगी ज्वाला, सूरज मिश्रा अयोध्या, योगी विक्रांत, डॉ मनोज सिंह, सृष्टि मालवीय, आलोक मालवीय, अरविंद सिंह आदि प्रमुख रहे।

कौशाम्बी में आयोजित भाला फेंक में रंजना यादव प्रथम

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा के भोलानाथ रामसुख इंटर कालेज की छात्रा रंजना यादव ने कौशाम्बी के करारी स्थित डाक्टर ए एच रिजवी डिग्री कालेज में आयोजित भाला फेंक प्रतियोगिता में रंजना यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे विद्यालय और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।इसके पहले रंजना यादव ने प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था तथा गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। रंजना यादव के घर पहुंचने पर गांव में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर पिता शिवभजन यादव, खिलाड़ी पवन यादव, इसरार मोहम्मद, जगर्दबिका प्रसाद पटेल,

सुनील यादव, राम सेवक, अनिल यादव ने बधाई दी है। रंजना यादव मऊआइमा से सटे गांव मलकिया गहरपुर सोरांव की निवासनीय और भोलानाथ राम सुख इंटर मीडिएट कालेज चकश्याम किरांव मऊआइमा की छात्रा है।

31 अक्टूबर को मनाया जाएगा दीपावली पर्व- पं. कमलाशंकर उपाध्याय

शास्त्रीय साक्ष्यों में दीपोत्सव को लेकर कोई भ्रम नहीं,कुछ ज्योतिषियों ने इस पर्व को लेकर फैलाई भ्रांतियां

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। ज्योतिषाचार्य पं. कमलाशंकर उपाध्याय ने कहा कि दीपावली पर्व को लेकर विद्वानों में भ्रांतियां हैं। कुछ विद्वान ज्योतिषी 31 अक्टूबर को तथा कुछ 1 नवंबर को दीपावली उत्सव मनाने का पक्ष रख रहे हैं। सूर्य सिद्धांत से संबंधित पञ्चांगकारों ने 31 अक्टूबर को दीपावली मनाने का निर्देश किया है। श्री शास्त्री ने बताया कि जब कि दृग सिद्धांत के पञ्चांगकार 1 नवंबर को दीपावली पर्व मनाने का प्रबल तर्क दे रहे हैं। वास्तव में सूर्य सिद्धांत पञ्चांगकारों के अनुसार अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को अपराह्न 3ः12 से लग रही है जोकि 1 नवंबर को सायं काल 5ः15 तक के आस पास अमावस्या तिथि समाप्त हो रही है। उन्होंने तर्क दिया कि 1 नवंबर को

सूर्यास्त 6ः32 पर हो रहा है।अतः अमावस्या सूर्यास्त पर्यंत भी व्याप्त नहीं है। दृग सिद्धांत के पञ्चांगकार 1 नवंबर की शाम को 6ः15 तक अमावस्या का मान दिखा रहे है।

ज्योतिषाचार्य उपाध्याय ने कहा कि निर्णय सिंधु के अनुसार सूर्यास्त के बाद रात्रि बेला प्रारंभ होने के एक मुहूर्त पश्चात अर्थात रात्रि बेला शुरू होने के 48 मिनट बाद तक, (2 घंटा 24 मिनट की प्रदोष बेला + एक मुहूर्त अर्थात 48 मिनट की रात्रि बेला का प्रथम प्रहर) कुल मिलाकर सूर्यास्त के बाद 3 घंटा 12 मिनट तक यदि 1 नवंबर को अमावस्या व्याप्त रहती तभी 1 नवंबर को दीपावली उत्सव एवं महालक्ष्मी का पूजन किया जाना था। किंतु दृग सिद्धांतीय पञ्चांग के अनुसार भी इतने समय तक अमावस्या नहीं प्राप्त हो रही है। उन्होने तर्क दिया कि निर्णय सिंधु के अनुसार सूर्यास्त के बाद 3 घंटा 12 मिनट तक अमावस्या व्याप्त रहती तभी 1 नवंबर को दीपावली उत्सव एवं महालक्ष्मी का पूजन किया जाना था। किंतु दृग सिद्धांतीय पञ्चांग के अनुसार भी इतने समय तक अमावस्या नहीं प्राप्त हो रही है। उन्होने तर्क दिया कि निर्णय सिंधु के अनुसार सूर्यास्त के बाद 3 घंटा 12 मिनट तक अमावस्या होने पर ही दूसरे दिन अर्थात 1 नवंबर को दीपावली पूजन हो सकता था।

दीपावली पर्व को मनाने को लेकर भ्रांतियों को दूर करने के लिए श्री शास्त्री ने, दंडैक रजनी योगे दर्शाः स्यातु परे अहनि। तदा विहाय पुरवेदयुः परेहनि सुखरातृके। के साक्ष्य के आधार पर दीपावली का पर्व बिना किसी भ्रम के 31 अक्टूबर को ही मनाए जाने की बात कही।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दी गई उचित सलाह

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आरोग्य भारती महानगर प्रयागराज के तत्वावधान में रविवार से ही धन्वंतरि जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके तहत मुंडेरा स्थित नारायण स्वरूप अस्पताल प्रांगण में सुबह 10 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरि एवं माँ भारती की आराधना से हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में मरीजों ने भागीदारी की। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में वैद्य एसके राय, डॉ. राजीव सिंह, डॉ.सोनिया सिंह एवं कई चिकित्सक शामिल रहे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में आदर्श कुमार बाजपेई, लालजी त्रिपाठी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा।

बेथनी कॉन्वेंट स्कूल "स्पोर्ट्स मीट" का आगाज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में ÷स्पोर्ट्स मीट÷ की शुरुआत रविवार को हुई। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चार हाउस ब्लू, गोल्ड, ग्रीन, और रेड के खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविंद मिश्रा, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर थॉमस अब्राहम, प्रमुख, शारीरिक शिक्षा विभाग, इविंग क्रिश्चियन कॉलेज, की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रिंसिपल सिस्टर डॉ. शमिता और वाइस प्रिंसिपल सिस्टर ग्रेसी ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया। मशाल प्रज्वलित करने के बाद खेल कप्तान पृथ्वी राज चौहान ने मैदान का चक्कर लगाया, और चारों हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में खेल शिक्षक दीपक कुमार, मोहम्मद साबिर, ऋचा पांडे और प्रीति सिंह सहित सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।उद्घाटन दिवस पर सभी स्पर्धाओं की हीट्स समाप्त हो चुकी हैं, और फाइनल स्पर्धाएं सोमवार और मंगलवार को होंगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उज्ज्वल रमन सिंह, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी वर्षा वर्मा, और बाल कल्याण प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने बच्चों के साथ किया संवाद

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन के सान्निध्य में रोटरी क्लब चंडीगढ़ मिडटाउन के रोटेरियन सलिल चोपड़ा ने सरस्वती शिशु मंदिर, दारागंज में बच्चों के साथ एक घंटे का सत्र आयोजित किया। इस सत्र में उन्होंने बच्चों को नैतिक कहानियाँ सुनाईं, जिन्हें बच्चों ने उत्साह के साथ सुना।

बच्चों ने श्री चोपड़ा के साथ बातचीत भी की और उनका अनुभव बहुत अच्छा रहा। चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच उनकी बहुत लोकप्रियता है, और उन्हें ÷रोटरी अंकल÷ का उपनाम दिया गया है।क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है, और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने में सहायक होते हैं।

1216 बूथों पर सुना गया मन की बात,हर बूथ पर बनाए गए 25 सदस्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 115 वें संस्करण को प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों के 1216 बूथों पर सुना गया। इस दौरान हर बूथ पर 25 सदस्य बनाने का अभियान भी चलाया गया।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में सलोरी वार्ड के बूथ नंबर 91 में वरिष्ठ कार्यकर्ता नीरज दीक्षित के आवास पर तो वहीं महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में उनके कैंप कार्यालय कीडगंज और जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने मुट्ठीगंज कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता की और सदस्यता अभियान चलाया। इसी तरह महानगर के मुट्ठीगंज, चौक, सिविल लाइन मंडल, कीडगंज, शिवकुटी, भारद्वाज, विश्वविद्यालय मंडल, वेणीमाधव, प्रीतमनगर, खुल्दाबाद सहित सभी 15 मंडलों में कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में मन की बात सुना और हर बूथ पर 25 सदस्य ऑन लाइन बनाने का अभियान चलाया। सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनोज कुमार कुशवाहा, रवि केसरवानी, राजेश गोंड, अविनाश दुबे, नवाब खान, आनंद जायसवाल, संजय सिंह, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, सुमित वैश्य, विजय श्रीवास्तव, अनिल भट्ट, भरत निषाद, राघवेंद्र मिश्रा,भोला सिंह, कौशिकी पटेल, आनंद दुबे, शिवा त्रिपाठी, आस्तिक शुक्ला, अवनीश तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने दी दिवंगत विजय अरोड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रयागराज। प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय अरोरा को व्यापारियों ने आज मीरापुर स्थित देशराज गेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि दी। उनकी याद में एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन आज दोपहर 1 बजे से देशराज गेस्ट हाउस कल्याणी देवी में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रयागराज के व्यापारी तथा क्षेत्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम का संचालन सुहैल अहमद ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, अन्नू भैया, अशोकी अरोड़ा, अखिलेश सिंह, साहिल अरोड़ा, अतुल केशरवानी, धनंजय सिंह, सुरेश गुप्ता, सरदार हरजिंदर सिंह, गुरु चरण चन्नी अरोड़ा, सूरज सोनकर, धर्मेंद्र केशरवानी, सरदार परम जीत सिंह, सरदार प्रीतम सिंह, महमूद खान, रोहित अरोड़ा, फैयाज अहमद, अनिल अरोड़ा, इंदर मध्यान, कमल गुलाटी, अनिल केशरवानी, शुभम केशरवानी, अनिमेष अग्रवाल, सरदार जितेंद्र सिंह, विजय वैश्य, नटवरलाल भारतीय, मोहम्मद अकरम आदि उपस्थित रहे।

करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। रविवार को दोपहर बारह बजे करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर खीरी पुलिस पहुंची देखकर वापस चली गई। खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी निवासी आकाश कनौजिया उम्र 22 वर्ष पुत्र शंकर लाल कनौजिया गांव में ही डीडीएच बनाते समय छतरी में बिजली की तार खुला होने से चपेट में आ गया। स्वजनों ने आनन-फानन कोरांव एक निजी अस्पताल गए। जहां डॉक्टर ने इलाज करने से इंकार कर दिया। फिर सीएचसी लें जाया गया। मौजूद डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। फिर अपने घर शव लेकर वापस घर आएं। बताया जाता है कि मृतक आकाश कनौजिया की शादी मिर्जापुर जिले के गैपुरा गांव के नवगांव माह

अप्रैल में तय थी। दो भाई में छोटा था। बड़े भाई रिंकू कनौजिया घर का देखरेख करता था। इस घटना को देख पिता शंकर लाल कनौजिया बेसुध हो गए। वहीं हालत बिगड़ते देख स्वजनों ने शव घर पर छोड़कर इलाज कराने के लिए कोरांव एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इस घटना को लेकर मां उर्मिला देवी रो - रोकर अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। जबकि परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष के सामने मारपीट करने वाले कांग्रेस नेता 6 वर्ष के लिए निष्कासित

प्रयागराज। प्रयागराज के गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव को 25 अक्टूबर को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने के बाद अब एक और नेता के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

ज्ञात हो कि प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में बीती 30 सितंबर को आयोजित कांग्रेस के संविधान सम्मान सम्मेलन में जमकर मारपीट हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सामने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर लात-घूंसे चले थे। इसके बाद अब पार्टी ने अब कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के गंगापार के नेता एहतेशाम अहमद को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के सदस्य व पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने शनिवार देर शाम इसका आदेश भी जारी कर दिया है।

मारपीट और गाली-गलौच का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एहतेशाम अहमद भी किसी को मारते हुए दिख रहे थे। जब यह घटना हुई उस समय मंच पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता मौजूद थे। इसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को 2 अक्टूबर को नोटिस देकर जवाब मांगा गया था लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को कार्यक्रम अधिकारी ऋषि दीक्षित के नेतृत्व में अरैल स्थित शूलटंकेश्वर मंदिर के प्रांगण में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा, कि आगामी जनवरी के माघ महीने में भव्य कुंभ मेले का आगाज होने जा रहा है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से तीर्थ यात्री, पर्यटक आदि स्नान करने हेतु आएंगे, जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रहेगी। मेले को साफ सुथरा रखने में जिसके माध्यम से देश के कोने कोने में प्रयागराज की छवि स्वच्छता के माध्यम से ही पहचानी एवं जानी जाएगी।

संस्था के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा, कि सभी स्वयंसेवी प्रत्येक महीने के दूसरे एवं चौथे रविवार को सुबह-सुबह अपनी नींद त्याग करके मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु आम जनमानस से अपील करते हैं, जिसका परिणाम धीरे-धीरे दिखाई पड़ रहा है, कि आज लोग मंदिरों में गंदगी करने से परहेज करने लगे हैं। इस मौके पर कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ. एस.बी.यादव, आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,नीरज पाण्डेय, अभिषेक यादव, ऋषिकेश प्रजापति, विनोद गुरानी, निर्मल कुशवाहा, गोविंद सिंह, कार्तिकेय तिवारी तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

जिन्होंने कई दशक अपने मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया वही आज राष्ट्रवादी होने का ढोंग रच रहे- कर्नल शरद

प्रयागराज। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ का मण्डलीय सम्मेलन आज झूंसी के एक गेस्ट हॉउस में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रिटा. कर्नल शरद शरण ने कहा कि आज देश में वह ताकतें अधिक सक्रिय हो गई हैं जिन्होंने देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को दशकों तक अपने मुख्यालय पर नहीं फहराया। शरद शरण ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन

में अंग्रेजों के तलवे सहलाने वाले, माफ़ी मांग कर जीवन दान पाने वाले, अपने मुख्यालय पर तिरंगा न फहराने वाले आर एस एस के लोग राष्ट्रवादी होने का दम्भ भरते फिर रहे हैं।सम्मेलन को एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, फूलपुर उप चुनाव में सपा उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी, अमरनाथ सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, शिव बाबू यादव, दिनेश यादव, राजू पासी, वजीर खान, रविन्द्र यादव, श्याम करण, राम सुमेर पाल, रूप नाथ यादव, ओ पी पाल, धर्म पाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बलवा ड्रिल का कराया गया फाइनल अभ्यास

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज भानु भास्कर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक ,प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विगत एक सप्ताह से पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज, दिनांक 27.10.2024 को, फाइनल रिहर्सल किया गया। अभ्यास के दौरान, पुलिस द्वारा की जाने वाली छोटी-मोटी त्रुटियों को भी सुधारा गया।

दंगा नियंत्रण की कार्यवाही सदैव चुनौतीपूर्ण रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने निर्देश दिया कि जनसमूह के किसी भी आयोजन के संबंध में उच्च स्तर की सूचना तंत्र विकसित करना आवश्यक है ताकि जनता में उपस्थित लोगों के मनोभाव को समझा जा सके।

यदि भीड़ किसी भ्रम अथवा अफवाह के कारण उत्तेजित होती है, तो नगरिक पुलिस का कर्तव्य है कि उन्हें समझा-बुझाकर शांत करे। किन्हीं अपरिहार्य स्थितियों में ही न्यूनतम बल प्रयोग कर विधिक कार्रवाई की जाए। दंगा नियंत्रण के दौरान, प्राथमिकता के रूप में फायर ब्रिगेड द्वारा पानी का छिड़काव, अश्रु गैस का प्रयोग, और आवश्यकता अनुसार बेंत का प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित किया जाता है। विषम परिस्थितियों में जान-माल की सुरक्षा हेतु अग्नि अस्त्र का प्रयोग भी आवश्यक हो सकता है। दंगा नियंत्रण में घायल लोगों के तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाती है और मौके पर पुलिस बल तैनात करते हुए यह सुनिश्चित किया जाता है कि आगे कोई समस्या उत्पन्न न हो। शासन और पुलिस मुख्यालय स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु यह अभ्यास किया गया। पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण से संबंधित भारतीय दंड संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और पुलिस रेगुलेशन के विधिक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

अभ्यास के दौरान, पुलिस कर्मियों ने बुलेटप्रूफ जैकेट, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, बेंत, और टियर गैस के उपकरण आदि का उपयोग किया, जिससे आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना विकसित हो सके।

आज ही संपूर्ण जनपद में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां दंगा नियंत्रण स्कीम के तहत तुरंत पुलिस बल पहुँचाने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने का भी अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कौशांबी के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, एलआईयू, फायर सर्विस, जोनल दंगा नियंत्रण टीम, और सभी थानों के महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

डॉक्टर ब्रजेश शुक्ला को मिला सीनियर साइंटिस्ट एवार्ड

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं विज्ञान अध्यन केन्द्र एवं पर्यावरण गतिविधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में कृषि,मवेशियों और ग्रामीण विकास का योगदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बेस्ट प्रजेंटेशन के लिए यह अवार्ड दिया गया डॉ ब्रजेश शुक्ला को दिया गया।डॉक्टर शुक्ला वर्तमान में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।आपने नेशनल इंटरनेशनल जर्नल में अनेकों शोध पत्र प्रकाशित किया है,कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भी संपादन आपके द्वारा किया गया है।डीन साइंस प्रो.आई.पी.त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो.के.बी..पांडेय,डॉक्टर उमेश शुक्ला, डॉक्टर उमाशंकर मिश्रा, डॉक्टर प्रमोद शर्मा, डॉक्टर कौशल त्रिपाठी नें इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दिया।

20 वर्षों से पट्टे की जमीन पर काबिज नहीं हो पा रहा युवक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम,बंधवा रजवर के मंजरा बभनपुरवा के दलित दुःखू पुत्र रामस्वरूप को वर्ष 2004 में मंझनपुर तहसील से सरकारी आराजी भूमि पर पट्टा मिला था। दुःखू का परिवार इस बात से प्रसन्न था कि उसके दुःख का पहाड़ कम हो जाएगा, और वह सुख में जीवन व्यतीत करेगा। लेकिन उसकी तरक्की लोगो को रास नही आई और उसे कानून के मकड़जाल में उलझा दिया। सरकार से पट्टा मिलने के बाद भी दुःखू का दुख कम नहीं हुआ और उसकी मुसीबत लगातार बनी रही। 20 वर्षों के बीच अधिकारी नेता और अदालत का दरवाजा ही वह खटखटाता रह! गया। कानूनी लड़ाई में। फंसने के बाद दलित ने अपनी मजदूरी की रकम भी गवा दी। तरक्की छोड़िए रोटी के लाले पड़ गए। लेकिन उसे पट्टे की सरकारी जमीन पर 20 वर्ष की भाग दौड़ के बाद भी कब्जा नहीं मिल सका। पहले पुरुषोत्तम लाल लोध ने सरकार के बंजर भूमि को अपना बताकर मुकदमा दाखिल कर दिया जमीन सरकार की थी पट्टा दुःखू को मिला था लेकिन बीच में पुरुषोत्तम टांग लगाकर खड़ा हो गया और इस बात को लेकर कई साल तक मुकदमा चला अंत में। फैसला हुआ कि जमीन दुःखू की हैं। इस जमीन से पुरुषोत्तम से कोई मतलब नहीं हैं। और जब दुःखू के पक्ष में अदालत का फैसला आ गया तो गांव के कुछ लोगो ने सरकार के बंजर आराजी को अपनी बता कर दुःखू को कब्जा करने से रोक दिया। सरकार के बंजर आराजी को किशन अपनी बताने लगा और सरकार की आराजी पर दुःखू को पट्टा मिला है उस पर दुःखू को अब किशन कब्जा नहीं करने दें, रहा हैं।

20 वर्षों से न्याय के लिए दलित व्यक्ति थाना दिवस तहसील समाधान दिवस से लेकर एसपी डीएम कमिश्नर मुख्यमंत्री तक सैकड़ो बार फरियाद कर चुका हैं। लेकिन सरकार से पट्टे पर मिले भूमि पर दुखू को अभी तक कब्जा नहीं मिल सका हैं। जिससे जिले की बेहतर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता हैं। एक तरफ सरकार से लेकर सत्ता पक्ष के नेता और अधिकारी कहते हैं। कि जिले की कानून व्यवस्था बेहतर हैं। लेकिन जो जमीन सरकार की हैं। उस जमीन पर सरकार ने दलित को पट्टा दिया हैं। अदालत से वह मुकदमा जीत चुका हैं। और उसके बाद उस जमीन पर दलित 20 वर्षों से कब्जा नहीं पा रहा हैं, तो कहां बेहतर कानून व्यवस्था की बात की जा सकती हैं। जिले में गरीब दलित कमजोर को कानून का हवाला देकर प्रताड़ित कर मनमानी तरीके से थानेदारी और लेखपाली करने वालों पर अभी तक कार्यवाही भी नहीं हुई हैं। दुःखू जैसे जिले में हजारों लोग न्याय के लिए कानून की चौखट पर दम तोड़ रहें हैं। और अफसर कानून के मकड़जाल में गरीबो को उलझा कर बेहतर कानून व्यवस्था की बात कर रहें हैं।

त्यौहारों के दृष्टिगत मूरतगंज बाजार में डीएम-एसपी ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ मूरतगंज बाजार में शनिवार को पैदल गस्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सराफा दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की हिदायत दी। उन्होंने बाजार के अन्य दुकानदारों सहित अन्य लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस दौरान उपजिलाधिकारी चायल एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

52वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी संपन्न

▶▶ मंडल स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित किए गए बाल वैज्ञानिक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज के दिशा निर्देशन में 52वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी में किया गया । जिसमें जनपद के बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक विद्यालयों के 102 विद्यार्थियों ने क्रियाकारी एवं स्थिर मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी जूनियर संवर्ग (हाईस्कूल स्तर तक) एवं सीनियर संवर्ग (कक्षा 11 एवं 12) तथा अध्यापक संवर्ग मे आयोजित की गयी। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता सुरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासा को उजागर करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी सोच, शोध एवं वैज्ञानिक विचार प्रकट करने के लिए उचित मंच प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच का उत्पन्न होना बहुत आवश्यक है। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने विद्यार्थियों से कहा कि मॉडल सदैव नवाचार पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न स्थानीय समस्याओं को चिन्हित करते हुए अपनी नई सोच, खोज, शोध एवं विचारों को प्रदर्श के रूप में प्रदर्शित करना चाहिए ।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य विषय- सतत भविष्य के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एवं सात उप विषय निर्धारित किए गए हैं। जूनियर वर्ग में सभी सात उप विषयों से नॉन वर्किंग मॉडल में प्रथम व द्वितीय (कुल 14), 01वेटिंग तथा वर्किंग मॉडल में प्रथम व द्वितीय (कुल 14) का चयन मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु किया गया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में प्रत्येक उप विषय में क्रियाकारी मॉडल में प्रथम व द्वितीय (कुल 14) एवं अध्यापक संवर्ग में कुल 05 अध्यापकों का चयन मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु किया गया। सभी चयनित विद्यार्थी एवं शिक्षक 11 से 13 नवम्बर तक प्रयागराज में होने वाली मंडलीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक मंडल में डायट प्रवक्ता नरेंद्र कुमार एवं सुरेश चंद्र मिश्रा, कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं आयुष साहू रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी संयोजक प्रीति सिंह, विभा द्विवेदी, पंकज मिश्रा, डॉक्टर रविंद्र कुमार सिंह, अखिलेश यादव, संजीव द्विवेदी मोहम्मद शाहिद अली, नीलिमा सिंह, शालिनी, दीपेंद्र सिंह, विपिन कुमार, भुलई, देवेश कुमार, राधेश्याम पांडेय, जयशंकर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु चयनित बाल वैज्ञानिकों की सूची

कौशाम्बी। सीनियर वर्ग क्रियाकारी (वर्किंग मॉडल) नित्या केसरवानी (कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी), प्रियांशी मौर्य (दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज अझुवा), राहुल (श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा), संध्या पांडेय(देवशरण इंटर कॉलेज देवरा), आदर्श प्रजापति (आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा), सतीश कुमार (रामधनी मौर्य इंटर कॉलेज पथरावाँ), स्नेहा (समाधि महाराज इंटर कॉलेज नसीरपुर) रुद्र प्रताप (धर्मा देवी इंटर कॉलेज,केन, कनवार), रोहित कुमार (महगांव इंटर कॉलेज महगांव) आशुतोष विश्वकर्मा (धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार) रितिका गुप्ता(कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी) राज (एसएवी इंटर कॉलेज सैनी) सुषमा कैथवास (पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज देवखरपुर) समर तिवारी (नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी) जूनियर वर्ग(वर्किंग मॉडल) सिमरन (यूपीएस उलाचूपुर) अंशिका अग्रहरि (दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज अझुवा) अनुष्का (डी डी इंटर कॉलेज भरवारी) अभिषेक(एसपी मौर्य इंटर कॉलेज हरारायपुर) उदय प्रताप (यूपीएस सिंहपुर चायल) अंजली देवी (देवशरण इंटर कॉलेज देवरा) हेमंत (नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी) जितेंद्र कुमार (यूपीएस सिंहपुर चायल) शिखर मौर्य (श्री रामधनी मौर्य इंटर कॉलेज पथरावाँ) सुप्रिया (यूपीएस नौगीरा), अर्चना (बी एन ए पी इंटर कॉलेज गंगापारी का पूरा), संजना (समाधि महाराज इंटर कॉलेज नसीरपुर), काजल मिश्रा (आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा), सिरजु (राजकीय हाई स्कूल रसूलपुर बदले), जूनियर वर्ग (नॉन वर्किंग मॉडल) स्वती मिश्रा (आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज चरवा) अरमान खान (यूपीएस टेनशाह आलमाबाद मंझनपुर), श्रेया (कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी) 4-सोनिका (देवशरण इंटर कॉलेज देवरा), शिवम(यूपीएस टेनशाह आलमाबाद मंझनपुर), आस्था (यूपीएस फत्तेहपुर), अरविंद कुमार (यूपीएस बिसारा), कौशल कुमार (जगत नारायण करवरिया इंटर कॉलेज नारा), राज पांडे (धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार), पुष्पराज (श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चायल), दीक्षा (कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी), शिवम (स्टार वैली पब्लिक स्कूल समदा), माही दिवाकर (यूपीएस उलाचुपुर),

सर्वेश कुमार (श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा), राम सिंह यूपीएस भदवाँ, अध्यापक वर्ग मोहम्मद शाहिद अली(यूपीएस टेनशाह आलमाबाद मंझनपुर), शालिनी (यूपीएस सिंहपुर, चायल), निलिमा सिंह(यूपीएस सकाड़ा मूरतगंज), शेष कुमार दुबे (यूपीएस टेनशाह आलमाबाद मंझनपुर), दिव्या मिश्रा(श्री समाधि महाराज इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज)।

डोगरी भाषा साहित्य संस्कृति की सेवा के लिए काम कर रहे है

▶▶ नमे लिखारी नमी सोच ग्रुप ने शाही परिवार का जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

जम्मू। अखनूर के नमे लिखारी नमी सोच के लेखक डोगरी भाषा, साहित्य और संस्कृति की सेवा में समर्पित हैं। इनका लेखन न केवल डोगरी साहित्य में नई सोच और ताजगी लाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि डोगरी भाषा की समृद्ध परंपरा को नए जमाने के पाठकों तक पहुँचाया जा सके।

डोगरी भाषा की विरासत को सहेजने और संवारने के लिए वे लगातार लेखन, कविता, कहानियों और लेखों के माध्यम से काम कर रहे

हैं। उनके लेखन में समाज की समस्याओं, लोकसंस्कृति, और ग्रामीण जीवन की झलक मिलती है, जिससे वे अपनी भाषा और परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिक बनाए रखते हैं। नमे लिखारी नमी सोच के माध्यम से वे नई पीढ़ी के लेखकों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपनी मातृभाषा में लिखें, ताकि डोगरी भाषा और संस्कृति का विकास होता रहे। अखनूर नमे लिखारी नमी सोच के लेखक जो डोगरी भाषा साहित्य संस्कृति की सेवा के लिए काम कर रहे है। इन् सभी युवा लेखक व लेखिकाओं ने नमें लिखारी नमी सोच ग्रुप का निर्माण किया है। इस ग्रुप द्वारा नमे लिखारी नमी सोच भाग 1 का बिमोचन भी इसी बर्ष हुआ था। यह युवाओं का एक छोटा सा प्रयास था। युवाओं के इस छोटे से प्रयास को देखते हुए जम्मू कश्मीर के शाही परिवार ने कुछ दिन पहले इस ग्रुप के सदस्यों को आमंत्रित कर इन युवाओं को अपना आशीर्वाद दिया और आज महाराजा गुलाब सिंह जी के 232 जन्मदिवस आमंत्रित कर मंच पर इन सदस्यों की सराहना की, जम्मू कश्मीर के राजपरिवार महाराजा कुमार आजाद शत्रु सिंह व कूंबर मारर्तड सिंह द्वारा महाराजा गुलाब सिंह के 232 वे जन्मदिवस पर शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। गत दिन ही शाम 5 बजे अमर महल में महाराजा गुलाब सिंह जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में इन लेखको को शामिल होने का मौका मिला। जिसमें महाराजा गुलाब सिंह अवार्ड इस बार सुप्रिम कोर्ट के जज प्रमोद कोहली को दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा डॉ0 कर्ण सिंह ने की। इस मौके पर लेखिका रोहणी मगोत्रा, दीपीका ठाकूर, सगारीका शर्मा ने कहा के यह हमारे लिए एक नया मौका था।

हमने कभी सोचा भी नही था कि हमारे जम्मू कश्मीर के राजपरिवार के सदस्यो को एक साथ इस कार्यक्रम में मिलने का मौका मिलेगा और हम भी कभी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे जहां पर जम्मू सहित कई बड़ी हस्तियों से मिलने का भी मौका मिला। यह हमारे लिए सबसे ज्यादा गौरवमीय पल थे जब मंच पर हमारे ग्रुप के बारे में जिक्र किया गया। हम महाराज कुमार आजात शुत्रु सिंह,राजकुमार मारर्तड सिंह, राजकुमार रणविजय सिंह का आभार जताते है जिन्होंने हमें इतना बड़ा मौका दिया इस मौके पर मिस्स राधिका पवार, राकेश वर्मा ,मंजु शर्मा व और इस ग्रुप के सरंक्षक मोहन सिंह जमवाल और अन्य सदस्या मौजूद थे।

चोरी के वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित धीरूचन्द्र निवासी बैरागीपुर थाना महेवाघाट को यमुनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

पटाखा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा प्रदीप कुमार पटेल निवासी मरधरा असरफ्फुर थाना संदीपनघाट को कसिया पूरब के पास से 9.512 किलोग्राम अवैध पटाखा के साथ गिरफ्तार किया गया।

दुष्कर्म के वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक शिवचरन राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा चंचला देवी निवासी अवाना आलमपुर थाना करारी को 40 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उ0नि0 रामसजीवन साहू मय हमराह पुलिस बल द्वारा अल्लू निवासी इब्राहिमपुर थाना करारी को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उ0नि0 सलाम मोहम्मद मय हमराह पुलिस बल द्वारा वीरेन्द्र कुमार निवासी गढ़वा थाना व जनपद कौशाम्बीको 05 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक उदय नारायण यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित दिलीप उर्फ साहिल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर असवां थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस

ऊनौ गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। ऊनौ गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक डॉ सौरभ कृष्ण जी महाराज ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया।

सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गई। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गई। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडल के मुख्य यजमान सूर्य नारायण पांडेय सहित उनके सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

भ्रमण व चौपाल लगाकर छात्राओं को किया गया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट, थाना पश्चिम शरीरा, थाना कोखराज, थाना संदीपनघाट एवं महिला थाना पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते, चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर

बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया ।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्वैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

संक्षिप्त खबरें

जनसामान्य अयोध्या में आयोजित हो रहे आगामी दीपोत्सव-2024 में डिजिटल दीप प्रज्जवलित कर सकेगें

प्रतापगढ़। अयोध्या में आयोजित हो रहे आगामी दीपोत्सव-2024 में जनसामान्य इस बार अपने मोबाइल पर दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड कर डिजिटल माध्यम से दीप प्रज्जवलित कर सकेगें, इसके लिये अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया गया है जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है। यह ऐप अयोध्या में आने वाले पर्यटकों/तीर्थ यात्रियों के लिये होमस्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवायें एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल पटल पर उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निभा रहा है। इस उद्देश्य अयोध्या में आने वाले पर्यटकों के अनुभव अत्यधिक सुविधाजनक बनाना है। अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जहां सरयू नदी तट, राम की पैड़ी पर रिकार्ड संख्या में दीप जलायेगें। श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा उपरान्त प्रथम दीपोत्सव में मनाया जायेगा। इस वर्ष दिव्य अयोध्या एप के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिये डिजिटल दीप प्रज्जवलित करने की भी व्यवस्था की गयी है।

जानलेवा हमला व धमकी का आरोपी वाँछित गिरफ्तार, गया जेल

लीलापुर प्रतापगढ़ जान लेवा हमला व जान से मारने की धमकी देने का वांछित आरोपी अभियुक्त पुलिस के हाथ जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना जेठवारा के उ0नि0 वारिज ने मय हमराह उ0नि0 अमित वर्मा, हे0का0 राजसिंह, का0 नरेन्द्र सिंह द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत हारी का पूरवा के पास से 26.अक्टूबर को मु0अ0सं0 264/24 धारा 352,351(3),131 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त माजिद पुत्र अब्दुल निवासी बारी निवासी ग्राम मनेहूँ थाना जेठवारा को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई।

अलग-अलग मुकदमे में फरार दो वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

लीलापुर प्रतापगढ़ दो अलग-अलग घटनाओं में दर्ज मुकदमें में फरार दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजे गए । पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज के उ0नि0 सुमित कुमार वर्मा ने मय हमराह आरक्षी हे0का0 रामकुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान मु0 नं0-2022/013 अ0स0 50/13 धारा 2/3लो0स0 क्षति अधि0 थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी से संबंधित वारण्टी अभियुक्त अखिलेश कुमार पुत्र रामसूरत निवासी ग्राम फत्ते का पूरवा थाना लालगंज को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में उ0नि0 राजेन्द्र राम मय हमराह आरक्षी विशाल यादव, आरक्षी धर्मेन्द्र चौधरी द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान मु0 नं0-3354/20 अ0स0 72/94 धारा 325,323,504,506 भादवि थाना लालगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त त्रियुगी नारायन पुत्र जगदीश नारायन निवासी ग्राम शुकुलपुर रामपुर बावली थाना लालगंज को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

युवती भगाने के आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज

उदयपुर प्रतापगढ़- स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 23 अक्टूबर को दोपहर लगभग बारह बजे घर पर कोई नहीं था। इसी बीच पूरे नंदा रॉकी गांव निवासी विशाल कोरी उर्फ़ गोरे पुत्र जय प्रकाश कोरी आकर 17 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया द्य साथ में सोने चांदी के जेवर तथा सात हजार रुपए नगद ले गई है वह काफी खोज बीन के बाद भी नहीं मिली द्य हमें डर है कि कहीं लड़की के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

युवती की संदिग्ध मौत में दूसरे दिन क्लू तलाशने में माथापच्ची की मशक्कत में उदयपुर पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र में खेत में युवती के शव बरामद होने की घटना में दूसरे दिन भी पुलिस घटना के क्लू की तलाश में माथापच्ची करती दिखी। हालांकि मृतका का गांव में ही एक खेत में रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के कुर्मिन का पुरवा गांव के राममिलन वर्मा की अट्ठारह वर्षीय पुत्री का शव गांव के मठिया किशुनगढ़ के समीप खेत में पड़ा मिला था। युवती का शव मिलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। घटना को लेकर जिले के एसपी डॉ0 अनिल कुमार ने घटना स्थल पर एएसपी तथा सीओ के साथ निरीक्षण भी किया था। पुलिस कप्तान ने उदयपुर पुलिस को घटना के खुलासे के कड़े निर्देश दे रखे हैं। मृतका का पिता तथा उसके दो भाई सूरत में रोजगार के सिलसिले में रहते हैं। पिता व भाईयों के न पहुंच पाने के कारण उसके मौसा ने रविवार को मृतका का गांव के समीप एक खेत में अन्तिम संस्कार कर दिया। पुलिस को अभी मृतका के पीएम रिपोर्ट की प्रतीक्षा में हैं।

पर्व को लेकर टीम ने की बाजार में औचक छापेमारी, हड़कम्प

लालगंज, प्रतापगढ़। दीपावली के पर्व को लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा रविवार को यहां बाजार में अभियान को लेकर हड़कम्प का माहौल दिखा। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बाजार में त्योहार को लेकर खोया, पनीर, दूध एवं मिठाईयों, नमकीन, ड्राईफ्रूट व खाद्य तेल आदि खाद्यान्न पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को लेकर नमूने लिये गये। एसडीएम नैनसी सिंह तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में टीम लालगंज बाजार के खाद्य प्रतिष्ठान कबीर ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। यहां खाद्य पदार्थों में मानक का संदेह होने पर टीम ने मिल्क केक, पेड़ा व खोये के नमूने लिये। टीम के औचक बाजार में निरीक्षण को लेकर घण्टों हड़कम्प का माहौल दिखा। कई दुकानों के सटर भी आनन फानन में बंद हो गये देखे गये। एसडीएम नैनसी सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के बाजारों में यह अभियान कड़ाई से संचालित होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र मजबूत हो रहा है-ओम प्रकाश त्रिपाठी

▸▸महाराष्ट्र चुनाव के अभियान में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान

(अविनाश जायसवाल)

रखहा, प्रतापगढ़ । महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के निमित्त प्रतापगढ़ के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी पिछले एक सप्ताह से मुंबई में प्रवास कर अनेक नेताओं से संपर्क करते हुये भाजपा को विजय दिलाने हेतु चुनावी अभियान बनाने लगे हुए हैं । अनेक स्थान पर कार्यकर्ताओं के अलावा नेताओं तथा आम लोगों से जनसंपर्क कर चुनाव में भाजपा को जीतने की अपील कर रहे हैं ।महाराष्ट्र चुनाव के दौरान मुंबई के जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा की महायुती प्रत्याशी श्रीमती मनीषा रविंद्र वायकर के वार्ड क्रमांक 77 में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतापगढ़ के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही पूरे विश्व में एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्हें सभी का सहयोग प्राप्त हो रहा है।क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो आम लोगों के करीब रहकर उनके सुख-दुख में बराबर की सहभागिता कर रही है ।कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनाव में ही नजर आती है बाकी चुनाव के बाद उनका आम लोगों से संपर्क नहीं रहता ।इस दौरान जिला अध्यक्ष संतोष मेंढेकर तथा उपाध्यक्ष संदीप दुबे एडवोकेट के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित रहे । मुंबई भाजपा मुंबई कार्यालय बसंत दादर पूर्व में विधानसभा चुनाव के लिए मुंबई से आये सभी राज्य के प्रवासी नेताओं की बैठक में सहभागिता की, जिसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व अश्वनी वैष्णव तथा संगठन मंत्री शिव प्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । इतना ही नहीं वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की कोर कमेटी की संपन्न हुई बैठक में भी मौजूद रहे तथा गुजरात सरकार के मंत्री जगदीश विश्वकर्मा से विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र को लेकर सार्थक वार्ता की ।इसी तरह वह सिध्दी विनायक मंदिर में भगवान श्री गणेश जी का दर्शन पूजन करते हुए मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी से भेंट की तथा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 79 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में सहभागिता की । जिसमें वार्ड अध्यक्ष तथा पदाधिकारी के अलावा शक्ति केंद्र के प्रमुख मौजूद रहे ।मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान दिशा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित कोंकण महोत्सव में सहभागिता करते हुए उन्होंने सुल्तानपुर जनपद की राहुल शुक्ला तथा ब्लॉक प्रमुख जय सिंह मुलाकात की ।

एलायंस क्लब की अपील, मिट्टी के दिए एवं ग्रीन आतिशबाजी से मनाएं दीपावली

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा दीपावली मनाने का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। क्लब के पदाधिकारी सभी जनमानस से अपील कर रहे हैं कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ही पटाखे का प्रयोग किया जाए। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब गत वर्ष की भांति दीपावली पर सभी जनमानस से अपील कर रहा है कि आप सब दीपावली पर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखे से ही त्यौहार मनाए और दीपों के लिए मिट्टी के दिए का ही प्रयोग करने की कृपा करें। साथ ही चाइनीज पटाखे व विद्युत झालरों आदि का प्रयोग न करके अपने गांव के कुम्हार भाइयों द्वारा बनाई गई मिट्टी के दिए से ही दीप जलाकर दीपावली का त्योहार मनाएं। हम सबको लोकल फार वोकल पर जोर देना चाहिए और ऐसे पटाखे ना जलाएं जिससे पर्यावरण व जनहानि हो सके। हम सब का दायित्व है कि त्योहार खुशियों का है। छोटी-छोटी गलतियों से कभी यही त्यौहार हम सबके लिए दुखदाई हो जाते हैं। जनमानस को जागरूक करने में डॉ दयाराम मौर्य, राजीव कुमार आर्य, आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, शिवेश शुक्ला, परमानन्द मिश्रा, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, सुधा अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाल आदि क्लब के पदाधिकारी लगे हुए हैं।

गुमशुदा युवक का कुंए में मिला शव, फैली सनसनी

रानीगंज (प्रतापगढ़) तीन दिन पूर्व से गायब युवक का घर के ही करीब कुंए में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानीगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव निवासी शुभम यादव पुत्र शरद चंद यादव (23) 25 अक्टूबर को दोपहर अपने घर से निकला और वापस नही आया। काफ़ी खोजबीन के बाद भी पता ना चलने पर परिजनों ने रानीगंज कोतवाली में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराया। रविवार को सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर एक कुएँ में शुभम का शव मिलने से परिजन हैरान हो गए। सूचना पर पहुंची रानीगंज पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि शुभम दिमागी रूप से अस्वस्थ चल रहा था और उसका इलाज प्रयागराज के न्यूरो हॉस्पिटल में चल रहा था।

विजय अरोरा के निधन पर व्यापारियों में शोक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के अध्यक्ष व प्रयागराज मण्डल प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष रहे स्व. विजय अरोरा जी का कुछ समय से बीमारी के उपरान्त दिवंगत हो जाने पर प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी जी की अध्यक्षता में अन्य समस्त पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधुओं की एक शोक संतप्त बैठक ज़िला प्रचार मंत्री नारायण खंडेलवाल जी के चौक बजाजा रोड प्रता. स्थित मे.राजेश वस्त्रालय प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ।*बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।*बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने अत्यन्त दुःखी मन से कहा कि प्रतापगढ़ व्यापार मण्डल स्व.विजय अरोरा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति और परिजनों को इस दारुण दुःख के सहन शक्ति सम्बल हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।*जिलाध्यक्ष राजेंद्र जी ने श्रद्धेय अरोरा जी के त्याग समर्पण और संघर्षमय जीवन के सन्दर्भ में बताते हुए कहा कि वे अपने जीवन काल में अनेक वर्षों से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के रा./प्रा. अध्यक्ष मा. बनवारी लाल %कंछल% जी के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर मण्डल से जुड़कर प्रयागराज में व्यापारियों के दुखों और मुसीबतों में उनका साथ दिया है। उन्होंने व्यवसायियों को न्याय दिलाने के लिए शासन-प्रशासन से अनेकों बार संघर्ष किया है और व्यापारियों के वर्चस्व ख्याति प्रतिष्ठा व सम्मान का लोहा मनवाया।*व्यापारियों के हित हेतु सतत संघर्षशील रहने की वजह से स्व.अरोरा जी मा. बनवारी लाल %कंछल% जी के अत्यधिक प्रिय और विश्वासपात्र पदाधिकारियों में से एक हो गए। जिससे मा. बनवारीलाल %कंछल% जी ने भी श्रद्धेय विजय अरोरा जी को सम्मान देते हुए प्रयागराज अध्यक्ष के साथ प्रयागराज मंडल प्रभारी और प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद भर देकर उन्हें सम्मान से सुशोभित किया। जिसका निर्वहन उन्होंने पूरे सच्चे कर्मठता से किया।*उन्होंने सामाजिक कार्यों के साथ-साथ व्यवसायिक जगत में भी ईमानदारी और मेहनत से काम करते हुए प्रयागराज में ही अपने कपड़े के व्यवसाय को सफलता की नई पहचान देकर कामयाबी की ऊंचाई प्रदान कर मिसाल कायम की है।*उनका कहना था कि व्यापारी समाज देश का सच्चा सिपाही होता है क्योंकि व्यापारी अपनी खुद की पूंजी परिश्रम व परिवार सहित मेहनत करके सरकार द्वारा निर्धारित वाणिज्य एवं आय कर देकर देश की उन्नति प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है इसलिए व्यापारी समाज सदैव गर्व व सम्मान का अधिकारी है।जिलाध्यक्ष राजेंद्र जी ने यह भी बताया कि स्व.अरोरा जी उन्हें और प्रतापगढ़ के सभी पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को बहुत मानते व सम्मान देते थे, जिसकी वजह से वह प्रतापगढ़ व्यापार मण्डल के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। अन्त में सभी ने खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।*उपरोक्त बैठक में मुख्य रूप से राहुल केसरवानी सरदार महेन्द्र सिंह अरविन्द जैन पवन अग्रवाल मनीष केसरवानी गुंजन अखूतर राइन पवन केसरवानी मनोज खंडेलवाल शकील अखूतर जगदीश मौर्य (जंबो) अमित केसरवानी सरदार कुलविंदर सिंह प्रवीण केसरवानी सरदार वसिंदर सिंह प्रदीप यादव आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

दीपोत्सव और दरगाह की ज़ियारत साथ साथ- समर अब्बास रिज़वी

दुर्गागंज प्रातापगढ़। दीपोत्सव का पर्व दीपावली पर नई दिल्ली मे एक अनोखा नज़ारा देखा जायेगा। 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को सायं काल 5 बजे दरगाह हज़रत निज़ाम उद्दीन नई दिल्ली में दीपावली के दिये जलाये जायेंगे। साथ ही दरगाह हज़रत निज़ाम उद्दीन की ज़ियारत का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि इंद्रेश कुमार जी (राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य आर0एस0 एस0 एवं मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच) रहेंगे। यह जानकारी प्रसिद्ध भाजपा नेता समर अब्बास रिज़वी जी (गौ रक्षक, प्रदेश महामंत्री / पूर्वांचल प्रभारी) ने दी।समर अब्बास रिज़वी ने बताया के इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज मे हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश देना है।

कुंडा की धरती पर कथा कहेंगे आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

▸▸राजा भइया के स्वभाव से प्रभावित हुए बागेश्वर सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के विनम्र स्वभाव से प्रभावित हुए बागेश्वर धाम के महंत आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बहुत प्रभावित हुए हैं। विश्व के सब से चर्चित और आमतौर पर राजनेताओं से दूरी रखने वाले पूरे विश्व में जाने जाने वाले आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने राजा भइया की जमकर तारीफ करते हैं। अपने दिए गए एक प्रश्न के उत्तर में आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कुंडा में कथा करने जरूर आऊंगा। राजा भइया से मुलाकात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राजा भइया सनातन धर्म के प्रति बहुत गहरी आस्था रखते हैं। राजा भइया हनुमान जी महराज के परम सेवक अत्यंत श्रद्धालु और अनन्य भक्त हैं। राजा भइया का स्वभाव अति सरल है, वे सहजता और विनम्रता की प्रतिमूर्ति हैं।

राजा भइया राष्ट्र चिंतन देश भक्ति और सनातन धर्म के प्रति अत्यंत मुखर होकर बोलते हैं,व सनातन धर्म के ध्वज वाहक है। बागेश्वर धाम के महंत आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि राजा भइया से मिलकर और उनके स्वभाव से परिचित होकर मुझे व्यक्तिगत रूप से बड़ी प्रसन्नता हुई है। मैं उनके विनम्रतापूर्ण व्यवहार और सरल स्वभाव से अत्यंत प्रभावित हूं । उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व राजा भैया बालाजी महाराज का दर्शन करने आए थे। बातचीत से ज्ञात हुआ कि राज भवन बेंती में भी हनुमान जी महाराज विराजित हैं जो की बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। बागेश्वर सरकार द्वारा जारी वीडियो को देखते ही कुंडा बाबागंज सहित पूरे जनपद के लोगों ने राजा भइया का आभार जताते हुए कहा कि कुंडा के आम जनमानस का परम सौभाग्य है कि ,कुंडा की धरती पर आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखार बिंदु से हनुमान जी की पावन अमृत रूपी कथा सुनाई जाएगी।

ईष्ट और गुरू की जहां अपमान होने की आशंका हो वहां नहीं जाना चाहिए

▸▸श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य मनीष ने कई प्रसंगों पर की चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। नगर पंचायत सुवंशा अंतर्गत डीह निवासी श्रीमती अनारा देवी पत्नी स्वर्गीय रमाशंकर त्रिपाठी के यहां श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक मनीष शरण जी महाराज ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं वहां आपका, आपके इष्ट या आपके गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए, चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता-पिता का ही घर क्यों न हो। कथा के दौरान सती चरित्र प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव की बात वह नहीं मानीं। पिता के घर चली गई। परिणामस्वरूप अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता पड़ती है।

भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्री हरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। प्रहलाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नरसिंह रूप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रकट हुए। प्रहलाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में ही है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्य कश्यप का वध कर प्रहलाद के प्राणों की रक्षा की। कथा के दौरान भजन गायक ने भजन की प्रस्तुति की। अंत में श्रीमद् भागवत कथा की आरती हुई। कथा के आयोजक शैलेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र त्रिपाठी एवं नीरज त्रिपाठी ने समस्त श्रोताओं का आभार प्रकट किया।

भारत विकास परिषद, विशाल शाखा की भारत को जानो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 527 बच्चों ने किया सहभाग

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भारत विकास परिषद की विशाल शाखा प्रतापगढ़ द्वारा 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फुलवारी, प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता के संयोजक उदयभानु सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति, संस्कार, विरासत, धर्म, सनातन मूल्यों के ज्ञान के साथ समसामयिक जानकारी पर आधारित है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. शाहिदा ने कहा कि आधुनिक दौर की आपाधापी में बच्चों का पुरातन सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव कम हो रहा है, इस प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें इस विषय में जागरूक करने का यह प्रयास सराहनीय है। शाखा अध्यक्ष गोविन्द खण्डेलवाल ने बताया कि आज इस प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यालयों के 527 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को परिषद द्वारा एक अत्यन्त उपयोगी पुस्तक प्रदान की जाती है जिसमें उपर्युक्त विषयों से सम्बन्धित हज़ारों प्रश्न एवं उनके उत्तर दिये गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों के नैतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव शिशिर खरे, प्रो.डॉ. पीयूष कांत शर्मा, अश्विनी केसरवानी, अरविन्द सिंह, राजेश कुमार मिश्र, मंजीत सिंह गोविंद, प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक उदय भान सिंह व सचिव शिशिर खरे ने विद्यालय के समस्त सहयोगी शिक्षकों और कार्मिकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

रिटायर्ड सैनिकों ने राष्ट्रीय एकता पर लिया सामूहिक संकल्प

लालगंज, प्रतापगढ़। दीपावली के पर्व को लेकर डिफेंस टाइगर्स के बैनर तले पूर्व सैनिकों ने देश की सुरक्षा की मजबूती के लिए समर्पण का सामूहिक संकल्प जताया। नगर के मदर मेरी कॉन्वेंट स्कूल परिसर में डिफेंस टाइगर्स टीम की बैठक हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व पैरासूटर कमांडो सुधीर मिश्र ने कहा कि सैनिक सदैव राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निर्वहन के लिए तैयार रहा करता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय एकता की मजबूती को लेकर प्रकाश पर्व पर टीम द्वारा जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं संचालन महासचिव अयोध्या प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर रिटायर्ड एनएसजी कमांडो मनीष मिश्र, सचिव इन्द्रमणि पाण्डेय, खुर्शीद खान, उमेशचन्द्र तिवारी, महेन्द्र तिवारी, सुनील सिंह, अखिलेश तिवारी आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

घर में घुसकर पिता व पुत्र को पीटा

कौशाम्बी। चरवा क्षेत्र के काजू गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर पिता व पुत्र की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज किया। काजू निवासी जयनारायण शुक्ल खेती करते हैं। उनका गांव के ही छेद्दन सिंह ने पुरानी रंजिश है। इसे लेकर अक्सर कहासुनी हुआ करती थी। जयनारायण का कहना है कि 25अक्टूबर को विपक्षी के बेटे सोनू सिंह अपने परिवार के लाल सिंह, पिंटू सिंह, मिक्कू सिंह, किरण व बिट्टी के साथ आया और बेवजह गाली-गलौज करने लगा। सोनू ने विरोध किया तो हमलावरों ने घर में घुसकर सोनू की पिटाई की। बीच-बचाव करने आये पिता जयनारायण को भी हमलावरों ने जमकर पीटा। यही नहीं, गृहस्थी का सामान भी तोड़फोड़ दिया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर विपक्षी धमकाते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

कौशाम्बी। संदीपन घाट क्षेत्र में एक महिला के साथ युवक ने छेड़खानी की। उलाहना देने पर युवक व उसकी पत्नी ने महिला की पिटाई कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। संदीपन घाट क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह शनिवार को खेत की तरफ गई थी। रास्ते में उसे शोभना गांव के ओमप्रकाश का बेटा साहेबू सिंह मिल गया। उसने महिला को अकेला देख उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। चीखने-चिल्लाने पर युवक धमकाते हुए भाग निकला। घर पहुंचकर महिला ने अपने परिवार वालों को आपबीती सुनाई और विपक्षी के घर पहुंचकर उलाहना दिया। महिला का आरोप है कि साहेबू सिंह व उसकी पत्नी साधना ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर विपक्षी धमकाते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दहेज की खातिर विवाहिता को पीटकर घर से भगाया, केस दर्ज

कौशाम्बी। कौशाम्बी क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव में दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की। शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मंझनपुर क्षेत्र के मलाक पींजरी निवासी चंद्रिका प्रसाद की बेटी विमला देवी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में दुल्हनियापुर निवासी कौशल किशोर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन दहेज की लिए विमला को प्रताड़ित करने लगे। जानकारी होने पर कई बार मायके वालों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि 24 अक्टूबर को ससुरालियों ने उसकी पिटाई की और घर से भगा दिया। मायके पहुंची विवाहिता ने घर वालों को आपबीती सुनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच व दोनों पक्ष के बीच काउंसलिंग कराने के लिए निर्देशित किया। महिला थाना पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुरालीजन विमला को साथ ले जाने के लिए तैयार नहीं हुए। महिला थाना पुलिस ने एसपी को जांच रिपोर्ट सौंपी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने पति कौशल किशोर समेत चंद्रभानर, पुष्पा व अवध बिहारी के खिलाफ शनिवार को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया।

राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा निकाली गयी वीर हनुमान हिन्दू सुरक्षा यात्रा

कड़ा, कौशाम्बी। राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देश पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को वीर हनुमान हिन्दू सुरक्षा यात्रा निकाली।राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा की अगुवाई में मंझनपुर समदा चौराहा से निकाली गई यात्रा सोनारन का पूरा, पश्चिम अम्बावा, पूरब अम्बावा, खोजवापुर ,कादिराबाद, गोबरसहाई, बसोहरा आदि स्थानों से होते हुए पुनः समदा पहुँची।इस दौरान जय श्री राम , जात पात की करो विदाई हिन्दू- हिन्दू भाई- भाई आदि नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा साथ ही कार्यकर्ताओं ने लोगों से संगठन के विषय मे चर्चा -परिचर्चा करते हुए लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक किया।इस दौरान अनुराग भट्ट, अनिवेश सिंह , अनुज शुक्ला , पीयूष त्रिपाठी , अनुज सिंह , राघव पंडा , राजकुमार सिंह, अनिल मौर्य, करन सिंह , हरिश्चन्द्र ,शिवांश, यश ,गोलू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

दिव्यांग युवती ने डीएम से मुख्यमंत्री आवास हेतु लगाई गुहार

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के एक गांव की रहने वाली एक दिव्यांग युवती ने डीएम से मुख्यमंत्री आवास दिलाए जाने की गुहार लगाई है , मामले में डीएम ने एसडीएम को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है।

विकास खंड सिराथू के कोखराज की रहने वाली रामा देवी पुत्री रामनाथ ने डीएम कौशाम्बी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह 70 प्रतिशत दिव्यांग है जिसके कारण वह अपने माता पिता के साथ रहती है। रामा देवी ने बताया कि उसके परिवार की माली हालत ठीक नहीं है जिसके कारण उसका मकान जीर्ण शीर्ण पड़ा है, दिव्यांग युवती ने डीएम से मुख्यमंत्री आवास दिलाए जाने की मांग की है।

दूसरे दिन की रामलीला में मुनि आगमन और ताड़का वध की हुई लीला

कौशाम्बी। श्री सीताराम दशहरा मेला एवं रामलीला कमेटी उदहिन बुजुर्ग के तत्वावधान में जय मां सिंहवाहिनी आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों के द्वारा रामलीला के दूसरे दिन मुनि आगमन और ताड़का वध की लीला हुई। राजा दशरथ के पास अयोध्या में मुनि विश्वामित्र का आगमन हुआ। राजा दशरथ ने मुनि विश्वामित्र से अयोध्या आगमन का कारण पूंछा। मुनि विश्वामित्र ने बताया कि वनों में आश्रमों में होते यज्ञ आदि आयोजनों में राक्षस परेशान है और विघ्न डालते हैं। इसलिए यज्ञादि आयोजनों के विघ्न रहित संपन्न होने के लिए राम और लक्ष्मण को दस दिन के लिए मेरे साथ वन भेज दे। राजा दशरथ के इंकार करते ही मुनि विश्वामित्र क्रोधित हो उठे। तभी गुरु वशिष्ठ जी का आगमन हुआ। सारे प्रकरण को समझकर मुनि विश्वामित्र को गुरु वशिष्ठ ने शांत किया और राजा दशरथ को राम लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र के साथ वन भेजने को राजी किया। वन गमन पथ पर राम लक्ष्मण को ताड़क वन में तड़का राक्षसी मिली। राम ताड़का युद्ध हुआ जिसमे भगवान राम ने ताड़का का वध कर दिया। इसी के साथ अन्य कई राक्षसों को मारकर राम लक्ष्मण ने मुनि विश्वामित्र का यज्ञ सफल कराया। दूसरे दिन की रामलीला में कमेटी अध्यक्ष अजय सोनी के अलावा श्रीचंद्र केसरवानी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ पवन मौर्य, डॉ अरविंद मौर्य, जीतू केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, गुड्डू केसरवानी, बिनोद सोनी, घनश्याम केसरवानी, विकास मिश्रा, शिवम सोनी, रुद्र सिंह, जुम्मन अली, जावेद अहमद आदि मौजूद रहें।

खिल उठा मेले का संसार, हाउसफुल रहा भरवारी का मीना बाजार

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। पुरानी बाजार के ऐतिहासिक मेला में दूसरे दिन रविवार को मीना बाजार हाउसफुल रहा। भारी भीड़ से मेले का संसार खिल उठा। दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। दुकानों पर खरीदारी के लिए भारी भीड़ लगी रही, चारों ओर उमंग का माहौल रहा। सर्कस, खान-पान का परिवार के साथ लोगों ने आनंद उठाया। सुबह से ही लोग परिवार के साथ विभिन्न साधनों से मेले पहुंचने लगे। एक-दूसरे का साथ न छूटे इसका पूरा ख्याल रख रहे थे। दोपहर तक मेला खचाखच भर गया। लोग मेले में एक छोर से दूसरे छोर तक टहलने व खरीदारी करने के बाद जलेबी, चाट समेत अन्य आइटमों का आनंद उठाते रहे। कोई ऊनी कपड़े खरीद रहा था तो कोई घर सजाने वाले आइटमों पर जोर दे रहा था। मेले में पारंपरिक दुकानों के साथ नामी कंपनियों के प्रदर्शनी व स्टाल पर भी भीड़ लगी हुई थी। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाएं और युवतियां अपनी पसंद के सामान के लिए मोलभाव करने में लगी हुई थीं। बच्चे खिलौने व खेलकूद के सामान खरीदने के लिए उछलकूद मचा रहे थे। परिवार के बड़े लोग बच्चों को संभालने में लगे हुए थे। इन्हें गुड़ की जलेबी व अन्य सामना खिला कर शांत करते रहे। मेले के एक छोर में फर्नीचर व बक्सों की दुकानों पर भी खरीदार उमड़े थे। इसके अलावा बर्तन, कपड़े, खिलौने आदि के दुकानदार भी लोगों को लुभाते रहे। मेले में हस्तशिल्प व हस्तनिर्मित वस्तुएं भी काफी पसंद की गई।

घरेलू व खेती-किसानी के सामान पर गांव वालों का जोर

भरवारी, कौशाम्बी। घरेलू उपयोग में आने वाले जरूरत की चीजों के अलावा खेती किसानी के लिए भी सामान मेले में उपलब्ध हैं। खुरपी, हसुआ, चौकी, बेलन आदि की दुकानें लगी हैं। एक ओर जहां आकर्षक पंडालों में सजी-धजी दुकानें हैं, वहीं दूसरे हिस्से में पारंपरिक अंदाज में टेंट-तिरपाल लगाकर बिना किसी तामझाम के बिलकुल शांत व गंवई अंदाज में भी बहुत सी दुकानें सजी हुई हैं। चरखी व झूले पर बच्चे फिदा,मेले में चरखी और नए किस्म के झूलों पर बच्चे फिदा हैं। उनके साथ सयाने भी चरखी का आनंद लेने से पीछे नहीं है। चरखी संचालकों ने सतर्कता का भी इंतजाम किया है। वहीं ब्रेक डांस वाला झूला युवा व युवतियों के बीच विशेष आकर्षक का केंद्र बना रहा।

बिना किसी सूचना के रेलवे विभाग बना रहा भूमिधरी जमीन में पुलिया ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में रेलवे विभाग द्वारा ग्रामीणों की भूमिधारी जमीन में पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है , जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि खेत के बगल से रास्ता होने के बावजूद रेलवे विभाग मनमानी पर उतारू है । ग्रामीणों ने मामले की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री से करते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

सिराथू तहसील क्षेत्र के अटसरई गांव के रहने वाले गुरु प्रसाद , पंकज कुमार , भारत लाल , नीरज कुमार आदि लोगो ने सूबे के मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया कि रेलवे ट्रैक के किनारे उनकी भूमिधरी जमीन है , ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग के जिम्मेदारों द्वारा बिना कोई सूचना दिए खेत में ही पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जबकि खेत के बगल से रास्ता है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

कौशाम्बी थाना पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण हेतु पैदल मार्च किया

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। योगी सरकार के निर्देशन के अनुसार यूपी में जीरो टॉलरेंस अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के क्रम में कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने दंगा नियंत्रण हेतु ,कौशाम्बी,विजिया चौराहा, बैगवां सहित प्रमुख चौराहा में पैदल मार्च किया इस दौरान थाना प्रभारी उर्मिला सिंह, उपनिरीक्षक राम बाबू,उपनिरीक्षक हाफिज खान, उपनिरीक्षक सलाम मोहम्मद,उपनिरीक्षक दिलीप यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार राय,कास्टेबल जितेन्द्र सिंह,अरशद खां ,हेड कांस्टेबल हरिकेश,जय शंकर सिंह,कास्टेबल सचिन कुमार, राकेश पाल, ओम प्रकाश गुप्ता,महिला कास्टेबल प्रेमलता,पूनम,स्वाति,सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा।

पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

बारा, कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना प्रभारी के निर्देशन में कौशाम्बी थाना पुलिस ने विजिया चौराहा में शाम को सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें वहां चालकों में अफरा तफरी दिखी वहां चेकिंग के साथ साथ लोगों से अपील भी किया गया कि यातायात नियमों का पालन करें साथ ही अपने वहां के कागजाद भी लेकर चले बिना ड्राइवर लाइसेंस के गाड़ी न चलाए साथ ही नाबालिक को गाड़ी न दें ।इस दौरान थाना प्रभारी उर्मिला सिंह उपनिरीक्षक सलाम मोहम्मद,उप निरीक्षक दिलीप यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार राय,कास्टेबल जितेन्द्र सिंह,अरशद खां ,पूनम सिंह,प्रेम लता, स्वाति मौजूद रहे।

चीता को हराकर टेवां के पहलवान राजेश पुरानी बाजार मेला दंगल के बने चैंपियन

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। पुरानी बाजार के ऐतिहासिक मेले में दशहरा मेला के बाद रविवार को भरवारी के रावण मैदान में इनामी दंगल का आयोजन किया गया। इसमें जनपद व गैर जनपद के पहलवानों ने अपनी कला व कौशल का प्रदर्शन किया। मेला कमेटी की ओर से जीतने वाले पहलवानों को पुरस्कार दिया गया।

रविवार को आयोजित दंगल प्रतियोगिता में जनपद व गैर जनपद के पहलवानों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। पहली कुश्ती संतोष कौशाम्बी और लाल बहादुर के बीच हुई जिसमे संतोष जीते, दूसरी कुश्ती गब्बर बांदा और अल्पेज टेवा के बीच हुई जिसमें अल्पेज टेवां जीते। इसी तरह कुल तेरह जोड़ी कुश्ती हुई जिसमे पहलवान राजू फत्तेहपुर, गोलू सैयद सरावां, कंचन गढ़वा, राजेश टेवा,

अनुराग कौशाम्बी, अमरनाथ, तोता सैयद सरावां, नवनीत ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन कर कुश्तियां जीती अंत में उपचैंपियन कुश्ती चिता पहलवान पंजाब और राम किशुन टेवॉ की बीच हुई। जिसमे पंजाब के पहलवान को हराकर रामकिशुन टेवॉ जीते और अंत में चैंपियन कुश्ती राजेश पहलवान टेवा और चीता पंजाब के बीच हुई। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे पर जोर आजमाते हुए चित करने का प्रयास किया। लगभग दस मिनट बाद राजेश ने चीता को हराकर दंगल चैंपियन घोषित किए गए, दंगल मे रेफरी की भूमिका संतोष कुमार उर्फ नागा ने किया। इस दौरान शानू कुशवाहा सभासद, मोहित, उपांशु केसरवानी, अमित कुमार वर्मा, रोहित केसरवानी, सोनू केसरवानी, विपिन केसरवानी, शिव कुमार, सुधीर केसरवानी, नीरज वैश्य ,मुकेश केसरवानी, विनोद केसरवानी पीतांबर सहित नगर के गणमान्य लोग और हजारों दर्शक मौजूद रहें।

एसडीएम, सीओ ने त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु किया क्षेत्र का भ्रमण

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। दिपावली व अन्य त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। सिराथू सर्किल क्षेत्र में भाईचारा और सौहार्द कायम रहे। जिसके तहत एसडीएम सिराथू सहित क्षेत्राधिकारी सिराथू ने पुलिस बल के साथ सैनी , अजुहा सहित सर्किल क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

बता दें कि दीपावली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। जिसके चलते एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस बल के साथ सैनी, अजुहा कस्बे सहित सिराथू सर्किल क्षेत्र के कई गांव में पैदल भ्रमण करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि इस तरह फोर्स का पैदल भ्रमण करने के पीछे उद्देश्य है कि भाईचारा कायम रहे और शांतिपूर्ण तथा हर्ष उल्लास के साथ दीपावली का महान पर्व मनाया जाए। वहीं एसडीएम अजेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों में अराजकता ना फैले। सब लोग सौहार्द पूर्ण वातावरण में रहें और एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार बनें। इस उद्देश्य से पुलिस ने पैदल गश्त कर सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाने के लिए कदम बढ़ाए हैं। पैदल गश्त के दौरान सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने राहगीरों दुकानदारों कस्बा वासियों से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी सैनी जयचंद्र शर्मा , शौकत अली खान , रघुराज सहित पुलिस बाल मौजूद रहीं।

त्योहार को लेकर सीओ ने पुलिस बल को कराया दंगा नियंत्रण का अभ्यास

सिराथू, कौशाम्बी। पुलिस प्रशासन ने आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी हैं। सिराथू सर्किल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण (एंटी रायट ड्रिल) का अभ्यास कराया गया। यह मॉक ड्रिल क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा की निगरानी में सैनी में आयोजित हुई, जहां क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी के दौरान दंगा नियंत्रक उपकरण हमेशा साथ रखें। सीओ ने बताया कि छोटी घटना से बड़ा बवाल, इसलिए तैयारियां जरूरी है , सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस फोर्स को ब्रीफ करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान छोटी से छोटी घटना भी कभी-कभी बड़े बवाल का रूप ले सकती है।

इसलिए ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए यह ड्रिल बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभ्यास के दौरान फोर्स को दंगा नियंत्रित करने के सभी उपायों और उपकरणों का सही तरीके से इस्तेमाल करना सिखाया गया। इस दौरान एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सैनी जयचंद्र शर्मा, शौकत आकी खान, रघुराज सहित पुलिस बल मौजूद रहें।

चायल क्षेत्र में त्यौहारों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए चायल सर्किल पुलिस ने रविवार को इलाके में फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर फ्लैग मार्च पिपरी, चरवा, सरायअकिल और संदीपन घाट के अलग-अलग स्थान और चौराहों से होते हुए अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचा। फ्लैग मार्च में एसडीएम योगेश कुमार गौड़ और सीओ मनोज कुमार रघुवंशी मौजूद रहे। सीओ मनोज कुमार रघुवंशी ने आम जनता को इस दौरान जागरूक भी किया। इससे कि इस दीपावली के त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। साथ ही सुरक्षा का ध्यान भी रखा जाए। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंचते हैं, ऐसे में कई आपराधिक तत्व भी उन पर नजर रखते हैं। इन सभी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर पैदा हो, इस उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां पुलिस आपराधिक तत्व के आरोपियों पर भी नजर रख रही है। वहीं अन्य आपराधिक घटनाओं को लेकर जनता को जागरूक करने के साथ ही वह सुरक्षित रूप से अपना व्यापार करते हुए खरीदारी करने की बात कहीं।

चार माह से रोजगार सेवको को नही मिला मानदेय,फीकी रहेगी दिवाली

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। जनपद के आठों विकास खंडों के ग्राम पंचायत के रोजगार सेवको को चार महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे मे दीपावली का पर्व नजदीक होने से पैसे के अभाव में त्योहार फीका रह सकता है। मानदेय के लिए रोजगार सेवक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। गांव से श्रमिकों का पलायन रोकने के लिए महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई है। मनरेगा योजना से गांव को विकसित करने के लिए 60 फीसदी मिट्टी का कार्य तलाब खोदाई,चक रोड का निर्माण और 40 फीसदी पक्के काम नाली , इंटरलॉकिंग का निर्माण होता है जिसकी देखरेख ग्राम पंचायतों में तैनात किए गए ग्राम रोजगार सेवको के जिम्मे होती है। जनपद के अतः ब्लॉकों में कुल 337 ग्राम रोजगार सेवक है जिनको चार माह से मानदेय नहीं दिया गया है जिसके चलते उनकी व उनके परिवार की दीपावली फीकी रह सकती है जबकि मानदेय के लिए ग्राम रोजगार सेवक संघ कई बार मांग कर चुका है। मामले में ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि विभाग के मुखिया डिप्टी सीएम है जो कौशाम्बी जनपद से ही हैं ऐसे में उम्मीद हैं कि हम सभी रोजगार सेवको के मानदेय का भुगतान समय से हो जाएगा।

क्या कहते हैं डीसी मनरेगा

ग्राम रोजगार सेवको का मानदेय शासन स्तर से रिलीज होता है जैसे ही शासन से मानदेय रिलीज होगा तत्काल रोजगार सेवको के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा

मनोज कुमार वर्मा, उपायुक्त स्वतः रोजगार

घर से दवा लेने के लिए निकलीं दो बहनें लापता

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के नया तालाब मजरा सैयद सरावां गांव निवासी पांचू यादव पुत्र ज्ञानसिंह यादव ने बताया कि उसकी भतीजी 20 वर्षीय खुश्बू यादव अपनी छोटी बहन आंचल यादव (14) के साथ शनिवार को आंख की दवा लेने के लिए घर से सिविल लाइन प्रयागराज स्थित अस्पताल गयी थी। अस्पताल से दवा लेने के बाद वह दोनों घर आने के लिए निकलीं थीं।इसी दौरान वह दोनों लापता हो गयीं।देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने अस्पताल जाकर पता किया।काफी खोजबीन करने के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। रविवार को पंचू यादव ने थाने जाकर दोनों के गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस उनके सुराग में जुट गई है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर में की सफाई

कौशाम्बी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक रविवार की तरह 27 अक्टूबर रविवार को भी मंझनपुर नगर में संडे फार मंझनपुर के के अंतर्गत दीपावली के पूर्व कचहरी परिसर में बिखरे पॉलिथीन को इकट्ठा करते हुए सफाई की गई, एसएफडी के माध्यम से जल, जंगल, जन, जमीन, जानवर के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य किया जाता है इस क्रम में प्रत्येक रविवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं सामान्य विद्यार्थी मंझनपुर के अन्य सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान निकलते हैं इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर के नगर से बहुत से विद्यार्थी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करवा रहे है धीरे-धीरे विद्यार्थियों की संख्या इस कार्यक्रम में बढ़ रही है इससे उनका भी व्यक्तिगत विकास हो रहा है शिक्षा के साथ-साथ समाज में अपनी

भूमिका को भी विद्यार्थी समझ रहे हैं और उनको भी एक संगठन के माध्यम से अलग पहचान मिल रही है स्वच्छता के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझनपुर नगर के नगर अध्यक्ष सुशील सोनकर ने बताया कि हम सभी लोग पूरे नगर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लेकर के कार्य कर रहे हैं और यह कार्य अनवरत चलता रहेगा सफाई कर्मी सफाई तो कर रहे हैं लेकिन पॉलिथीन को उसी जगह पर छोड़ दे रहे हैं जिससे प्रदूषण का भी खतरा बढ़ रहा है हम इस प्रकृति से अन्न, जल,वायु ,खनिज, औषधि, जड़ी, बूटी इत्यादि ग्रहण कर रहे हैं लेकिन इस प्रकृति को हम क्या दे रहे हैं इस पर समाज के प्रत्येक नागरिक को चिंतन करना चाहिए और हर व्यक्ति को अपना कुछ समय जल ,जंगल, जन, जानवर, जमीन के लिए अवश्य देना चाहिए ताकि पर्यावरण का भी संतुलन बना रहे और लोगों की भी मदद हमारे माध्यम से हो सके इसके लिए विद्यार्थी परिषद निरंतर कार्य कर रही है स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के द्वारा निस्वार्थ भाव से यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को नगर के अलग-अलग स्थान पर आयोजित किया जाता है स्वच्छता अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष सुशील सोनकर, नगर सह मंत्री कृष्णा श्रीवास्तव, नगर एसएफडी संयोजक कृष विश्वकर्मा सहसंयोजक अनिरुद्ध गौतम, कार्तिकेय गौतम, दिलशाद, प्रशांत मिश्रा, तरुण कुमार, लकी मौर्य, सौरभ मौर्य, अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

आत्म-मंथन का विषय

हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है।खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है।मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। सार यह कि हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।

उत्तरप्रदेश के 9 सीटों के उपचुनाव से मालूम हो जाएगा कि प्रदेश में किस पार्टी में है कितना दम

अशोक भाटिया

उत्तरप्रदेश में कभी कांग्रेस के रहे वर्चस्व के बाद बारी - बारी से बसपा , सपा और भाजपा का वर्चस्व रहा है । इस समय वहां भाजपा के योगी जी का शासन कायम है पर पिछले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा 37 सीट जीत लेने के बाद उसका बर्गिन पॉवर बढ़ गया है । आगामी 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन करने वाली सपा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल मान रही है। यही कारण है कि सपा ने कांग्रेस के दबाव में आए बिना हर सीट पर अपने प्रत्याशियों को पहले ही उतारने की घोषणा कर दी थी । शिवपाल सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया। अब सपा के सामने जहां वर्ष 2022 की जीती हुई सीटों पर अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं, भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर सपा को अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारने की चिंता भी।इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी कांग्रेस उत्तरप्रदेश के इस उपचुनाव में लगभग बाहर हो गई है ,बाकी अब सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला होना था पर मायावती की बसपा ने भी इंट्री करली है । वैसे तो बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रहती है पर इस चुनाव वह भी 9 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रही है । अब मुकाबला त्रिकोणीय होना तय है ।इस चुनाव में बात करे सपा की तो सपा की चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में पिछली बार उसको रालोद का साथ मिला था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। वहीं, सपा आईएनडीआई गठबंधन में जिस कांग्रेस के साथ लड़ने की सोच रही थी उसका पिछले विधानसभा का प्रदर्शन निराशाजनक था इसी कारण शायद सपा उससे दूर हो गई ।जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसमें भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद, खैर और फूलपुर जीती थी। मझवां सीट एनडीए गठबंधन की निषाद पार्टी ने जीता था। वहीं, सपा गठबंधन में रहते हुए मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सपा ने अपने चुनाव चिन्ह पर सीसामऊ, करहल, कटेहरी और कुंदरकी सीट जीती थी। करहल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है।करहल जहां सपा के लिए नाक का सवाल बन गई है, वहीं, सीसामऊ, फूलपुर, कुंदरकी और कटेहरी की हार- जीत उनके वरिष्ठ नेताओं का कद भी तय करेगी।सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी के चुनाव प्रभारी हैं। इस सीट की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह को मझवां, चंद्रदेव यादव को करहल, इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट वर्ष 2012 में सपा जीती थी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसे भाजपा ने सपा से छीन लिया था। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा के प्रवीण सिंह पटेल से सपा के मो. मुज्तबा सिद्दीकी केवल 2732 वोटों से हार गए थे। बसपा ने 33 हजार वोट पाकर सपा का खेल बिगाड़ दिया था। कुर्मी बहुल इस सीट पर भाजपा ने फिर से इसी समाज के दीपक पटेल को टिकट दिया है।सपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशी मो. मुज्तबा सिद्दीकी को फिर मैदान में उतारा है। मीरजापुर की मझवां सीट पर पिछले चुनाव में एनडीए में शामिल निषाद पार्टी के डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,235 वोट मिले थे, वहीं, सपा को 69,648 मत प्राप्त हुए थे। इस बार सपा ने बिंद समाज से ही पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी डॉ. ज्योति बिंद पर दांव लगाया है।पिछले चुनाव में भाजपा से 33587 वोटों से पिछड़ने वाली सपा के लिए यह सीट किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह सपा के लिए गाजियाबाद और खैर सीट पर अपना प्रदर्शन बेहतर करने की चिंता सबसे अधिक है। सपा 2004 के बाद गाजियाबाद सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। 2007 से यह सीट भाजपा का मजबूत किला है। 2022 के चुनाव में भाजपा को इस सीट पर कुल 61.37 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं, सपा को केवल 18.25 और कांग्रेस को 4.81 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे।करहल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। तब उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल को हराया था। एसपी सिंह बघेल इस बार आगरा संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। करहल समाजवादी पार्टी का गढ़ है और सपा यहां कई बार चुनाव जीत चुकी है।2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को 1,47,237 वोट मिले थे जबकि एसपी सिंह बघेल को 80,455 और बसपा उम्मीदवार कुलदीप नारायण को 15,643 वोट मिले थे। सपा को पूरी उम्मीद है कि वह इस सीट पर फिर से जीत हासिल करेगी। इस बार सपा ने तेज प्रताप यादव, बीजेपी ने अनुजेश यादव और बसपा ने अविनाश कुमार शाक्य को टिकट दिया है। खैर विधानसभा सीट अलीगढ़ जिले में है और यह अनूप प्रधान वाल्मीकि के हाथरस सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अनूप प्रधान वाल्मीकि यहां से दो बार विधायक रहे और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा के अलावा आरएलडी और बसपा की भी इस सीट पर अच्छी मौजूदगी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनूप प्रधान वाल्मीकि को 1,38,517, बसपा उम्मीदवार डॉ. चारू कैन को 64,996 और आरएलडी के उम्मीदवार भगवती प्रसाद को 41,154 वोट मिले थे।खैर में बीजेपी मजबूत है लेकिन बसपा उम्मीदवार के इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की वजह से पार्टी के सामने चुनौती खड़ी हुई है। हालांकि भाजपा को भी यहां आरएलडी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलेगा। खैर में इस बार सपा ने डॉ. चारू कैन, भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर और बसपा ने डॉ. पहल सिंह को टिकट दिया है। मीरापुर विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से आरएलडी के टिकट पर लड़े चंदन चौहान चुनाव जीते थे। तब आरएलडी का सपा के साथ गठबंधन था। 2022 के चुनाव में चंदन चौहान को 1,07,124, बीजेपी के उम्मीदवार प्रशांत चौधरी को 79,693 और बसपा के उम्मीदवार मोहम्मद सालिम को 23,733 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से पहले आरएलडी ने बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था। इस सीट पर निश्चित रूप से कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।मीरापुर सीट पर आरएलडी की ओर से मिथलेश पाल, सपा ने सुम्बुल राणा और बसपा ने शाह नजर को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। कुंदरकी विधानसभा सीट मुरादाबाद जिले में है। यह सीट जिया उर रहमान के लोकसभा चुनाव में संभल सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। इस सीट पर 62त्न मुस्लिम मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी सीट पर सपा उम्मीदवार जिया उर रहमान को 1,25,465, बीजेपी उम्मीदवार कमल कुमार को 82,467 और बसपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 42,645 वोट मिले थे। कुंदरकी में मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए भाजपा की कोशिश हिंदू वोटों को एकजुट करने की है। कुंदरकी में भाजपा की ओर से रामवीर सिंह ठाकुर, सपा की ओर से हाजी रिजवान और बसपा के टिकट पर रफतउल्ला चुनाव लड़ रहे हैं। गाजियाबाद विधानसभा सीट यहां से बीजेपी के स्थानीय विधायक अतुल गर्ग के गाजियाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अतुल गर्ग ने 2022 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से सपा के उम्मीदवार विशाल वर्मा को 1 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। अतुल गर्ग को 1,49,841, विशाल वर्मा को 44,452 और बसपा प्रत्याशी कृष्ण कुमार को 32,554 वोट मिले थे। माना जा रहा है कि बीजेपी को इस सीट पर सपा की ओर से बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। गाजियाबाद में बीजेपी की ओर से संजीव शर्मा, सपा की ओर से सिंह राज जाटव और बसपा के टिकट पर पीएन गर्ग चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रयागराज जिले में आने वाली फूलपुर विधानसभा सीट भाजपा के विधायक रहे प्रवीण पटेल के फूलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार प्रवीण पटेल को 1,03,014, सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी को 99,920 और बसपा प्रत्याशी राम तौलन यादव को 32,869 वोट मिले थे। इस सीट पर 2022 की ही तरह बीजेपी और सपा के बीच बेहद नजदीकी मुकाबला रहने की उम्मीद है। फूलपुर में भाजपा ने दीपक पटेल, सपा ने मुस्तफा सिद्दीकी और बसपा ने जितेंद्र ठाकुर को टिकट दिया है।मझवां विधानसभा सीट मिर्जापुर जिले में है और 2022 में यहां से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद चुनाव जीते थे। बिंद इस बार भदोही लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए हैं। इस विधानसभा सीट पर अति पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। 2022 में मंझवा से बीजेपी उम्मीदवार रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,064, सपा उम्मीदवार रोहित शुक्ला को 69,091, बसपा प्रत्याशी पुष्पलता बिंद को 52,825 वोट मिले थे। इस सीट पर बीजेपी के लिए जीत दर्ज करना बहुत मुश्किल नहीं माना जा रहा है। मझवां में बीजेपी ने सुचिस्मिता मौर्या, सपा ने ज्योति बिंद और बसपा ने दीपू तिवारी को टिकट दिया है।

सीसामऊ विधानसभा सीट कानपुर जिले में है। 2022 के चुनाव में सपा के टिकट पर जीते इरफान सोलंकी को आगजनी के एक मामले में 7 साल कैद की सजा सुनाने के बाद उन्हें विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इरफान सोलंकी तीन बार सपा के टिकट पर विधायक रहे हैं। सपा ने इस बार इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी को 78,851, बीजेपी उम्मीदवार सलिल बिश्नोई को 66,530 और बसपा उम्मीदवार रजनीश तिवारी को 2891 वोट मिले थे। भाजपा को इरफान सोलंकी के इस किले में छेद करने के लिए पूरी ताकत के साथ उतरना होगा।सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। अब यह तो 23 नवंबर को तय होगा कि किसमे कितना है दम और तय करेगा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में किसकी राह होगी आसान ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

सरोकार

ममता के प्रति जो धारणा बदल रही

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल में इतिहास अपने को दोहराता लग रहा है। एक बाद एक हो रही भयावह घटनाएं और राज्य के अलग अलग हिस्सों में स्वंयस्फूर्त हो रहे जन आंदोलन 2011 से पहले के समय की याद दिला रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के पांव उखडने से पहले राज्य के हालात ऐसे ही थे। एक तो ममता बनर्जी ने मुख्य विपक्ष के नाते सरकार की नाक में दम किया हुआ था। नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और सिंगूर में टाटा की नैनो कार के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि साढ़े तीन दशक से सत्ता में बैठा वाम मोर्चा इसे संभाल नहीं सका। नंदीग्राम में 2007 में जो आंदोलन शुरू हुआ उसकी अंत परिणति 2011 में वाम शासन के अंत और ममता बनर्जी की ताजपोशी के रूप में हुई।अब 2026 के विधानसभा चुनाव से दो साल पहले से ठीक वैसे ही हालात बन रहे हैं, जैसे 2007 में थे। ममता बनर्जी के खिलाफ बात बात पर आंदोलन भड़क जा रहा है। फर्क इतना है कि इस बार ममता बनर्जी के सामने उनकी तरह का कोई फायरब्रांड विपक्षी नेता नहीं है। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन उसके पास कोई चेहरा नहीं है। वह तृणमूल कांग्रेस से उधार पर लाए शुभेंदु अधिकारी के दम पर ममता बनर्जी से नहीं लड़ सकती है। भाजपा इस बात को समझ रही है तभी उसने कोई चेहरा आगे नहीं किया है और न यह दिखा रही है कि ममता सरकार के खिलाफ अलग अलग जगहों पर हो रहे आंदोलन के पीछे उसका कोई हाथ है। कई जगह सचमुच भाजपा का हाथ नहीं भी है। लोग खुद से आंदोलित हो रहे हैं और हर छोटा बड़ा प्रदर्शन अंत में सरकार विरोधी बड़े आंदोलन में तब्दील हो रहा है।सबसे अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता के तौर पर ममता बनर्जी धारणा की लड़ाई हार रही हैं। वे नैरेटिव लूज कर रही हैं। उन्होंने मां, माटी मानुष' का जो नैरेटिव गढ़ा था वह उनके हाथ से फिसल रहा है। महिलाएं उनकी सरकार से नाराज हैं और उनको कठघरे में खड़ा कर रही हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के बाद ममता के प्रशासन ने जिस तरह से काम किया उससे ममता के दामन पर बहुत गहरे दाग लगे हैं। उनकी साधारण सफेद सूती साड़ी महिलाओं को भरोसा जगाती थी वह अब नहीं हो रहा है।कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक हड़ताल की और इस दौरान डॉक्टरों से इतर सामान्य महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में आकर उनका समर्थन किया। फिर जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे और उनको व्यापक समाज का समर्थन मिला। वे इस बात से आहत हैं कि अस्पतालों में उनके ऊपर बेवजह हमले होते हैं और सरकार कुछ नहीं करती है। वे राज्य में धमकी देने की संस्कृति का समापन चाहते हैं और इसमें भी सरकार कुछ नहीं कर रही है।ममता बनर्जी की सरकार के बारे में यह धारणा बन रही है कि उसने महिला की अस्मिता और जान के ऊपर अपनी सरकार की छवि को प्रमुखता दी और इसलिए छवि बचाने के लिए ममता की पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के परिजनों को पैसे का ऑफर दिया था। अभी इस घटना का विरोध बंद भी नहीं हुआ था कि दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसके परिजनों का कहना है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसके बाद बहुत बेरहमी से हाथ पांव तोड़ कर उसको मार डाला गया।लड़की के लापता होने की शिकायत जब थाने में की गई तो पुलिस वालों ने कोई नोटिस नहीं लिया और बच्ची को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी उसका शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने थाने में आग लगा दी। उससे पहले तोडफ़ोड़ की और पुलिस वालों पर हमला किया। पुलिस वालों को भाग कर जान बचानी पड़ी। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक को भी खदेड़ कर भगा दिया। लोगों ने इस घटना की तुलना आरजी कर अस्पताल की घटना से की और कहा कि दोनों मामलों में ममता बनर्जी की पुलिस का रवैया एक जैसा था।इससे पहले संदेशखाली में जो हुआ वह भी सबको पता है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख की ज्यादतियों के खिलाफ लोग एकजुट हुए और उन्होंने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। उस मामले में भी ममता बनर्जी की पुलिस ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया। संदेशखाली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली की तीन घटनाएं ममता सरकार के बारे में बन रही नकारात्मक धारणा का मुख्य कारण बनी हैं। वैसे और भी कारण होंगे। लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद किसी भी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी पैदा होती है। हालांकि जब भी इस तरह की बात होती है तो तृणमूल समर्थकों का कहना होता है कि लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। उसने भाजपा से उसकी जीती हुई छह सीटें छीन ली है। इसका मतलब है कि लोग अब भी उसके साथ हैं।लेकिन ध्यान रहे लोकसभा का चुनाव आरजी कर अस्पताल की घटना के पहले हुआ था और दूसरे, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ देश भर में नाराजगी थी, जिसका फायदा ममता बनर्जी को मिला। आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद ममता के प्रति धारणा तेजी से बदली है। जितनी बड़ी संख्या में महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरी हैं वह मिसाल है कि चीजें तेजी से बदल रही हैं। ममता के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और इसके प्रतीक इस साल दुर्गापूजा के पंडालों में भी दिखे। अनेक पूजा पंडाल आरजी कर अस्पताल की घटना की थीम पर बने थे। एक पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव मां दुर्गा के साथ में था। वे दोनों हाथों से जूनियर डॉक्टर के शव उठाए हुए थीं। एक दूसरे पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव जमीन पर पड़ा था और मां दुर्गा ने अपनी दोनों आंखें अपने हाथ से ढक ली थी। उस पंडाल में मां दुर्गा का शेर भी शर्मिंदा होकर नजरें झुका कर खड़ा था।पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों की बहुत झलक दुर्गापूजा के पंडालों से मिलती है। अगर इसको पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि ममता बनर्जी नैरेटिव लूज कर रही हैं। उनके बारे में धारणा बदल रही है। महिलाओं की नाराजगी के अलावा उनके प्रति धारणा बदलने वाली दूसरी बात यह है कि कोलकाता और पूरे बंगाल की सिविल सोसायटी उनके खिलाफ है। सिविल सोसायटी ने ममता बनर्जी से मुंह मोड़ लिया है।ममता बनर्जी अपनी चुनाव में बचे हुए पौने दो साल में धारणा बदलने के लिए कुछ न कुछ जरूर करेंगी लेकिन कामयाब कितनी होंगी यह नहीं कहा जा सकता है।

राशिफल

मेष	आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से अच्छे हो जाएंगे।
वृष	आज कारोबार में अचानक से आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब भी खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी।
मिथुन	ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक कुछ लाभ हो सकते हैं, स्थान परिवर्तन के भी योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का भी हल मिलेगा।
कर्क	आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात आपको उत्साहित करेगा। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा।
सिंह	आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा।प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आपका जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज दे सकता है।
कन्या	आज कार्यालय पर अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ अपने विचारों को साझा करेंगे रिश्तों में मधुरता आएगी। जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्तों को सहेज कर रखें।
तुला	आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आज कोई भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्तों में अनबन हो सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान में आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होंगी।
वश्चिक	आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी मित्र की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जायेंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें।
धनु	आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है।
मकर	आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलेगा। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं।
कुम्भ	आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी। संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे।
मीन	आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम भी रहेगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

हेल्थ टिप्स

रोजाना फूलगोभी खाने से हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां, जानें इसके साइड इफेक्ट्स

आजकल सब्जी मंडी में ताजी फूलगोभी आने लगी है. फूलगोभी कई विटामिनों से भरपूर होती है और सेहत के लिए फायदेमंद होती है. फूलगोभी में ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं. फूलगोभी में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. हालांकि, रोजाना फूलगोभी खाने से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है. इसलिए कुछ लोगों को फूलगोभी खाने से मना किया जाता है. फूलगोभी खाने से पेट फूलना, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. जानिए किन लोगों को फूलगोभी नहीं खानी चाहिए?

इन लोगों को नहीं खानी चाहिए फूलगोभी:

गैस और सूजन की समस्या- जिन लोगों को अक्सर खान-पान की वजह से गैस और एसिडिटी की समस्या रहती है. उन्हें फूलगोभी का सेवन कम से कम करना चाहिए. फूलगोभी में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है. फूलगोभी की सब्जी या पराठा खाने के बाद आपको गैस और सूजन की समस्या हो सकती है. इसलिए फूलगोभी का सेवन न करें.

थायराइड में फूलगोभी न खाएं- अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो फूलगोभी न खाएं. इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है. फूलगोभी खाने से थायरॉइड ग्रंथि की आयोडीन इस्तेमाल करने की क्षमता कम हो जाती है. इससे परेशानी हो सकती है. फूलगोभी खास तौर पर ञ्च3 और ञ्च4 हार्मोन के स्तर को प्रभावित कर सकती है. इसलिए थायरॉइड के मरीजों को फूलगोभी का सेवन कम से कम करना चाहिए.

पथरी होने पर फूलगोभी न खाएं- पथरी होने पर भी फूलगोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. यह नुकसानदायक हो सकता है. खासकर अगर आपके पित्ताशय और किडनी में पथरी है तो आपको फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम होता है जो पथरी की समस्या को बढ़ा सकता है.

ब्लड क्लॉटिंग की समस्या होने पर - अगर आपको ब्लड क्लॉटिंग की समस्या है तो फूलगोभी का सेवन बिल्कुल न करें. फूलगोभी में पोटैशियम की मात्रा बहुत अधिक होती है जो शरीर में खून को गाढ़ा कर सकता है. इसलिए फूलगोभी का सेवन सीमित करें या बिल्कुल न खाएं.

प्रेग्नेंसी में फूलगोभी न खाएं - प्रेग्नेंसी में भी आपको फूलगोभी का सेवन करने से बचना चाहिए. इससे कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. खासकर प्रेग्नेंसी में इससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए फूलगोभी से परहेज करना जरूरी है.



कृषि अवशेष प्रबन्धन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

▶▶ खेतों में पराली जलाने पर होगा जुर्माना और सजा- डॉ रणजीत सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। सक्षम फाउण्डेशन द्वारा विकासखण्ड कालाकांकर के मुरस्सापुर गॉव में पराली प्रबन्धन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि मशीन या हार्वेस्टर से धान की कटाई करने पर मशीन खेतों में पराली छोड़ जाती है। धान निकालने के बाद पराली दुबारा से हटाना किसानों के लिए किसी भी दृष्टि से लाभकारी नहीं है। अगर कृषि अवशेषों का सही ढंग से प्रबन्धन किया जाय तो यह किसानों के लिए एक अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है। साथ ही साथ पराली जलाने से प्रदूषण के साथ-साथ जहरीली गैस भी हवा में घुलती है, इसका सीधा असर मानव जीवन पर होता है। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से दमा, आखों में जलन, त्वचा रोग इत्यादि बढ़ सकते हैं।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने पराली प्रबन्धन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने कहा कि एक फसल के बाद दूसरी फसल की जल्दी बोवाई करने के चक्कर में अक्सर किसान पहली फसल के अवशेषों को खेत में जला देते हैं।

फसल अवशेषों को जलाये जाने से जहॉ मृदा की उर्वरा शक्ति में कमी आती है, वहीं अवशेषों से निकलने वाले धुएं से पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँचता है। सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कण ऊपर उड़ने की बजाय पृथ्वी की सतह के पास रहते हैं क्योंकि धूल व प्रदूषण के कणों पर ओस जम जाती है। जिसका परिणाम स्मोग के रूप में सामने आता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पर्यावरण तथा किसानों के हित में पराली जलाने पर रोक लगा रखी है तथा कृषि अवशेष जलाने वाले पर जुर्माना तथा सजा का प्रावधान भी किया गया है। कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र द्वारा पराली प्रबन्धन हेतु वेस्ट डीकम्पोजर के इस्तेमाल की सलाह दी जाती है, जिसके उपयोग से फसल अवशेषों का उचित ढंग से प्रबन्धन करके उन्हें खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे मृदा के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा तथा अंधाधुंध बढ रहा रसायनिक उर्वरकों का खर्च भी कम हो जायेगा। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के सचिव मनीश सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, महेन्द्र प्रताप, डॉ यतेन्द्र कुमार, जी. आर. पटेल, अरूण शुक्ला, संजीव शुक्ला, राम सुमेर पटेल, श्री राम विश्वकर्मा, क्षमा देवी, कौशिल्या, चन्द्रावती सरोज आदि किसान उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

मंगरौरा प्रतापगढ़ स्थानीय बाजार के निकट कुछ दिन पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए वृद्ध की इलाज के दौरान शनिवार को देर शाम मौत हो गई। बताया गया कि विगत 13 अक्टूबर को इटहरा गांव के श्याम शंकर चतुर्वेदी (60) किसी कार्य हेतु मदाफरपुर गए थे। उसी दिन शाम करीब सात बजे वह लौटकर घर जा रहे थे। कंधई के मंगरौरा बाजार से थोड़ा पहले पेट्रोल टंकी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए थे। उन्हें कई जगह गंभीर चोटे आई थी। उनका इलाज प्रतापगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को शाम उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई। डॉक्टरों के काफी प्रयास के बावजूद भी वह नही बच सके। इतने दिनों से जिंदगी और मौत के बीच चल रही जंग में वह हार गए। शनिवार को रात करीब नौ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर से स्वजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

सीता कै विलाप सुनि भारी,भये चराचर जीव दुखारी

▶▶ शबरी के आश्रम में पहुँचे श्री राम,दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

शमशेरगंज प्रतापगढ़ -अवध रामलीला समिति चमरूपुर शुक्लान के तत्वावधान में चल रही श्री रामलीला के छठवें दिन का शुभारंभ अधिवक्ता परिषद-लालगंज के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र एवं राजेंद्र मौर्य द्वारा श्री हनुमान जी की आरती उतार कर किया गया।

तत्पश्चात मंच पर अभिनीत किए जाने वाले प्रमुख दृश्यों में रावण मारीच संवाद,सीता हरण,रामविलाप,जटायु उद्धार,शबरी राम संवाद,राम सुग्रीव मित्रता बाली वध,तारा विलाप,सीता की खोज में बंदरों का दक्षिण दिशा की ओर जाना रहा। जिसमें मुख्य भूमिका अदा करने वाले पात्रगण रावण-राम मनोहर पाल,मारीच-मुन्नू प्रजापति सीता-आशीष मिश्रा,जटायू डॉक्टर शर्मा ,राम-शुभम शुक्ला,लक्ष्मण-अतुल ओझा,शबरी-बद्री मिश्रा सुग्रीव-आशुतोष ओझा हनुमान-मनोज पांडेय राजू, बाली-संचालक विनय कुमार द्विवेदी,अंगद-शिवम पांडेय,तारा-खन्ने व समिति के अन्य कलाकार जामवंत,नल नील व बानर सेना के रूप में अपने किरदारों से दर्शकों को बाँधे रखा-शबरी-राम संवाद तथा बाली सुग्रीव युद्ध को देखकर दर्शक भाव बिभोर होकर तालियाँ बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। दर्शकों के रूप में मुख्य रूप से ओमप्रकाश शुक्ला,राकेश रंजन शुक्ला,बब्बू शुक्ला,राम शिरोमणि पांडे,तुलसीराम मिश्रा,मोनू मिश्रा,आशीष तिवारी,आशुतोष शुक्ला,शिवम तिवारी,सिंटू पांडेय,अमित ओझा,अनुज शुक्ला,करण शर्मा शिव प्रसाद पटवा,हरीश मिश्रा, विकास,आदि लोग उपस्थित रहे।आए हुए दर्शकों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष पवन शुक्ला द्वारा किया गया। मंच का संचालन जय भगवान पांडे एवं प्रेमनाथ पांडेय द्वारा किया गया।

भगवान की प्राप्ति के लिए आस्था की होनी चाहिए निर्मलता-स्वामी सम्पूर्णानन्द जी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के गोबरा अमांवा गांव में विद्यानंद पांडेय के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रूक्मणी विवाह समेत विविध प्रसंगों की सारगर्भित कथा सुन श्रोता भावविभोर हो चले। प्रयागराज से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज ने कहा की भागवत में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से मानव को जीवन जीने की कला का मंत्र दिया है। कथा व्यास ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, ऊधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सरस वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। उन्होंने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और समर्पण भी जरूरी है। इस दौरान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। आयोजक विद्यानंद पांडेय व उमाधर पांडेय ने सभी का स्वागत किया।विपिन पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कैपिटल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एस पी पांडेय, रुलर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, कैलाशपति मिश्र, बृजबिहारी मिश्र, धनंजय मिश्र, जीतबहादुर सिंह, संतोष पाण्डेय, त्रिभू तिवारी, बृजेश मिश्र, प्रधान पप्पू पांडेय, प्रधान देवनाथ पांडेय, चंचल पांडेय, विकास पांडेय, अवधेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक - संजय शुक्ल

▶▶ जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

शमशेरगंज प्रतापगढ़ – ब्लाक लक्ष्मणपुर के अंतर्गत चमरूपुर मिश्रान में चल रही द्रोणाचार्य स्टेडियम में जिला स्तरीय अंडर - 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में कई टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि संजय शुक्ल (समाजसेवी) ने कहा कि खेल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि उसके सर्वांगीण विकास के लिए भी आवश्यक है। हमें ऐसे ही प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहना चाहिए। पवन शुक्ल (गोलू)ने भी अपने वक्तव्य से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। टूर्नामेंट के प्रथम मैच में प्यारे के पुरवा की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए विपक्षी रानीगंज की टीम 55 रन ही बना सकी। प्यारे का पुरवा टीम विजई रही। दूसरा मुकाबला खेमराजपुर और बहुचरा के बीच रहा, जिसमें बहुँचरा की टीम ने 10 रन के अंतर से मैच जीता। तीसरे मैच में सगरसुंदरपुर बनाम लालगंज के बीच हुआ। सगरा की टीम ने 5 रन से मैच अपने नाम किया। प्रतियोगिता लगभग 5 दिन में पूर्णता की ओर पहुँचेगा।। एम्पायर की भूमिका का निर्वहन जी0 के0 राय और सबील ने किया। टूर्नामेंट के अध्यक्ष प्रांशु मिश्रा और उपाध्यक्ष राज मिश्रा ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार की भी व्यवस्था की है।

प्रमुख सहयोगी के रूप में अनुज मिश्र ,आशीष मिश्र,शिवम, श्रीपति मिश्र, बब्लू सिंह,रूपम मिश्र अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं।

लम्बित विवेचनाओं को लेकर एएसपी ने उपनिरीक्षकों की कसी लगाम, हुई समीक्षा

लालगंज, प्रतापगढ़। लम्बित विवेचनाओं को लेकर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने रविवार की शाम लालगंज कोतवाली में सर्किल के थानों की समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक ने लालगंज, सांगीपुर, उदयपुर, संग्रामगढ़ व लीलापुर थानों के उप निरीक्षकों के पास लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण में सुस्ती देख नाराजगी भी जतायी। उन्होंने दरोगाओं को अनुसूचित जाति तथा महिला उत्पीड़न से जुड़े मुकदमों की विवेचना समयबद्ध गुणवत्तापरक किये जाने के कड़े निर्देश दिये। वहीं उन्होंने गम्भीर अपराधों में वांछितों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई को लेकर भी दरोगाओं को आगाह किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही को लेकर भी थानाध्यक्षों व दरोगाओं की क्लास ली। समीक्षा के दौरान कई दरोगाओंको अपर पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवर को लेकर सकते में देखा गया। एएसपी ने सीओ रामसूरत सोनकर के साथ सर्किल में दहेज हत्या, अनुसूचित जाति उत्पीड़न के मुकदमों से जुड़ी विवेचनाओं की भी प्रगति को खंगाला। इस दौरान लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर, लालगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी, उदयपुर एसओ राधेबाबू, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, संग्रामगढ़ एसओ सत्येन्द्र सिंह मौजूद रहे।

दूल्हा बने रे नंदलाल की रुक्मणि दुल्हन बनी..

▶▶ श्रीकृष्ण और रुक्मणि विवाह का हुआ प्रसंग, पंडाल में श्रद्धालुओं ने बरसाए पुष्प

लोकमित्र संवाद

अजगरा, प्रतापगढ़। मांधाता क्षेत्र के रामनगर हैंसी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक अतुल जी महराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया।

पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती है श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई और मौजूद श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगलगीत भी गाए। इसके बाद सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया।कथा के मुख्य यजमान राम प्रवेश मिश्र एवं शान्ती मिश्रा रही वही व्यवस्थापक आदित्य प्रसाद मिश्रा व अर्पित मिश्र दूर दराज से आए हुए समस्त श्रद्धालु भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर की रामशंकर मिश्रा, प्रज्ञा नंदन मिश्रा, घनश्याम मिश्रा, मंगला प्रसाद मिश्रा, दिवाकर पाण्डेय, सौरभ मिश्रा, रवि, शशि आदि मौजूद रहे।

वांछित धराये, गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी एवं लोक सम्पत्ति क्षति निवारण के मुकदमों में वांछित आरोपियों को अलग अलग टीमों द्वारा हिरासत में लिया गया। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम रविवार को फोर्स के साथ गश्त को निकले थे। सूचना पर पुलिस टीम ने रामपुर बावली शुकुलपुर गांव पहुंचकर मारपीट व धमकी के मुकदमें में वांछित आरोपी जगदीश नारायण के पुत्र त्रियुगीनारायण को उसके घर से धर दबोचा। वहीं दरोगा रामकुमार यादव ने भी फोर्स के साथ गश्त के दौरान लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के मुकदमें में वांछित आरोपी लालगंज कोतवाली के फत्ते का पुरवा निवासी रामसूरत के पुत्र अखिलेश को उसके घर से हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर प्रदेश में मुखर होगा संघर्ष-परेश मिश्रा

▶▶ लालगंज में अधिवक्ताओं ने मुद्दों को लेकर भरी हुंकार

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट तथा अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाये जाने के लिए प्रदेश भर के अधिवक्ताओं का संघर्ष और मुखर बनाया जायेगा।

यह बातें यूपी बार कौंसिल के सदस्य परेश मिश्र ने रविवार को यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित अधिवक्ता हितों को लेकर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि आकस्मिक मृत्यु पर साथी अधिवक्ता के निराश्रित परिजनों को बार कौंसिल द्वारा सहायता राशि के भुगतान में कोई विलम्ब नहीं होगा। वहीं उन्होंने कहा कि बार कौंसिल द्वारा प्रदेश सरकार को एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट का मसौदा सौंप दिया गया है।

सरकार द्वारा इसे कानूनी रूप देने के लिए बार कौंसिल का प्रयास तेजी से जारी है। बैठक में अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल सदस्य परेश मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट के समर्थन में नारेबाजी कर हुंकार भरी। बैठक का संचालन महामंत्री सूर्यकान्त निराला व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल ने किया।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, बेनी लाल शुक्ल, अनूप शुक्ला, राहुल मिश्र, रामलखन शर्मा, अनिल शर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में दो नामजद

कुंडा प्रतापगढ़ महेशगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक सेना में हैं। उनकी बेटी व भाइयों की दो बेटी लालगंज स्थित एक विद्यालय की छात्रा है। जहां पर तीनों अपने निजी वाहन से पढ़ने के लिए प्रतिदिन आया जाया करती है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरवारा और धारूपुर गांव के दो युवक आए दिन सैनिक की बेटी व भतीजियों पर अश्लील कमेंट करते हैं। हद तो तब हो गई जब पाच दिन पूर्व तीनों छात्राएं अपने बाबा के साथ टेंपो पर बैठकर घर लौट रही थी कि आजाद नगर के पास बाइक सवार शोहदों ने छात्राओं का बाल खींचकर टेंपो से गिराने का प्रयास किया। शोहदों की हरकत से परेशान सैनिक के भाई ने महेश गंज पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मामले की जांच करके दो लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

क्षेत्र में धड़ल्ले से बेंची जा रही मिलावटी मिठाईयां

दिलीपपुर प्रतापगढ़ -रानीगंज तहसील क्षेत्र अन्तर्गत दीपावली के पावन अवसर पर क्षेत्र में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री जोरो पर हो रही है। जानकारी होने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने बैठे हुए हैं। क्षेत्र में दिलीपपुर बाजार पृथ्वीगंज, रानीगंज, लच्छीपुर , जामताली आदि बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री जोरों पर हो रही है। लेकिन संबन्धित अधिकारी व कर्मचारी अन्जान बने बैठे हुए हैं। दीपावली का पर्व नजदीक है, ऐसे में मिठाई की दुकानों पर रंग-बिरंगी मिठाईयां काउन्टर में सजाकर दुकानदार रखे हुए हैं और ये मिठाईयां अच्छी कीमत पर बेची जा रही हैं।इस तरह की मिठाईयों को खाने से लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है और इलाज के चक्कर में मोटी रकम भी जा सकती है। अपनी कमाई के चक्कर में लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में अब देखना यह है कि खाद्य विभाग के अधिकारी तहसील क्षेत्र की विभिन्न बाजारों में ऐसे मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते है या नहीं। सूत्रों की माने तो कुछ दुकानदार मिलावटी खाद्यान्न बनाने का कार्य जोरों पर कर रहे हैं।

शिक्षक के अधिवक्ता पिता के निधन पर शोक

प्रतापगढ़। शिक्षक डॉ आशुतोष सिंह के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता अमरनाथ सिंह का आज निधन हो गया है। वे लगभग 80 वर्ष के थे।मीरा भवन स्थित उनके आवास पर सुबह से ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भारी भीड़ रही। मीरा भवन में शिक्षकों एवं प्रबुद्ध जनों ने एक शोक सभा कर शिक्षक के पिता के निधन पर गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अमरनाथ सिंह ने हमेशा जरूरतमंदों की मदद की। शोकसभा में आनंद भूषण सिंह (बब्बू राजा), डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ आशुतोष सिंह, प्रभात शर्मा, रोहित मिश्रा, डॉ सर्वेश सिंह, संजीव सोनी, प्राची पांडे,आलोक दुबे, संतोष शर्मा, जय श्री सिंह, कल्पना आदि उपस्थित रहे।

नीलगाय से टकराकर बाइक सवार घायल

लीलापुर प्रतापगढ़। नीलगाय से टकराया बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। स्थानीय थाना क्षेत्र के लीलापुर बाजार निवासी महेंद्र पाण्डेय सुत रमाकांत पाण्डेय अपने निजी कार्य से अपनी बाइक से प्रतापगढ़ गया था। वापस घर आते समय देर रात लगभग साढ़े सात बजे जैसे ही रानीगंज अजगरा बाजार क्रास किया कि एक ढाबे के पास पहुंचा ही था कि अचानक एक नीलगाय कूद कर सामने आ गया। इससे बाइक सवार युवक की जोरदार टक्कर हो गई तथा बाइक सवार युवक गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दौड़ कर घायल को उठा कर बगल किया और लीलापुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल भेजवाया। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

पांच प्रणों पर कार्य करने की है आवश्यकता- संतोष

▶▶ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रानीगंज में निकाला पथ संचलन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के आगमन के उल्लास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शिवगढ़ के आयोजकत्व में रानीगंज बाजार में पथ संचलन मां बाराही देवी इंटरमीडिएट कॉलेज से निकाला गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पूर्ण गणवेश में जब मार्ग में चल रहे थे तब जगह-जगह पर समाज के लोगों द्वारा उनके ऊपर पुष्प वर्षा की जा रही थी। शताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से काशी प्रांत के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख संतोष एवं प्रतापगढ़ जिला के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार की उपस्थिति रही। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुए संतोष ने कहा कि विजयादशमी उत्सव 2024 से संघ ने 99 की अपने ध्येय यात्रा पूर्ण करके शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

हम सभी स्वयं सेवकों के लिए यह बड़े गर्व की बात है।आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन के रूप में जाना जाता है।उस्वयंसेवक संघ दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि केवल भारत ही नहीं अपितु भारत के बाहर लगभग 40 देशों में संघ का व्याप हो चुका है। 1925 में संघ बीजारोपण के समय से लेकर वर्तमान तक आज संघ समाज जीवन के हर क्षेत्र में पहुंच चुका है। संघ का विचार प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आज समाज के हर क्षेत्र में है।संघ पर आज समाज में शोध चल रहा कि किस तरह बिना रुके थके एक संगठन ने अपने 99वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष में कदम रख दिया है। शताब्दी वर्ष में कुछ प्रण लेने की आवश्यकता है। समाज जीवन में जाकर हमें लोगों को जाग्रत करना होगा।सज्जन शक्तियों को जाग्रत करना होगा। लोगों में राष्ट्रभक्ति का भाव का जागरण कराना होगा। इसके लिए हमें पांच प्रणों पर कार्य करने की आवश्यकता है, जिनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य का जीवन में अनुपालन, स्वदेशी का जीवन में पालन है। इन्हीं पंच प्रणों को लेकर हमें जन-जन तक पहुंचना है। इन्हीं पंच प्रणों द्वारा ही भारत का स्वरूप भव्य होगा और भारत माता की जय जयकार होगी। इस अवसर पर खंड संघचालक क्षमा शंकर,खंड कार्यवाह नीरज,सह खंड कार्यवाह चंद्रभूषण,खंड व्यवस्था प्रमुख संदीप,खंड बौद्धिक प्रमुख राजू,खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख रवि, विद्यार्थी प्रमुख आशीष,जिला ग्राम विकास प्रमुख विनोद,जिला सह सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत,जिला घोष प्रमुख उमंग,वेद प्रकाश,अंशुल ,विवेक शर्मा,रानीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री गुप्ता,पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण गुरुजी,पूर्व विधायक धीरज ओझा,आत्म प्रकाश,खंड विस्तारक योगेश, सुनील, अशोक ,अजय ओझा, राघवेंद्र,आदि स्वयंसेवक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचे मुख्यमंत्री- डॉ मोहन यादव

● ग्रामोदय परिवार ने जलाए अभिलाषाओ के दीप
● मनोहारी लोकनृत्य से हुआ आत्मीय स्वागत'

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पहुंचे अभिलाषाओं के दीप उस समय जगमगा उठे जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ग्रामोदय परिवार ने अपने बीच पाया। मुख्यमंत्री ने भी ग्रामोदय परिवार को निराश नहीं किया और कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी देशमुख के संकल्प पथ पर आगे बढ़े, प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग के लिए विश्वविद्यालय प्रयासों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के सभी आयामों पर अच्छा काम किया है। मुझे विश्वास है कि युगानुकुल आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमो के गुणवत्ता पूर्ण संचालन से विश्वविद्यालय अपने संसाधनों को बढ़ाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वाल्मीकि सभागार में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय पधारे थे। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण पशु पालन एवम डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल, संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी, नगरीय विकास एवम आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह और दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद थे। व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आने से मुझे प्रेम और आनंद का अनुभव हो रहा है। नाना जी के नाम से जुड़े इस ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमने विश्वविद्यालयो की दो श्रेणी बना रखी है। एक शासकीय और दूसरी अशासकीय।सरकार का दायित्व होता है कि वे शासकीय विश्वविद्यालयो को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं बढ़ाने में सहायक बन सकें। इस दिशा में मध्य प्रदेश सरकार पूरा प्रयास कर रही है। सभी शासकीय विश्वविद्यालयो को सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयो को उनके खुद के पैरों में खड़ा करने और चलकर दिखाने के दिशा के प्रयासों पर राज्यपाल महोदय से उनकी चर्चा हुई है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के कुलगुरुओ की बैठक संभव है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट एक सामान्य स्थान नहीं है। देश के विकास में इसकी बड़ी भूमिका है। नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय के विकास के सरकार हर संभव सहयोग करेगी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार से जुड़ी गतिविधियों को संचालित करता है। उन्होंने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रशासनिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी की संकल्पना एवं कार्यशैली पर पूरी ईमानदारी के साथ ग्रामोदय के लिए कृत संकल्पित है।देर शाम मुख्यमंत्री के ग्रामोदय परिसर आगमन पर ग्रामोदय परिवार द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। कुलगुरु, कुलसचिव, अधिष्ठाताओ सहित शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को पुष्प गुच्छ और मालाए भेंट की। विश्वविद्यालय परिसर को मिट्टी के दीपकों और बिजली की झालरो से सजाया गया था। विशेष स्वागत में प्रस्तुत लोक नृत्य की मुख्यमंत्री ने सराहना किया। ग्रामोदय परिसर में दीपावली जैसा प्रसन्नता से युक्त वातावरण था।

व्याख्यान माला कार्यक्रम मंच का संचालन कर रहे डॉ ललित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और कुलसचिव नीरजा नामदेव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित सभी मंचासीन अतिथियों का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री ने ग्रामोदय संदेश विशेषांक को रुचि पूर्वक देखा और पढ़ा

चित्रकूट ब्यूरो- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रामोदय संदेश विशेषांक सियाराम कुटीर में ग्रामोदय संदेश के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ल ने भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्रामोदय संदेश को रूचि पूर्वक देखा और पढ़ा। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहें।ग्रामोदय संदेश न्यूज लेटर के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ल, जनसंपर्क अधिकारी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने बताया कि विशेषांक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 10 महीने के सुशासन के नवीन स्वरूप पर आलेख, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की समसामयिक संपादकीय टिप्पणी , भारतीय ज्ञान परंपरा और एनईपी टास्क फोर्स के प्रयासों का उल्लेख, सीएमसीएलडीपी के प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के ड्रीम प्रोजेक्ट ग्राम दर्शन, ग्रामोदय विश्वविद्यालय से मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के पुराने रिश्तों तथा 12वीं दीक्षांत समारोह की विशिष्ट झलकियां को चित्रों और न्यूज आइटम के रूप में बेहतर ढंग से समाविष्ट किया गया है।

जल्द स्थापित होगा चित्रकूट यूनेस्को जियो पार्क- डॉ मोहन यादव

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट-मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के चित्रकूट आगमन पर भाजपा-चित्रकूट उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय तथा डॉ अश्वनी अवस्थी ने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की गरिमामय उपस्थिति में उत्तर प्रदेश की सीमा पर बरहा के हनुमान मंदिर पर स्वागत वन्दन-अभिनन्दन कर चित्रकूट के सर्वांगीण विकास हेतु आग्रह किया।आपको बताते चलें कि चित्रकुट यूनेस्को जियो पार्क की स्थापना तथा यूनेस्को की मान्यता दिलाने हेतु एक एक से तीन अगस्त 2024 को दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट में सोसायटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स, दीनदयाल शोध संस्थान एवं आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में तथा डॉ अश्वनी अवस्थी के कुशल संयोजकत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया थामहामंत्री आलोक पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की तरह मध्य प्रदेश सरकार भी पर्यटन विकास के लिए आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्य को गतिशीलता से क्रियान्वित करावे। साथ ही चित्रकूट की 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र के समस्त स्थलों का उत्तर प्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश सरकार साझा कार्ययोजना बनाकर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मानको पर विकास सुनिश्चित करें। पर्यटन विकास से चित्रकूट परिक्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के बेशुमार अवसर प्राप्त होंगे। महामंत्री डॉ अश्वनी अवस्थी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट में यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क स्थापित करने की अपार संभावना है। मध्यप्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर जियो पार्क स्थापित करने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। चित्रकूट परिक्षेत्र में भारत का ही नहीं अपितु दक्षिण एशिया का पहला जियोपार्क बनाकर चित्रकूट को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित प्रयास का आश्वासन दिया। शिष्टाचार स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सभासद अरूण त्रिपाठी, अभिषेक ओझा, अखिलेश रैकवार, हीरो मिश्र, श्रद्धांशु, राकेश, रमाकांत पाण्डेय, संतोष चौबे, राघव अग्रवाल के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

20 लाख की कीमत के गांजा के साथ एक ड्रग तस्कर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध जारी अभियान में प्रयागराज की सीमा से सटे थाना जिगना पुलिस व आपरेशनल यूनिट प्रयागराज पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें एक तस्कर 20 लाख के गांजा के साथ दबोचा गया।

घटना के अनुसार संयुक्त पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गौरा कोल्हुआ का किनारा के पास कार सवार कुछ लोगो द्वारा अवैध गांजा की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा छापा डाला गया। इस दौरान मौके से एक गाँजा तस्कर उदय सिंह उर्फ दूधनाथ सिंह निवासी गौरा कोल्हुआ का किनारा थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य कार सवार साथी अन्धेरे व स्थलीय परिस्थितियों का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कुल

50 किलो ग्राम अवैध गांजा (अनुमनित कीमत □ 20 लाख) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया तथा मौके से फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापे डाले जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद के बाहर से मांग के अनुसार गांजा लाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति की जाती है। तलाशी के दौरान रु. 3300.00 नकद भी बरामद हुआ। संयुक्त टीम का नेतृत्व थाना जिगना प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय ने किया।

ग्रामोदय के डॉ ब्रजेश शुक्ला को मिला अवार्ड

चित्रकूट- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं विज्ञान अध्ययन केन्द्र एवं पर्यावरण गतिविधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में कृषि, मवेशियों और ग्रामीण विकास का योगदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बेस्ट प्रजेंटेशन के लिए डॉ ब्रजेश शुक्ला को अवार्ड दिया गया। डॉ ब्रजेश शुक्ला वर्तमान में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेशनल इंटरनेशनल जर्नल में अनेकों शोध पत्र प्रकाशित हुए है। साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भी संपादन किया गया है। डीन साइंस प्रो. आई.पी. त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. पांडेय, डॉ उमेश शुक्ला, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ प्रमोद शर्मा, डॉ कौशल त्रिपाठी नें इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है।

अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 सदस्य 5जी नेटवर्क उपकरणों के साथ गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। थाना लालगंज में 12 अक्टूबर को प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र जुग्गी लाल श्रीवास्तव निवासी गांव व थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर ने अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध इण्डस टावर में लगे जियो 5त्र के इलेक्ट्रानिक उपकरणों की चोरी की लिखित शिकायत की थी।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाने के अतिरिक्त अन्य टीमें भी घटना के खुलासे के लिए लगा दी। थाना लालगंज, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में थाना लालगंज क्षेत्र से 8 अभियुक्तगण संदीप पटेल, राम बाबू उर्फ विक्की पटेल, रामराज पटेल, सोहन लाल यादवर उर्फ सोनू , सतीश उर्फ बुल्लू पटेल और योगेश चन्द चौहान सभी निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर, मीरजापुर,

कमलेश पटेल निवासी ग्राम सरैया कमरहटा थाना पड़री जनपद मीरजापुर व मनोज कुमार निवासी ग्राम ओबराडीह थाना संतनगर मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से 5जी नेटवर्क से सम्बन्धित उपकरण, 6 माड्यूल सिस्टम, 4 सिपरी केबल व चोरी के सामानों की बिक्री का 10,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 4 मोटर साइकिलें, 2 अवैध तमंचा (315 बोर) कारतूस सहित व चाकू बरामद किया गया ।

घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिलों को 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उन लोगो का एक संगठित गिरोह है, जो 5त्र नेटवर्क टावरों से 5जी नेटवर्क में प्रयुक्त उपकरणों की चोरी कर पार्सल पैक कर प्राइवेट बस के माध्यम से नागपुर (महाराष्ट्र) अपने अन्य साथियों को भेज देते है तथा गूगल पे के माध्यम से अपने खातो में पैसे ले लेते हैं। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिलों को उन लोगो द्वारा चोरी के पैसे से ही खरीदा हुआ बताया गया।

उन लोगों द्वारा स्वीकार किया गया कि जनपद मीरजापुर, सोनभद्र, वाराणसी, चन्दौली, प्रयागराज में करीब 50 से ऊपर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है तथा बरामद उपकरणों की कीमत कम से कम दस लाख रुपए है।

सूचना

अमीनपुर समरो गांव निवासी महबूब आलम पुत्र कमरुद्दीन ने एक शपथ पत्र दाखिल करते हुए न्यायालय को बताया कि मेरे तीन पुत्र हैं जिनका नाम है मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद तफसीर व मोहम्मद फैजान है, जिसमें मोहम्मद फैजान 19 वर्ष को पिता महबूब आलम ने अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वहीं शपथ पत्र दाखिल करते हुए। कहा है कि कहीं भी कोई यदि अपराध करता है तो हमसे वह हमारे बच्चों से कोई सरोकार नहीं रहेगा भविष्य में मोहम्मद तसलीम व मोहम्मद तफसीर मेरे चल अचल संपत्ति के मालिक रहेंगे।

फांसी के फंदे से झूल युवती ने दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार /प्रतापगढ़ बाघराय थाना क्षेत्र के महराजपुर कलदसवा पुर निवासी वंशीलाल सरोज की पुत्री 19 वर्ष ने फांसी के फंदे से झूलकर मौत को गले लगा लिया।बताते चलें कि मामला दिन रविवार को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास का रहा। इस दौरान मृतक युवती के परिजन रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गए हुए थे। इस दौरान मृतक युवती घर में अकेली थी।तभी उसने प्राणघातक कदम उठा लिया। युवती के मौत के संबंध में प्रेम प्रसंग का मामला प्रथम दृष्टया प्रकाश में आया। उसका किसी लड़के से प्रेम प्रसंग था। लड़के ने शादी करने का वादा किया था।लड़के के शादी करने से मना करने के बाबत युवती ने मौत को गले लगा लिया। इस दौरान निमंत्रण से सबसे पहले वापस घर लौटे मृतका के भाई को इसकी जानकारी हुई तो उसने परिजनों को जानकारी दी। इसके उपरांत मामले की सूचना इलाकाई बाघराय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत के बाबत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1989581 वास्तव में खो गया है।

शिवप्रताप पटेल
पुत्र जोखू लाल
होला का पुरवा सराय नाहर राय
जेठवारा प्रतापगढ़।।

अवरुद्ध करने का आरोप

सुवंशा (प्रतापगढ़)। थाना फतनपुर अंतर्गत गांव सेनापुर पटहटिया कला निवासी सुशील कुमार मिश्रा पुत्र राममूर्ति मिश्रा ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी ने उनका रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। इससे उनको आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जबकि यह मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। सुशील कुमार ने थाना फतनपुर में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

समस्याओं को लेकर कांग्रेसी आज सौंपेंगे ज्ञापन

प्रतापगढ़ - जनपद की विभिन्न समस्याओं व नगर पालिका परिषद बेला, की अनेकों समस्याओं को लेकर 28 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदय का घेराव करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष डा वी के सिंह ने बताया कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10ः30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय ÷इंदिरा भवन÷ पर पहुंचने का कष्ट करें।कृपया समय का विशेष ध्यान दिया जाय।

जमीनी विवाद को लेकर युवती को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

पट्टी प्रतापगढ़ जमीनी विवाद को लेकर युवती को रास्ते में रोक कर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासिनी निकिता पुत्री मेवा लाल ने प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया है कि रविवार की शाम वह अपने खेत से वापस आ रही थी। उसी समय पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसियों ने उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इससे उसका सिर फट गया। परिजन उसे लेकर कोतवाली आए तथा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

मंदबुद्धि महिला से दुराचार के आरोपी पर मुकदमा दर्ज, भेजा जेल

कुंडा प्रतापगढ़ महेशगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की मंदबुद्धि महिला ने तहरीर देकर बताया कि गांव का एक 65 वर्षीय वृद्ध साल भर से शारीरिक संबंध बना रहा था। रात में वृद्ध के साथ युवती के पिता ने पकड़ा तो बुजुर्ग ने युवती को गाली और जाति सूचक शब्दों के साथ जान से मारने की धमकी दिया। युवती की तहरीर पर महेशगंज पुलिस ने मेढ़हा मज़रे धमोहन गांव निवासी रिखीराम मौर्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया।

अमला सिंह ने संभाली महेशगंज थाने की कमान

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाने के एसओ पुष्पराज सिंह का स्थानांतरण होने के पश्चात नए थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमला सिंह ने महेशगंज थाने का चार्ज लिया है। रविवार को नवागंतुक एस एचओ अमला सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की क्राइम का कंट्रोल करना प्रथम उद्देश्य है। अवैध कारोबारी के खिलाफ अभियान चला कर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले पुलिस अधीक्षक के पी आर ओ पद पर कुशल पूर्वक कार्य कर चुके हैं। जीआरपी में भी कई जनपदों में इंचार्ज पद पर रह चुके, पुलिस विभाग के ईमानदार छवि में इंस्पेक्टर अमला सिंह की गिनती होती है।

राज्य स्तरीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता आज

प्रतापगढ़। खिलाड़ी स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल की स्मृति में 28 अक्टूबर को राज्य स्तरीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए आयोजक निशान्त शुक्ल ने बताया कि प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के खेल मैदान पर होगी। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। टूर्नामेंट में बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत तरदीपुर विकास खण्ड कुण्डा, प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/टेण्डर/2024–25 दिनांक 27.10.2024

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत तरदीपुर में मनरेगा योजना अन्तर्गत 2024–25 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्नॉकित कार्यो पर प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, गिट्टी, इण्टरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 28.10.2024 से 02.11.2024 तक सील बन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 02.11.2024 को दोपहर 02 बजे उपस्थित फार्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	स्वी0 धनराशि	निविदा पपत्र का मूल्य
1	सीताराम शुक्ल के घर से श्रीराम शुक्ल के घर तक इंटरलाकिंग का कार्य	394000	500
2	रंजीत सरोज के घर से कल्लू लाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	395000	500
3	चांबे के घर से शंकर के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	390000	500
4	नारायण के घर से रामभवन के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य	251000	500

अनीता शुक्ला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तरदीपुर
विकास खण्ड कुंडा, प्रतापगढ़

राम नरेश यादव
पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत तरदीपुर
विकास खण्ड कुंडा, प्रतापगढ़

पांच घंटे बंद रही क्रासिंग, दूसरे रूट से गए वाहन

प्रतापगढ़। शनि देव धाम रेलवे स्टेशन की क्रासिंग बंद होने से पांच घंटे तक विश्वनाथगंज और मांधाता सड़क मार्ग बंद रहा। इधर के वाहनों को घूमकर दूसरे रूट से जाना पड़ा।जिससे लोगों को काफी दिक्कत आई। रविवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे ट्रैक की मरम्मत के लिए ब्लॉक लिया गया था। इसके कारण रेलवे फाटक बंद था। जिससे सड़क मार्ग ठप हो गया। इधर से गुजरने वाले वाहनों पर पाबंदी लगा दी गई। सीनियर सेक्शन इंजीनियर शहंशाह आलम ने बताया कि फाटक बंद करके ट्रैक की मरम्मत कराई गई थी। इस वजह से रूट बंद था। इसके लिए पांच घंटे का ब्लाक लिया गया था।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचे मुख्यमंत्री- डॉ मोहन यादव

● ग्रामोदय परिवार ने जलाए अभिलाषाओ के दीप
● मनोहारी लोकनृत्य से हुआ आत्मीय स्वागत'

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पहुंचे अभिलाषाओं के दीप उस समय जगमगा उठे जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ग्रामोदय परिवार ने अपने बीच पाया। मुख्यमंत्री ने भी ग्रामोदय परिवार को निराश नहीं किया और कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी देशमुख के संकल्प पथ पर आगे बढ़े, प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग के लिए विश्वविद्यालय प्रयासों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के सभी आयामों पर अच्छा काम किया है। मुझे विश्वास है कि युगानुकुल आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमो के गुणवत्ता पूर्ण संचालन से विश्वविद्यालय अपने संसाधनों को बढ़ाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वाल्मीकि सभागार में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय पधारे थे। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण पशु पालन एवम डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल, संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी, नगरीय विकास एवम आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह और दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद थे। व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आने से मुझे प्रेम और आनंद का अनुभव हो रहा है। नाना जी के नाम से जुड़े इस ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमने विश्वविद्यालयो की दो श्रेणी बना रखी है। एक शासकीय और दूसरी अशासकीय।सरकार का दायित्व होता है कि वे शासकीय विश्वविद्यालयो को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं बढ़ाने में सहायक बन सकें। इस दिशा में मध्य प्रदेश सरकार पूरा प्रयास कर रही है। सभी शासकीय विश्वविद्यालयो को सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयो को उनके खुद के पैरों में खड़ा करने और चलकर दिखाने के दिशा के प्रयासों पर राज्यपाल महोदय से उनकी चर्चा हुई है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के कुलगुरुओ की बैठक संभव है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट एक सामान्य स्थान नहीं है। देश के विकास में इसकी बड़ी भूमिका है। नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय के विकास के सरकार हर संभव सहयोग करेगी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार से जुड़ी गतिविधियों को संचालित करता है। उन्होंने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रशासनिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी की संकल्पना एवं कार्यशैली पर पूरी ईमानदारी के साथ ग्रामोदय के लिए कृत संकल्पित है।देर शाम मुख्यमंत्री के ग्रामोदय परिसर आगमन पर ग्रामोदय परिवार द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। कुलगुरु, कुलसचिव, अधिष्ठाताओ सहित शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को पुष्प गुच्छ और मालाए भेंट की। विश्वविद्यालय परिसर को मिट्टी के दीपकों और बिजली की झालरो से सजाया गया था। विशेष स्वागत में प्रस्तुत लोक नृत्य की मुख्यमंत्री ने सराहना किया। ग्रामोदय परिसर में दीपावली जैसा प्रसन्नता से युक्त वातावरण था।

व्याख्यान माला कार्यक्रम मंच का संचालन कर रहे डॉ ललित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और कुलसचिव नीरजा नामदेव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित सभी मंचासीन अतिथियों का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री ने ग्रामोदय संदेश विशेषांक को रुचि पूर्वक देखा और पढ़ा

चित्रकूट ब्यूरो- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रामोदय संदेश विशेषांक सियाराम कुटीर में ग्रामोदय संदेश के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ल ने भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्रामोदय संदेश को रूचि पूर्वक देखा और पढ़ा। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहें।ग्रामोदय संदेश न्यूज लेटर के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ल, जनसंपर्क अधिकारी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने बताया कि विशेषांक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 10 महीने के सुशासन के नवीन स्वरूप पर आलेख, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की समसामयिक संपादकीय टिप्पणी , भारतीय ज्ञान परंपरा और एनईपी टास्क फोर्स के प्रयासों का उल्लेख, सीएमसीएलडीपी के प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के ड्रीम प्रोजेक्ट ग्राम दर्शन, ग्रामोदय विश्वविद्यालय से मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के पुराने रिश्तों तथा 12वीं दीक्षांत समारोह की विशिष्ट झलकियां को चित्रों और न्यूज आइटम के रूप में बेहतर ढंग से समाविष्ट किया गया है।

जल्द स्थापित होगा चित्रकूट यूनेस्को जियो पार्क- डॉ मोहन यादव

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट-मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के चित्रकूट आगमन पर भाजपा-चित्रकूट उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय तथा डॉ अश्वनी अवस्थी ने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की गरिमामय उपस्थिति में उत्तर प्रदेश की सीमा पर बरहा के हनुमान मंदिर पर स्वागत वन्दन-अभिनन्दन कर चित्रकूट के सर्वांगीण विकास हेतु आग्रह किया।आपको बताते चलें कि चित्रकुट यूनेस्को जियो पार्क की स्थापना तथा यूनेस्को की मान्यता दिलाने हेतु एक एक से तीन अगस्त 2024 को दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट में सोसायटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स, दीनदयाल शोध संस्थान एवं आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में तथा डॉ अश्वनी अवस्थी के कुशल संयोजकत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया थामहामंत्री आलोक पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की तरह मध्य प्रदेश सरकार भी पर्यटन विकास के लिए आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्य को गतिशीलता से क्रियान्वित करावे। साथ ही चित्रकूट की 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र के समस्त स्थलों का उत्तर प्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश सरकार साझा कार्ययोजना बनाकर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मानको पर विकास सुनिश्चित करें। पर्यटन विकास से चित्रकूट परिक्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के बेशुमार अवसर प्राप्त होंगे। महामंत्री डॉ अश्वनी अवस्थी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट में यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क स्थापित करने की अपार संभावना है। मध्यप्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर जियो पार्क स्थापित करने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। चित्रकूट परिक्षेत्र में भारत का ही नहीं अपितु दक्षिण एशिया का पहला जियोपार्क बनाकर चित्रकूट को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित प्रयास का आश्वासन दिया। शिष्टाचार स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सभासद अरूण त्रिपाठी, अभिषेक ओझा, अखिलेश रैकवार, हीरो मिश्र, श्रद्धांशु, राकेश, रमाकांत पाण्डेय, संतोष चौबे, राघव अग्रवाल के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

20 लाख की कीमत के गांजा के साथ एक ड्रग तस्कर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध जारी अभियान में प्रयागराज की सीमा से सटे थाना जिगना पुलिस व आपरेशनल यूनिट प्रयागराज पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें एक तस्कर 20 लाख के गांजा के साथ दबोचा गया।

घटना के अनुसार संयुक्त पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गौरा कोल्हुआ का किनारा के पास कार सवार कुछ लोगो द्वारा अवैध गांजा की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा छापा डाला गया। इस दौरान मौके से एक गाँजा तस्कर उदय सिंह उर्फ दूधनाथ सिंह निवासी गौरा कोल्हुआ का किनारा थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य कार सवार साथी अन्धेरे व स्थलीय परिस्थितियों का लाभ

उठाकर भागने में सफल रहे । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कुल 50 किलो ग्राम अवैध गांजा (अनुमनित कीमत □ 20 लाख) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया तथा मौके से फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापे डाले जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद के बाहर से मांग के अनुसार गांजा लाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति की जाती है। तलाशी के दौरान रु. 3300.00 नकद भी बरामद हुआ। संयुक्त टीम का नेतृत्व थाना जिगना प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय ने किया।

ग्रामोदय के डॉ ब्रजेश शुक्ला को मिला अवार्ड

चित्रकूट- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं विज्ञान अध्ययन केन्द्र एवं पर्यावरण गतिविधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में कृषि, मवेशियों और ग्रामीण विकास का योगदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बेस्ट प्रजेंटेशन के लिए डॉ ब्रजेश शुक्ला को अवार्ड दिया गया। डॉ ब्रजेश शुक्ला वर्तमान में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेशनल इंटरनेशनल जर्नल में अनेकों शोध पत्र प्रकाशित हुए है। साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भी संपादन किया गया है। डीन साइंस प्रो. आई.पी. त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. पांडेय, डॉ उमेश शुक्ला, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ प्रमोद शर्मा, डॉ कौशल त्रिपाठी नें इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है।

अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 सदस्य 5जी नेटवर्क उपकरणों के साथ गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। थाना लालगंज में 12 अक्टूबर को प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र जुग्गी लाल श्रीवास्तव निवासी गांव व थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर ने अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध इण्डस टावर में लगे जियो 5त्र के इलेक्ट्रानिक उपकरणों की चोरी की लिखित शिकायत की थी।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाने के अतिरिक्त अन्य टीमें भी घटना के खुलासे के लिए लगा दी।

थाना लालगंज, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में थाना लालगंज क्षेत्र से 8 अभियुक्तगण संदीप पटेल, राम बाबू उर्फ विक्की पटेल, रामराज पटेल, सोहन लाल यादवर उर्फ सोनू , सतीश उर्फ बुल्लू पटेल और योगेश

चन्द चौहान सभी निवासी ग्राम जमुहरा थाना संतनगर, मीरजापुर, कमलेश पटेल निवासी ग्राम सरैया कमरहटा थाना पड़री जनपद मीरजापुर व मनोज कुमार निवासी ग्राम ओबराडीह थाना संतनगर मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से 5जी नेटवर्क से सम्बन्धित उपकरण, 6 माड्यूल सिस्टम, 4 सिपरी केबल व चोरी के सामानों की बिक्री का 10,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 4 मोटर साइकिलें, 2 अवैध तमंचा (315 बोर) कारतूस सहित व चाकू बरामद किया गया ।

घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिलों को 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उन लोगो का एक संगठित गिरोह है, जो 5त्र नेटवर्क टावरों से 5जी नेटवर्क में प्रयुक्त उपकरणों की चोरी कर पार्सल पैक कर प्राइवेट बस के माध्यम से नागपुर (महाराष्ट्र) अपने अन्य साथियों को भेज देते है तथा गूगल पे के माध्यम से अपने खातो में पैसे ले लेते हैं। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिलों को उन लोगो द्वारा चोरी के पैसे से ही खरीदा हुआ बताया गया।

उन लोगों द्वारा स्वीकार किया गया कि जनपद मीरजापुर, सोनभद्र, वाराणसी, चन्दौली, प्रयागराज में करीब 50 से ऊपर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है तथा बरामद उपकरणों की कीमत कम से कम दस लाख रुपए है।

9 बिछड़े दंपत्ति फिर से एक हुए

मीरजापुर। जनपद में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को अच्छी सफलता मिली जब 9 दंपत्ति आपने गिले शिकवे भूलकर फिर से साथ रहने को राजी हुए और परामर्श केंद्र से उनको विदा किया गया। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 9 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवारीजनों की उपस्थिति के बीच बड़े ही भावुक वातावरण में सभी दंपत्तियों को विदा करते समय उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। परिवार परामर्श केन्द्र में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी ममता तिवारी व सावित्री यादव, महिला आरक्षी सपना व ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण डा.कृष्णा सिंह, निर्मला राय, पार्वती पाण्डेय, सुरेश जायसवाल व कृष्ण कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

तुलसी स्मारक को लेकर प्रभारी मंत्री के बयान के बाद गर्म हुई जिले की राजनीति

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत द्वारा मीडिया के तुलसी स्मारक सभा में गोस्वामी तुलसीदास का भव्य मंदिर बनाए जाने की बात कहने के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। गौरतलब है कि मंत्री ने कहा कि यहां गोस्वामी तुलसीदास की स्मृतियों को संजोए रखने के लिए इस जमीन का प्रयोग किया जाएगा। उन्होने इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच कराने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर निवेदन करने की बात कही थी। मंत्री के इस बयान पर चित्रकूट वासी, समाजसेवियों, साधु-संतो तथा तुलसी स्मारक सभा के सदस्यों ने अत्यंत सराहना करते हुए उनका कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया और

जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बावजूद नहीं हो रहीं कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- चित्रकूट जिले में श्रेणी-6 की सार्वजनिक भूमि (आम रास्ते) पर कब्जे का मामला तूल पकड़ रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ दबंगों ने अधिकारियों की मिलीभगत से इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सहित कई उच्च पदस्थ नेताओं और मंत्रियों को 360 से अधिक पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने अपनी शिकायतें मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई हैं इसके बावजूद अधिकारियों की मिलीभगत से दबंगों का हौसला बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मुख्य सचिव को कई बार ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजी, जिसके बाद उनके द्वारा मामले को विशेष सचिव को भेजा गया। हालांकि, पहले अवैध कब्जा हटाने और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कुछ भी अनहोनी होती है, तो इसके लिए इसके लिए स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि वह गलत हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए, लेकिन अगर अधिकारी दोषी हैं, तो उन्हें भी बख्शा न जाए।शिकायतकर्ता के घर में डर का माहौल बना हुआ है, न बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दे पा रहे हैं न घर से बहार निकल पा रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

राजापुर, चित्रकूट- तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायते` रम्पुरिया अब्वल से होकर चित्रकूट जाने वाला रामबन गमन मार्ग के निर्माण होने से रम्पुरिया सहित कई ग्रामो को जोडने वाली लिंक रोड पर आवागमन प्रभावित हो रहा है।

जिसके विरोध में ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सम्बन्धित ग्रामों के ग्रामवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया और कहा कि इस सम्बन्ध में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत करायेंगे ।ग्राम पंचायत रम्पुरिया के प्रधान राकेश द्विवेदी ने बताया कि इसके पहले कर्वी राजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडने वाली रम्पुरिया सहित डुडौली,पटवरिया,पटना,कलवलिया, तेरा खुर्द सहित आधा दर्जन गांव के लोगों का मुख्य मार्ग है ।इस मार्ग को

क्रास करते हुए राम बन गमन मार्ग का निर्माण हो रहा है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है इस लिंक रोड से छोटी -बड़ी गाड़ियों सहित हजारों लोगो का आवागमन होता है व इसी लिंक रोड से प्राथमिक विद्यालय जाने वाले नौनिहाल बच्चों का भी आवागमन है

तथा लिंक रोड से लगी गैस गोदाम भी है जिस पर कार्यदाई संस्था द्वारा मिट्टी डाल दिया गया है जिससे रास्ता बन्द हो रहा है इस समस्या के चलते ग्रमीणो ने सड़क पर बैठ कर धरना प्रदर्शन किया तथा उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी चित्रकूट से इस लिंक रोड पर ओवर ब्रिज/अंडरपास बनाने की मांग किया है

मेरेताकि इस समस्या से निजात मिल सके इस मौके पर वोधी लाल, शिवनंदन, आशीषमिश्रा, दिनेश कुमार,रामबाबू, सुरेन्द्र कुमार, राजू, रिंकू, शालिनी, राजकुमारी अग्रवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

आग से झुलसी महिला ने दम तोड़ा

बांदा। आग से झुलसी महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शहर के शंभू नगर निवासी 55 वर्षीय सुदामा पत्नी रामदीन शनिवार को आग लगने से झुलस गई थी। उसे गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

मैजिक वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पैलानी के गैस एंजेसी के पास हुआ हादसा
आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणो ने लगाय जाम

पैलानी। बाइक से पत्नी को लिवाने जा रहे युवक को तेज रफ्तार मैजिक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मैजिक चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणो ने जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। पुलिस के समझाने के बाद जाम खोला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा निवासी 25 वर्षीय संजय पुत्र जगदीश निषाद रविवार की दोपहर बाइक से पैलानी में भर्ती पत्नी निशा को अस्पताल लिवाने जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर गैस एजेंसी के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही मैजिक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राइवेट वाहन से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही संजय को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मैजिक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनो ने पैलानी हमीरपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। परिजनो का कहना था कि संजय की मौके पर मौत हो गई थी। परिजनो को सूचना दिए बगैर पुलिस संजय को उठाकर ले गई। जाम करीब एक घंटा तक लगा रहा। दोनो तरफ वाहनो की लंबी लाइन लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। तब परिजनो ने जाम खोला। मृतक के छोटे भाई महेश निषाद ने बताया कि संजय अपनी अस्पताल में भर्ती अपनी पत्नी का लिवाने जा रहा था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। संजय तीन भाइयों में बड़ा था। संजय के दो पुत्र लकी 7 वर्ष व शिवम 4 वर्ष है।

प्रदूषण के बारे में जागरूक करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग न करने की दी सलाह

पहाड़ी, चित्रकूट- ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर चाइल्ड के प्रोजेक्ट जाग्रति के माध्यम से पहाड़ी के खण्ड विकास अधिकारी सभागार में गवर्मेंट स्टॉक होल्डर के साथ बैठक की गयी।

जिसमें प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए प्लाटिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की गयी।ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सभागार में आयोजित गवर्मेंट स्टॉक होल्डर मीटिंग में संस्था के रीजनल मेनेजर आदित्य भरद्वाज ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि लकड़ी, उपले जलाने, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, धूपबत्ती और बीडी, सिगरेट के धुएं से भी घरेलु वायु प्रदुषण होता है।

उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक केवल एक ही बार प्रयोग करने की बात कही। इसके साथ ही पॉलिथीन में चाय लाने और उसे पीने से होने वाली छोटी बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारी के होने का भी खतरा बताया।

उन्होंने प्लास्टिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पहाड़ी उदय प्रताप सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, ममता संस्था के जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

जल्द होगा खुलासा- आईजी

चित्रकूट- बरगढ़ गैंगरेप मामले में प्रयागराज के पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने रविवार को पूरे घटना क्रम की जानकारी ली। साथ ही मामले के जल्द से जल्द खुलासे के निर्देष दिए। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ए के सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

आधा दर्जन के खिलाफ हुई मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

राजापुर, चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह द्वारा गुंडागर्दी करने वाले विष्णु, प्रेम नारायण पांडेय, शिवा पांडेय, रामजी निवासीगण छीबों थाना राजापुर तथा रामबाबू व लालबाबू निवासीगण बरगदी पुरवा मजरा बेराउर थाना राजापुर के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

बच्चों को जागरूक कर राइजिंग चाइल्ड स्कूल में बाँटी गई न्यूट्रिशन किट

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में विश्व स्तरीय पैनेशिया बायोटेक न्यूट्रीशन कंपनी के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को निःशुल्क न्यूट्रीशन किट एवं पैकेट उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समय-समय पर हर क्षेत्र में बच्चों और शिक्षिकाओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय कृत संकल्पित है। प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विभिन्न कार्यशालाओं और एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को जो बातें बताई जाती हैं, वह बच्चे जीवन पर्यन्त नहीं भूलते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी ने बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को जागरूक करते हुए प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, आयरन आदि की कमी से शरीर में होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से बताया, उन्होंने बच्चों को जंक फूड से बचने की सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन स्वालेहा आसिफ के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरी, कोआर्डिनेटर एनिमा सिन्हा तथा स्मृति सिंह चंदेल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में पेरेंट-टीचर मीटिंग का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में पेरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और सम्मानित अभिभावकों द्वारा मां भगवती सरस्वती का विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन संपन्न किया गया। गार्जियन अपने वार्ड की फर्स्ट टर्म की परीक्षाओं की परीक्षा-पुस्तिका तथा परिणामों की जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता से युक्त बड़ी संख्या में स्कूल पधारे। स्कूल प्रांगण में बच्चों ने विज्ञान-प्रदर्शनी लगाई थी, जिसमें अनेक तरह के वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन करने के साथ ही आए हुए अभिभावकों को छात्र-छात्राओं द्वारा

उन उपकरणों के विषय में विधिवत जानकारी से भी अवगत कराया गया। अपने पाल्य की कॉपियां और परीक्षा परिणाम देखकर गार्जियन बहुत खुश दिखाई दिए। पेरेंट और टीचर ने आपस में मिलकर बच्चों की प्रगति के बारे में एक दूसरे से जानकारी प्राप्त की। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आए हुए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घटिया निर्माण कार्य से ग्रामीणो में नाराजगी किया धरना प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार की खाऊ कमाऊ नीति के चलते महराजगंज वाया इन्होंना संपर्क मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है जिसका विरोध आज सैकड़ों ग्रामीणों ने रोड पर उतरकर किया तथा निर्माण कार्य जब तक मानक के अनुसार नहीं होगा तब तक के लिए निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। बताते चलें कि महराजगंज वाया इन्होंना मार्ग 20 वर्षों बाद इस रोड को बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को धन स्वीकृत किया गया जिससे कि क्षेत्र के नौनिहाल बच्चे अधिवक्ता किसान माताएं बहनें अपने गंतव्य स्थान को एक अच्छी शुरुआत होने के बाद पहुँच सकें लेकिन लोक निर्माण विभाग के भ्रष्ट ठेकेदार धन कमाने के चक्कर में मानक के विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है। जो निहायत गलत है और इसी को लेकर आज सुबह सैकड़ों ग्रामीणों ने रोड पर उतर कर विभाग के प्रति वह ठेकेदार के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया तो वही ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी लोगों को 20 वर्षों बाद सबका साथ सबका विकास करने वाली भारतीय जनता पार्टी के प्रयास से इस सड़क इस सड़क बनवाने का मौका मिला है तथा मानक के अनुसार सड़क बनवाई जाए जिससे कि कई वर्षों तक किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो सके तथा मामले को उच्च अधिकारी व जन प्रतिनिधि संज्ञान लें और ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार वह लोक निर्माण विभाग की कमाऊ पुत अधिकारियों को सबक सिखाया जाए। इस मौके पर खेरवा प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट रण विजय सिंह, राहुल मिश्रा, पवन सिंह, मोहन सिंह, जयभद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह,शुभम सिंह, लोक नाथ पाण्डेय, सूशील मिश्रा, देशराज, संतोष, चंदर यादव, रजनीश यादव, कप्तान सिंह, गुड्डु तिवारी, मोहम्मद वसीम, मोती पासी,सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

आरेडिका में आधार केंद्र शुरू कराने की मांग

लालगंज रायबरेली। आधार कार्ड बनवाने के लिए आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना कर्मचारियों को प्रधान डाकघर लालगंज के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण आरेडिका डाकघर में आधार केंद्र का बंद हो जाना है। लगभग एक सैकड़ा कर्मचारियों ने आरेडिका में आधार केंद्र शुरू कराए जाने की मांग को लेकर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित डाकघर में आधार केंद्र खुला था। जिससे कर्मचारियों को अपने पाल्यों के आधार बनवाने में आसानी हो रही थी, लेकिन डाकघर द्वारा आधार केंद्र - बंद कर दिए जाने से अब कर्मचारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि लालगंज - जाने के लिए कर्मचारियों को पहले कारखाने से अवकाश लेना पड़ता है, फि र भी आधार कार्ड कब बनेगा इसकी कोई संभावना भी नहीं रहती है।

राधा कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय में देखा गया संस्कृत छात्रवृत्ति शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। संस्कृत शिक्षा का उन्नयन भारतीय वैदिक परंपरा को जीवंत करने का माध्यम बनी प्रदेश सरकार ने संस्कृत के विद्यालयों को सुदृढ़ करने का काम किया है। उक्त बातें संस्कृत विद्यालयों के बच्चों को छात्रवृत्ति वितरण आयोजित समारोह मैं बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में श्रीराधाकृष्ण संस्कृत महाविद्यालय डलमऊ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह में पहुँचे शिक्षक विधायक ने कहा कि वेदों की ओर लौटने का समय आ गया है, जिसमें प्रदेश की सरकार भरपूर योगदान दे रही है। उन्होंने मा0 मुख्यमंत्रीजी का धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारी वैदिक परंपरा में वृद्धि होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा एक वैज्ञानिक भाषा है जो विश्व में कीर्तिमान स्थापित करके अन्य भाषाओं को भी समृद्ध करती है छात्रवृत्ति वितरण करके छात्रों को सीधे लाभ से जोड़ा जा रहा है छात्रों

में वैदिक पठन पाठन के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा विद्यालय में छात्र शिक्षा के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों की संरचना संस्कृत शिक्षा के बगैर अधूरी है इसे पूर्ण संस्कृत शिक्षा का संस्कार दिलाकर ही इसे पूर्ण किया जा सकता है । आज के आधुनिक समय में कंप्यूटर की दुनिया को भी संरक्षित करने का काम संस्कृत शिक्षा ने ही किया है। जिसमें हमें सफलता हासिल हुई है । वहीं संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक एवं पीठाधीश्वर स्वामी देवेंद्रानन्द गिरी महाराज ने संस्कृत शिक्षा उन्नयन के लिए अपने विचार व्यक्त किये तथा संस्कृत के छात्रों को शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम सरस्वती वन्दना तथा मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ। सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा सम्पादित किये गये माननीय मुख्यमंत्रीजी के कार्यक्रम को प्रदर्शित किया गया ,जिसे छात्रों द्वारा देखा गया छात्र जश्न मनाकर उत्साहित रहे । जनपद के कुल 14 संस्कृत माध्यमिक महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति की प्रथम किस्त का वितरण किया गया जिसमें 563 छात्रों को लगभग 3,71,000 रुपया की धनराशि उनके खातों में भेजने का निर्देश दिया गया है। संस्कृत विद्यालय के छात्रों में नितिन ,ओम शुक्ला , अभिज्ञान दीक्षित 24 छात्रों को डमी चेक प्रदान की गयी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि ने किया तथा संचालन संस्कृत नोडल हरीशानंद मिश्र ने किया । इस मौके पर स्वामी दिव्यानन्द शिक्षक विधायक प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र तिवारी , प्रधानाचार्य उमाकांत मिस्त्र ,जगतधर नाथ पाण्डेय,अशोक शुक्ला ,गायत्री प्रसाद त्रिपाठी , राजीव शुक्ला उमाकांत अवस्थी ,विवेक दीक्षित, शशिकांत शुक्ल, राम अवध त्रिपाठी सुमंत पांडेय हरिप्रकाश बाजपेयी , जय प्रकाश पांडेय आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाजपा पदाधिकारियों ने एक विशेष अभियान के तहत बूथो पर बनाये प्राथमिक सदस्य

लालगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों ने बूथो पर जाकर लोगों को भाजपा की प्राथमिक संस्था दिलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को गांव-गांव भाजपा नेताओं ने लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से अवगत कराया है। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे , शक्ति केंद्र संयोजक संतोष सिंह ने चांदा टीकर पहुंचकर जहां ग्राम प्रधान राम अवतार को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। वहीं अन्य लोगों को भी प्राथमिक सदस्य बनाकर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का काम किया है। बताते चले कि बीते 2 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा लोगों को प्राथमिक सदस्य बनाकर पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा सरेनी के मंडल लालगंज, गेगासो, सरेनी ,डलमऊ, बेनी माधवगंज में सदस्यता कार्यक्रम जोर-शोर से चल रहा है। इस मौके पर रामगोपाली साहू,भानु प्रकाश सिंह, जगतपाल, रामनरेश माली आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माह के अंतिम रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को बड़ी ही गंभीरता के साथ सुना है और लोगों को मन की बात कार्यक्रम से सीख लेने का आह्वान किया है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सबसे पहले डिजिटल अरेस्ट साइबर क्राइम को लेकर लोगों से विचार साझा किया और कहा कि जागरूकता की कमी के चलते लोग साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने तीन बातों पर फोकस किया और कहा कि किसी अनचाही कॉल आने पर रुको, सोचो और एक्शन लो । प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय साइबर निवारण मोबाइल नंबर 1930 पर तुरंत फोन

करने का भी आह्वान किया जिससे साइबर ठगो को पकड़ा जा सके। प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड वालों को समाज का पक्का दुश्मन बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हजारों फर्जी वीडियो कॉल के आधार पर कार्यवाही की है।हजारों फ्रॉड सिम लॉक कर दिए गए हैं लेकिन फिर भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचने के लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने जागरूकता गोष्ठी के आयोजन की भी बात कही है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने महान कवि कालिदास के अभिज्ञान शाकुंतलम और स्वदेशी पर भी जोर दिया है। भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,जगन्नाथ पांडे, दिवाकर मिश्रा, जेपी सिंह, अनूप पांडे, सत्यम शुक्ला ने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात में जनता से जुड़ी हुई बातों को साझा करते हैं जिनसे आम जनमानस को भारी लाभ पहुंचता है। मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में भाजपा नेता अनूप पांडे ,दीप प्रकाश शुक्ला, कैलाश वाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता ,संतोष मंटू बाजपेई, महेश सोनी, विकेश द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला ,राजेश निर्मल, सुनील मिश्रा, श्रीधर शुक्ला, सतीश शुक्ला ,सुंदरलाल त्रिवेदी, सुशील मिश्रा,रोहित मिश्रा,आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यम शुक्ला को मंडल अध्यक्ष ने बनाया सक्रिय सदस्य

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली।भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता और सरेनी क्षेत्र के समाजसेवी ओम प्रकाश शुक्ला के सुपुत्र सत्यम शुक्ला भी भारतीय जनता पार्टी जैसी विश्व की विशालतम संख्या वाली पार्टी के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। सत्यम शुक्ला ने सरेनी पहुंचकर मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा से सक्रिय सदस्यता ग्रहण की है। बताते चले कि सत्यम शुक्ला का परिवार कई पीढ़ियों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा है। समाज सेवा के क्षेत्र में सत्यम शुक्ला का अपना एक स्थान है। सरेनी क्षेत्र में फार्मेसी कॉलेज खोल कर छात्र-छात्राओं को मेडिकल शिक्षा प्रदान करने के लिए भी उन्होंने सौगात दी है। सक्रिय सदस्य बनने पर प्रसन्नता जताते हुए सत्यम शुक्ला ने कहा कि

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाली पार्टी है ।भाजपा के लिए सत्ता सुख के लिए नहीं सेवा का आधार है। सत्यम शुक्ला के सक्रिय सदस्य बनने पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, दीपक अवस्थी, मुन्नू तिवारी, सौरभ शुक्ला आदि लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

एशियन गेम्स 2025 में खेल कर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना मेरा सपना हैः रोमा सिंह

33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप में बछरावां की रोमा ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए जीता स्वर्ण पदक

लोकमित्र ब्यूरो

बछरावां रायबरेली। स्थानीय नगर क्षेत्र के पटेल नगर कॉलोनी की रहने वाली रोमा सिंह ने 33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र का ही नहीं जनपद सहित पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। रोमा की सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। विदित हो कि दिन रविवार को रोमा अपने ग्रह जनपद के बछरावां कस्बे पहुंची जहां जनपद के सिंह द्वार पर स्थित चूरूवा मंदिर पर उन्होंने बजरंगबली के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया तदुपरांत उनके पारिवारिक जनों सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया गया और और वहां से राष्ट्रीय चौंपियन की गाड़ियों का काफिला बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर पहुंचा जहां पर व्यापार

मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर ने अपनी टीम के साथ चौंपियन का स्वागत किया उसके बाद काफिला पटेल नगर कॉलोनी में पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां पर रोमा सिंह के सम्मान में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आपको बताते चले कि गोवा के वास्को में स्थित रविंद्र भवन में 33वें नेशनल बेंच प्रेस चौंपियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमें देश के अलग-अलग प्रान्तों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली के बछरावां के पटेल नगर कॉलोनी की रहने वाली रोमा सिंह ने जूनियर वर्ग के 47 किलोग्राम वर्ग में 57.5 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीतते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बताते चले कि विगत वर्ष 2023 में इसी चौंपियनशिप के अंतर्गत बैंगलोर में रोमा सिंह ने नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया था जिसमें 43 किलोग्राम वर्ग जूनियर में 55.5 किलोग्राम का भार उठाकर नया रिकॉर्ड कायम किया था और उन्होंने अपने ही द्वारा बनाए गए रिकार्ड को इस वर्ष गोवा में आयोजित चौंपियनशिप में तोड़ दिया। इस बारे में जब रोमा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दो वर्ष पूर्व मै अपनी फिटनेस के लिए जिम गई और वहा पर मेरे कोच वेदांश गुप्ता जी ने मुझे देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित किया। बाबा कृष्ण पाल सिंह, पिता राजू भदोरिया व माता ममता सिंह अपनी बेटी की सफलता पर बहुत खुश है उन्होंने बताया कि यह सब हमारी बेटी की कड़ी मेहनत का फल है। सम्मान समारोह में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, अंबेश सिंह, विजयपाल यादव, मुकुट बिहारी मिश्रा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, जयचंद तिवारी, सतीश तिवारी, सोनू सोनकर, जगजीवन बाबूजी सहित काफी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय चौंपियन रोमा को फूल मालाओं व बूके देकर सम्मानित किया और अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भगवान कुमार अवस्थी ने किया। इस मौके पर रामू त्रिपाठी,अंशु पाल, शिव प्रसाद मिश्रा, अंकित अवस्थी, राहुल, प्रासू, विद्यावती पाल, पंकज सिंह, हिमांशु सहित भारी संख्या में समस्त कॉलोनी की महिलाएं व पुरुष सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बाहर सिर्फजानकारी है भीतर ज्ञान हैः बृजमोहन (योगाचार्य)

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। ऋषि पतंजलि के योग सूत्रों में लिखे यम और नियमों को लागू करके आप अपने जीवन में अधिक अनुशासन और सजगता लाते हैं। पाँच यम और पांच नियम एक सद्गुणी जीवन जीने के नैतिक नियम हैं।जीवन भर इन नैतिकताओं का सम्मान करने का अर्थ है - हर कार्य में सावधान रहना, करुणा के साथ कार्य करना, तथा वर्तमान क्षण में जीवन जीना। आपकी थाली में क्या है यह महत्वपूर्ण है जब कोई विकल्प हो, तो जीवित शाकाहारी भोजन खाना सबसे अच्छा है। ''जीवित'' का अर्थ है बिना पका हुआ, क्योंकि एक जीवित कोशिका में जीवन को बनाए रखने के लिए सब कुछ होता है। विचार आपके अंदर जीवन को लेना है। जब हम भोजन पकाते हैं, तो यह उसमें मौजूद जीवन को नष्ट कर देता है। आंशिक रूप से नष्ट हो चुके भोजन को खाने

से सिस्टम को उतनी मात्रा में जीवन ऊर्जा नहीं मिलती। लेकिन जब आप जीवित भोजन खाते हैं, तो यह आपके अंदर एक अलग स्तर की जीवंतता लाता है। अगर आप भोजन को उसकी प्राकृतिक अवस्था में खाते हैं - अंकुरित, फल और सब्जियाँ - तो आप देखेंगे कि आपके सिस्टम में स्वास्थ्य की भावना आपके द्वारा जानी गई किसी भी चीज से बहुत अलग होगी। अगर आप अपने आहार में कम से कम 30 से 40 प्रतिशत जीवित भोजन शामिल करते हैं, तो यह आपके अंदर जीवन को बहुत अच्छी तरह से बनाए रखेगा। उक्त बातें योगाचार्य बृजमोहन ने कहीं। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय का उद्देश्य शिक्षा स्वास्थ्य और सम्मान।रायबरेली जनपदवासियों से अपील किया है कि दैनिक योग शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करें और शारीरिक,मानसिक और अध्यात्मिक रूप से लाभ ले।उपस्थित साधक आरती (महिला योग प्रशिक्षिका), इं. निलेश सिंह, माया देवी, पूनम सिंह, सोनी अग्रहरि, मंजू साहू, आदर्श, आकर्ष अग्रहरि, संकटा प्रसाद, विक्रम, आदि, प्रियल, देवता दीन यादव, अंशू मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।

चारदीवारी गिराने के विरोध में दिया गया थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के पूरे शुक्लन निवासी राजकुमार ने आरोप लगाया है कि सुरेश, राजकुमारी ,आकाश, अंजू , सुनील भास्कर , शिव बहादुर सिंह सायं 4:30 बजे उसके घर पहुंचे और उसकी चारदीवारी गिरा दी उस समय उसके घर में कोई पुरुष नहीं था महिलाओं के मना करने पर उन्हें डाटा डपटा विपक्षी मारने भी दौड़े महिलाओं ने भाग के घर का दरवाजा अंदर से बंद कर जान अपनी बचाई। गौरतलब है की संबंधित भूमि पर हक बरारी आदेश है एवं जिला सत्र एवं न्यायालय में वाद विचाराधीन है यह

मामला काफी दिनो से स्थानीय प्रशासन द्वारा विपक्षी के प्रार्थना पत्र के बाद विचारनीय चल रहा था कई थाना दिवसों पर भी ऊंचाहार तहसील प्रशासन और जगतपुर पुलिस द्वारा बुलाए जाने पर सीमांकन आदेश 2021 उप जिलाधिकारी का हक बरारी का पारित आदेश सीमांकन नक्शा आदि दस्तावेजो सहित राजकुमार को थाने बुलाकर कानूनगो, लेखपाल, तहसीलदार की उपस्थिति में जांच भी की गई। राजकुमार ने आरोप लगाया है कि बिना किसी सूचना या नोटिस के आखिर किस संदर्भ में यह कार्यवाही की। राजकुमार का कहना है कि आखिर यह राजस्व विभाग की कार्रवाई थी तो विरोधियों ने दीवार क्यों गिराई। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अजय कुमार राय को प्रार्थना पत्र दिया गया है। डीएम एसपी से भी शिकायत की गई है।

अपने का भला सोचने वाले सर्व समाज की सेवा नहीं कर सकते हैं- मनोज पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो

जगतपुर, रायबरेली। ऊंचाहार विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने आज जगतपुर में आयोजित विषाल समरसता सम्मेलन में सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रबुद्ध समाज ने देष की आजादी से लेकर देष को आगे बढाने में अग्रणी भूमिका का निर्वाह किया है, इस वर्ग के लोगों ने सदैव अन्याय का विरोध और न्याय के साथ खड़े होने का काम किया है समता और समरसता के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुये सदैव कमजोर, गरीब, दलित और पिछड़े समाज के लोगों को आगे बढाने एवं उन्हें संस्कार सभ्यता और इतिहास से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है, श्री पाण्डेय ने कहा कि गरीब और कमजोर की सेवा ही वह अपना सबसे बड़ा धर्म मानते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि कुछ लोगों ने केवल अपना और अपने का भला करने की होड़ में समाज के बहुसंख्यक आबादी को विकास सम्मान और अधिकार से वंचित रखा है, यह कार्य केवल देष में भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं उन्होने न केवल

नारा दिया ''सबका साथ सबका विकास'' बल्कि आज उसे देष में साकार करने का काम किया, चाहे गरीबों को फ्री अनाज की सुविधा हो या किसान सम्मान निधि से अन्नदाआतों की मद्द का सवाल रहा हो, चाहे देष की सीमाओं का सुरक्षा का सवाल रहा हो सब पर खरा उतरने का काम किया श्री पाण्डेय ने कहा कि ऊंचाहार की जनता का विष्वास ही उनकी पूंजी है, इस पूंजी को संजोने के लिए उन्हें चाहे जो कुछ भी त्याग करना पडेगा उसके लिए वह सहर्ष तैयार रहेंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि उन्हें खुषी है कि जनता की हर परीक्षा में वह खरे उतरे हैं और आने वाले दिनों में जो भी परीक्षा होगी उसमें ऊंचाहार के परिवार का जिस तरह से समर्थन और सहयोग मिल रहा है उससे विरोध हताष व निराष हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

आगामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

व्यापारी,संभ्रांत व्यक्ति,पुजारी,मौलवी, और स्थानीय लोग रहे हो उपस्थित

लोकमित्र ब्यूरो

खीरी (प्रयागराज)। आगामी धनतेरस, दीपावली, भैया दूज एवं छठ त्यौहार के दृष्टिगत खीरी थाना परिसर में थानाअध्यक्ष खीरी आशीष सिंह के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारी, पुजारी, संभ्रांत व्यक्ति, एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी त्योहारों की सुरक्षा, समस्या एवं उनके निवारण मुख्य बिंदु रहे। थानाअध्यक्ष द्वारा व्यापारियों को बतलाया गया कि बिना लाईसेंस या परमिट के कोई भी दुकानदार पटाखा एवं ज्वलनशील कोई भी सामान क्रय विक्रय नहीं करेगा और साथ ही जिन भी दुकानदारों को पटाखा इत्यादि चीज बेचनी है वह तत्काल लाइसेंस अथवा परमिट बनवा लें। इसी क्रम में व्यापारियों से अनुरोध किया कि त्योहार के कारण बाजारों में भारी भीड़ रहेगी अतः अपनी दुकान पटरी पर लगाने से बचें जिससे जाम की स्थिति न पैदा हो। आभूषण के दुकानदारों को बतलाया कि अपने-अपने दुकानों की सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त रखें साथ ही कोई भी समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। स्थानीय पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा में सदैव उपस्थित रहेगी। व्यापारी एवं स्थानीय लोगों से वार्ता के दौरान बतलाया कि किसी भी अफवाह पर तनिक ध्यान ना दें कोई भी समस्या होने पर तत्काल थाना परिसर आकर या दूरभाष के माध्यम से सूचित करें जल्द से जल्द आपकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

देव स्पोर्टस स्कूल के नितिन ने ताइक्वांडो स्टेट चैपियंनशिप में जीता स्वर्ण

नैनी(प्रयागराज)। देव स्पोर्टस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। वालीबाल की टीम ने नेशनल का क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। रविवार को स्कूल के प्रबंधक चंद्रभान राय ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि बीते 17 अक्टूबर को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित ताइक्वांडो स्टेट चैपियंनशिप में भाग लेने के लिए पांच खिलाड़ी कोच अनादि मिश्रा के नेतृत्व में गया था, जिसमें नितिन निषाद ने अंडर-14 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि जतिन कुमार और अभिषेक निषाद ने सिल्वर जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वालीबाल की टीम सीबीएसई जोन की प्रतियोगिता जीतकर कोच संजय राय के नेतृत्व में हिमांचल प्रदेश में आयोजित नेशनल कप में भाग लिया था। वहां क्वार्टर फाइनल में हार कर वापस लौटी है। वहां से प्रतिभाग कर वापस लौटे खिलाड़ी आदित्य राय, ओम राय, रुद्र प्रताप, वैभव राय, वैभव सिंह, शैलेश यादव, रिषभ पांडेय, रविराज सिंह और उज्जवल राय को सम्मानित किया गया।

लेड़ियारी के कैथवल गांव में महिलाएं चला रही समृद्धि की चाक

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। कुम्हारों का पैतृक रोजगार मिट्टी के बर्तन बनाने में अब महिलाएं भी स्वयं सहायता समूह से जुड़कर रोजगार को आगे बढ़ा रही हैं । रोजगार की धीमी गति को देखते हुए पुरुषों का हाथ बंटा रही हैं । महिलाएं चाक के माध्यम से घर पर ही चाक चलाकर दीप एवं पर्व दियाली , कुल्हड़ बनाकर घर को आय बढ़ा रही हैं । घर के पुरुष भी मिट्टी के बर्तन बनाने वह बेचने का कार्य कर रहे हैं । गांव में मिट्टी की समस्या होने के कारण अब मिट्टी का बर्तन बनाने में परेशानी हो रही है । फिर भी मेहनत से उनकी किस्मत बदलने लगी है । कोरांव विकास खंड के ग्राम पंचायत कैथवल में रेखा देवी, पत्नी लवकुश प्रजापति, इन्द्रवासा देवी पत्नी श्याम बिहारी प्रजापति, ज्ञानवती देवी पत्नी राम सजीवन प्रजापति, आशा देवी पत्नी सियाराम प्रजापति, शिव कली देवी पत्नी समर जीत प्रजापति का पैतृक व्यवसाय मिट्टी के बर्तन बनाना है। पहले पुरुष मिट्टी के बर्तन बनाते थे । जिनका अब महिलाएं भी मदद करने लगी हैं । खुद महिलाएं भी चाक चलने लगी हैं । ज्ञानवती देवी प्रजापति अपने बच्चों में परिवार की

आय बढ़ाने में अपना योगदान कर रही है । चाक चलाने एवं मिट्टी के बर्तन बनाने का घर पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर मिट्टी का बर्तन दियाली , कुल्हड़ , सुराही , घड़ा आदि बनाकर अपने परिवार का भरपूर सहयोग कर रही है। कैथवल गांव के ज्ञानवती देवी प्रजापति पत्नी राम सजीवन प्रजापति घर पर बने दियाली को क्षेत्र के लेड़ियारी, नीबी, रतेवरा, खीरी, इटवा आदि बाजारों के साथ ही आसपास के गांवों में साइकिल बेचते हैं।

फिर हाल अभी तो त्यौहार की मांग पर दिया दिया आदि बना रहे हैं अन्य दिनों में मिट्टी के कुल्हड़ सुराही घड़ा आज बच्चों को बनाकर के दुकानों पर बेचे ले जाते हैं ज्ञानवती देवी प्रतिदिन लगभग ढाई हजार दिवाली पॉपुलर बना लेती है जिससे सूखने के बाद आग में पकती है जिसे₹500 प्रति हजार की 10 से बेचा जाता है पति-पत्नी दोनों मिलकर परिवार एवं बच्चों के खर्च के लिए कमा लेते हैं। अब उनकी तरह गांव की अन्य महिलाएं भी चाक चलाने लगी है। उन्होंने बताया कि इस पुश्तैनी धंधे में मिट्टी की दिक्कत आ रही है । कुम्हारों के लिए जगह छोड़ी गई थी । लेकिन अब वहां मिट्टी रह नहीं गई । जिससे₹5000 ट्राली से बाहर से मिट्टी मंगाकर करके धंधे को चलाती हूं । और लागत के हिसाब से मुनाफा कब मिल रहा है । जिससे समस्या हो रही है।

बहरिया के सनी सरोज कुश्ती प्रतियोगिता में चैम्पियन

मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में बहरिया और सोरांव का दबदबा

बहरिया । बेसिक शिक्षा द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को स्पोर्ट स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया गया। जिसमें प्रयागराज जनपद के बहरिया एवं सोरांव ब्लॉक का दबदबा रहा। बहरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय अतनपुर के बालक वर्ग 25 किलोग्राम भार में लवकुश द्वितीय स्थान, 30 किलोग्राम भार में सनी सरोज को प्रथम स्थान मिला। सोरांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारा बालिका वर्ग में 40 किलो भार में आंचल प्रथम स्थान, 44 किलो भार में अंजली प्रथम स्थान रही। इन बच्चों के जीत पर बधाई देने में खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य, प्रधानाध्यापक विक्रमा सरोज, अखिलेश प्रताप, ब्लाक व्यायम शिक्षिका संगीता सिंह, शायरा खातून, श्याम सिंह, तनवीर अली, विजय प्रताप, राजेश शुक्ला, सुनील कुमार धुरिया आदि लोग रहे।

पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता नही: उमेश द्विवेदी

बहरिया ब्लाक परिसर में भारतीय पत्रकार संघ की तहसील स्तरीय शीतकालीन बैठक हुई सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । भारतीय पत्रकार संघ की तहसील स्तरीय शीतकालीन बैठक रविवार को बहरिया ब्लाक परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री शिवदत्त नारायण त्रिपाठी और संचालन राज मौर्य ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि आए दिन पत्रकारों के साथ अभद्रता की शिकायतें आ रही हैं। शासन प्रशासन पत्रकारों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा से किसी प्रकार

का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पत्रकारों को सम्मान और सुरक्षा दिलाने के लिए भारतीय पत्रकार संघ सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र द्विवेदी, धर्मराज पटेल बागी और संघ के फूलपुर तहसील संरक्षक ओम कृष्ण शुक्ल ने भी बैठक में उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित किया। बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी ने संजीव मौर्य को फूलपुर और राजेश कुशवाहा को पुनः सोरांव तहसील का सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके साथ ही ओम कृष्ण शुक्ल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, चंद्र शेखर यादव को प्रयागराज मंडल का सदस्य के साथ

➪ संजीव मौर्य को फूलपुर और राजेश कुशवाहा को सोरांव का पुनः बनाया गया तहसील अध्यक्ष

ही फूलपुर और सोरांव तहसील का प्रभारी और राहुल दुबे को जिला संयुक्त मंत्री मनोनीत किया। इस मौके पर संघ के जिला मंत्री राजेंद्र कुमार तिवारी उर्फ त्रिकाली, देशराज, हरीनाथ शास्त्री, तालिब अंसारी, महेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, शिव बहादुर यादव, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

बदलते मौसम में रहें सतर्क

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी पर रविवार को मुख्यमंत्री आयोग मेले में क्षेत्र से आए हुए 60 लोगों ने अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराया । तथा उन्हें निःशुल्क दवाएं व परामर्श दी गई । फार्मासिस्ट शिव सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सभी लोग जागरुक रहे । उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है । जिसमें सुबह शाम ठंड तथा दिन में गर्म मौसम के कारण लोगों को मैं सर्दी , जुकाम , बुखार के अतिरिक्त अन्य संक्रामक की संभावना बढ़ जाती है ।जिससे वह गर्म कपड़े पहनने के साथ ठंडे के पदार्थों तथा बाजार में उपलब्ध खुली खाद्य पदार्थ से परहेज करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सतर्क व सुरक्षित रहे ।

उन्होंने गर्भवती माता तथा अन्य महिलाओं को संतुलित आहार के साथ हरी पत्तेदार सब्जियां तथा घर में उपलब्ध दूध , चना तथा दाल का उपयोग करते हुए समय-समय पर चिकित्सीय सलाह अवश्य ले । बुखार , मधुमेह , गर्भवती , महिला , बच्चों सहित 60 मरीजों की जांच पड़ताल कर उन्हें दवाएं तथा चिकित्सीय सलाह दी गई । इसके अतिरिक्त खून , पेशाब , बीपी के 23 मरीजों की जांच की गई । इस मौके पर फार्मासिस्ट शिव सिंह , वार्ड व्याय प्रदीप कुमार पांडेय , एएनएम लालती मौर्या लाइव असिस्टेंट संविदा कृष्ण कुमार कुशवाहा आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग करते हुए लोगों को संक्रामक के प्रति जागरूक किया ।

खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास - बीडीओ

लोकमित्र ब्यूरो

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ प्रांगण में मिनी ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी शंकरगढ़ रामविलास राय द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलितकर की गयी। कार्यक्रम के बाद खंड विकास अधिकारी रामविलास राय ने कहा कि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगिताओं का होना आवश्यक है। जिससे बच्चों के दिमाग के साथ-साथ शारीरिक विकास हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव औतार द्वारा की गयी। कार्यक्रम में प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, लम्बीकूद व खो खो

आदि खेल का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्तर 50 मी0 दौड़ में आर्यन, नाजमीन प्रथम स्थान, 100 मी. दौड़ में आनन्द कुमार और नाजमीन प्रथम स्थान, जूनियर स्तर 100 मी0 दौड़ में समर और साधना प्रथम स्थान, कबड्डे डी प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में बसहरा उपरहार तथा बालिका वर्ग में लालापुर प्रथम ने स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने विजेता व उपविजेता टीम को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बृजेश सिंह, राजेश सिंह, कल्याण चन्द्र, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, विजय कुमार सिंह, मनोज कुमार केसरवानी, नृपेन्द्र सिंह,विजय धर द्विवेदी, सुनील कुमार द्विवेदी, मुन्ना लाल यादव,विवेकानन्द, राहुल सिंह, आरिफा मुजीब, कमलेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, हेमलता सिंह, नीलम सिंह, मनमोहन सिंह, प्रमोद सिंह आदि तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

दीवाली पर खुशी और आनंद बाँटने का अध्यात्मिक लाभ- श्रीनारायण यादव

अनाम स्नेहा परिवार के दिव्यांग बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

प्रयागराज। आज बैंक रोड पर गाँधी अकादमिक संस्थान मे अनाम स्नेह परिवार के दिव्यांग भाई बहनों द्वारा दीपोत्सव दीप दान एवं आतिश बाजी कर मनाया गया।उक्त अवसर पर बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव ने कहा कि दिवाली निश्चित रूप से लोगों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। खुशी और आनंद बांटना दिवाली का एक और आध्यात्मिक लाभ है। रोशनी के इस त्योहार के दौरान लोग एक-दूसरे के घर जाते हैं। वे खुशियों से संवाद करते हैं, अच्छा खाना खाते हैं और आतिशबाजी का आनंद लेते हैं।

कार्यक्रम मे सामाजिक एकता परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल ने सभी दिव्यांग साथियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनायें दिया।कार्यक्रम मे कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, बरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम मास्टर, जावेद सिद्दकी, श्रीमती मधू, श्रीमती रीता आजमानी, सुश्री अनुराधा, श्रीमती प्रेमलता शुक्ला, श्रीमती निशा गुप्ता, श्रीमती सीमा, मोहम्मद सगीर, राजकुमार, पदमावती, भैरो, विपिन, अंकित मिश्रा, श्रीमती रेनू देवी, प्रदीप आदि सैकड़ो लोग उपस्थिति रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने जुटे ग्रामीण

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । फूलपुर मंडल के सेक्टर रामगढ़ कोठारी के बूथ नंबर 15 मीरकरपुर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 115 वाँ संस्करण का लाइव प्रसारण सुना गया। देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने इस कार्यक्रम में देश के दो महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा के साहस और दूरदर्शिता को देखते हुए उनके 150 वे जन्म शताब्दी को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का संकल्प लेते हुए उन्हें याद किया। विश्व एनीमेशन दिवस के अवसर पर भारत के युवाओं को एनिमेशन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को आगे ले जाने का आह्वान किया। भारत के युवाओं को अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर उन्हे पूरा करने के लिए प्रेरित किया। देश में हो रहे रोज नये तरह के साइबर अपराध को रोकने और उससे निपटने के लिए लोगों को जागरूक किया जाय। कार्यक्रम के इस अवसर पर ब्लांक प्रमुख फूलपुर त्रिपेंद्र पटेल ,पूर्व मंडलाध्यक्ष बहरिया राकेश शुक्ला, सेक्टर संयोजक रामचंद्र मिश्रा,बूथ अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव व गिरिजा शंकर पाण्डेय समेत आदि लोग रहे इसी तरह से सोरांव विधान सभा के सेक्टर कटनई के बूथ नंबर 359 पूरेदुर्गी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बातों का लाइव प्रसारण सुना इस मौके पर आईटी संयोजक विक्रम सिंह प्रजापति , बृजेश प्रजापति, महेश प्रजापति, मानवी प्रजापति, जवाहर लाल, मनभवती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

दिल का दौरा पड़ने से होटल में हुई थी अधिवक्ता की मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, खाना खाते वक्त हुई थी घटना

प्रयागराज। सिविल लाइंस में स्थित होटल में वाराणसी से आए अधिवक्ता विजय कुमार मिश्र (40) की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट आया है। परिजन देर रात ही पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर वाराणसी चले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय मिश्र पुत्र शिवसहाय मिश्र वाराणसी के गंगोत्री नगर, सिद्धिदात्री कॉलोनी शिवपुर के रहने वाले थे। बृहस्पतिवार शाम 4ः50 मिनट पर वह सिविल लाइंस में कूपर रोड स्थित होटल रामकृष्ण में पहुंचे थे और बताया था कि वह हाईकोर्ट के काम से आए हैं। इसके बाद वह रात में वहीं ठहरे और अगले दिन शाम को चार बजे के करीब कमरे में मृत पड़े मिले।

परिजनों के कहने पर पुलिस ने रात में ही जिलाधिकारी से अनुमति लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना आया है। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए। उधर यह बात भी सामने आई है कि कमरे में मृत पड़े मिलने के दौरान अधिवक्ता के हाथों में खाना भी लगा था।ऐसे में यह भी आशंका जताई जा रही है कि खाना खाते वक्त उन्हें दिल का दौरा पड़ा। सिविल लाइंस प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर वाराणसी चले गए।

होटल कर्मचारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह 10 बजे के करीब उनकी पत्नी का फोन आया। उन्होंने बताया कि उनके पति फोन नहीं रिसीव कर रहे हैं। इस पर कर्मचारी पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो सिविल लाइंस चौकी में सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। परिजनों को बताया गया तो उन्होंने कहा कि उनके आने तक दरवाजा न खोला जाए। शाम चार बजे के करीब परिजन पहुंचे तो वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच दरवाजा तोड़ा गया। इस दौरान अधिवक्ता फर्श पर मृत पड़े मिले। जांच पड़ताल के बाद शव मर्चरी भेज दिया।

नेहरा, केपीएस, फरहत अली और आजाद क्लब ने जीते मैच

राम का शतक, आयुष्मान और आदित्य ने झटके पांच विकेट

प्रयागराज। आशीष नेहरा क्लब, खेलगांव पब्लिक स्कूल (केपीएस), फरहत अली क्लब और आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इसमे आशीष नेहरा क्लब के राम तिवारी ने शतक (125 रन, 106 गेंद, 20 चौके, एक छक्का एवं दो विकेट) बनाया जबकि फरहत अली क्लब के आयुष्मान वर्मा (7-1-16-5) और आजाद स्पोर्ट्स क्लब के आदित्य यादव (5-0-18-5) ने अचूक गेंदबाजी की।

लीग रविवार को डीपीएस मैदान पर आशीष नेहरा क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 281 रन (राम तिवारी 125, ईशान दीक्षित 50, आर्यन तिवारी 36, पीयूष सिंह 3/30) बनाकर राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन 'ए' को 40 ओवर

में 8 विकेट पर 177 रन (पीयूष सिंह 48, शिवम यादव व शरीफ अहमद 21-21, राम तिवारी 2/18, अंशु 2/22, यथार्थ सिंह 2/31) पर सीमित किया। मैच में रवि केसरवानी व विपिन यादव अंपायर एवं हितेश श्रीवास्तव स्कोरर रहे।

खेलगांव पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 135 रन (वरद 37, यश 32, तरण शुक्ला 3/30) बनाकर फोर्ड स्कूल भी को 18.2 और में 43 रन (कोई बल्लेबाज दो अंको में नहीं, अथर्व तिवारी 4/13, प्रत्यक्ष 2/03, विराट गुप्ता 2/06) पर समेट दिया। मैच में मोहम्मद आरिफ व अरुण कुमार अंपायर एवं उमंग मिश्र स्कोरर रहे।

एमआईसी मैदान पर फरहत अली क्लब ने 40 ओवर में 216 रन (उद्गम श्रीवास्तव 54, शादान अब्बास रिजवी 46, रेहान बाजार 29, मोहम्मद अशरफुल हक 22, अंश कुमार 4/30, मोहम्मद शायान 2/41) बनाकर एमआईसी को 17.4 ओवर में 54 रन (मोहम्मद शायान 19, आयुष्मान वर्मा 5/16, हुजैफा खान 2/02, मोहम्मद अब्बास अली 2/19) पर समेट दिया। मैच में राहुल सिंह व शिशिर मेहरोत्रा अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

फाफामऊ मैदान पर आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने 38.3 ओवर में 250 रन (आकाश 29, कुणाल सिंह 29, प्रियांशु 28, संदीप 27, यश सिंह 26, आदित्य यादव 21, अभिनव यादव 3/36, आदर्श यादव 3/40, सक्षम जायसवाल 2/52) बनाकर फाफामऊ क्लब को 18.5 ओवर में 86 रन (रमन सिंह व मोहम्मद उजैफ 14-14, आदित्य यादव 5/18, सिद्धार्थ सरोज 3/19) पर समेट दिया। मैच में सुधीर सोनकर व अजय कुमार अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

घर के सामने नाली बैठ जाने से आवागमन बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी (प्रयागराज)। एडीए कालोनी नैनी के डी.ब्लाक स्थित गोल्डी मेडिकल स्टोर के समीप सड़क के किनारे इण्टरलाकिंग बिछाने के उे द्देश्य से नगर निगम के ठेकेदार द्वारा जब एच0डी0 86 घर के सामने का रैम्प तोड़ा तो पता चला, कि अंदर ही अंदर कई मीटर लम्बाई एवं चौड़ाई में बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है। जिसकी वजह से सम्बन्धित घर के लोगों का आवागमन बाधित हो गया। कॉलोनी के एच.डी 86 निवासी डॉ.एस.के सिंह ने बताया, कि विगत कई साल पहले जल निकासी के लिए प्राधिकरण के द्वारा जो नाली बनवाई गई थी, वह बैठ गई है। यही स्थिति कॉलोनी के लगभग सभी घरों का है। जगह जगह नाली धंसने से गड्ढे हो जाते हैं। लोग उसे पटवा देते हैं। बरसात होने पर वह पुनः बैठ जाता है। डॉ0सिंह ने बताया कि इसका स्थाई समाधान के लिये एक आवेदन पत्र नगर निगम के सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, अवर अभियन्ता को देने के साथ ही फोन पर वार्ता भी किया गया, बावजूद इसके विभाग से कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी मौके को देखना उचित नहीं समझा। उन्होंने संबंधित उच्च अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित करते हुए अविलंब ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने जनता से मांगा जीत का आशीर्वाद

प्रयागराज। फूलपुर उप विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने किया जनसंपर्क और जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि अंदावा, दुर्जनपुर, रहिमापुर, मलावां, इसीपुर, कसेरवा, देवनहरी, टटहिरा, सहसों, बाबूगंज

कनेहटी , वीरभानपुर , तिसौरा, चैमलपुर, बहरिया, मलैहा, ठोकरी, फूलपुर टाउन क्षेत्र एवं फूलपुर बस अड्डा, आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर दिलीप निषाद अनिल कुमार आशीष केसरवानी बृजेश त्रिपाठी, राजेश केसरवानी लक्ष्मी सिंह, गुलाब तिवारी, विमल मिश्रा, पवन शुक्ला, सत्यम मिश्रा आदि कार्यकर्ता रहे।

दहियावां में पकड़ा गया अवैध पटाखा बम

होलागढ़ (प्रयागराज)। स्थानीय थाना के दहियावां बाजार से शनिवार को पुलिस ने कई बोरी अवैध पटाखा बम बरामद कर पटाखा मालिक विनोद कुमार गुप्त पुत्र श्याम लाल को पकड़ कर विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की। सूत्रों का मानें तो पुलिस खुफिया जानकारी के तहत विनोद के घर से अवैध पटाखा बम बरामद किया। बताया गया कि पुलिस ने दो प्लास्टिक कि बोरी मे 60 पैकेट बम मे कुल 600 अवैध पटाखा बम को बरामद किया है। जिसमे चार बम को बतौर शिनाख्त थाने मे जमा कर शेष को नष्ट कर दिया गया। उधर बाजार के लोगों कि माने तो विनोद के हर से कई बोरी पटाखा बम बरामद किया गया था। उधर क्षेत्र के कई गावों मे इन दिनों जुआ, गांजा और स्मैक के कार्य मे बढ़ोत्तरी हो गयी। सूत्रों कि मानें तो बरई हरख, जूडापुर बीहर, दहियावां, तरती और सांगीपुर आदि इलाका शामिल है।

साप्ताहिक शेयर समीक्षा

लगातार चौथे सप्ताह बाजार गिरावट का शिकार

▶▶सेंसेक्स 1,822 अंक और निफ्टी 673 अंक टूटे
▶▶निवेशकों को 20.72 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार के लिए 25 अक्टूबर को खत्म हुआ कारोबारी सप्ताह एक बार फिर बड़ी गिरावट वाला सप्ताह साबित हुआ। शेयर बाजार में लगातार चौथे सप्ताह कमजोरी बनी रही। इस सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 1,822.46 अंक यानी 2.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,402.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 673.25 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस गिरावट के कारण अगस्त 2023 के बाद घरेलू शेयर बाजार में पहली बार सबसे लंबी साप्ताहिक बिकवाली का सिलसिला देखा गया।शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर आई इस कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 25 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद घट कर 437.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पहले के यानी 18 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को 21 से 25 अक्टूबर के साप्ताहिक कारोबार से करीब 20.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

21 से 25 अक्टूबर तक के कारोबार के दौरान बीएसई के लार्ज कैप इंडेक्स में 3.21 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। लार्ज कैप इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से एबीबी इंडिया, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, सिमेंस, इंडसइंड बैंक, बंधन बैंक, इंडस टावर्स, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइजेज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और डीएलएफ के शेयर में साप्ताहिक आधार पर 10 से लेकर 22 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।लार्ज कैप की तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में भी पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 5.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से सुप्रीम इंडस्टरीज, राजेश एक्सपोर्ट्स, एलएंडटी फाइनेंस, वोडाफोन आइडिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स और एसजेवीएन के शेयर 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक लुढ़क गए।पिछले सप्ताह सबसे अधिक गिरावट बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। 21 से 25 अक्टूबर के बीच हुए कारोबार के दौरान स्मॉलकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 7.3 प्रतिशत टूट गया। स्मॉलकैप कंपनियों में से आरबीएल बैंक, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, पीएनसी इंफाटेक, पूनावाला फिनकॉर्प, हुहतमाकी इंडिया, जीबीएस फार्मा, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और केपीआईटी टेक्नोलॉजी के शेयरों में 20 से लेकर 32 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि स्मॉलकैप की कुछ कंपनियां ने साप्ताहिक आधार पर 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक मुनाफा भी कमाया। इन कंपनियों में सिटी यूनियन बैंक, केयर रेटिंग्स, दीपक फर्टिलाइजर्स, टाईमेक्स ग्रुप इंडिया और अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया के नाम शामिल हैं।मार्केट प्राइस वैल्यू के हिसाब से देखा जाए तो शेयर बाजार की हलचल की वजह से 25 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर को सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और लार्सन एंड टूब्रो मार्केट प्राइस वैल्यू में गिरावट के मामले में दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के मार्केट प्राइस वैल्यू में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई।मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान भी मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और चीन द्वारा दिए गए आर्थिक राहत पैकेज के कारण विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार बिकवाली करते रहे। विदेशी निवेशकों के जोरदार आउटफ्लो के कारण मार्केट सेंटीमेंट लगातार बिगड़ते गए। इसके साथ ही मौजूदा वित्त वर्ष की सितंबर में खत्म हुई दूसरी तिमाही के दौरान कंपनियों के कमजोर नतीजों ने भी बाजार की गिरावट में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण भी ग्लोबल सेंटीमेंट्स में पॉजिटिविटी नहीं आ सकी है, जिसका असर अमेरिका समय दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में गिरावट के रूप में नजर आ रहा है।अलकनंदा फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रमेश गौतम के मुताबिक घरेलू बाजार के ऊंचे वैल्यूएशन के कारण भी लंबे समय से करेक्शन होने की संभावना जताई जा रही थी।

ऐसे में मिडिल ईस्ट के तनाव और घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने करेक्शन के लिए एक ट्रिगर का काम किया है, जिसकी वजह से अक्टूबर के महीने में लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो चुके हैं। रमेश गौतम का कहना है कि वैश्विक मोर्चे से अभी भी निगेटिविटी बढ़ाने की ही खबरें आ रही हैं, इसलिए घरेलू शेयर बाजार में भी जल्दी सुधार आने के आसार कम ही हैं।

ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम की घोषणा

लाहौर, (हि.स.)। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने के बाद पाकिस्तान की टीम को अगले महीने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद जिम्बाब्वे का दौरा करना है। ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे जाएगी, जहां उसे 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। दोनों दौरों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि दौरे के लिए चुनी गई टीम के साथ कप्तान के नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है।पाकिस्तान क्रिकेट के चयनकर्ताओं ने दोनों दौरे लिए कई युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के साथ नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी, जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों से ब्रेक दिया गया था, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया जाएगा। इसी तरह, मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मैचों से आराम दिया जाएगा।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टी20 टीमः अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम, उस्मान खान।जिम्बाब्वे दौरे के लिए वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दनियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर।जिम्बाब्वे दौरे के लिए टी20 टीमः अहमद दनियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफियान मोकिम, तैय्यब ताहिर और उस्मान खान।ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे मैच 4 नवंबर को खेला जाएगा। इसके बाद 8 नवंबर को दूसरा वनडे और 10 नवंबर को तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला टी20 मैच 14 नवंबर, दूसरा 16 नवंबर और तीसरा 18 नवंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के बाद पाकिस्तान जिम्बाब्वे जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच पहला वनडे 24 नवंबर को, दूसरा 26 नवंबर को और तीसरा 28 नवंबर को खेला जाएगा। तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला टी20 मैच एक दिसंबर को, दूसरा 3 दिसंबर और तीसरा 5 दिसंबर को खेला जाएगा।

हर पात्र व्यक्ति को दिलाएं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री

गोरखपुर, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिनके पास आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए।मुख्यमंत्री योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए।जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हें मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

अयोध्या दीपोत्सव- रामनगरी में दिखेगा अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम

▶▶पहली बार रामलला की मौजूदगी में होंगे समूचे आयोजन
▶▶रामकथा पार्क के मुख्य मंच पर होगी छह देशों व उत्तराखंड की रामलीला का मंचन
▶▶छह देशों, उत्तर प्रदेश की 11 व अन्य राज्यों की मंडली करेगी रामलीला, 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से ही सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे लोक कलाकार

अयोध्या, (हि.स.)। राम नगरी में आठवां दीपोत्सव अत्यंत खास होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार %रामलला की मौजूदगी% में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में इस दीपोत्सव में रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर छह देशों के साथ ही उत्तराखंड की रामलीला का भी मंचन होगा। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी।30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में छह देशों की रामलीला होगी। इसमें म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। वहीं उत्तराखंड के कलाकारों की तरफ से रामलीला की प्रस्तुति भी मुख्य मंच पर ही होगी। सहारनपुर की रंजना सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालवेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजाब के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोल-ताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे।संस्कृति विभाग के निर्देशन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामलीला दलों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा की प्रस्तुति होगी। इसमें अयोध्या की श्री मारुति नंदन हनुमन आदर्श रामलीला मंडल, श्रीबालाजी सांस्कृतिक विकास सेवा संस्थान, जय हनुमान मानस उत्थान आदर्श रामलीला मंडल, श्रीअवध आदर्श रामलीला समिति, श्रीजनक दुलारी संस्थान समेत 11 दल रहेंगे। लोककलाकार दल भी विजयवीर विक्रम बहादुर, माता प्रसाद वर्मा की तरफ से फरुआही, अयोध्या के पुष्पेंद्र कुमार (बहुरूपिया), सुमिष्ठा मित्रा व टीम बधावा, रमा प्रजापति व टीम अवधी, झांसी के निशांत भदौरिया राई, गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य, मथुरा के माधव आचार्य मयूर नृत्य पर प्रस्तुति देंगे।योगी सरकार द्वारा रामनगरी अयोध्या में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 10 बड़े मंच बनाए गए हैं। इनमें गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, रामघाट, बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका हनुमानगढ़ी साहबगंज, बस अड्डा बाईपास, रामकथा पार्क में लोककलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम शाम पांच से रात्रि 9 बजे तक होंगे। इसमें रामघाट पर अग्निहोत्री बंधु सरीखे कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं इसमें यूपी के सभी जनपदों के कलाकार भी रामनगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

लखनऊ में कई होटलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कई प्रतिष्ठित होटलों को बम से उड़ाने की धमकी रविवार की मिली है। इसके बाद लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने कई होटलों में सघन चेकिंग शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में पता चला है कि धमकी ईमेल के जरिए एक होटल को मिली है। इसमें फार्च्यून होटल, लेमन ट्री, दयाल गेटवे सहित शहर के तमाम होटल शामिल हैं। सूचना पाकर पुलिस सक्रिय हो गई है।राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फार्च्यून पहुंचकर यहां के मैनेजर से पुलिस ने जानकारी ली है। इसके अलावा कई होटलों में बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस छानबीन में जुटी है।उल्लेखनीय है कि लखनऊ एयरपोर्ट सहित कई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी कुछ ही दिन पहले मिली थी। अब होटलों को उड़ाने की धमकी मिलने पर अन्य जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। हालांकि पुलिस के अधिकारी इस पर अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

मैक्सिको: भीषण सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी, (हि.स.)। मेक्सिको के स्टेट जकाटेकास में नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जाकाटेकास के गवर्नर डेविड मोनरियल ने दुर्घटना की पुष्टि की है।यूएस-मेक्सिको बॉर्डर पर चिहुआहुआ राज्य के सियुदाद जुआरेज शहर जा रही यात्रियों से भरी बस की मक्के से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहन खाई में गिर गए। मौके पर बचाव अभियान शुरू किया गया। घायलों को तत्काल निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में सभी 19 लोग मेक्सिको के रहने वाले हैं।

मिस इंडिया बनने के बाद पहली बार उज्जैन पहुंची निकिता पोरवाल, परिवार ने आतिशबाजी कर किया स्वागत

उज्जैन, (हि.स.)। फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीतकर मध्यप्रदेश का मान बढ़ाने वाली निकिता पोरवाल रविवार दोपहर को अपने गृह नगर उज्जैन पहुंचीं। उज्जैन में अरविंद नगर स्थित अपने निवास पहुंचने पर मां और दादी ने उनकी आरती उतारी और फूलों की वर्षा तथा आतिशबाजी कर निकिता का स्वागत किया गया। इस दौरान छोटी बच्चियों ने स्वागत डांस भी किया। निकिता की एक झलक पाने के लिए घर के बाहर सुबह से ही उनके चाहने वालों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। मिस इंडिया ने सभी का अभिनन्दन करते हुए हाथ हिलाकर जय श्री महाकाल का जयकारा लगाया।इससे पहले निकिता पोरवाल रविवार सुबह को इंदौर पहुंचीं। यहां एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने कहा कि हम सब के लिए गर्व का विषय है कि मप्र की बिटिया निकिता ने अपने परिश्रम और लगन से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतकर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। निकिता पोरवाल 2026 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।इंदौर से निकिता दोपहर करीब 12 बजे उज्जैन अपने घर अरविंद नगर पहुंचीं। उनके स्वागत के लिए कॉलोनी के कोने से घर तक रेड कार्पेट बिछाया गया था। आतिशबाजी के साथ फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। निकिता इंतजार में घर के बाहर कॉलोनी और आसपास के लोगों की सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी।

मंडी जिले में खाई में गिरी कार, पांच युवकों की मौत

मंडी, (हि.स.)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की चौहारघाटी के वरधाण में शनिवार की रात एक कार गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह एक भेड़पालक ने खाई में गिरी कार को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने खाई से शवों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया।बताया गया कि धमच्याण गांव के रहने वाले पांच युवक बरोट में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात को घर लौटते समय चौहारघाटी के वरधाण में उनकी कर सात सौ मीटर खाई में गिर गई। रात में अंधेरा होने पर किसी का पता नहीं चला। रविवार प्रातः स्थानीय एक भेड़पालक ने खाई में नीचे खेतों में एक कार पड़ी देखी। तब उसके ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। फिर पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी टिक्कन पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षत विक्षत शवों को सड़क मार्ग तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। हादसे में मरने वालों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। मृतकों की उम्र 16 से 30 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। इस हादसे की खबर से चौहार घाटी में शोक की लहर छा गई है।पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर भेज दिया है। एसपी मंडी ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसा के कारणों की जांच में लगी है।

अहमदाबाद के नारोल स्थित कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो की मौत, छह गंभीर

अहमदाबाद, (हि.स.)। गुजरात के अहमदाबाद जिले के नारोल स्थित एक कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो लोगों की मौत हो गयी है।इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी 6 लोगों को मणिनगर के एलजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।अहमदाबाद अग्निशमन विभाग के अनुसार नारोल के देवी सिंथेटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में केमिकल रिएक्शन के बाद गैस रिसाव की घटना में 8 कर्मचारी बेहोश हो गए। साथी कर्मचारियों ने 108 आपातकालीन एम्बुलेंस को फोन किया जिसके बाद सभी को मणिनगर के एलजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां लवकुश (32) और कमल यादव (25) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य छह में से चार लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है।

उन्हें जीवन रक्षक उपकरण पर रख गया है। पुलिस के मुताबिक घटना में जख्मी हुए लोगों में मफुज अंसारी (42), महेन्द्र (50), इशाद खान (25), मंगल सिंह (56), अशोक भाई (56), मालजीभाई (59) शामिल हैं।नारोल क्षेत्र के मटन गली स्थित कंपनी में रविवार सुबह 11 बजे के करीब कंपनी में सल्फ्यूरिक एसिड का टैंकर खाली किया जा रहा था। इस दौरान ब्लीचिंग पाउडर का कॉस्टिक सोडा के साथ रिएक्शन होने पर गैस रिसाव शुरू हो गया।

दीपावली पर तांत्रिक पूजा के लिए उल्लुओं की मांग बढ़ने पर शिकारियों पर कड़ी नजर रख रहा वन विभाग

हरिद्वार, (हि.स.)। दीपावली की रात तांत्रिक पूजा में उल्लू की बलि देने के लिए इस पक्षी को पकड़ने की आशंका के चलते वन विभाग ने सतर्कताबढ़ा दी है। वन विभाग ने हरिद्वार से सटे राजाजी राष्ट्रीय पार्क व सामाजिक वानिकी क्षेत्र में पहरा बढ़ा दिया है। विभाग ने उल्लू को पकड़ने या मारने की चाहत रखने वाले को जंगल में न घुसने की चेतावनी दी है।दीपावली की अमावस्या वाली रात को तांत्रिक किस्म के लोग बेसब्री से इन्तजार करते है। तांत्रिक क्रिया में उल्लुओं की बलि को लेकर समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियां हैं। जिसके चलते कुछ लोग इस तांत्रिक क्रिया करने के लिए उतावले रहते हैं। दीपावली से पहले वन्यजीव तस्कर जंगलों में घुसकर उल्लुओं कोपकड़ कर लोगों को ऊंचे दाम बेचने की फिराक में रहते हैं। यही वजह है कि प्रदेश वन मुख्यालय हर वर्ष दीपावली पर्व पर विशेष सतर्कता बरतता है। वन कर्मी लगातार वन इलाके में अतिरिक्त पेट्रोलिंग कर रहते हैं।इस संबंध में डीएफओ हरिद्वार वैभव



कुमार ने बताया कि दीपावली के मद्देनज़र सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। पूरे वन क्षेत्र में पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। अगर कोई भी व्यक्ति वन्य जीवों को हानि पहुंचाता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उल्लेखनीय है कि तंत्र मंत्र के अंधविश्वासी मानते हैं कि उल्लू की बलि देने से धन-संपत्ति और वशीकरण जैसी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं।

उल्लू के नाखून, पंख, चोंच और आंखों का इस्तेमाल तंत्र विद्या में किया जाता है। जिसके कारण दिवाली के दौरान इनकी मांग काफी बढ़ जाती है और तस्कर और शिकारी जंगलों में सक्रिय हो जाते हैं। हरिद्वार वन प्रभाग के वन क्षेत्र और राजाजी टाइगर रिजर्व महत्वपूर्ण हैं, जहां जंगली उल्लुओं की कई प्रजातियां यहां पायी जाती हैं। गंगा तटीय क्षेत्र होने के चलते अक्सर शिकारी जंगलों में घुसने की फिराक में रहते हैं। हरिद्वार वन प्रभाग के कर्मी दीपावली पर अलर्ट मोड पर अतिरिक्त टीमें बनाकर इलाके पर नजर रखते हैं। वहीं राजाजी टाइगर रिजर्व की हरिद्वार रेंज, चीला, मोतीचूर में लम्बी दूरी गश्त के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

[मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का किया शुभारंभ]

छात्रवृत्ति पाकर खिले विद्यार्थियों के चहरे

- बोले मुख्यमंत्री, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में भी उपयोगी है संस्कृत
- संस्कृत ही हमारी असली ताकत, इससे ही विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है भारत : योगी आदित्यनाथ

लोकमित्र ब्यूरो

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को ₹586 लाख की छात्रवृत्ति संवितरण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसीलिए हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

संस्कृत और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति को फिर से प्रदेशभर में लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा ही हमारी असली ताकत है और इससे ही भारत विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरुकुल संस्थानों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, जिसमें छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को सरकार की ओर से विशेष सहायता मिलेगी। ऐसे संस्थानों को अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भौतिकवाद और चकाचौंध वाली दुनिया में हर व्यक्ति भौतिकता के पीछे भाग रहा है, तब भी यूपी में डेढ़ लाख बच्चे अपना जीवन संस्कृत और भारतीय संस्कृति के साथ समर्पित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह सरकार और समाज का दायित्व है कि इस विरासत को संजोए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

संस्कृत साहित्य देश की अमूल्य धरोहर

मुख्यमंत्री ने संस्कृत साहित्य को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए महर्षि अरविंद के विचारों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य भारत की महान विरासत है, जो देश की मूल प्रतिभा को जीवंत रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि संस्कृत को केवल धार्मिक भाषा नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और समाज की तमाम समस्याओं को सुलझाने का एक सशक्त माध्यम मानकर उसका अध्ययन करें। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत को विकास के साथ जोड़ने के प्रयासों में काशी को केंद्रबिंदु बनाया गया है। उन्होंने कहा कि दीपावली से छठ तक उत्सव और पर्व की परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इसे आगे बढ़ाने में हमारी युवा पीढ़ी का योगदान महत्वपूर्ण है। सरकार इस दिशा में हर संभव सहायता करेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक देकर योजना का विधिवत शुभारंभ किया। इसमें सुहानी कुमारी, तनूजा शुक्ला, रंजना कुमारी, कृष्णा द्विवेदी, आर्यन चतुर्वेदी, अभिनव मिश्रा, स्मिता पाठक, अमन पाठक, योगेश कुमार दुबे, प्रिंस पांडेय, हर्ष कुमार मिश्र एवं योगी शामिल रहे।

संस्कृत में विशिष्ट शोध को बढ़ावा दे रही सरकार

संस्कृत भाषा को और अधिक बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से संस्कृत के विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित कर रही है। इस केंद्र में शोध करने वाले छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाएगी ताकि वे आर्थिक चिंता किए बिना अपने शोध को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और भारत का समय आ गया है। भारत के समय को नेतृत्व देने के लिए संस्कृत विद्यार्थियों को स्वयं को तैयार करना होगा।

सभी विद्यार्थियों का खुले बैंक अकाउंट

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया, जिससे उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ सीधा और सुरक्षित रूप से मिल सके।

राजनीति में कुर्बानी की जगह नहीं: अखिलेश

- महाराष्ट्र में गठबंधन में सीटें नहीं मिली तो भी लड़ेगी सपा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन के तहत महाराष्ट्र में कुछ सीटें सपा के लिए चाहते हैं लेकिन अभी तक महाविकास आघाड़ी की ओर से कोई बयान नहीं आया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर हमें गठबंधन में नहीं रखा जाता है तो हम जहां मजबूत हैं, वहां चुनाव लड़ेंगे।अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष फैसला करेंगे। पहले हम गठबंधन में रहने की कोशिश करेंगे।यदि महाविकास अघाड़ी हमें गठबंधन में नहीं रखेंगे तो हम उन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जहां हमें वोट मिलेंगे या जहां हमारा संगठन काम कर रहा है। हम उन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जिनसे गठबंधन को नुकसान नहीं होगा। राजनीति में कुर्बानी के लिए कोई जगह नहीं है। महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी में मुख्य रूप से कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार शामिल है। तीनों ही दल 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ने को सहमत हुए हैं। 33 सीटों पर अभी फैसला नहीं हुआ है। कांग्रेस ने 87 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में 12 सीटें मांग रही है। सूत्रों के अनुसार अगर सपा को पांच सीटें भी मिलती है तो वह गठबंधन में शामिल होने को तैयार है। महाराष्ट्र के सपा अध्यक्ष अबू आजमी ने साफकहा है कि हम चुनाव लड़ेंगे। जिन पांच सीटों पर सपा ने दावा किया है, उनमें से तीन पर महाविकास अघाड़ी ने उम्मीदवार उतार दिए हैं। समाजवादी पार्टी ने धुले सिटी, भिवंडी पूर्व, मानखुर्द, भिवंडी पश्चिम और मालेगांव सेंट्रल सीट मांगी थी।

नोएडा पहुंचे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव

नोएडा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी हद तक गिर सकती है। अपने लाभ लिए भाजपा किसी भी सीमा के नीचे जा सकती है। अखिलेश यादव नोएडा के सेक्टर 40 स्थित समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे प्रदीप कपूर के आवास पर उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थेस अखिलेश यादव ने इस दौरान मीडिया से भी बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे नहीं बल्कि पुलिस और प्रशासन की अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। जो पार्टी कार्यकर्ताओं के बजाय अधिकारियों को भरोसे चुनाव लड़े, उस पार्टी की हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है तथा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, जिला अध्यक्ष सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता मौजूद थे स अखिलेश यादव के नोएडा पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में अलग तरह का उत्साह देखने को मिला।

गोचर भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान

- प्रदेश में कुल 6930 हेक्टेयर अवैध कब्जे वाली गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में पशुओं के लिए उपलब्ध गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक अवैध कब्जे वाली 6930 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि शेष कब्जे वाली भूमि को खाली कराने के लिए प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि राजस्व परिषद के 15 अक्टूबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 61304.504 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। वहीं, 6930.619 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। कुल मिलाकर 4740.598 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कराया जा चुका है।

देवरिया में कुल 256.296 हेक्टेयर भूमि चारागाह के लिए उपलब्ध है, जिसमें 16.458 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें 5.431 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि अभी 11.027 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है।

इसी तरह, जौनपुर में कुल 1361.983 हेक्टेयर गोचर भूमि में से कब्जे वाली 70.945 हेक्टेयर भूमि पर 21.181 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। 49.764 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

शामली की बात करें तो कुल 293.577 हेक्टेयर भूमि में 105.752 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे में से 27.056 हेक्टेयर को मुक्त करा लिया गया है, जबकि 78.696 हेक्टेयर भूमि के लिए अभियान चल रहा है।

इसी तरह, बिजनौर, मऊ, संभल और गाजियाबाद में भी उपलब्ध कुल गोचर भूमि में से चिह्नित कब्जे वाली भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही जारी है।

पशुपालन विभाग द्वारा गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन की बात करें तो प्रदेश में कुल 6708 ग्रामीण गो आश्रय उपलब्ध हैं। इनमें टैग्ड गोचर भूमि 3060 है जो कुल गो आश्रय स्थलों का 45.62 प्रतिशत है। गो आश्रय स्थलों से टैग्ड गोचर भूमि का क्षेत्रफल 9334.17 हेक्टयर, जिसमें बोया गया हरा चारा का क्षेत्रफल 3107.11 हेक्टेयर है जो कुल टैग्ड गोचर भूमि के क्षेत्रफल का 33.29 प्रतिशत है।

देश को बांटना चाहती है भाजपा: डिंपल यादव

- करहल में रिश्तेदारी नही एनडीए और पीडीए की विचारधारा की लड़ाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि करहल विधानसभा उपचुनाव में रिश्तेदारी नहीं पीडीए और एनडीए की विचारधारा और सिद्धांतों की लड़ाई है। पीडीए संविधान बचाने के लिए लड़ रहा है। सर्वसमाज की बात करने वाली भाजपा में ही सबसे बड़ा परिवारवाद है। पीडीए की बार- बार मांग के बाद भी भाजपा जातिगत जनगणना नहीं करा रही है। भाजपा सरकार में महिलाएं असुरक्षित, किसान परेशान और युवा बेरोजगार हैं। किसानो को खाद नहीं मिल रही है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा ने देश को बांटने की राजनीति की है। भाजपा में ही सबसे बड़ा परिवारवाद है। करहल विधानसभा उपचुनाव में पीडीए मजबूती के साथ लड़ेगा। भाजपा सरकार का हजारों करोड़ के निवेश का दावा धरातल पर नही है। करहल में समाजवादी पार्टी जीतेगी,इंडिया गठबंधन पूरी ताकत से लड़ रहा है। जनता सपा के पक्ष में है, बीजेपी सरकार की नीतियों से खफा है।

उद्यान विभाग प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में निभाएगा अहम भूमिका

- पर ब्लॉक वन क्रॉप योजना से किसानों की आय और फसल की गुणवत्ता में होंगी बढ़ोतरी
- किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत बीज प्रदान किए जाएंगे, जिससे उत्पादन और आय में सुधार हो: उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों के हित में कई सार्थक कदम उठा रही है। किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पर ब्लॉक वन क्रॉप योजना शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी उपज की गुणवत्ता में सुधार करना है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे उपयुक्त होगी। इस योजना के तहत, किसानों को एक ही प्रकार की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि उत्पादन भी बढ़ेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें बेहतर बाजार भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों को बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उच्च मूल्य वाली, जीआई टैग वाली किस्में, प्रसंस्करण मांग वाली और विदेशी बाजार की मांग के अनुरूप औद्यानिक फसलें उगाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी उद्यान विभाग अहम भूमिका निभाएगा।

उद्यान मंत्री ने यह भी बताया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए मूल्य निर्धारण और विपणन प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मंडल स्तर पर समीक्षा कर हर ब्लॉक से प्रमुख औद्यानिक फसलों का विवरण संकलित किया जा रहा है, जिसके आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

तालीम के साथ साथ सियासत भी वक्त की जरूरत: जावेद इकबाल मंसूरी

- मंसूरी सम्मेलम में जुटे मंसूरी समाज के लोग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुस्लिमो में मंसूरी समाज की एक बड़ी आबादी होने बाद भी हमे वह सम्मान नही मिलता है जो दूसरे समाज के लोगो को मिलता है,जिसका मुख्य कारण है तालीम के साथ साथ हम अपनी सियासी पहचान को भी मोहताज है,इसलिए मंसूरी समाज तमीम के साथ साथ सियासत के मैदान में भी अपनी मजबूत पकड़ बनानी होगी,यही वक्त की जरूरत है।

यह बात जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यू पी एग्रो के पूर्व चौयरमैन, पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जावेद इकबाल मंसूरी ने मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड के बरदाही पंचायत में आयोजित मंसूरी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। सम्मेलम के मुख्य अतिथि जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा सिर्फ बिहार ही नही पूरे देश मे मंसूरी समाज की बड़ी आबादी जिन्हें अलग अलग प्रदेशों में अलग अलग नामो से भी जाना जाता है,उन्हों ने कहा जमीअतुल मंसूर पूरे देश के मंसूरी समाज को एकजुट कर रहा है ताकि उनके हक और हुकूक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सके।

पूर्व मंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा सियासी हिस्सेदारी पाने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा,और सभी राजनैतिक दलों से हमारे समाज के लोगो को उनकी आबादी के अनुसार टिकट देने के लिए मजबूर करने होगा तभी मंसूरी समाज वह मुकाम मिल सकेगा जिसकी वह हकदार है।

जमीअतुल मंसूर बिहार प्रदेश के अध्यक्ष अजीम मंसूरी ने कहा कि बिहार प्रदेश में जमीअतुल मंसूर का संगठन मजबूती से काम कर रहा है,पदेश के अधिकांश जिलों में जमीअतुल मंसूर का संगठन का गठन हो चुका है।

विधायक ने 4 मेधावियों को बांटी साइकिल

लोकमित्र ब्यूरो

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में रविवार को 93 वें आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के अंतर्गत विधायक की टीम ग्राम पंचायत परवर पूरब के सौसीर खेड़ा पहुंची।सौसीर खेड़ा गांववासियों के साथ विधायक की टीम ने संवाद किया और उनकी समस्याएं जानीं, ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट के 47 आवेदन, विधवा पेंशन के 4 आवेदन, आवास योजना के 4 आवेदन सहित कुल 73 सुझावों, आवश्यकताओं से अवगत कराया। गांववासियों द्वारा प्राप्त सभी 73 जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर उनके प्रभावी निस्तारण का प्रयास किया गया, शिकायतकर्ताओं के घर जाकर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया गया।मेधावियों को सम्मानित करने से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, अन्य शिक्षार्थियों को परिश्रम की प्रेरणा मिलती है, सौसीर खेड़ा गांव के 4 मेधावियों, हाईस्कूल परीक्षा में 81.33त्न अंक पाने वाली आस्था पाल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में 72.4त्न अंक पाने वाली श्रद्धा पाल, 70.8त्न अंक पाने वाले सर्वेश कुमार एवं अजय कुमार को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ गांव के प्रबुद्ध नागरिक सुरेश, पंचम, राम आसरे, श्रीराम, प्रेम चंद्र मिश्रा, अनिल तिवारी, ग्राम प्रधान रामफल, राम सनेही, बूथ अध्यक्ष राम गुलाम, होरी लाल, राम दुलारी, विष्णुदेयी, छोटू, मुन्नी, शकुंतला और मायावती को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित किया गया।खेल युवाओं में निर्णयशक्ति का विकास करते हैं, उन्हें अनुशासित बनाते हैं।

आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के दौरान ग्राम पंचायत परवर पूरब के सौसीर खेड़ा में 47वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर इंडोर और आउटडोर गेम्स फुटबॉल, वालीबॉल, कैरम आदि की किट प्रदान की गईं।शिविर के दौरान सभी उपस्थित ग्रामवासियों को सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी, 467 दिनों से निरंतर संचालित ताराशक्ति रसोई के माध्यम से ताजा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह में राज्यस्तर पर 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन

- संस्कृत गीत प्रतियोगिता बाल वर्ग प्रथम पुरस्कार अक्षिता गोयल को मिला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ द्वारा संस्थान परिसर में आज संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का सायं 04 बजे समापन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के पश्चात् मुख्य अतिथियों का वाचिक स्वागत किया गया।

आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत प्रतिभा खोज उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका आरम्भ वर्ष 2023 में किया गया। इसके अन्तर्गत प्रदेश में अध्ययन करने वाले सभी बोर्ड तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभाग करते हैं। जनपदों, मंडलों तथा राज्यस्तर पर 11 प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्र एवं उनके अभिभावक, अध्यापक एवं संस्कृत प्रतिभा खोज में शामिल विद्यालयों के सदस्यों आदि सहित 25 हजार की सहभागिता होती है। संस्कृत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में छुपी प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना एवं मंच प्रदान करना है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि उत्पन्न करने, ज्ञान में वृद्धि करने और संस्कृत को बढ़ावा देने में सफल सिद्ध हो रही है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओपी श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान संस्कृत प्रतिभा खोज योजना संस्कृत के क्षेत्र में एक अनूठी पहल है। इससे माध्यम से संस्कृत के छात्रों को ही नहीं अपितु प्रदेश के सभी बोर्ड के छात्र को प्रतिभाग करने का मौका मिला है।

संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह में राज्यस्तर पर कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें संस्कृत गीत प्रतियोगिता बाल वर्ग, प्रथम पुरस्कार अक्षिता गोयल, द्वितीय पुरस्कार दिव्या अचलसिया, तृतीय पुस्कार आन्तरा पचौरी एवं सान्त्वना पुरस्कार प्रज्ञा प्रकाश बोध, दिव्यांश शर्मा एवं अभिनव दीक्षित को दिया गया। संस्कृत वाचन प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार मित्रा राय, द्वितीय पुरस्कार आराध्या, तृतीय पुस्कार आयुषी शाक्या एवं सान्त्वना पुरस्कार संस्कृति जोशी, अनंत शर्मा एवं प्रणवेन्द्र चतुर्वेदी को दिया गया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार आदित्य तिवारी, द्वितीय पुरस्कार भव्या गुर्जर, तृतीय पुस्कार अनुराग कुमार गौड़ एवं सान्त्वना पुरस्कार देवांशु शर्मा, कार्तिकेय एवं नन्दिनी को दिया गया। लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार सूरज कुमार दूबे, द्वितीय पुरस्कार सविता, तृतीय पुस्कार शिवानी एवं सान्त्वना पुरस्कार राजकमल तिवारी, सोमदेव एवं रोहित द्विवेदी को दिया गया। अष्टाध्यायी कण्ठस्थ पाठ प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार सर्वचा पाण्डेय, द्वितीय पुरस्कार मीनाक्षी, तृतीय पुस्कार शलिनी एवं सान्त्वना पुरस्कार सौम्या युवेष कुमार सिसोदिया, शनि मिश्रा एवं अंशिका को दिया गया। अमरकोष कण्ठस्थ पाठ प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार श्रेया शुक्ला, द्वितीय पुरस्कार शिवाकांत मिश्र, तृतीय पुस्कार ओम प्रकाष पाण्डेय एवं सान्त्वना पुरस्कार आदित्य पाण्डेय, कृष्णा द्विवेदी एवं आशुतोष द्विवेदी को दिया गया। लघुसिद्धान्त कौमुदी कण्ठस्थ पाठ प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार नवरत्न डूडी, द्वितीय पुरस्कार कृष्णा अवस्थी, तृतीय पुस्कार अनुराग शुक्ला एवं सान्त्वना पुरस्कार अमित पाण्डेय, सुमित तिवारी एवं राघव मिश्र को दिया गया। तर्कसंग्रह कण्ठस्थ पाठ प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार सौरभ मिश्रा, द्वितीय पुरस्कार आर्यन दूबे, तृतीय पुरस्कार अतुल कुमार एवं सान्त्वना पुरस्कार उत्कर्ष, अंकित चौबे एवं अनघामनोज कुमार को दिया गया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता युवा वर्ग, प्रथम पुरस्कार काशी, द्वितीय पुरस्कार दुर्गेष शुक्ला, तृतीय पुस्कार कृतिका गोस्वामी एवं सान्त्वना पुरस्कार आशीष कुमार चतुर्वेदी, प्राची द्विवेदी एवं अन्नू निषाद को दिया गया। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार जया तिवारी, द्वितीय पुरस्कार कात्यायनी, तृतीय पुस्कार पीहू शर्मा एवं सान्त्वना पुरस्कार शिप्रा शर्मा, ऑचल पाल एवं ऑचल गुप्ता को दिया गया एवं श्रतुलेखन प्रतियोगिता, प्रथम पुरस्कार देवांश मिश्र, द्वितीय पुरस्कार सत्यप्रकाष तिवारी, तृतीय पुस्कार आयुष नाथ ठाकुर एवं सान्त्वना पुरस्कार नन्दिनी, शोभन उपाध्याय एवं शगुन को दिया गया।संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह के समापन के पश्चात सायं 05 बजे से दो दिवसीय मंचन राम जन्म से प्रारंभ होकर रावण वध तक की संगीतमय नाट्य प्रस्तुति ''श्रीराम चरितम'' का मंचन भव्य रूप से 60 कलाकारों द्वारा संस्थान प्रेक्षागृह में किया गया।

संक्षिप्त खबरें

ब्रह्म समाज दो फरवरी को रजत जयंती समारोह मनाएगा

लखनऊ। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज ने दो फरवरी 2024 को रजत जयंती समारोह मनाने का फैसला किया है। समाज सेवा के क्षेत्र में 25वें स्थापना वर्ष में प्रवेश पर यह आयोजन किया जा रहा है। एक बैठक के बाद इस आयोजन की जानकारी संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में संस्था के सभी संस्थापकों के साथ अन्य 51 सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले 11 समाज सेवियों को भी अवध रत्न से सुशोभित किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी ने बताया कि रजत जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में विद्यारंभ करने वाले शिशुओं का पाटी-पूजन संस्कार भी किया जाएगा। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस पाटी पूजन संस्कार में अवश्य शामिल करें। यह पाटी पूजन हमारी सनातन वैदिक परंपरा का हिस्सा है। बैठक में पीडी शुक्ल, कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष कोमल द्विवेदी, मानवेंद्र पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, प्रेम कुमार मिश्रा, दिनेश चन्द्र अवस्थी, नवनीत ओझा, आशुतोष मणि त्रिपाठी, राजीव शुक्ला, अंजनी कुमार दीक्षित, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, विकास कुमार मिश्रा, दया शंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, शिव कुमार शुक्ल, राम कृष्ण त्रिपाठी, शैलेन्द्र शुक्ल, गोविन्द मिश्रा, जेपी पाण्डेय, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, स्नेहलता मिश्रा, चित्रा द्विवेदी, शेषमणि दुबे आदि मौजूद रहे।

राजधानी में 29 अक्टूबर से लगेगी पटाखे की दुकान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पटाखा की दुकान 29 अक्टूबर से लगनी शुरू होगी। इसको लेकर गाइड लाइन और लोकेशन जारी कर दिया गया है। राजधानी लखनऊ में करीब 50 से ज्यादा जगहों पर अस्थायी दुकानों को लगाने का लाइसेंस मिला है। दिवाली की शाम तक यह यहां पटाख बिक्री होगी। इसमें ज्यादातर पुराने जगहों पर ही दुकाने लगाने का लाइसेंस जारी किया गया है। जिला प्रशासन और पटाखा दुकानदारों के बीच इसको लेकर पूरी बातचीत फाइल भी हो गई है। पटाखा कारोबारी सतनाम सिंह ने बताया कि प्रशासन से अनुमति मिल गई है। इसका काम जल्द पूरा किया जाएगा।

ननिहाल से वापस आ रहे व्यक्ति को पीटा, मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के लाला खेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात करीब 9 बजे रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष में दूसरे पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोटें आई हैं, इसके बाद पीड़ित द्वारा बंथरा थाने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही मांग की गई है। पीड़ित अभिषेक रावत पुत्र मुनेश्वर प्रसाद निवासी लालाखेड़ा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वो अपने जीजा सुनील कुमार के साथ अपने ननिहाल गए हुए थे जो कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे वह दोनों लालाखेड़ा अपने घर वापस आ रहे थे रास्ते में तुलसीराम के ट्यूबवेल के पास अंधपुर देव निवासी रामचरण व जगजीवन के ऑटो बीच सड़क पर खड़े थे। निकलने का रास्ता न होने के कारण जब उसने ऑटो किनारे करने के लिए कहा तो ऑटो में बैठे रामचरण, अभिमन्यु पुत्र स्व अर्जुन व जगजीवन पुत्र जय नारायण, अभिषेक पुत्र राम भरोसे आदि लोगों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे, इसी दौरान उनकी 1.1/2 तोले की सोने की चैन भी कहीं गिर गई इसके बाद मैंने अपने मामा अरविंद को फोन किया जब वह मेरे पास आए तो उन्हें भी लात घूंसों से मारा-पीटा गया और भविष्य में जान से मार देने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज करने के साथ अपनी कार्रवाई कर रही है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी राम सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा कस्बे में रविवार दोपहर करीब 3 बजे स्कूटी सवार एक युवक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर से स्कूटी सवार वहीं गिर गया और युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। पुलिस के अनुसार कर्नलगंज कानपुर निवासी एतसाम (25) अपनी स्कूटी से देवां शरीफ दर्शन को गए थे। जब वह दर्शन के बाद कानपुर अपने घर जा रहे थे तभी बंथरा कस्बे में उनकी किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर से युवक के पैर में फेक्चर हुआ है जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पहली बार लगे दीपावली मेले मे उमड़े लोग

लखनऊ। मारवाड़ी युवा मंच अवध की ओर से राजधानी में पहली बार दीपावली मेला का आयोजन रविवार को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमतीनगर में किया गया। संस्था के अध्यक्ष पुनीत तुलस्यान व कार्यक्रम संयोजक नीलेश अग्रवाल टाटा ने बताया कि ष्हारी संस्कृति महारा देश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें मुख्य आकर्षण राजस्थानी नृत्य नाटिका रही। यह नृत्य नाटिका राजस्थान से आये दल द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंत्री सुधांशु अग्रवाल एवं अनुराग अग्रवाल ने बताया कि मेले में लोगों ने ऊंट की सवारी की तो बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मेले का मुख्य आकर्षण रहा 6 फुट की साइकिल ब्रांड कंपनी के सौजन्य से अगरबत्ती। यह अगरबत्ती पूरे 24 घंटे चलती है।

सुरभि सम्मान से नवाजी गई हुनरमंद बेटियां

लखनऊ। शायद ही कोई क्षेत्र बचा हो जहां बेटियों ने अपनी छाप न छोड़ी हो। इसी सफलता और इनके हुनर को देखते हुए खेल,रंगमंच,गायन,नृत्य,पर्यावरण संरक्षक,आर्ट और क्राफ्ट आदि क्षेत्र में शहर का नाम रोशन कर रहीं बेटियों को सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित दसवें सुरभि बाल रत्न सम्मान समारोह में द पिज्जा हवेली,खुशी विहार,कनौसी, कृष्णा नगर में सम्मान से अलंकृत कर इनका हौसला बढ़ाया गया। जिसमें राज्य स्तरीय जिम्नास्ट खिलाड़ी अमायरा सोनकर , रंगकर्मी कृतिका सिंह , गायिका शताक्षी बाजपेई ,कथक नृत्यांगना काशवी शर्मा , योग साधक अर्शजोत कौर,आर्ट और क्राफ्ट तेजस्वी श्रीवास्तव, पर्यावरण संरक्षण के लिए कनक गोंड को उपस्थित मुख्य अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू ,विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सांस्कृतिक कर्मी ज्योति किरन रतन, समाजसेवी रुचि अरोरा, केसरी खेड़ा महिला व्यापार मंडल की सचिव ममता रस्तोगी ने उपस्थित बाल प्रतिभाओं को सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुस्तक मेला में आर्ट और क्राफ्ट ओर संस्था द्वारा पूर्व आयोजित शारदीय नवरात्रि में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बाल प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कुशल नृत्य निर्देशिका के लिए श्रद्धा यादव , तनु कुमारी और रूप और वस्त्र सज्जा के लिए सुरभि कौर और पूजा सिंह को सम्मानित किया गया।

भिखारियों की गिनती करने वाली संस्था ब्लैक लिस्ट

लखनऊ। शहर में भिखारियों की गणना करने वाली संस्था को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। अधिकारी भिखारियों की संख्या व आंकड़े से संतुष्ट नहीं है। लखनऊ में भिखारियों की संख्या और ज्यादा या फिर कम हो सकती है। संस्था की गणना पर सवाल उठने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की गयी है। इसी के साथ शहर में भिखारियों की नए सिरे से गणना शुरू करायी गयी है। राजधानी में कुछ समय पहले भिखारियों की गणना करायी गयी थी। गणना की रिपोर्ट कमिश्नर डा. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के पास भेजी गयी थी। कमिश्नर व डीएम भिखारियों को लेकर कई बैठक कर चुके हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी इसको लेकर शहर के विभिन्न विभागों के अफसरों की बैठक बुलायी थी।

गोमती नगर विस्तार में लगी भीषण आग, 8 लोगों को रेस्क्यू किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित वरदान खंड में रविवार सुबह 5.04 बजे एक मकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन गोमती नगर से एफएसओ और दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। विकराल आग को देखते हुए अतिरिक्त मदद की मांग की गई, जिसके बाद हजरतगंज, इंदिरा नगर और पीजीआई से भी फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंच गए। एफएसओ लखनऊ के निर्देशन में और थ्वे गोमती नगर ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पांच फायर टेंडरों की सहायता से आग पर पूरी तरह काबू पाया। जांच में पता चला कि यह मकान मुजीब खान का था, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, दो मंजिलें और ड्राइवर के लिए एक रूम था। आग पहली और दूसरी मंजिल पर लगी थी, जबकि बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर को सुरक्षित बचा लिया गया। आग में एसी, बेड, सोफा और अन्य घरेलू सामान जल गए। मकान मालिक मुजीब खान ने बताया कि आग लगने के समय घर में लगभग आठ लोग मौजूद थे, जो समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए। इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। मकान मालिक मुजीब खान ने बताया कि आग लगने के समय घर में लगभग आठ लोग मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही घर के सभी सदस्य तुरंत घर से बाहर निकल आए। हालांकि, आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। फायर ब्रिगेड टीम ने मकान में लगी आग को समय रहते बुझा लिया गया। जिससे बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर को बचाने में सफलता मिली। आग का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही इसका असल कारण स्पष्ट हो सकेगा।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन कमेटी की बैठक में मारपीट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन कमेटी की बैठक में रविवार को जमकर हंगामा हुआ। सदस्यों और पदाधिकारियों ने एक दूसरे पर कुर्सी फेंकी। कैमरा तोड़ दिया। महिलाओं ने भी अभद्रता की गई। कमेटी के इंचार्ज बिलाल नूरानी ने दिवंगत जफर याब जिलानी के बेटे और उनके सहयोगियों पर जानलेवा हमला करने और मारपीट का आरोप लगाया है। अंजुमन के संयुक्त सचिव बिलाल नूरानी ने बताया कि साल में जनरल बॉडी की दो मीटिंग होती है। 2003 से नए मेंबर्स को नहीं जोड़ा गया था। इसका केस रजिस्ट्रार चिट एंड फंड के यहां चल रहा है। एक प्रस्ताव के तहत नए मेंबर्स को जोड़ा गया। इसी से संबंधित बैठक रविवार को चल रही थी। कुछ लोग जबरदस्ती कमेटी पर कब्जा करना चाहते हैं। बैठक के बीच में लगभग 50 से 60 लोगों की संख्या में आकर हंगामा करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट करने वालों में मुख्य रूप से दिवंगत जफर याब जिलानी के बेटे नजम जिलानी और उनके साथी शामिल थे। बिलाल नूरानी ने बताया कि मारपीट के दौरान कई सदस्यों को चोट आई है। अजरा मुबीन नाम की महिला सदस्य के साथ भी अभद्रता की गई। उन्होंने बताया कि हमलावर हत्या करने की नीयत से आए थे। बिलाल ने कहा-कमेटी में बाहरी लोगों की मनमानी नहीं चल पा रही है। इसलिए हमको वह रास्ते से हटाना चाहते हैं। गैर कानूनी तरीके से अंजुमन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। बिलाल नूरानी ने कहा कि जब अंदर बवाल चल रहा था तो बाहर पुलिस मौजूद थी। मगर मौके पर पहुंचकर किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। संबंधित मामले को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। फिलहाल मदयगंज थाने में तहरीर दी गई है। यह बहुत ही गंभीर मामला है, 108 साल पुरानी अंजुमन में पहली बार यह घटना हुई है। 108 सालों से अंजुमन अल्पसंख्यक समुदाय की सेवा कर रहा है।

महिला आयोग अध्यक्ष आज करेंगी वीमेन पावर लाइन का भ्रमण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डा. बबीता सिंह चौहान 28 अक्टूबर को गोमतीनगर स्थित महिला आयोग के सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोग की पदाधिकारियों के साथ महिलाओं के उत्थान,उन्नति एवम उनके उत्पीड़न संबंधी समस्याओं पर महिला आयोग की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। साथ ही आयोग की अध्यक्ष आयोग की उपाध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ अपरान्ह 3ः00 बजे लोहिया पथ स्थित 1090 महिला हेल्पलाइन का भ्रमण कर वहां की कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार डा. बबीता सिंह प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं अनुश्रवण करके इन योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए संबंधित को निर्देश देंगी।

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने किया बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने लखनऊ में एक बैठक की जिसमे स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के साथ राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हज़ारों फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।फार्मासिस्ट ने पी पी आर 2015 लागू करने और माइनर एलिमेंट मे प्रिस्क्रिप्शन के अधिकार की मांग के साथ होल सेल के लाइसेन्स मे फर्जी अनुभव के आधार पर जारी की जा रही लाइसेन्स पर फार्मासिस्ट की अनिवार्यता लागू की जाय,सी एच ओ मे फार्मासिस्ट कीनियुक्ति,रिक्त फार्मासिस्ट की भर्ती के साथ विभिन्न मांगों को रक्खा।कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह,राष्ट्रीय सचिव विनीत सिंह,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश सिंह,प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय,प्रदेश अध्यक्ष आई टी शिव कुमार,प्रदेश प्रभारी लोकेश सरोला एवं रजत राय,प्रदेश सचिव नागेन्द्र शुक्ला एवं अमित तिवारी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष और सभी पदाधिकारी और फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

पुलिस कस्टडी में व्यापारी की मौत पर बवाल

मंत्री आवास पर प्रदर्शन, सपा नेत्री को पुलिस ने घसीटकर हटाया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ पुलिस की कस्टडी में शनिवार को हुई व्यापारी मोहित पांडेय की मौत का मामला गरमा गया है। रात तक परिजनों ने लोहिया अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद रविवार को मृतक की पत्नी और मां के साथ इलाके के लोग शव लेकर विभूतिखंड में मंत्री आवास के सामने धरने पर बैठ गए। पहले पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध बढ़ता देख शव उठाकर मृतक के घर ले गई।

इस बीच सपा नेत्री पूजा शुक्ला भी घटना का विरोध करने पहुंचीं। वह बीच सड़क पर बैठ गईं। पुलिस ने उनको घसीटकर वहां से हटाया और बाद में हिरासत में ले लिया। बीकेटी से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने माना कि पुलिस से गलती हुई है। परिवार को सीएम योगी से मुलाकात करवाने का आश्वासन भी दिया।

मोहित की मां ने विधायक से कहा मेरे बेटे को तड़पा-तड़पा कर पुलिस ने मार डाला। अब हमारी आवाज दबाई जा रही है। इधर, रविवार सुबह चिनहट थाने के लॉकअप के सीसीटीवी भी सामने आए। परिवार का कहना है कि पुलिस ने इसे जानबूझकर जारी किया। 17 घंटे के घटनाक्रम में 5 मिनट का ही फुटेज क्यों जारी किया गया? पूरी घटना 600 रुपए के लेन-देन से शुरू हुई थी। मोहित और उसके साथी आदेश के बीच झगड़ा हुआ। आदेश ने पुलिस बुलाई। मोहित (32) को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। भाई शोभाराम छुड़ाने पहुंचा तो उसे भी लॉकअप में बंद कर दिया। शोभाराम ने बताया, रात में पुलिस ने मोहित और मेरी पिटाई की, जिससे मोहित पांडेय की मौत हो गई।

लखनऊ रन मैराथन में दौड़े 3 हजार लोग

सेना के मध्य कमान चीफ और अनुराग कश्यप ने दिखाई हरी झंडी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ रन मैराथन में शहर के 3 हजार लोगों ने हिस्सा लिया है। इसमें सेना के जवान, स्कूली बच्चे और कारपोरेट सेक्टर से जुड़े लोग शामिल रहे। महिला और पुरुष वर्ग के दो श्रेणियों में मैराथन का आयोजन किया गया।

अवध नारायण् यादव, प्रेमलता, मधुर और जा केप इंग विजेता रहे। सुशांत गोल्फसिटी स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में मैराथन के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय सेना के मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ, सीओएल कमांडेंट एसीएस लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और फिल्म डारयेक्टर अनुराग कश्यप ने मैराथन की शुरुआत कराई। 21 कि0मी,10 कि0मी,05 कि0मी, और 03 कि0मी की मैराथन का आयोजन लखनऊ रन में किया गया। इस दौरान मैराथन में दौड़ने पहुंचे लोगों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी अवनीश सिंह,आईपीएस नवीन अरोरा, आईएएस अनिल सागर भी मौजूद रहे। हेल्थ कांशियस बनने के लिए लोगों को प्रेरित करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। छह साल पहले इसकी शुरुआत की गई थी। द सेंट्रम की तरफ से इसका आयोजन किया गया। आयोजक सर्वेश गोयल ने कहा कि लखनऊ में स्पोर्ट्स और फिटनेस के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन की शुरुआत की थी।

10 मिनट की देरी से कोतवाली पहुंचे फरियादी को दरोगा ने पीटा

पीड़ित ने दरोगा पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर एसीपी से की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

मलिहाबाद। चिनहट में पुलिस हिरासत में हुई कपड़ा व्यापारी मोहित पांडेय की मौत का मामला शांत नहीं हो सकता था कि मलिहाबाद कोतवाली में तैनात दरोगा की बर्बरता का दूसरा मामला सामने आया है। जहां 10 मिनट की देरी पर कोतवाली पहुंचे फरियादी और उसके दोस्त को दरोगा ने लात-घूंसों से पीट दिया। दरोगा के व्यवहार से आहत फरियादी ने एसीपी मलिहाबाद से मदद की गुहार लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। फिलहाल, पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। मूलरुप से उन्नाव जनपद के भैसहरा गांव निवासी मजदूर हीरालाल मलिहाबाद में सहिलामऊ गांव में रेडीमेडी दीवार बनाने का कारीगर है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बीते 06 अक्टूबर को कुछ बाइक सवार युवकों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दस हजार की नगदी छीन ली थी। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ मलिहाबाद कोतवाली में तहरीर दी, बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। करीब अगले दिन पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करते हुए उन्नाव के शफीपुर थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन वहां से पीड़ित को मलिहाबाद कोतवाली में भेज दिया गया था। जहां मलिहाबाद कोतवाली में तैनात दरोगा मामले की जांच कर रहे थे।

पीड़ित का आरोप है कि रविवार को दरोगा ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया था। पीड़ित ने बताया कि दस मिनट की देरी पर वह दोस्त सोनू के साथ कोतवाली पहुंचा। दूरी से आने पर दरोगा भड़क गया और उल्टा ही फरियादी को आरोपी बताते हुए मारपीट करने लगा। हालांकि, दरोगा के अमानवीय व्यवहार से आहत फरियादी ने एसीपी मलिहाबाद से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

माइनर क्षतिग्रस्त करने वालों पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के फुलवरिया में मऊ माइनर की एक पटरी को कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर कच्चा रास्त बना डाला। जानकारी मिलने पर नहर विभाग के अधिकारी मौके पर गये लेकिन रास्ता क्षतिग्रस्त करने वालो की पहचान नही कर सके। जूनियर इंजीनियर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विगत कई दिनों से फुलवरिया में मऊ माइनर (टेल स्केप) के दायी पटरी को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर कच्चा रास्ता बना दिया। कई दिनों से रास्ते का निर्माण कराया जा रहा था लेकिन निर्माण कौन करवा रहा ये नहर विभाग नही जान सका। शारदा नहर लखनऊ खण्ड 2 के जेई रमेश चन्द्र ने पूरे मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कबीला रेस्टोरेंट हुआ सील

शत्रु संपति ने किया सील, रेस्टोरेंट संचालक नहीं दिखा पाया दस्तावेज

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार को हजरतगंज स्थित कबीला नाम के रेस्टोरेंट को सील किया गया। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक टीम के द्वारा अवैध रूप से चल रहे रेस्टोरेंट के खिलाफसख्त कार्रवाई की गई। होटल को सील करने के दौरान मौके पर क्षेत्रीय पुलिस और पीएसी के जवान भी मौजूद रहे। शहर के वीवीआईपी इलाके हजरतगंज में लंबे समय से अवैध रूप से चल रहे कबीला रेस्टोरेंट पर शिकंजा कसते हुए सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट संचालक से शत्रु संपत्ति के अधिकारियों ने कागजात की मांग किया जिसको दिखाने में रेस्टोरेंट संचालक असफल रहा । यह होटल महंगे खाने के लिए काफी चर्चित है। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक के द्वारा जारी किए गए बयान में जानकारी दी गई कि साल 2023 में रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में रेस्टोरेंट के संचालक को यह कहा गया था कि वह शत्रु संपत्ति के लखनऊ शाखा पर पहुंचकर दस्तावेज प्रस्तुत करें। एक साल गुजर जाने के बाद भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। रेस्टोरेंट की ओर से कोई भी कोई शत्रु संपत्ति के दफ्तर नहीं पहुंचा। होटल संचालक से शत्रु संपत्ति की ओर से यह जानकारी मांगी गई थी कि किस विभाग के द्वारा इन्हें यह रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति मिली है, इसके अलावा किराया किसके द्वारा तय किया गया जिसका कोई भी जवाब रेस्टोरेंट संचालक की ओर से नहीं दिया गया। रेस्टोरेंट खोलने के संबंध में जो नियमावली है उससे संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखाए गए जिसके बाद सील करने का फैसला लिया गया।

8 साल की बच्ची ने गिलियन सिंड्रोम से जीती जंग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 7 महीनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही 8 साल की बच्ची को केजीएमयू के डॉक्टर नया जीवन देने में कामयाब रहे। गिलियन बैरे सिंड्रोमश् नाम के बच्चों में फैलने वाले बेहद रेयर और घातक पैरालिसिस अटैक से अब बच्ची को पूरी तरह से राहत मिल गई हैं। स्वास्थ्य होने के बाद 22 अक्टूबर को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्ची का इलाज करने वाली डॉ.शालिनी त्रिपाठी ने दैनिक भास्कर को बताया कि ये बेहद रेयर किस्म का रोग हैं।

1 लाख बच्चों में महज 1 को ये बीमारी होती हैं। खास बात ये हैं कि इस बच्ची को जब बीमारी हुई तो बेहद गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर केजीएमयू पहुंचे। यहां जांच उपरांत उसमें इस रोग की पुष्टि हुई। इसके बाद जब ट्रीटमेंट शुरू हुआ तो आईजी-आईवी नाम के इंजेक्शन दिए गए। पर उसे कोई फायदा नही मिला।यही कारण रहा डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची को इलाज के दौरान बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा। लकवाग्रस्त होने के कारण शरीर साथ नही दे रहा हैं। सांस लेने तक भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। वेंटिलेटर सपोर्ट देकर उसे जिंदा रखा गया। पर हालात इस कदर बिगड़े कि उसे वेंटिलेटर तक से इन्फेक्शन हो गया।

उसके बाद न्यूरो के एक्सपर्ट तक से मदद ली गई। कई एक्सपर्ट की निगरानी में उसका इलाज चलता रहा। डॉ.शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची के इलाज विपन्न कैटेगिरी के तहत केजीएमयू में निशुल्क चला। इस दौरान परिजनों ने भी हार न मानते हुए जुटे रहे।

जेएमएसआईटी में हुआ फ्रेशर पार्टी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। गाजियाबाद स्थित जेएमएसआईटी संस्थान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक शानदार और बहुउद्देशीय फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड मिस तनवी गौर, और अन्य प्रोफेसर्स ने हिस्सा लिया।फ्रेशर पार्टी में स्वागत नृत्य, गीत गायन, स्किट, रैंप वॉक, फैशन शो, गेम्स, और मिस्टर व मिस फ्रेशर के चयन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। महिला सम्मान पर आधारित नाट्य मंचन ने सभी के दिलों को छू लिया और सामाजिक संदेश के साथ कार्यक्रम में एक विशेष प्रभाव जोड़ा।तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन, साक्षात्कार, और संस्थान में उनके व्यवहार के आधार पर सागर (बीसीए को मिस्टर फ्रेशर, मुस्कान राघव (एमबीए को मिस फ्रेशर, जशन दीप सिंह (बी.फार्म को बेस्ट पर्सनैलिटी ऑफ बॉयज, कशिश शर्मा एमबीए को बेस्ट पर्सनैलिटी ऑफ गर्ल्स, अरिन श्रीवास्तव (बीबीए को बेस्ट कॉस्ट्यूम ऑफ गर्ल्स, और अहसान ायोजनों में उत्कृष्ट सहयोग दिया।

युवती हत्याकाण्ड में तीन आरोपियों के मुक़द्दमा दर्ज, एएसपी पहुंचे

▸▸ आरोपी मृतका और उसकी माँ को दे चुका है धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। शनिवार को दिनदहाड़े कोतवाली क्षेत्र के गांव रसीदपुर खेड़िया रसीदपुर में हुई 18 वर्षीया युवती सपना पुत्री तेजपाल सिंह की हुई हत्या के मामले कोतवाली पुलिस द्वारा तीन आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है।

मृतका के पिता तेजपाल सिंह पुत्र दामोदर सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम रसीदपुर खेरिया द्वारा शनिवार को देर शाम दी गयी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा शिवम व आकाश पुत्रगण भगवान सिंह तथा मोहित पुत्र महाराज सिंह के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि शनिवार को सुबह 4 बजे तेजपाल सिंह अपने धान की फसल लेकर गांव के ही नरेश पुत्र रूपकिशोर के साथ धनीपुर मन्डी गया था। उसके साथ ही गांव के नरेन्द्र इत्यादि भी धनीपुर मन्डी धान बेचने गये थे।

तेजपाल का मोबाइल स्विच ऑफ होने पर नरेन्द्र के फोन पर गांव शीलेन्द्र ठाकुर के फोन से फोन आया था। उसने नरेन्द्र को बताया कि तेजपाल को सूचना कर दो कि उसकी बेटी सपना की हत्या हो गई है। सूचना पाते ही वह मौके पर अपने घर आया। तेजपालसिंह के अनुसार गांव का ही शिवम पुत्र भगवान सिंह काफी समय से लड़की सपना के पीछे पड़ा था। वह मृतका से जबरदस्ती करता था। इसलिए उसने सपना की शादी जल्दी करने की योजना बनायी थी।

रविवार को सपना को प्राईवेट तौर पर लड़के वालों को दिखाने के लिए ले जाने वाले थे। शिवम हमेशा इस बात की धमकी सपना को देता था कि मैं तेरी शादी किसी और से नही होने दूंगा, यदि तू किसी और से शादी करेगी या तो खुद मर जाऊँगा या तुझे मार दूंगा। यह धमकी वह कई बार उसकी पुत्री सपना और पत्नी किशन देवी को भी दे चुका है। शनिवार को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे पुत्री सपना घर पर अकेली थी। पत्नी और दोनों छोटी बेटियां धान काटने खेत गयी थी। बेटा दीपक स्कूल गया था। ऐसे में मौका पाकर शिवम पुत्र भगवान सिंह व आकाश पुत्र भगवान सिंह तथा मोहित पुत्र महाराज सिंह मेरे घर में घुस गये।और सपना की हत्या कर दी। इन तीनों को घर से निकलते हुए मेरे भाई डालचन्द्र व तेहरे भाई छिगनपाल सिंह ने देखा है।

गांव में दूसरे दिन में भी नही सुलगे चूल्हे, पसरा सन्नाटा। रविवार को भी गांव रसीदपुर खेड़िया में चूल्हे नही सुलगे। दूसरे दिन भी गांव में सन्नाटा सा पसरा रहा। शाम को मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो एक बार फिर कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में मृतका के शव का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों की माने तो कोतवाली पुलिस द्वारा रविवार को दो नामजद आरोपियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बदबू आने पर 400 किलो खोया कराया नष्ट

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। खोया की डलियों में बदबू आ रही थी और मक्खियां भिनक रहीं थीं...यह देख खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वाहन को रुकवा लिया। इसी वाहन में खोया ले जाया जा रहा था। जानकारी करने पर पता चला कि इसकी सप्लाई चौपला मंदिर बाजार में होनी थी। इसी बाजार में खोया की बड़ी दुकानें हैं। टीम ने वाहन में रखा 400 किलो खोया नष्ट करा दिया। इसके सैंपल भी ले लिए।

त्योहारों के इस सीजन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को रोज ही इस तरह कहीं बदबूदार मावा तो कहीं पनीर मिल रहा है। इसे देखने पर ही पता चलता है कि यह मिलावटी और सेहत के लिए खतरनाक है। शनिवार की दोपहर मेरठ से चौपला मंदिर बाजार जा रहे जिस वाहन में खोया की डलियां रखी थीं, उसमें साफ-सफाई भी नहीं थी।

चेकिंग अभियान में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि यह खोया सेहत के लिए हानिकारक था। इसकी कीमत लगभग 88,000 रुपये है। इसे नष्ट करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त अरविंद कुमार ने बताया कि और भी जगह जांच की गई।

खोड़ा कॉलोनी से खाने के तेल का नमूना लिया गया। लोहियानगर, पटेलनगर से रिफाइंड सोयाबीन तेल, बादाम, सफेद रसगुल्ले के नमूने लिए गए। ब्रिज विहार से गुलाब जामुन, बर्फी, कलाकंद, बेसन लड्डू और पेड़े के नमूने लिए गए। कुल 32 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

कई जगह देखा गया दुकानदार दिवाली, भैया दूज के लिए अभी से मिठाई बनाकर रख रहे हैं। तीन दिन में 780 किलो पनीर और मिठाई नष्ट कराई गई हैं।खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि मोदीनगर में मिठाई के नमूने लिए गए हैं। इनमें जांच के लिए भेजा गया है। यहां पतीसा नाम की मिठाई नष्ट कराई गई। इसमें बदबू आ रही थी।

एसडीएम ने कालाबाज़ारी को जाते एक ट्रक राशन का चावल पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो



जलेसर/एटा। कोतवाली क्षेत्र में अवैध कारोबारों पर अंकुश नही लग पा रहा है। शनिवार की शाम एसडीएम विपिन कुमार मोरेल ने नगर के निधौली चौराहा के निकट से अवैध रूप से कालाबाज़ारी को जाते हुए एक ट्रक चावल की बोरियां पकड़ी।इसी दौरान घटनास्थल पर कुछ मीडिया कर्मी भी पहुंच गये। चावल माफियाओं और मीडिया कर्मियों में मारपीट हो गयी। मीडिया कर्मियों द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। वही एसडीएम द्वारा पकड़े गये चावलों को पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नगर के मोहल्ला गली बोहरान निवासी गौरव गुप्ता पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता एक समाचार पत्र से संवाददाता है। आरोप है कि शनिवार की रात्रि 10-35 बजे सूचना मिली कि एसडीएम जलेसर ने अवैध राशन चावल का ट्रक निधोली चौराहे पर पुलिस चौकी के पास खड़ा करा दिया है। जिसकी कवरेज करने वह एक अन्य साथी पत्रकार योगेन्द्र प्रतापसिंह पुत्र शीलेन्द्र पाल सिंह के साथ गये थे।

तभी राकेश गुप्ता चावल माफिया अपने कुछ गुंडों, परिवार के साथ दर्जनों लोग मौके पर ले आया।राकेश गुप्ता के साथ मौजूद कुछ गुंडों और परिवार ने रिकॉर्डिंग करने से रोका। रिकॉर्डिंग रोकने को विरोध किया। इसके बाद राकेश गुप्ता इत्यादि ने मिलकर दोनों पत्रकारों को बुरी तरह पीट दिया। तथा उनके मोबाइल और पैसे लूट लिए। जबकि मौके पर खड़ी जलेसर कोतवाली पुलिस तमाशबीन बनी रही। पुलिस चौकी के सामने घटित इस वारदात में एक पत्रकार किसी तरह वहां से छुपते छुपाते खेतों के रास्ते भाग गया। दूसरे को किसी तरह से पुलिस ने बचा लिया। मामला बढ़ता देख देख एक पत्रकार के मोबाइल को पुलिस द्वारा वापस करा दिया गया।मगर तहरीर दिये जाने के बाबजूद पुलिस द्वारा अबतक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

अवैध जुआ सट्टा खेलते 9 जुआरी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

एटा/कासगंज। अवैध जुआ एंव सट्टे के विरूद्ध कासगंज पुलिस का अभियान जारी, थाना कोतवाली द्वारा 09 जुआरियों को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 5100/- रुपए नकद एवं 02 अदद ताश गड्डी बरामद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर आँचल चौहान के नेतृत्व में थाना कोतवाली कासगंज पुलिस द्वारा रविवार को गली गद्दियान मोहल्ला नबाब से 09 अभियुक्तों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है तथा अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 5100/- रूपये नकद एवं 02 अदद ताश गड्डी बरामद हुई हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कासगंज पर मु0अ0सं0 701/2024 धारा 13 जी एक्ट जुआ पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है।

जब दोपहिया की करो सवारी, तो हेलमेट से भी कर लो यारी

▸▸ यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 01 वाहन सीज एवं 146 वाहनों के किये गये चालान

लोकमित्र ब्यूरो

एटा/कासगंज। यातायात प्रभारी कासगंज द्वारा जनपद में चलाया गया वाहन चैकिंग अभियान, अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 01 वाहन सीज एवं 146 वाहनों के किये गये चालान। रविवार को अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं राजेश कुमार भारती अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज के पर्यवेक्षण तथा सुश्री आँचल चौहान क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में लक्ष्मण सिंह, प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा जनपद में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया ।

अभियान के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों, एच0एस0आर0पी0 व स्पीड लेजर मशीन गन (इंटरसेप्टर उपकरण) से ओवर स्पीड में चलने वाले वाहनों के सम्बन्ध में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए 01 वाहन सीज एवं 146 वाहनों के चालान किये गये हैं एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने, ओवर स्पीड/वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग/नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु निर्देशित किया गया ।

साथ ही 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों द्वारा वाहन ड्राइविंग करने पर अभिभावको के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए जागरुक किया गया है ।

न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में दिवाली मेले का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। प्रताप विहार स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में दिवाली मेले अतुल्यदीप का आयोजन किया गया। मेले में स्कूल के बच्चों ने गेम व व्यंजनों के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मेले का उदघाटन स्कूल की निदेशक मुनीष अग्रवाल व प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने किया। प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने कहा कि दिवाली का मेला अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी एकता व भाईचारे को मजबूत व जरूरतमंदों के जीवन से दुखों का अंधकार दूर उनके जीवन में खुशी फैलाने का संदेश देता है। उन्होने कहा कि दिवाली मेले के आयोजन से लोगों को आपस में मिलने का मौका मिलता है। दिवाली मेले नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए मिक्की माउस, डान्सिंग ग्लासिस, पिक द बॉल जैसे खेल आकर्षण के केन्द्र रहे। डांडिया डांस व रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी विभिन्न प्रकार के गेम खेले और पुरस्कार भी जीते। प्रधानाचार्या रूचि गुप्ता ने सभी को दीपावली पर्व की बधाई दी।

साइबर अपराधी ठगी करने के अपना रहे नए-नए तरीके

संवाददाता वैभव पचौरी

एटा/कासगंज। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में दिनांक 27.10.24 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों, कस्बों, स्कूलों, कालेजों, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल का आयोजन कर जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर साइबर अपराध के बारे विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि तकनीकी विकास के चलते आधुनिक जीवन शैली में समय के साथ इंटरनेट का प्रयोग आम जीवन में बढ़ता जा रहा है, एक ओर जहां इसके कई लाभ हैं तो दूसरी ओर इसके बहुत से नुकसान भी हैं। आपकी एक छोटी सी चूक साइबर अपराधियों के लिए डेटा चोरी के द्वार खोल सकती है। साइबर अपराधी आपके पैसे चुरा सकते हैं। आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते हैं, आपकी एक छोटी सी चूक से साइबर अपराधी गैरकानूनी रूप से आपकी निजी जानकारी प्राप्त कर उसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।अधिकांश साइबर अपराध मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं।

इसलिए साइबर सुरक्षा जागरूकता महत्त्वपूर्ण है। साइबर अपराध हमेशा आर्थिक लाभ से प्रेरित नहीं होते हैं अपितु साइबर अपराध में गैर-आर्थिक लाभ भी शामिल हैं। इसमें नौकरी से संबंधित धोखाधड़ी, वैवाहिक धोखाधड़ी, व्यक्तिगत जानकारी (आधार कार्ड का विवरण, क्रेडिट/डेबिट कार्ड का विवरण, बैंक खातों की सूचना आदि) को चुराकर उनका दुरूपयोग करना, सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति की मानहानि या कम्प्यूटर वायरस फैलाना आदि शामिल है।

साइबर अपराध की परिणीति शारीरिक या यौन शोषण तक भी हो सकती है। साइबर अपराध से बचने के लिए किसी भी एकाउंट को लॉग आउट किए बिना ब्राउजर विंडो को बंद न करें, किसी अन्य के कम्प्यूटर का उपयोग करते समय दो चरणीय सत्यापन जैसे- वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) का उपयोग करें, वेब ब्राउजर पर उपयोगकर्ता पहचान (ह्यद्गह्म-द्ब्ठ्ठ) और पासवर्ड सेव न करें, सोशल नेटवर्किंग साइट पर गैर अधिकृत पहुंच की सूचना पाने के लिए अपना मोबाइल नम्बर पंजीकृत करें, अज्ञात व्यक्ति या संस्था को अपने पहचान प्रमाणों जैसे- आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स आदि का विवरण या प्रतिलिपि कभी न दें, सोशल मीडिया पर अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त होने पर सतर्क रहें व ऐसी रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें।

साइबर अपराधी, पीड़ितों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से दोस्ती करने के लिए नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाते हैं, किसी अज्ञात व्यक्ति जिससे आप सिर्फ सोशल मीडिया के माध्यम से मिले हैं।

विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के तत्वावधान में हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय शान्ति नगर एटा पर किया गया बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि उ.प्र में कुकुरमुत्तों की तरह उपज आये है गौ सेवा करने वाले संगठन लेकिन वह गौ सेवा के नाम पर दलाली में जुटे हुए हैं जिनका सिर्फ एक सूत्रीय कार्यक्रम है पैसा पैदा करना,ऐसा करने वालों को भगवान नरक मे भी जगह नहीं देगा जो कि पैसो के खातिर अपनी गौ माता को कटवा रहे हैं। सूत्रों द्वारा पता यह भी पता चला है कि कुछ लोग विश्व हिन्दू परिषद व आरएसएस का नाम लेकर गोवंशों की गाड़ियों को रोककर उनसे दलाली करते हैं तथा संगठन की छवि धूमिल करने का कार्य कर रहे है। अरविंद चौहान ने कहाँ कि ऐसे लोगों के खिलाफ जिस दिन कोई ठोस सबूत मिल गया उसी दिन इन लोगों पर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।सूत्रों द्वारा यह भी पता चला है कि यह फर्जी संगठनों के लोग मलावन टोल प्लाजा से लेकर पिलुआ थाने तक गाडियों का पीछा करते हैं गाडी में चाहे गोवंश हो या और कोई जानवर हो।ऐसे लोग रात्रि के समय मे ही गौ सेवा करते हैं,गौ सेवा के नाम पर धन उगाई का ञधन्धा बना लिया है। अरविंद चौहान ने कहाँ कि मै इस संबंध में शीघ्र ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा से मिलकर वार्ता करके अवगत कराता हूँ। बैठक में, आशीष फौजी, अतुल कुमार, अबनेंद्र राजपूत, हिमांशु बर्मा, विवेक राठौर, मोहित यादव, जितेंद्र कुमार, संजय सिंह, प्रवेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईवीएफ ने अजनारा इंटीग्रिटी में निःशुल्क फर्टिलिटी कैंप का किया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। अजनारा इंटीग्रिटी, राजनगर एक्सटेंशन के क्लब हाउस में दिल्ली आईवीएफ गाजियाबाद ब्रांच की ओर से निःशुल्क फर्टिलिटी और आईवीएफ ट्रीटमेंट का परामर्श कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर 20 से अधिक दंपतियों का निःशुल्क चेक-अप किया गया और उन्हें आवश्यक उपचार के बारे में जानकारी दी गई।

दिल्ली आईवीएफ के रीजनल हेड, मोनू कुमार त्यागी ने बताया कि उनका उद्देश्य फर्टिलिटी जागरूकता बढ़ाना और निस्संतान दंपतियों को सही उपचार के प्रति मार्गदर्शन देना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में हर रविवार को इस तरह के कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। आज के इस कैंप को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए अजनारा इंटीग्रिटी की के अध्यक्ष अनुज कुमार और सचिव गौरव कुमार का विशेष आभार व्यक्त किया गया। दिल्ली आईवीएफ, जो 1993 से कार्यरत है, अब तक 20,000 से अधिक दंपतियों को सफल आईवीएफ उपचार के माध्यम से संतान का सुख प्रदान कर चुका है। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. मनन गुप्ता ने बताया कि आईवीएफ ट्रीटमेंट एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इसका सफल परिणाम देखा गया है।

उन्होंने बताया कि हर माह 100 से अधिक दंपतियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जाता है।इस कैंप में दिल्ली आईवीएफ टीम की ओर से डॉ. तमन्ना कसाना, पूजा रानी, पूजा, और रीजनल हेड मोनू कुमार त्यागी उपस्थित रहे।

निर्धन परिवार के लिए उपलब्ध करायेंगे निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगीः मानवेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मानवेन्द्र सिंह चौहान, मनु सर्वप्रथम जनपद के समस्त जनपदवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धनपूजा व भैयादूज की अग्रिम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, अनुरोध किया कि आपके आसपास या जनपद के किसी भी स्थान पर जो भी गरीब, असहाय, निर्धन व्यक्ति(परिवार) हो, जो दिवाली का त्यौहार बनाने में असमर्थ हों उनके लिए मेरे तरफ से निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी उपलब्ध कराई जायेगी। जिसके लिए मेरे नम्बर 9719972939 पर सम्पर्क कर जानकारी दे सकतें हैं। जिससे उन गरीब, असहाय, निर्धन व्यक्ति(परिवार) को ससमय मदद मिल सके। इससे पहले भी कई त्यौहारों पर भी मेरे द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसी प्रकार इस दिवाली के पावन पर भी उपलब्ध कराई जायेगी।

अनियंत्रित बाइक बिजली पोल से टकराने से युवक की हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। कोतवाली अलीगंज के ग्राम हरसिंगपुर के समीप बीती देर रात एक अनियंत्रित बाइक सवार बिजली के पोल से टकरा गयी।टक्कर लगने से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा।लहूलुहान बाइक सवार पर जब राहगीरों की नजर पड़ी।वैसे ही सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार युवक की मृत घोषित कर दिया।युवक की पहचान ताजिम पुत्र नईम अख्तर निवासी मोहल्ला नवाब जनपद कासगंज के रूप में हुई।पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलते ही मृतक के परिजन देर रात तक अलीगंज अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार युवक सराय अगहत की तरफ से आ रहा था तभी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई।जिसकी वजह से युवक सिर और शरीर एम गम्भीर चोट आई।खून अत्यधिक बह जाने के कारण युवक की मौत हो गई।वहीं युवक की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही सड़क हादसे की सूचना प्राप्त हुई तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची घायल 32 वर्षीय युवक को अलीगंज स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है।शव का पंचनामा भर बॉडी पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दी है।

संक्षिप्त खबरें

112 पीआरवी कर्मियों के साथ की बात गोष्ठी की

अमेठी। रविवार को फायर स्टेशन गौरीगंज में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/सहायक नोडल अधिकारी का 12 द्वारा यूपी112 पीआरवी में नियुक्त जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गयी । गोष्ठी में पीआरवी स्टाफ को प्राप्त इवेंट को कम से कम समय में सफल रिस्पांस करने हेतु, एक प्वॉइंट से दुसरे प्वॉइंट पर जाते समय हूटर/सायरन का प्रयोग करने, कॉलर/पीड़ित को अल्पसमय में पुलिस सहायता पहुचाने के साथ-साथ उनके साथ सदभावपूर्वक व्यवहार करने, अच्छी वर्दी धारण करने आदि के संबन्ध में बताया गया जिससे आमजनमानस में पुलिस की अच्छी छवि बनी रहे । इस अवसर पर प्रभारी यूपी112 व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे ।

अक्टूबर को मनाई जाएगी लौह पुरुष की जयंती

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को नरक चतुर्दशी तथा 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्योहार पर जाने के कारण दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती जनपद में 29 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इसके लिए सभी विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षक समाज के सारथी है,शिक्षक जितनी ईमानदारी से अपना काम करेगा, राष्ट्र उतना ही आगे बढ़ेगा

उन्नाव। शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि शिक्षक समाज के सारथी है,शिक्षक जितनी ईमानदारी से अपना काम करेगा, राष्ट्र उतना ही आगे बढ़ेगा यूनिटी पब्लिक स्कूल रानीगंज में विद्यालय संस्थापक स्व. रवींद्र कुमार %मन्नी% जी की पंचम पुण्यतिथि बोलते हुए कही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल,आशुतोष शुक्ला विधायक भगवंतनगर, अरुण सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उन्नाव, हरि सहाय मिश्र मदन पूर्व सभापति जिला सहकारी बैंक उन्नाव सहित संभ्रांत लोगों ने स्व रवींद्र कुमार की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज बहादुर सिंह चंदेल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने स्व रवींद्र कुमार जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने विद्यालय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर क्षेत्र को शैक्षिक स्तर पर उन्नति के शिखर पर पहुँचाने का काम कर रहा है।विद्यालय परिवार शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए जिस तरह से हमारा सहयोग चाहेगा, हम हमेशा विद्यालय को सहयोग करेंगे। स्व रवींद्र कुमार की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में कवित्री विभा चौधरी ने माँ सरस्वती की वंदना शारदे सरस्वती सुरेशनी वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि विकास बौखल बाराबंकी ने किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए सुनाकर खूब तालियां बटोरी।इटावा से आये कवि रोहित चौधरी मैं भूषण की सिंह गर्जना, खुद की ताकत रखता हूँ,वंदे मातरम होठो पर और दिल में भारत रखता हूं सुनाकर देशभक्ति की भावना जगाई।अनुभव अज्ञानी उन्नाव हास्य रस की कविता से व्यग करते हुए सुनाया गयी मेरी जान छोड़ इस तरह, यूपी में जिस तरह बसपा चली गई सुनाकर श्रोताओं को खूब हँसाया।लखनऊ से आये कवि प्रख्यात मिश्रा ने देशभक्ति से परिपूर्ण कविता बोटी बोटी कट जाऊ, इंच इंच बट जाऊ, लाडला न पुरखो की नाक को कटायेगा, या तो ये तिरंगा में लिपट घर जाऊंगा माँ, या तो ये तिरंगा सीमा पर लहराएगा सुनाकर लोगो मे देशभक्ति की भावना को जगाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक राम औतार कुशवाहा ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निदेशक राकेश वर्मा जी, प्रबंधक अर्चना वर्मा जी, प्रबंगधक/सचिव इंदुलता वर्मा जी,अवध बिहारी बाजपेयी जी,.....

विद्यालय प्रधानचार्य अतुल कुमार साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

आवास योजना में नाम होने पर भी दर दर भटकने को मजबूर पात्र लाभार्थी

औरास, उन्नाव। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थी अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाने को मजबूर हैं अधिकारियों के द्वारा लगातार आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है शासन के मनसा अनुरूप कार्य न करके स्थानीय राजनीति के द्वेष तथा पार्टी बंदी को लेकर अपात्रों को भी पात्र बना करके आवास योजना का लाभ पहुंचा जा रहा है जिससे आवास योजना से वंचित हुए परिवारों में निराशा का भाव जागृत होता दिखाई पड़ता है प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला विकासखंड मियागंज के ग्राम पंचायत खुटेहना पोस्ट तियर का है जंहा रहने वाली रामदेवी पत्नी रुदन प्रशासनिक लापरवाही के चलते जिम्मेदारों के अनदेखी के कारण कच्ची दीवारों के बीच छप्पर के नीचे परिवार सहित जीवन यापन करने को मजबूर है विकासखंड के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा लाभार्थी को लगातार आश्वासन के सिवाय किसी भी प्रकार का लाभ प्राप्त नहीं कराया गया है उक्त महिला का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी सूची में नाम होने के बावजूद पिछले 1 साल से कागजों पर लाभार्थी बनाकर टरकानें का काम किया जा रहा है जिससे प्रधानमंत्री की लब्धप्रतिष्ठित आवास योजना को पलीता लगता नजर आ रहा है वही आवास का इंतजार कर रहे आर्थिक रूप से वास्तविक पात्र लाभार्थियों में निराशा धीरे-धीरे अपना घर बनाती जा रही है इस संबंध खंड विकास अधिकारी मियागंज से बात की गई तो उन्होंने बताया उक्त महिला का नाम लाभार्थी सूची में दर्ज किया जा चुका है तथा पहली किस्त भेजने की कार्यवाही अति शीघ्र शुरू की जाएगी।

सीएम योगी ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में टेका मत्था

वाराणसी। वाराणसी अपने एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत स्कालरशिप का उद्घाटन किया। यहां से मुख्यमंत्री का काफिला काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर पहुंचा। जहां उन्होंने विधि विधान से दर्शन-पूजन किया। इसके बाद श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेका और प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए प्रार्थना की। द्वारा बनवाई गई 51 फीट की राम भक्त हनुमान की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट किया।

पुलिस ने बुलाई पीस कमेटी की बैठक

बड़ी खरीद वाले ग्राहकों को उनके घर तक सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के लिए कोतवाली प्रभारी जी को उप जिला अधिकारी ने दिया निर्देश

लोक मित्र संवाद

हसनगंज, उन्नाव। उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में कोतवाली हसनगंज परिसर में आगामी धनतेरस, दीपावली वभैया दूज आदि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोतवाली हसनगंज में ग्राम प्रधान , व्यापारी व जन मानस के साथ बैठक की गई जिसमें उप जिला अधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद जी ने धनतेरस के अवसर पर यदि परिवार से केवल महिला ग्राहक आती है तो उनकी बड़ी खरीददारी या अन्य ग्राहक भी कोई बड़ी खरीददारी करते हैं तो व्यापारी लोग उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोतवाली प्रभारी को सूचना दें जिससे उनको उनके घर तक जाने के लिए सुरक्षा मुहैया कराई जा सके दीपावली के अवसर पर लगने वाले पटाखे की दुकाने उन्हें निश्चित स्थान पर लगेंगी जो जिला अधिकारी के द्वारा स्वीकृति दी गई है और उसमें जो सुरक्षा के लिए निर्देश दिए गए हैं उनको भी बताया यूपी जिला अधिकारी ने कहा कि जो भी त्यौहार हैं उनको अपने परिवार व ईस्ट मित्रों के साथ सौहार्द पूर्ण रूप से मनाएं।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

उन्नाव। जिले के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 115 वें मन की बात का कार्यक्रम सुना गया । जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार और विधायक सदर पंकज गुप्ता द्वारा नगर मण्डल की बूथ संख्या 152 पर शक्तिकेन्द्र संयोजक , बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत में हर युग में नई चुनौती आई है, लेकिन हमने उसे पार पाया है । पीएम ने इसी के साथ क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को याद किया। पीएम ने अपने संबोधन में डिजिटल अरेस्ट का भी जिक्र किया। पीएम ने बताया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट के तहत फ्रॉड किया जा रहा है और लोगों की गाड़ी कमाई को लूटा जा रहा है। पीएम ने कहा कि ये लोग फोन पर ऐसा वातावरण बना देते हैं कि आप डर जाते हैं। ये लोग कहते हैं ये करो नहीं तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन ये सब फ्रॉड है । पीएम ने आगे कहा कि भारत हर सेक्टर में कमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भी भारत में क्रांति चल रही है। इसके कारण देश में क्रिएटिविटी की लहर है। पीएम ने ऑनलाइन गेमिंग में भारत की पकड़ और गेमर्स की भी तारीफ की । भाजपा जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने अपने अपने बूथ पर मन की बात सुनी साथ ही बूथ पर संपर्क कर सदस्यता भी की।भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम संयोजक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में जिला मॉनिटरिंग टीम द्वारा प्रत्येक बूथ की मॉनिटरिंग व समीक्षा की गई।

शराबी बाप ने इकलौते बेटे को जमीन पर पटक कर मार डाला

लोकमित्र संवाद

बांगरमऊ,उन्नाव। शराबी नशे में धुत होकर अपनी पत्नी की लात-घूंसों से पिटाई करने लगा। विरोध करने पर वह पत्नी की गोद में बैठे दो वर्षीय अबोध बेटे की भी पिटाई कर दी और उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे बच्चे की मौत हो गई। पत्नी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दारापुर निवासी शारून पुत्र स्वर्गीय लियाकत शराब पीने का आदती है। पत्नी नगमा बानों द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार उसका पति अक्सर दारू के नशे में धुत होकर उसकी पिटाई करता रहता है। आज शनिवार की शाम पति शारून दारू के नशे में धुत होकर अपने घर आ पहुंचा और अपनी पत्नी की लात-घूंसों से अकारण पिटाई करने लगा। विरोध करने पर पति आग बबूला होकर पत्नी की गोद में बैठा दो वर्षीय अबोध बच्चे की पिटाई करने लगा। शराबी शारून पर इस कदर खून सवार हो गया कि उसने अपने ही इकलौते अबोध बेटे को अपनी पत्नी की गोदी से छीन लिया और उसे जमीन पर पटक - पटक कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। पत्नी किसी तरह कोतवाली आई और घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

जिसके हृदय में राम विराजते हैं उसके लिए विष भी अमृत हो जाता हैः सपना गोयल

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में जिला रुदौली के अम्बौर गांव में वृहद स्तर पर भक्तों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का अनुष्ठान रविवार 10 नवम्बर 2024 को दोपहर दो बजे किया जाएगा। यह जानकारी रविवार 27 अक्टूबर को स्थानीय भूतनाथ मार्केट के, बीदृ209, सावित्री प्लाजा में आयोजित मासिक धार्मिक संगोष्ठी के दौरान सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने दी। इस मासिक संगोष्ठी में सुंदरकांड के महत्व और धर्म रक्षा पर भी उन्होंने व्याख्यान देकर अपने खुद के उत्थान के साथ-साथ अपने समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण विश्व की कल्याण के लिए नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर भक्तों ने सरस भजनों का भी आनन्द लिया।सपना गोयल ने सत्संग में बताया कि हनुमत पूजा के लिए मंगलवार और शनिवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है।

अधेड़ किसान ने आत्महत्या कर जीवन लीला की समाप्त

लोकमित्र संवाद

हसनगंज,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र हसनगंज के एक ग्राम में एक किसान ने बीमारी से तंग आकर लोन की अदायगी समय पर न कर पाने की असमर्थता के चलते खुदकुशी कर ली है परिवारजनों ने आत्महत्या की सूचना कोतवाली में दी है कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बुलाकी दास में रहने वाले किसान कमलेश उम्र लगभग 52 वर्ष बीमारी के कारण परेशान रहते थे जिनका निरंतर इलाज चलता रहता था मृतक किसान के नाम किसान क्रेडिट कार्ड और 1 वर्ष पूर्व लोन पर ट्रैक्टर भी खरीदा था जिनकी समय पर अदायगी नहीं हो पा रही थी क्योंकि किसान का बहुत सा पैसा उसकी बीमारी आदि में खर्च हो जाता था जिस कारण वह परेशान रहता था और आज प्रातः उसने गांव के नजदीक एक बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली मृतक के तीन पुत्र एक पुत्री व पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के पुत्र अवधेश कुमार ने इस घटना की सूचना कोतवाली पर दी इसके बाद तुरंत ही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत जी ने हल्का दरोगा को भेज कर शव को पंचनामा कराकर शव विच्छेदन हेतु भेजने का निर्देश दिया शेष कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिया है ।

मेरे घर राम आए हैं..गीत से भक्तिमय हुआ माहौल

लोक मित्र संवाद

बीघापुर, उन्नाव। गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में शनिवार की देर शाम दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के सभागार में बच्चों द्वारा बनाई गई सतरंगी आकर्षक रंगोली व बिजली की झिलमिल झिलमिल जलती बिजली की झालरों से जगमगाते माहौल में राम लखन सीता के अयोध्या आगमन के दृश्य के बीच बच्चों द्वारा गाये गए भजन मेरे घर राम आए हैं सहित प्रस्तुत किये गए भक्ति गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने जहाँ सबका मनमोह लिया वहीं पूरा माहौल भक्ति मय हो गया । दिवाली उत्सव का समापन राम दरबार की आरती के साथ हुआ। दिवाली उत्सव का प्रारंभ गणेश-लक्ष्मी और भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के वेश में सजे बच्चों के चंदन-वंदन और पुष्पवर्षा से हुआ। गणेश के रूप में कक्षा 5 के बालाजी और लक्ष्मी के रूप में प्रक्षालिकासिंह तथा राम लक्ष्मण और हनुमान के रूप में प्रबल, दर्श और अग्रिम प्रस्तुत हुए। माता सीता की भूमिका श्रद्धा ने निभाई। कक्षा 6 की छात्रा पीहू पटेल और कक्षा 5 की छात्रा वैष्णवी साहू ने भजन- %मेरे घर राम आए हैं..% सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कक्षा 4 की छात्रा ईशानी पांडे और कक्षा 5 की छात्रा राशि पटेल ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कक्षा 8 के रुद्र प्रताप सिंह कक्षा 5 की वंशिका सिंह और कक्षा चार की आराध्या सिंह ने दिवाली उत्सव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 5 की छात्रा उपासना वाजपेई ने सफलतापूर्वक किया। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने दिवाली धनतेरस हनुमान जयंती की बधाई देते हुए बच्चों को दीपक की तरह अपने अंदर ज्ञान का उजाला फैलाने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि हमारे सभी पर्व और त्योहार सामुदायिक चेतना को सजीव करते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम पड़ोसी के घर में भी दीपक जलाकर रोशनी का संचार करें। प्रधानाचार्य शिवानी सिंह, काउंसलर डॉ कुसुमलता द्विवेदी, श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, शिखा त्रिपाठी, अंजुम बेगम, अजीत सिंह ने भगवान के वेश में सजे बच्चों की आरती उतारी। भगवान राम के जयकारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

हल्का लेखपाल और कानून गो द्वारा की गई एक पक्षीय कार्यवाही

दबंग के प्रभाव में आकर की गई कार्यवाही

लोक मित्र संवाद

अमेठी। राजस्व विभाग के खेल निराले हैं जिसमें खलिहान और नवीन परती की जमीन पर कई लोगों द्वारा कब्जा किया गया था ।लेकिन हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक दबंग के आगे नतमस्तक हो गए और सीधे-साधे लोगों पर कार्यवाही की और दबंग द्वारा किए गए कब्जे को हटाने से परहेज किया। मामला अमेठी जनपद के विकासखंड भादर के अंतर्गत स्थित कुरंग गांव का है। जहां पर हल्का लेखपाल अरविंद यादव और राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की गई और वह भी बिना सूचना के अतिक्रमण हटा दिया गया । कुरंग गांव की खसरा संख्या 310 व 311 राजस्व अभिलेखों में नवीन परती व खलिहान के रूप में दर्ज हैं ।गांव के दबंग अनिल कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, सुशील कुमार यादव पुत्रगण केदारनाथ यादव ,राम अवतार यादव पुत्रगण मनीराम यादव तथा आदित्य कुमार पुत्र अनिल कुमार यादव,संदीप यादव पुत्र सुशील कुमार यादव ने सहित अन्य लोगों ने कब्जा किया था ।लेकिन हल्का लेखपालव राजस्व निरीक्षक द्वारा दबंग अनिल ,सुनील ,सुशील ,आदित्य ,संदीप और राम अवतार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई ,ना ही इनके द्वारा किए गए कब्जे को हटाया गया ।वहीं दूसरे पक्ष के रखे टीन सेड को हटा दिया गया। लेखपाल द्वारा की गई एक पक्षीय कार्रवाई से गांव के लोग राजस्व विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। अतिक्रमण हटाने की सूचना हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा दी नहीं गई थी।बिना नोटिस के की गई कार्यवाही से जगतपाल यादव व उनके परिवार पूरी तरह से सहमा व डरा हुआ है ।आखिर लेखपाल और कानूनगो किसके दबाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई की ।

उपजिलाधिकारी व डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर के आश्वासन के बाद किसान यूनियन का धरना समाप्त

उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गनेशीखेड़ा के पास कट बनाए जाने का मामला

लोक मित्र संवाद

पाटन,उन्नाव। रायबरेली उन्नाव राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम गनेशीखेड़ा के पास कट बनाए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा किए जा रहे धरने के चौथे दिन उपजिलाधिकारी व एन एच आई के आधिकारी डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया । तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम गनेशीखेड़ा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कम्पनी पी एन सी द्वारा कट न बनाए जाने से ग्रामीणों व किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । कट बनाए लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष मुन्ना सिंह देवारा के नेतृत्व मे किसान यूनियन के सदस्यों चार दिनो से लगातार धरना दे रहे थे ।जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह देवारा ने बताया कि कट न बनाए जाने से कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों, पोस्ट ऑफिस व पुलिस स्टेशन व बाजार जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । रविवार को चौथे दिन उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह व राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कम्पनी के डीपीएम शशि भूषण धरना स्थल पर पहुंचकर 25 नवंबर तक समस्या समाधान का आश्वासन दिया। एस डी एम तथा डी पी एम के आश्वासन के बाद किसान यूनियन ने धरना समाप्त कर दिया गया।

नाबालिक किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

औरास, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिक किशोरी ने घर में डांटे जाने से क्षुब्ध होकर घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया परिजनों ने दरवाजा खोला तो शव फांसी पर लटका देख बदहवास हो गए शव को फांसी से उतार कर पुलिस को बगैर सूचना दिए कब्रिस्तान में दफन कर दिया। औरास थाना क्षेत्र के दिपवल गांव निवासी जान मोहम्मद की 15 वर्षीय बेटी सम्मो ने घर के अंदर दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त कर लिया जब परिजन घर पहुंचे तो घर का दरवाजा खोलकर दूसरी मंजिल पर ढूंढते हुए पहुंचे तो जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला तो शव फांसी पर लटकता हुआ देखकर मां बदहवास हो गई और अन्य सदस्यों ने पहुंच कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर पुलिस को बगैर सूचना दिए किशोरी के शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया मृतक दो भाई व दो बहन थी परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

अफवाह फैलाई गई, हुई थी हत्या, पुलिस ने किया खुलासा, हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

लोक मित्र संवाद

अमेठी।जनपद के थाना संग्रामपुर अंतर्गत जयराम प्रजापति पुत्र स्व0 रामनरेश प्रजापति का शव टीकरमाफी कस्बा के समीप तलिया की बाग में मिला था । जिसे लेकर लोगों में भ्रम फैलाया गया था कि जंगली जानवर द्वारा उनका शिकार किया गया है,मामला ग्राम टीकरमाफी थाना संग्रामपुर का है,उक्त घटना की जांच कर रहे , ईश नारायण मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर मय हमराह कस्बा टीकरमाफी में मौजूद थे कि स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी उ0नि0 अनूप कुमार सिंह मय हमराह मौके पर आ गये । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के धर पकड़ के बारे में बातचीत की जा रही थी कि तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी शिवशंकर विश्वकर्मा मिश्रौली रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कहीं भागने की फिराक में है । इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मिश्रौली रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया । नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवशंकर विश्वकर्मा पुत्र शिवराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम टीकरमाफी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष बताया । पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त शिवशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि जयराम प्रजापति (मृतक) मेरे पड़ोसी थे जो मेरे परिवार की महिलाओं के प्रति बुरी नजर रखते थे, जिससे मै दुखी रहता था । दिनांक 25.10.2024 की दोपहर को समय करीब 02.00 बजे मै अपने खेत के किनारे बांस गाड़ने के लिए गहदाला (सब्बल) से गड्ढा खोद रहा था तभी जयराम प्रजापति तलिया की बाग में भैंस चरा रहे थे । उस समय वहां कोई नहीं था । सूनसान होने पर मौका पाकर मैने जयराम प्रजापति को पीछे से गहदाले से मारा तो वह जमीन पर गिर गये व बचने के लिए झाड़ियों में भागे तो मैने दोबारा उनके सिर पर गहदाले से मार दिया जिससे जयराम प्रजापति की मृत्यु हो गई जिसके उपरान्त मैने गहदाले को झाड़ियों में छिपा दिया व पकड़े जाने से बचने के लिए बाहर आकर जोर जोर से शोर मचाया कि एक आदमी को जंगली जानवर जो भेड़ियानुमा था खींचकर झाड़ियों में ले गया । तभी बकरी चरा रहे व गांव के कुछ अन्य लोग मौके पर आ गये जिन्हें मै इधर उधर घुमाने के उपरान्त जयराम प्रजापति के शव को झाड़ियों में दिखाया तो लोग उनके शव को बाहर लाये । अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल के पास झाड़ियो से आलाकत्ल 01 गहदाला (सब्बल) बरामद किया गया ।

मिठाई ही नही खाद्य सामग्री मे मिलावट, प्रशासन मौन

अमेठी। दुकानदार आजकल मिलावट मे माहिर है। खोवा मे मिलावट जोरो पर चल रहा है। दूध मे मिलावट सर्व बिदित है। मिठाई मे मिलावट होना अब तो आम बात हो चली है। यहाँ तक की किराना की दुकान मे विक रही खाद्य सामग्री भी मिलावट की भेंट चढ चुकी है। मिलावट मे सूजी, रवा, मसाले, पोहा, दलिया, तेल, रिफाइण्ड, गुड, वनस्पति, तिल का तेल, घी, दही, चिडिया आदि मे मिलावट धडल्ले से चल रहा है। मिठाई मे छेना, रसगुला, पेडा, बर्फी, अमृती, जलेबी, सोनपपडी, आदि मे मिलावट की खबर है। मिलावट के खाद्य पदार्थ होटल और रेस्टोरेंट, किराना की दुकान, मर्चेंट की दुकान पर खेल हो रहा है। जिले की बाजार जायस, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना, अमेठी, रानीगंज, जामो, मुंशीगंज, रामगंज आदि बाजारो मे मिलावट का खेल जोरो पर चल है। फूड इंस्पेक्टर से बात हुई तो उन्होने कहा दुकान, होटल और रेस्टोरेंट पर नियमित छापेमापी हो रही है।

36 ग्राम हेरोईन के साथ दो गिरफ्तार

लोक मित्र संवाद

अमेठी। रविवार को उ0नि0 शिवबक्श सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त कैकुवाद हुसैन पुत्र क्यूम हुसैन निवासी ग्राम तेतारपुर बरसण्डा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र 35 वर्ष को पीरपुर नहर पुलिया के पास से समय करीब 07:58 बजे दिन गिरफ्तार किया गया ।

इसी क्रम में उ0नि0 आद्या प्रसाद तिवारी थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा अभियुक्त मेराज अहमद पुत्र नन्हे निवासी ग्राम तेतारपुर बरसण्डा थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र 36 वर्ष को चहेती नगर नहर पुलिया के पास से समय करीब 08:52 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त कैकुवाद हुसैन के कब्जे से कुल 19 ग्राम हेरोईन एवं अभियुक्त मेराज अहमद के कब्जे से कुल 17 ग्राम हेरोईन बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई

संक्षिप्त खबरें

गाजियाबाद के वरिष्ठ दिव्यांग पत्रकार को कड़कड़डूमा कोर्ट के पार्किंग में किया गया अपमानित

गाजियाबाद। दयानंद सागर वरिष्ठ पत्रकार 90त्न दिव्यांग कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली में कोर्ट की तारीख के लिए जाते हैं । वहां दिव्यांगों के लिए कोई निश्चित पार्किंग नहीं है जिसके कारण दिव्यांगों को पार्किंग में खड़े व्यक्तियों के द्वारा अपमानित होना पड़ता है । वरिष्ठ पत्रकार दयानंद सागर से यह कहा गया कि ₹ 10 दोगे तो पार्किंग मिलेगी अन्यथा उन्हें पार्किंग स्थल से बाहर वहां खड़ा करने को कहा गया । पार्किंग में वाहन खड़ा करने का आग्रह किया जाने पर पार्किंग स्टाफ द्वारा उन्हें अपमानित किया गया। इस संदर्भ में दयानंद सागर द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट रजिस्टार अन्य अथॉरिटी से निवेदन किया गया है कि कोर्ट में दिव्यांगों के वाहन खड़े होने का निश्चित स्थान हो जिससे दिव्यांग आसानी से अपना वाहन खड़ा करके न्यायालय में जा सके और कोर्ट की तारीख अटेंड कर सकें ।

दीपावली पर मिट्टी के दीपो को जलाकर अपना राष्ट्र-प्रेम निभाए

नोएडा। दीपावली का त्यौहार हमारी सभ्यता और संस्कृति का परिचायक है ।आज के इस आधुनिकता के समाज में सब कुछ विलुप्त सा होता जा रहा है । इस बार समाज में ऐसी जागरूकता पैदा करने के लिए समाज में कई सामाजिक संगठनों ने बीडा उठाया है ।इसी कड़ी मे भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं आर डब्लू ए सेक्टर 82 के उपाध्यक्ष रवि राघव ने आज समाज के लोगों से अपील किया है कि हमें इस दीपावली पर वही से खरीददारी करना है जिससे समाज के गरीबों के घरों में भी दिए जल सके। आगे किसान नेता रवि राघव ने पुरजोर तरीके से अपील करते हुए कहा कि दीपावली आते ही बाजार मे सजे रंग बिरंगी लाइटे और झालरो की ओर हम आकर्षित होने लगते है जिससे जो भी पूँजी पति देश हमारे दुश्मन है हम उन्हीं को और मजबूत करने का काम करते है ।क्या कभी हमारे जेहन में आता है कि हमारे समाज में जो भी गरीब उपेक्षित लोग सालभर मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते है, और आशा भरी निगाहों से हमें दीपावली पर खरीददारी के लिए निहारते रहते है।इसी खरीददारी से उनकी दीपावली मनती है। हम ऐसे लोगो से खरीददारी न करके कितने घरो में दीपावली के दिए न जलने के गुनहागर होते हैं। हमें अपने राष्ट्र के प्रति सेवा भाव के तहत ऐसे परिवारों के घरों में भी दीपावली मन सकें कृतसंकल्प होना चाहिए ।सही मायनों तभी हम खुशी से दीपावली मनाए । हमारे किसी गरीब परिवार में इस दीपावली पर्व पर अंधकार नही होना चाहिए ।सच्ची देश भक्ति यही है। किसान नेता रवि राघव ने सभी देश वासियों से अपील की है कि हम अपने अपने घरों को दीपो से सजाए, बिजली की लाइटें अधिकतर चीन से आती हैं जो कि अपना दुश्मन देश है और हमारी जमीन हड़पने की कोशिश करता रहता है हमें चीनी सामानों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करना चाहिए, चीन हमसे ही पैसा कमाकर हमसे ही लड़ता है उसे अवश्य ही सबक सिखाना होगा। अगर हम अपने अपने घरों की सजावट दीपक से करेंगे तो हमारे अपने भाईयों को रोजगार मिलेगा और दीपक और मोम बत्ती बेचने वाले हमारे भाई भी अपना त्योहार हंसी खुशी मना सकेंगे और इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार

ग्रामीण की मौत के बाद एक्टिव हुआ वन विभाग,

अमेठी। जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में जंगली जानवर के हमले में अधेड़ की मौत के बाद आखिरकार वन विभाग हरकत में आ गया है। शनिवार सुबह से ही वन विभाग की टीम क्षेत्र में जंगली जानवर की तलाश में अभियान चला रही है। हालांकि ×6 घंटे बाद अब तक टीम को एक भी सुराग हाथ नहीं लग सका है। बता दें कि जयराम प्रजापति (49) की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार की शाम की है, जब जयराम जानवर चराने के लिए गांव के बाहर जंगल में गए थे। वहां पर अचानक एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में जयराम की अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

जयराम की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद वन विभाग भी एक्टिव मोड में आ गया है। शनिवार सुबह से ही वन विभाग की टीम जंगली जानवर की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक उन्हें किसी भी प्रकार की सफलता नहीं मिल पाई है। टीकरमाफी गांव के निवासी जयराम के साथ हुई इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की और जंगली जानवर की तलाश शुरू की। दोनों विभागों की टीम ने शुक्रवार से लेकर शनिवार रात तक लगातार खोजबीन की, लेकिन जंगली जानवर का कोई पता नहीं चला। डीएफओ रणवीर मिश्रा ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि उसकी मौत का कारण क्या था और इससे हमले करने वाले जानवर का पता लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मौके पर किसी जानवर के पद चिन्ह नहीं मिले हैं, लेकिन वन विभाग की टीम लगातार सक्रिय है और जंगली जानवर की खोज जारी है।

डीएम ने संस्कृत विद्यालय के छात्रों को बांटी छात्रवृत्ति, खिले चेहरे

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। रविवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शहर के सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में ÷संस्कृत छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम÷ का भव्य आयोजन हुआ। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ कार्यक्रम, छात्रवृत्ति वितरण की लाइव स्ट्रीमिंग देखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय प्रबंधक चंद्रभूषण साहनी, शिक्षाविद/विभाग संपर्क प्रमुख नीरज सिंह के साथ दीप जलाकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विद्यालय के आचार्य सुधीर पांडेय, आचार्य लल्लन बाबू मौर्य ने संस्कृत भाषा में किया। संस्कृत विद्यालय के छात्रों के दल ने स्वस्तिवाचन मंगल पाठ कर उपस्थितजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उपस्थितजन के साथ जिले के संस्कृत विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों का प्रतीकात्मक चेक और उपहार प्रदान किए। प्राप्त छात्रवृत्ति से उन्हें अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी। छात्रों से अपील की कि वे अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में इस अवसर का उपयोग करें और संस्कृत को आत्मसात करें। संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे संस्कृत को न केवल एक भाषा के रूप में, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और भारतीयता की पहचान के रूप में समझें। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों में बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में तीन वित्तविहीन और चार सहायता प्राप्त कुल 07 संस्कृत विद्यालय संचालित हैं। संस्कृत छात्रवृत्ति योजना शुभारंभ के मौके पर 218 छात्रों को 99,600 की धनराशि ऑनलाइन उनके खातों में भेजी गई है। छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि बढ़ाकर 08 नवंबर कर दी गई है,जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने इस योजना की सराहना की और बताया कि इससे संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्ष रश्मि बाजपेई, प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी, प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई, विद्या भारती के जिला समन्वयक रवि भूषण साहनी, सभी सात संस्कृत विद्यालयों के आचार्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

सेमरी में किया गया पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रमियाबेहड-खीरी। ब्लॉक रमियाबेहड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आज दिनांक 27 अक्टूबर 2024 ग्राम पंचायत सेमरी, ब्लाक रमियाबेहड में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ0 जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ताज मोहम्मद एवम जिला पंचायत सदस्य सुनील वर्मा ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया मेले में आए हुए डॉ0 अनिल दुबे पशुधन प्रसार अधिकारी सदर ने पशुओं के टीकाकरण व क्रमिनाशक दवा पान के बारे में जानकारी दी किसान क्रेडिट कार्ड , टैगिंग का महत्व बीमा के बारे में जानकारी दी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश ने पशुपालकों को ठंड से बचाव, हरा चारा , बीमा योजना एवम सेक्स सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्वधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में आए हुए 62 किसानों के 575 पशुओं का इलाज किया गया। मेले को सफल बनाने में पशु औषधिक राजेश बहुगुणा, संतोष कुमार, अजय यादवपैरावेट ने विशेष योगदान दिया मेले को सफल बनाने के लिए डॉक्टर इंद्रदेव महारने मेले में आए हुए सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी व सभी किसान भाइयों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

गहदाले से हमला कर की थी ग्रामीण की हत्या,पुलिस ने किया खुलासा

अमेठी। जनद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी गांव में शुक्रवार को हुई ग्रामीण की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या थी। जयराम प्रजापति की हत्या करने के आरोपी शिवशंकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, महिलाओं पर बुरी नजर रखने की वजह से आरोपी ने जयराम की जान ली। इसे जानवर के हमले का रूप देने की कोशिश की। 49 वर्षीय जयराम प्रजापति शुक्रवार की शाम गांव के बगल के जंगल में जानवर चराने गए थे, जहां वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। परिजनों और ग्रामीणों को पहले लगा कि जयराम पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया है। अमेठी सीएचसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के अगले दिन जयराम के बेटे मनीष ने थाने में तहरीर देकर अपने गांव के ही शिवशंकर पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की और कुछ ही घंटों में इस हत्या का पर्दाफाश हो गया।

गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर और नोटेरियल शपथ पत्र दिये जाने की मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के पिछले सत्र के बकाया एवं इस पेराई सत्र 2024 - 2025 के खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में दिलाये जाने और उसका गन्ना समितियों को नोटेरियल शपथ पत्र दिये जाने आदि को 30 सितम्बर को गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सहित कुशाग्र बजाज और उसकी चीनी मिलों के अधिकारियों को दिये गये ज्ञापन पर कार्यवाही किये जाने को संज्ञान दिलाने के लिए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और गन्ना समिति गोला के पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद वर्मा -- प्रदेश के गन्ना आयुक्त श्री प्रभु नारायण और उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विवेदी से मिले। श्रीकृष्ण वर्मा ने गन्ना आयुक्त से पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान शुभ दीपावली पर्व को देखते हुए दीपावली से पूर्व एक सप्ताह का भुगतान किसानों के खातों में भेजे जाने और इस पेराई सत्र के खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर भेजे जाने का और नोटेरियल शपथ पत्र दिये जाने की मांग और चीनी मिल चलने पर किसानों के सट्टों में संशोधन के लिए बंद पोर्टल खोले जाने की मांग की है। गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण ने दिसम्बर मांह तक पिछले सत्र का और इस पेराई सत्र का बिना समय बताये बजाज ग्रुप की स्थिति सभलते ही 14 दिन में भुगतान करने की बात कही है। ,

राम सुग्रीव की मित्रता देख झूम उठे दर्शक

लोकमित्र ब्यूरो

तिकुनिया-खीरी। रामलीला मेला में राम सुग्रीव की मित्रता और बाली सुग्रीव युद्ध का मंचन किया गया। इस अवसर पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। दर्शकों की भीड़ मंचन देखने के लिए डटी रही। इस अवसर पर नेपाल के दर्शक भारी संख्या मैं मौजूद रहे। कमेटी महामंत्री अजय गर्ग ने बताया मेले में 31 अक्टूबर को दीपावली के चलते रावण वध अब 30 अक्टूबर को किया जाएगा।

जंगल में भीलनी शबरी के बताए हुए रास्ते पर राम लक्ष्मण माता सीता की खोज करते हुए सुग्रीव से मिलने के लिए श्रीमुख पर्वत पर पहुंचे, जहां हनुमान जी से उनकी पहले भेंट होती है हनुमान जी राम लक्ष्मण का परिचय पूछते हैं और कहते हैं कि सुग्रीव से हनुमान ही मिला सकते हैं लक्ष्मण जी भगवान राम का परिचय और अपना परिचय देते हैं तब हनुमान जी राम लक्ष्मण को अपने कंधों पर बिठाकर ऋषयमुख पर्वत पर ले जाते हैं जहां जामवंत और सुग्रीव से मुलाकात होती है सुग्रीव अपने बड़े भाई बालि की पीड़ा से त्रस्त होकर पर्वत पर छुपकर रहने की अपनी पूरी कहानी बताते हैं तब भगवान ने उन्हें बाली से मुक्त कराकर उनका राज पाठ देने का आश्वासन देते हैं और सुग्रीव माता सीता की खोज में पूरी सेना लगाकर काम करने का वचन लेते हैं। श्रीराम अपने वादे के मुताबिक बाली का वध करते है। इस अवसर पर अनिल कुंबले, उमेश,जगदीश,राजू,अनिल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सीएम ने स्कॉलरशिप योजना का किया शुभारंभ,योगी ने चेक दिया तो बची ने पैर छुए

लोकमित्र ब्यूरो

वाराणसी। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी में रविवार को सीएम योगी पहुंचे। उनका मंगलाचरण से स्वागत किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने सीएम योगी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सीएम योगी ने संस्कृत के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने स्कॉलरशिप का चेक दिया तो छात्रा ने पैर छूए। सीएम ने भी उसे आशीर्वाद दिया। योगी ने कहा- पहले संस्कृत के छात्रों के साथ भेदभाव होता था, लेकिन अब हर छात्र को छात्रवृत्ति मिल रही है। योगी ने कहा गरीब और वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति मिलनी चाहिए, लेकिन संस्कृत छात्रों को इसकी व्यवस्था क्यों नहीं की गई। मुझे इस बात का आश्चर्य रहा। अभी तक संस्कृत के केवल ×00 ब'चों की स्कॉलरशिप की व्यवस्था थी, जो अधिकतर छात्रों को पता ही नहीं थी। 25 करोड़ की आबादी में इतने कम छात्रों को स्कॉलरशिप की योजना थी।उन्होंने कहा कभी प्रयास ही नहीं हो पाया कि संस्कृत परिषद को मान्यता दिला पाएं। मैंने बार-बार समझने की कोशिश की कि संस्कृत से ब'चे दूर क्यों भाग रहे हैं? पता चला कि मान्यता ही नहीं मिल पा रही है। हमने स्कूल-कॉलेजों की मान्यता बहाल कराई। हमारी सरकार आई तो 2017 में संस्कृत परिषद को मान्यता दिलाई।योगी ने कहा- अब संस्कृत में छात्रों की संख्या बढ़ रही है। पहले स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी, फिर उसमें आयु सीमा जोड़ दी गई। हमने तय किया कि हर छात्र को स्कॉलरशिप मिल चाहिए। हमने तय कर लिया है कि दिवाली से पहले यानी कल तक (28 अक्टूबर) 69195 छात्रों के अकाउंट में बैंक खुलते ही स्कॉलरशिप पहुंच जाएगी।योगी ने कहा यूपी के अंदर लगभग डेढ़ लाख बच्चे ऐसे हैं जो संस्कृत से जुड़े हैं।

भूमिहीन हो गए कटान पीड़ितों ने सरकार से मांगा भूमि का मुआवजा

लोकमित्र ब्यूरो

तिकुनिया-खीरी। जसनगर गांव में मोहाना नदी की कटान से भूमिहीन हुए किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उचित मुआवजा अगर मिल जाए तो किसी तरह जीवन गुजर बसर हो जाएगा। गांव जसनगर निवासी राम नारायन, रामगोपाल ,किशन कुमार, बालक राम,नत्थू लाल, नंदलाल आदि ने बताया कि उनकी जमीन नदी में कट गई है। जिसका अभी मुआवजा नहीं मिला है। अगर मुआवजा मिल जाता तो कुछ दिन तक और गुजर पसर हो जाता। लेखपाल राजेश कुमार गांव में आए थे। उनसे भी कहा गया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हम सभी कटान पीड़ित गांव किनारे स्थित नानपारा मैलानी रेलवे ट्रैक के किनारे तंबू लगाकर शरण लिए हैं। नदी में घर और जमीन सब कुछ चला गया, नहीं पता था कि सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते यह दिन देखना पड़ेगा। अगर सिंचाई विभाग तथा जनप्रतिनिधि हम लोगों की मांगों पर पहले गंभीर हो गए होते तो आठ लोगों के घर नदी के काल के गाल में न समाते। तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि कुछ लोगों को सहायता राशि फसल नष्ट होने की तथा नदी में जमीन कटने की दी जा चुकी है, अभी कुछ लोग बाकी हैं जिनको देने की तैयारी की जा रही है।

कैसीनो लगाने आए 1 अरेस्ट,दीपावली पार्टी में रात भर लाखों रुपए के दांव लगाने की थी तैयारी

आगरा। आगरा में एक संस्था की दिवाली पार्टी में कैसीनो लगाने की तैयारी थी। पुलिस ने पार्टी से पहले कैसीनो लगाने वाले लोगों को पकड़ लिया। 1× लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कैसीनो का सामान भी बरामद हुआ है। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि ताजगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक कनक प्रीत होटल में एक संस्था की दिवाली पार्टी होनी थी। पार्टी में जुआ खेलने के लिए कैसीनो लगाने के लिए दिल्ली से लोग बुलाए गए थे। आगरा के युवक सचिन ने कैसीनो लगाने का ठेका लिया था। कैसीनो के लिए टेबल व अन्य सामान गाड़ी में लादकर होटल पहुंच गया था। तभी पुलिस को मुखबिर से कैसीनो लगाए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। मौके से 1× लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

महाविद्यालय निर्माण व भूमि को वापस पाने को बैठकों का दस्तूर जारी

लोकमित्र ब्यूरो

सिंगाही-खीरी। करीब 35 सालों से उच्च शिक्षा के लिए तरस रहे गांजर इलाके के तराई क्षेत्र में भूमि व पैसा होने के बावजूद भी डिग्री कॉलेज नही बना। ग्राम सिंगहा कला के लोग डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर लामबंद हो गए हैं। जिसकी एक बैठक प्राथमिक विद्यालय सिंगहा खुर्द के परिसर में हुई। बैठक में प्रस्तावित जमीन गाटा संख्या 933/8.44 एकड़ भूमि को वापस कराने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

बताते चले की ग्राम पंचायत सिंगहा कला 1981 में करीब 8.44 एकड़ जमीन सरजू किसान महाविद्यालय समिति को प्रस्तावित की गई थी, उस समय प्रधान पुत्तू लाल विश्वकर्मा थे। लेकिन ओछी राजनीति के चलते 1993 में दुर्गा प्रसाद प्रधान के कार्यकाल में इस भूमि को लेकर दूसरा प्रस्ताव पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति के नाम हो गया। भूमि अधिग्रहण को लेकर जिला अधिकारी संजीव सरन के द्वारा दो लाख सत्तरा हजार सात सौ बावन रुपये सरजू किसान शिक्षा समिति को आदेश दिया गया जिस पर शिक्षा समिति ने तहसील के पंचायत कोष में जमा कर दिया गया। उसके बाद हेरा फेरी कर पंडित दिन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति सामने आई और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्यारह लाख छियासी हजार चार सौ का आदेश जारी हुआ जो पैसा तहसील पंचायत कोष में जमा किया गया या नही जमा किया ये अतीत के गर्भ में है। दोनों कमेटियों के आपसी विवाद में ये मामला उच्च न्यायालय में चला गया और किसानों के गन्ने की कटौती से डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए एकत्रित किया गया करोणों रुपया अधर में लटक गया।मामला न्यायालय में कुछ वर्षों तक चलने के बाद सरजू किसान महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रीतम सिंह %जुग्गा% व पंडित दीन दयाल उपाध्याय समिति के अध्यक्ष कृपा दयाल श्री वास्तव उर्फ केडी बाबू का भी निधन हो गया और कॉलेज निर्माण को लेकर दोनों समितियां आपस में बैठ कर सुला समझौता कर न्यायालय में जाकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स को कॉलेज निर्माण का मालिकाना हक दे दिया। लेकिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने धीरे धीरे 20 साल बिता दिए और डिग्री कॉलेज का निर्माण नहीं करा सकी जिससे जमीन चारागाह बन गयी। डिग्री कालेज निर्माण के लिए ग्राम सिंगहा कला प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने मिलकर कमर कस ली जिसका प्रारम्भ भूमि,पंचायत के नाम वापसी हेतु 24 अक्टूबर 2024 को तहसील परिसर में जाकर उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार भीमचन्द को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया था। उसी सम्बन्ध में आज ग्राम सिंगहा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में की गई बैठक में पंचायत द्वारा भूमि वापसी का प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसमें प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया की भूमि वापसी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है।

गंगा में डूबने से युवक की मौत,बिहार से घूमने आया था

वाराणसी। वाराणसी के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र मीरघाट पर उस समय सनसनी फैला गई, जब गंगा नदी में नहाने गया युवक डूब कर मर गया। आसपास मौजूद नाविकों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बच न सका। घटना की जानकारी तत्काल लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर एनडीआरएफकी टीम पहुंची। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति जिसका नाम डब्लू कुमार जोकि बिहार का रहने वाला था। अपने दो अन्य दोस्तों बिट्टू कुमार और प्रदीप कुमार के साथ वाराणसी घूमने आया था। तीनों लोग एक साथ मिलकर मीर घाट पर नहाने का प्लान बनाया। इसके बाद घाट पर पहुंचने पर सब ने नहाना शुरू किया। इस दौरान पहले प्रदीप कुमार सेल्फी लेने के दौरान डूबने लगा। जिसे बचाने के लिए डब्लू कुमार आगे बढ़ा, तभी प्रदीप कुमार को तो वहां के स्थानीय लोगों ने बचा लिया लेकिन डब्लू कुमार डूब गया।

प्लास्टिक के पाइप में अचानक आग के लपटें उठने से लोगों में हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है । नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है।

इसी सिलसिले में प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था।सूत्रों के अनुसार डासना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ डासना स्टैंड के समीप देव हाइट्स के गेट पर रखे प्लास्टिक के पाइपों में रविवार सुबह अचानक जबरदस्त आग लग गई,आग का विकराल रूप देख लोग इकट्ठा हो गये।

जल निगम का ठेकेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पाया। जल निगम के अधीशासी अभियन्ता को आग लगने की सूचना नहीं।एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। पाइप के बंडल लगभग तीन माह से रखे हुए थे।

जल निगम के ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि वह भी देव हाइट्स में ही रह रहे हैं। रविवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पाइपों में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे अंशुल कुमार ने बताया कि आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। पाइपों में आग लगने से आसमान में जबरदस्त धुएं का गुबार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

संक्षिप्त खबरें

रजवी का वक्तव्य राष्ट्र और हिंदू हितों के लिए घातक-मनीष पांडेय

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी के उस बयान का विरोध करते हुए कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी ने जिस प्रकार वक्फ बोर्ड का समर्थन करते हुए कहा है कि देश में हिंदू सनातन बोर्ड भी गठित होना चाहिए प्रथम दृष्ट्या में तो यह उन हिंदुओं के लिए प्रसन्नता का विषय होगा जो एक और तो सेकुलर वादी दृष्टिकोण रखते हैं अर्थात हिंदू मुस्लिम एकता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं, दूसरी और वह अज्ञानी हिंदू हैं जिन्होंने आज तक ना तो कभी इस्लामिक षड्यंत्र ,छल, और धोखे को समझा और ना ही कभी जानने का प्रयास किया, श्री पांडेय ने यह भी कहा है कि रजवी द्वारा दिए गए वक्तव्य के पीछे छिपी हुई छल और उसकी धूर्त मानसिकता को समझना प्रत्येक हिंदुत्ववादी के लिए बेहद आवश्यकता है सर्व विदित सत्य है कि वक्फ बोर्ड ने पूरे भारत की भूमि को अपना कब्जा करके भारत का इस्लामीकरण करने के लिए तैयार बैठी है अगर वह अपनी कुत्सित मानसिकता के द्वारा सनातन बोर्ड का समर्थन करते हैं, तो सनातन बोर्ड मां को बन भी जाता है तो क्या देश की 9 लाख हेक्टेयर भूमि लगभग आधा भारत पर जो वक्फ बोर्ड का कब्जा है क्या वह छूट जाएगा,यह सीधा-सीधा षड्यंत्र है कि सनातन बोर्ड का समर्थन करते हुए वक्फ बोर्ड के कब्जे की भूमि को बचा लिया जाए इसीलिए जो अज्ञानी हिंदू और सेकुलर वादी कीड़े इस इस वक्तव्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ताली बजाने का कार्य करेंगे न सिर्फ उनका बहिष्कार किए जाने की आवश्यकता है बल्कि आवश्यकता इस बात की भी है कि इस देश से वक्फ बोर्ड की पूरी तरह से समाप्ति हो उसके पश्चात सनातन बोर्ड का गठन किया जाए।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन

बीकापुर-अयोध्या। कस्बा बीकापुर में दीपोत्सव के पहले रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना ने खेत काटकर और दीप प्रज्वलित करके एक नए इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। यह प्रतिष्ठान, सचिन इलेक्ट्रॉनिक एवं लाइट हाउस, हाल्ट रेलवे स्टेशन रोड पर मलेथू कनक तिराहे के निकट स्थित है। प्रतिष्ठान के संचालक सचिन चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सहयोग की अपील की। उद्घाटन के पहले दिन ही ग्राहकों ने दुकान में अच्छी खासी खरीदारी की। राकेश पांडेय राना ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस इलेक्ट्रॉनिक दुकान के खुलने से बीकापुर नगर पंचायत और क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, पंचायत सचिव संदीप कुमार, और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

विशेष दीपकों से जगमगाएगा श्रीराम लला मन्दिर

अयोध्या। योगी सरकार इस वर्ष अयोध्या में आठवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे।

मनोहारी फूलों से सजेगा मन्दिर परिसर

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहारी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे।

पर्यावरण संरक्षण का भी रखा गया ध्यान

इस दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुएं की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा। मंदिर ट्रस्ट का प्रयास है कि इस दीपावली में अयोध्या न केवल धर्म और आस्था का केंद्र बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे।

रात 12 बजे तक हो सकेंगे बाहर से भवन दर्शन

दीपोत्सव की भव्यता को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मंदिर को 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक रात 12 बजे तक बाहर से भवन दर्शन के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। गेट संख्या चार बी (लगेज स्कैनर प्वाइंट) से श्रद्धालु आधी रात तक मंदिर की भव्य सजावट का आनंद ले सकेंगे। यह दीपोत्सव न केवल आस्था बल्कि पर्यावरण और सौंदर्य का संदेश भी देगा, जिससे अयोध्या की दीपावली विश्वभर में विशेष स्थान बनाएगी।

कार्यशाला का हुआ आयोजन

बीकापुर - अयोध्या। शिक्षा क्षेत्र बीकापुर के पश्चिम पाली गांव में संचालित सीएसए इंटर कॉलेज के जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने विज्ञान के इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और स्विच बनाकर अपनी स्किल पावर का प्रदर्शन किया। विज्ञान की अध्यापिका श्रेया मिश्रा के निर्देशन में कार्यशाला में छात्र एवं छात्राओं की पैनल ने विद्युत सर्किट स्विच बनाकर इलेक्ट्रॉनिक सर्किट का निर्माण किया। उन्होंने विद्युत परिपथ लूप का निर्माण करते हुए विद्युत धारा बैटरी तार तथा बल्ब के प्रवाह का संयोजन पेश किया। अध्यापिका श्रेया मिश्रा ने बताया कि बच्चों की लगन और परिश्रम से इलेक्ट्रिक सर्किट पावर स्विच बनाकर तैयार किया है। इंटर कॉलेज के प्रबंधक पवन यादव ने बच्चों के कला कौशल को सराहते हुए पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

40 साल पुराने आम के पेड़ों की चोरी का मामला

मवई, अयोध्या। मवई में 40 साल पुराने आम के तीन हरे पेड़ों को रातोंरात काटकर चोरी से ले जाने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है।ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्हें पेड़ों की नीलामी की कोई जानकारी नहीं थी। वन विभाग का कहना है कि यह प्रक्रिया विधिक थी। मामले में रुदौली वन क्षेत्राधिकारी ने पुष्टि की कि पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई थी। पीड़ितों ने इस मामले में न्याय की मांग की है।

दीपोत्सव 2024-डिजिटल पथ के रूप में दिखेगा धर्मपथ व लता मंगेशकर चौक

धर्मपथ पर लगेंगे डिजिटल पिलर, इनमें रामायण के विभिन्न प्रसंगों को लिया जाएगा प्रदर्शित

आस्था और प्रकाश का दीपोत्सव में ऐसा संगम दिखने वाला है कि हर कोई निहारता ही रह जायेगा

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की 30 सदस्यीय टीम पहुंची

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। आठवें दीपोत्सव के दौरान अयोध्या डिजिटल नगरी के रूप में नजर आने वाली है। आस्था और प्रकाश का दीपोत्सव में ऐसा संगम दिखने वाला है कि हर कोई निहारता ही रह जायेगा। खास तौर से अयोध्या का धर्मपथ और लता चौक। इनकी आभा देखते ही बनेगी क्योंकि यहां डिजिटल पिलर लगाए जा रहे हैं। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होना है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं को त्रेता युग वाला अनुभव कराने की कोशिश की जा रही है। राम की पैड़ी समेत अन्य घाटों पर 25 लाख दीपों के प्रज्ज्वलन का रिकार्ड बनना है। इसके अलावा रामकथा पार्क व प्रमुख पथों को सजाने की कवायद जोर शोर से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है।

अभी तीन दिन जगमग करने की योजना

इंटेलिजेंट लाइटिंग के मीम प्रोडक्शन के असद बताते हैं कि प्रकाश की व्यवस्था के लिए उन्हें चयनित किया गया है। नेशनल हाईवे से अयोध्या में प्रवेश मार्ग धर्मपथ पर 15-15 फीट के 24 पिलर लगाए जा रहे हैं। डिजिटल पिलर पर रामायण के प्रसंग चलेंगे व स्वागतम् द्वार तक 28 से 30 अक्टूबर तक इन्हें चलाया जाना है। पिलर के ऊपर आकर्षक लाइटिंग की भी व्यवस्था रहेगी।

यहां भी होगी आकर्षक लाइटिंग

रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, बिरला मंदिर, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, सरयू ब्रिज इत्यादि स्थलों पर लाइटिंग होगी।

कीर्तिमान बनाने को बिछेंगे 28 लाख दीप, तीन बार होगी गिनती

अयोध्या में आठवें दीपोत्सव में एक बार फिर से कीर्तिमान बनाने की तैयारी चल रही है। 25 लाख दीपों का रिकार्ड बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीये बिछाए जाएंगे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट अयोध्या पहुंच चुके हैं।

उनका कहना है तीन बार दीपों की काउंटिंग होगी। पहले सूखे दीप, फिर जलने के बाद मैनुअल काउंटिंग होगी। उसके बाद ड्रोन के जरिये वीडियो बनाकर अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले साफ्टवेयर पर अंतिम गिनती कर घोषणा कर दी जाती है।

इस बार हमारी 30 लोगों की टीम आई है।

खाद्य विभाग ने चलाया विशेष अभियान चलाया होटल और रेस्टोरेंट में की छापेमारी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के त्योहारों के दौरान गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य विभाग ने विशेष अभियान चलाया। प्रवर्तन दल ने 10 खाद्य नमूने प्रयोगशाला के लिए भेजे और 32,000 रुपये मूल्य का 60 किलोग्राम घी जप्त किया। अस्वास्थ्यकर स्थितियों के कारण एक भोजनालय को बंद कर दिया गया। चंद्रा स्वीट्स से खोया, भैंस का दूध, शबरी रसोई से पनीर और दही के नमूने लिए गए। देवकाली रोड पर शिवशक्ति स्वीट से खोया और छेना मिठाई के नमूने लिए गए, जिसमें 7,000 रुपये का 25 किलोग्राम खोया और 15,000 रुपये की 50 किलोग्राम छेना मिठाई नष्ट की गई।राज पैलेस होटल से 1,719 रुपये मूल्य के एक्सपायर्ड मसाले नष्ट किए गए। मोहन स्वीट्स से बूँदी के लड्डू और नमन ब्रांड घी के नमूने लिए गए, जहां 60 किलोग्राम नमन घी जब्त किया गया। लाल साई बाबा भोजनालय से खोया और बेसन के नमूने लिए गए और अनहाईजीनिक परिस्थितियों के कारण उसे भी बंद किया गया। जाँच रिपोर्ट के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, और आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी।

भाजपा के कार्यकाल से पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म संस्कृति की पताका चारों फहराने लगी - दिलीप दास

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष दिलीप दास महाराज ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म संस्कृति की पताका फहराने लगी है। उन्होंने बताया कि इस दीपोत्सव को आस्था, एकता और सत्य की जीत का प्रतीक माना जा रहा है, और इस बार 25 लाख दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम की पैड़ी पर लगातार सातवीं बार विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा, और अन्य आस्था केंद्र भी इस अवसर पर दीपों से आलोकित होंगे। दिलीप दास जी ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद अयोध्या धाम को नई पहचान मिली है, जिससे यहां देश-विदेश से लोग आ रहे हैं।

सूर्यकुंड, जो रामजन्म की बेला का स्मारक है, इस दीपोत्सव के समय विशेष महत्व रखता है। इस मौके पर रामायण के प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मलेशिया, म्यांमार, थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, नेपाल और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लगभग 500 प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

संस्कृति विभाग आधुनिक तकनीक से सुसज्जित मंच एवं प्रदर्शनी भी लगाएगा, और 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों पर त्रेतायुग की झलकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया जाएगा, जिससे नया रिकॉर्ड स्थापित होगा।

धूमधाम से मनाया गया सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 22 वां स्थापना दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 22 वां स्थापना दिवस मनाया गया 27 अक्टूबर सुलेहदेव भारतीय समाज पार्टी का 22 वां स्थापना दिवस समारोह अयोध्या जनपद में जिलाध्यक्ष डॉक्टर जेपी सेन निर्देश दर्शन नगर आचारी सागर भरतकुंड मार्ग पर बड़ी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा ने किया इस अवसर पर डॉक्टर जेपी सेन गरीबों शोषण वंचित के हक अधिकार की बात कही राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जीरो प्रॉपर्टी स्कीम 5 लाख तक लोन कक्षा 8 पास से 40 वर्ष तक बिना ब्याज के उद्योगों के लिए सीएम योगी की कैबिनेट मंत्री के पास कर दिया गया है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर 25-25 परिवारों को प्रत्येक ग्रामसभा से चिन्हित कर मुख धारा में जोड़ने का कार्य तेजी से करेंगे अयोध्या जनपद में संगठन का विस्तार किया जा रहा है

इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा ,जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ बाबा अश्वनी ठाकुर , जिला उपाध्यक्ष आकाश शर्मा,जिला प्रमुख महासचिव सागर शर्मा ,विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर वीरेंद्र कुमार नायक, मेवालाल वर्मा सक्रिय सदस्य ,अभिषेक ,सौरभ, जिला कोषाध्यक्ष राम मूरत शर्मा, करण शर्मा, अखिलेश कनौजिया, संतोष दुबे, सत्येंद्र, अजय सेन, कुलदीप यादव ,ओम प्रकाश यादव, आदि मौजूद रहे गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष राम लौट राजा ट्रेडर्स, कृष्ण मोहन मौजूद रहे।

पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का समापन

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर, अयोध्या। मां आशा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का रविवार को महायज्ञ और भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा वाचक बहन श्यामा राठौड़ ने प्रज्ञा पुराण के विभिन्न प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम के संरक्षक चंद्रबली सिंह ने बताया कि शान्ति कुंज के ब्रह्म वादनियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। गायत्री महायज्ञ में भाजपा नेता चंद्रभान पासवान और उनकी पत्नी कंचन पासवान भी उपस्थित रहीं। एक हजार भक्तों ने आरती में भाग लिया, और 150 भक्तों ने विद्या आरंभ दी। इस सफल आयोजन में हजारों भक्तों की उपस्थिति रही।

ओ एन एकेडमी विद्यालय में दीपोत्सव की भव्य तैयारी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । ओ एन एकेडमी, बारुन बाजार में दीपोत्सव के पर्व की धूम मची है। इस वर्ष 28 अक्टूबर को विद्यालय में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीराम, माता सीता, भरत, और लक्ष्मण की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। विद्यालय के प्रांगण को रंगोली, दीप, और फूलों से सुसज्जित किया जाएगा, जो दीपावली के पर्व की महिमा को और भी बढ़ाएगा।विद्यालय के प्रबंधक धर्मपाल पांडेय ने इस अवसर पर बताया, ÷दीपावली भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखती है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की, और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। हमारे विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो और वे भारतीय संस्कृति से जुड़ें, इस उद्देश्य से हम हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन करते हैं। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह हमें आपसी भाईचारे, एकता, और शांति का संदेश देती है। इस उत्सव के माध्यम से हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाते हैं, जिससे एक स्वच्छ और सुंदर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।÷

दीपोत्सव के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और दीपमालिका सजावट जैसे आयोजन भी किए गए हैं। इसके अलावा, प्रदूषण-मुक्त दिवाली अभियान पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों और छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे दीपोत्सव की शोभा में चार चांद लगेंगे। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

गोसाईगंज, अयोध्या। ÷डॉ आर पी सिंह एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट÷ और ÷स्तुति चैरिटेबल सोसायटी÷ के सहयोग से स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ निरूपमा सिंह और डॉ ज्योति सिंह ने महिलाओं को कैंसर की प्रारंभिक जानकारी दी।इस कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्राओं, आशा बहुओं और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर की पहचान समय पर न हो पाने से महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाती है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्रबंधन और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है- इं0 वीरेन्द्र यादव

जगतपुर ब्लाक में कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जगतपुर ब्लाक के भटपुरवा में ब्लाकस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में जगतपुर की पुलिस ने सत्ता पक्ष के इशारे पर व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की। माईक व बैनर लगाने की अनुमति नहीं दी इसके बावजूद भारी उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी लोग किसी से डरने वाले नहीं है। बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का काम प्रगति पर है। जिससे घबरा कर भाजपा के लोग बौखला गये है और पुलिस के जरिये व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे है। इसका प्रभाव यह हुआ कि कार्यकर्ता और अधिक संगठित होकर भाजपा को धूल चटाने की कोशिश करेंगे। आगामी विधान सभा चुनाव में ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी धोखेबाजों को सबक सिखाकर निर्वाचित होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डी0पी0पाल एडवोकेट, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव, महासचिव अरशद खान, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश यादव, छविनाथ यादव, राजेन्द्र यादव, कमलेश पटेल, मदन लाल, विन्देश्वरी पासी, रामशरण प्रधान, सुन्दर लाल ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवेन्द्र सिंह ने किया।कार्यक्रम में रेहान अहमद, सोहन लाल, महेन्द्र सोनकर, देवनाथ पाल, महेश प्रधान उपस्थित रहे।

भरतकुंड महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रबंध समिति की आयोजित हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । भरतकुंड महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री भरत इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। महोत्सव के प्रभारी अंबरीश पाण्डेय ने जानकारी दी कि रविवार को कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारियों का वितरण किया गया।इस महोत्सव में दुरदुरिया, गरबा, डांडिया और आल्हा जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। अंबरीश पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, संस्कृतिक विभाग और दूरदर्शन का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। बैठक में रामकृष्ण पांडेय, डॉ. अंजनी पांडेय, रीता तिवारी, विजेंद्र कुमार दुबे सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।प्रियंका शर्मा को दुरदुरिया कार्यक्रम का प्रभारी और के.के. शुक्ला को महोत्सव की मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सभी को भरत मिलाप यात्रा के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए।

विपक्षियों द्वारा घात लगाकर महिला सहित तीन लोगों को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। थाना रौनाही के अंतर्गत निवासी ग्राम फिरोजपुर उपरहार गोपाल जी उर्फ लल्लू पुत्र छेदीलाल यादव मूल निवासी है। पीड़ति द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि 26 अक्टूबर को विपक्षीगण नरसू यादव उर्फ राम नरेश यादव पुत्र रामलाल मुन्ना यादव पुत्र रामलखन व राम अचल यादव पुत्र राम लाल एक राय होकर आपराधिक षड्यंत्र रचकर हमारे द्वार पर आये और जमीनी रंजिश को लेकर के नरसू यादव उर्फ रामनरेश, गुन्ना, राम अचल लाठी डण्डा राड से जोर दार प्रहार करके पत्नी शबनम, गोविन्द व नाबालिक सुरेन्द्र यादव व नाबालिक राज यादव को लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारा पीटा जिससे और जान से मार डालने की नियत से घर के अंदर घूस कर गाली देते हुए जान से मार डालना चाहते थे और आये दिन जान से मारने के लिए धमकी देते रहते है। पीड़ति काफी भयभीत व परेशान है। वही पीड़ति की पत्नी के सिर में चोट लगने के कारण बेहोश हो गया है। जहां घायलों को परिवार वालों ने जिला चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है पीड़ति गोपाल जी का कहना है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और विपक्षियों कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

खाकी वाले गुरूजी का दीवाली समारोह

अयोध्या । जयसिंहपुर वार्ड की मलिन बस्ती में खाकी वाले गुरूजी रणजीत यादव ने वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क स्कूल में दीवाली का आयोजन किया। इस मौके पर अयोध्या के रेलवे और न्यायालय विभाग के कर्मचारियों ने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात के प्रति जागरूक करने के साथ ही पठन-पाठन सामग्री, मिठाई और मोमबत्तियाँ वितरित कीं।रणजीत यादव ने 95 बच्चों को कॉपी, पेन, पानी की बोतल, मोमबत्ती, बर्फी और लड्डू देते हुए उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप जलाकर सामूहिक प्रार्थना से हुई।इस अवसर पर सीजेएम कोर्ट अयोध्या के स्टेनो धीरज श्रीवास्तव, लिपिक शिल्पी चौरसिया, रेलवे में लोको पायलट राजन यादव उपस्थित रहे।

31 अक्तूबर तक सभी सड़कों को कराया जाएगा गड्ढा मुक्त-अधिशासी अभियंता

गड्ढामुक्ति का कार्य 80 फीसदी पूरा

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। शासन ने समस्त जनपदों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का फरमान जारी कर दिया है। जनपद में इसकी जिम्मेदारी मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग को दी गई है। जिसमें पूरे जनपद के लिए पैच मरम्मत के कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई है 31 अक्टूबर को समस्त श्रेणी के मार्गों को लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढा मुक्त करना है।यह शासन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही विशेष मरम्मत के कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड 3 द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए कार्य योजना गठित कर शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दी गई है।पैच मरम्मत के लिए शासन की ओर से प्रमुख व अन्य मार्गों पर लगभग 1 लाख प्रति किमी एवं ग्रामीण मार्गों पर लगभग 75 हजार प्रति किमी की दर से निर्धारित किया गया है तथा निर्माण खण्ड-3 का गड्ढामुक्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य 334.99 किमी है। जिसमें से खंड-3 द्वारा लगभग 290 किमी मार्गों को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है। सड़कों के पैच मरमत और गड्ढा मुक्ति का कार्य विकास खंड धनपतगंज,कुड़वार एवं वल्दीराय में तीव्र गति से चल रहा है। निर्माण खण्ड-3 के अंतर्गत पड़ने वाले प्रमुख जिला मार्ग व अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य शत प्रतिशत पूरा हो गया है।ग्रामीण मार्गों पर कार्य तेज़ी से चल रहा है। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें प्रमुख रूप से धनपतगंज-कुड़वार-मंगापुर अन्य जिला मार्ग, सुलतानपुर-कुड़वार-हलियापुर-फ्तेहपुर प्रमुख जिला मार्ग एवं कुड़वार-अलीगंज-धम्मौर अन्य जिला मार्ग,बरासीन से हैरिंग्टनगंज अन्य जिला मार्ग तथा ग्रामीण मार्गों में माधवपुर रोड, टीकर मार्ग, मुंडवा संपर्क मार्ग, बड़का बहुबरा से खादर बसंतपुर मार्ग, कोटा-विनायकपुर संपर्क मार्ग, नेमा का पुरवा संपर्क मार्ग, पूरे दत्ता तिवारी संपर्क मार्ग, भगवानपुर मार्ग, पडरे संपर्क मार्ग, दाउदपुर-लंगडी संपर्क मार्ग, भदहरा-निरसैया संपर्क मार्ग, केरोसम-रोना संपर्क मार्ग पर पक्के पैच मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अब बचे हुए ग्रामीण मार्गों पर पूरा जोर है और तीव्र गति से कार्य कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रविंद्र सिंह आर्या का कहना है कि प्रत्येक दशा में दीपावली त्यौहार के पहले ही निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्त श्रेणी के मार्गों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ गड्ढा मुक्त करने का जो संकल्प लिया गया।वह पूर्ण कर दिया जाएगा तथा सड़कों के विशेष गड्ढा मुक्ति अभियान से जनपद के लाखों लाख आबादियों को लाभ मिलेगा।

धनपतगंज पुलिस ने तीन गो तस्करो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के थाना धनपतगंज पुलिस ने तीन गो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात रहे कि धनपतगंज पुलिस को शनिवार गस्त करते समय आर डीह गांव के निकट अंडरपास के पास तीन संदिग्ध लोग दिखाई दिए, पुलिस देखते ही वह तीनो भागने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हे मौके पर ही पकड़ लिया तलाशी ली गयी तो उनके पास गोमांश ,चाकू व चापड़ बरामद हुए। पुलिस की पूंछतांछ में उनकी पहचान थाना बल्दीराय अंतर्गत नन्दौली निवासी गुलजार बल्दीराय निवासी कृष्ण कुमार किच्ची व बघौना निवासी नान्हूराम राम के रूप में हुई। पुलिस उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर थाने लाई गिरफ्तार तीनो अभियुक्तो के विरुद्ध थाना धनपतगंज में गोबध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में गोकशों/गो तस्करों पर पैनी नजर रखे हुए है ।

हालांकि बल्दीराय थाना क्षेत्र पूर्व में गोकशी का हब माना जाता है ।जहां कई चिन्हित जगह हैं जहां पुर्व में बड़े पैमाने पर गोकशी के धंधे होते थे ।बल्दीराय थाना क्षेत्र के गोकश अन्य क्षेत्रों में गोमांश की सप्लाई करते थे। लेकिन भाजपा की सरकार में यह धन्धा नेस्ता नाबूद हो गया कुछेक इस धन्धे में अभी भी सेंटिंग गेटिंग के चलते लिप्त है।

जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज के सिक्योरिटी में अधिसूचना की चूक

जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त सिक्योरिटी प्रोटेक्टिव की सूचनाओं में सेंध

सुलतानपुर । वीवीआईपी सिक्योरिटी में चूक का ताजा मामला तब सामने आया है जब सनातन धर्म के धर्मावलंबी जगतगुरु रामभद्राचार्य महराज की रामकथा जनपद के कादीपुर थाना क्षेत्र के विजेथुआ महावीरन में आयोजित हो रही है। विजेथुआ महोत्सव के आयोजक/संयोजक सत्यपथ फाउंडेशन के एमडी विवेक तिवारी के संयोजन में जनपदवासियों को कथा श्रवण कराया जा रहा है। जिसमें जानकारों की मानें तो खूफ्फिया इनपुट व डिमांड के आधार पर लोकल फोर्स के साथ ही साथ पीएसी की चार बटालियन को तैनात किया गया है।

गौरतलब रहे कि दीपावली के पूर्व आयोजित विजेथुआ महोत्सव में कथा श्रवण के अनुमानित आकड़े को लेकर शासन बराबर नजरें बनाए हुए है, चूंकि जगतगुरु रामभद्राचार्य महराज विश्व के विवादित बाबरी विध्वंस मामले की गवाही पर केन्द्रित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुख्य बिन्दु के साथ ही सनातनी धर्मावलंबियों के प्रेता भी मानें जाते हैं। जिनकी कथा में आमतौर पर देखा जाए तो सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही कई राजनेताओं समेत बिजनेस टाईकून जगतगुरु रामभद्राचार्य के कथा श्रवण में उपस्थित दर्ज कराते रहे हैं। जिले के कादीपुर थाना क्षेत्र में हो रहे जगतगुरु रामभद्राचार्य महराज के कथा में आज सोमवार को यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जनपद आगमन का प्रोटोकॉल शासन से जारी किया गया है।

सुलतानपुर । कार्यालय उप मुख्यमंत्री, सचिवालय मुख्य भवन उत्तर प्रदेश द्वारा जारी यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सुलतानपुर जनपद भ्रमण कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट रूप से यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जेड प्लस सिक्योरिटी प्रोटेक्टिव हैं, सुरक्षा जानकारों की मानें तो जेड प्लस प्रोटेक्टिव महानुभावों के मूवमेंट से पूर्व आयोजन स्थल समेत जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त वीवीआईपी के सिक्योरिटी प्राप्त महानुभाव के सुरक्षा से जुड़े तमाम बिन्दुओं पर विस्तृत स्पष्ट आख्या डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह समेत सुरक्षा निदेशालय को गोपनीय इनपुट आम तौर पर भेजे जाते हैं, प्रोटोकॉल की मानें तो विजेथुआ महोत्सव के आयोजक की इन्टरनल ब्रीफिंग में बड़ी चूक नजर आयी, आयोजक विवेक तिवारी के जगह एमएलए राजेश गौतम की खुशामदगी को लेकर आयोजक अधीष्ठाता बना डाला।

उत्कृष्ट शिक्षण कार्य को लेकर माध्यमिक एवं डायट के प्रधानाचार्य ,प्रवक्ता हुए सम्मानित

डायट सभागार में विधायक व डीआईओएस ने किया शिक्षकों को सम्मानित,संस्कृत विद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति का मुख्यमंत्री का दिखाया सीधा प्रसारण

बलरामपुर। रविवार को संस्कृत विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को शासन से छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का मुख्यमंत्री का सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिले में इस कार्यक्रम का शुभारंभ डायट सभागार में सभी संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्यो एवं छात्रों की उपस्थिति में किया गया।

प्रदेश स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया जिसका सीधा प्रसारण डायट सभागार में प्रसारित किया गया।डायट में इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन एवं मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों के माध्यम से माल्यार्पण कराकर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक ने करते हुए शासन के पहल की सराहना की है। जीआईसी दारी चौरा प्रधानाचार्य आशीष मौर्य एवं जीआईसी गैसड़ी प्रधानाचार्य डॉ सुधीर कुमार पांडेय सहयोगी रहे। कार्यक्रम का संचालन चंदन कुमार पांडेय ने किया। जिले के चयनित माध्यमिक संस्कृत बोर्ड एवं यूपी बोर्ड के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को उनके शिक्षा जगत में उत्कृष्ट शिक्षण कार्यो के लिए सदर विधायक पलटूराम एवं मृदुला आनन्द ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले प्रधानाचार्य अध्यापकों में मुख्य रूप से राजकीय इण्टर कालेज इटईरामपुर जिला समन्वयक प्रवक्ता दिनेश चंद्र , जीआईसी दारी चौरा के अध्यापक आशीष कुमार वर्मा, को इंसपायर अवार्ड के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य उत्कृष्ट कार्य करने पर सँयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा भी सम्मानित किया गया है। अध्यापक माता प्रसाद शुक्ला नीलम भारती , पंकज पांडे ,सुश्री पूजा शर्मा को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया है इसी क्रम में विभिन्न इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप सेडॉ चंदन कुमार पांडे राकेश प्रताप सिंह , रीता चौधरी,अब्दुल हाशिम ,असलम शेर खान प्रधानाचार्य शामिल है।अच्छे विद्यालय के लिए पुरुस्कृत होने वाले प्रधानाचार्य में आसिम नवनीत कुंवर श्रीवास्तव का नाम शामिल रहा है इसी क्रम में डायट प्रवक्ता सपना वर्धन , प्रवक्ता त्रिपुरारी पूजन , प्रवक्ता पवन कुमार वर्मा , जिला स्काउट मास्टर महमूद उल हक डायट प्रवक्ता चंद्रमणि मिश्रा, लेखाकार अंकित श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के शुभारम्भ का भव्य कार्यक्रम आयोजित

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना-2024 का शुभारम्भ किया गया, जिसके क्रम में जनपद-सुलतानपुर के विकास भवन स्थित 'प्रेरणा सभागार में जनपद स्तरीय संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना-2024 के शुभारम्भ का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं जय कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सुलतानपुर द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करते हुए किया गया। कार्यक्रम का संचालन केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज, सुलतानपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में जनपद के संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण कर अभ्यागत अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनपद के संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय में पंजीकृत 2150 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 1401 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिसमें परीक्षणोपरान्त पात्र पाये गये 1260 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में जिला विद्यालय निरीक्षक ,रविशंकर ,द्वारा छात्रवृत्ति की प्रथम किश्त का ऑनलाइन अन्तरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत विषय की महत्ता से अवगत कराते हुए देवभाषा के वाचन व लेखन के सम्बन्ध में विशिष्ट तकनीक से अवगत कराते हुए बताया कि संस्कृत भाषा सीधे रोजगार से जुड़ी भाषा है, प्रशासनिक सेवाओं में संस्कृत भाषा एक महत्वपूर्ण भाषा है, जिसके अध्ययन-अध्यापन से समाज एवं भारतीय संस्कृति दोनों का विकास होता है। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भ की गयी संशोधित छात्रवृत्ति योजना के विषय में अवगत कराते हुए छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वचन प्रदान किया तथा कहा कि संस्कृत विद्यालयों के आचार्य व छात्रों के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला है, उनको जो भी सहयोग आवश्यक होगा, मेरे द्वारा विशेष प्रयास कर शासन द्वारा प्रदान कराया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को आश्वासित किया गया कि जो बच्चे किसी कारणवश छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे हैं, उन्हें भी मुख्यमंत्री की मंशानुसार विद्यालयों के सहयोग से छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जायेगी। संस्कृत पटल सहायक श्री आशीष ओझा द्वारा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल के विशेष योगदान की सराहना की। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की तकनीकी शब्दों का विवेचन करते हुए कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि सहित सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ0 योगेश्वर शुक्ल, प्राचार्य, डॉ0 शशिधर मिश्र, प्राध्यापक, धवल कुमार मिश्र, शिवमोहन शुक्ल, हरिदत्त द्विवेदी एवं संस्कृत विद्यालयों के आचार्यगण उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान किया।

51 पुरवे के पचास हजार से अधिक लोगों की आधार कार्ड सम्बन्धी हुई दूर समस्या

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर उप डाकघर क्षेत्र में आने वाले ग्रामवासियों को आधार कार्ड बनवाने पर पिन कोड डालते ही अमेठी जिला लिख उठता था। लोग मजबूरी में बनवाते भी थे लेकिन इसके उपयोग में बहुत दिक्कत आती थी।इसकी शिकायत हुई व एक हफ्ते में निस्तारण हो जाने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। सुल्तानपुर जिले का उप डाकघर हलियापुर है। इसका पिनकोड 227815 है।आज कल बिना आधार कार्ड के कोई काम नही हो रहा है।हलियापुर क्षेत्र मे तिरहुत, डोभियारा, पिपरी, तौधिकपुर, सिकरी, जरई कला, उमरा, हलियापुर डाकघर के लगभग इक्यावन पुरवे की आबादी पचास हजार से अधिक है।जबसे आधार कार्ड योजना चली है तब से इस क्षेत्र के जितने भी आधार बने हैं या बन रहे हैं सभी का पिनकोड डालते ही जिला सुल्तानपुर के बजाय अमेठी का बना है और बन रहा है। इसके प्रयोग में लोगों को बहुत दिक्कत आती है।

लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने विश्व शांति का दिया संदेश, विश्व शांति के महत्व पर बल

विश्वभर में शांति, न्याय और समानता की आवश्यकता पर दे बल-डा क्षितिज शर्मा

जौनपुर। लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा लोगों को मानवाधिकारों के उल्लंघन व युद्ध तथा अशांति की विभीषिका से मानवता को बचाने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व शांति के लिए सेमिनार स्थान होटल रघुवंशी इन ओलंदगंज मे आयोजित किया गया। जिसकी थीम ÷पीस विदआउट लिमिटस÷ 'शांति बिना सीमा% है। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर पीस पोस्टर भी प्रदर्शित किया गया जिसने लोगों को खूब आकर्षित किया। इस अवसर पर जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि विश्वभर में शांति, न्याय और समानता की आवश्यकता है। क्योकि संघर्ष, असमानता, और मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यह एक महत्वपूर्ण समय है, क्योंकि दुनिया जलवायु संकट, महामारी, और विभिन्न भू-राजनीतिक संघर्षों का सामना कर रही है। इसलिए देशों, समुदायों और व्यक्तियों के बीच शांति और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित किया जाये। विश्व शांति के लिए अहिंसा ही एकमात्र विकल्प है। संयोजक मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि शांति के लिए व्यक्तिगत प्रयास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए, हमें अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी को समझने और

अपने समुदाय में शांति, सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने पर बल देना है। आज हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि कैसे हम अपनी दुनिया को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समावेशी बना सकते हैं।अरूण त्रिपाठी ने कहा कि लायन्स इंटरनेशनल पिछले तीन दशक से विश्व शांति के लिए युवाओं मे शांति का बीज बोने तथा लोगों के भीतर भावनात्मक, रचनात्मक व सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें विश्व शांति के महत्व को समझने का भी अवसर प्रदान किया। लायंस क्लब की इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में मदद मिली है। शकील अहमद ने कहा कि दुनिया में शांति और समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरित यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध और विनाश के रूप में सामने आएगा। डा मदन मोहन वर्मा ने कहा कि लोगों को शांति और सम्मान से जीने का अधिकार है। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर डा वी एस उपाध्याय, डा अजीत कपूर, राम कुमार साहू, अशोक मौर्य, लखन श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, शिवानंद अग्रहरि, मधु चतुर्वेदी, संजय श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, संजय सिंघानिया, राधेरमण जायसवाल, अनिल गुप्ता, डा संजीव मौर्य, अनिल वर्मा, नीरज शाह, हेमा श्रीवास्तव, नीलू सेठ, संगीता गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

आकर्षित जायसवाल ने बॉक्सिंग में बहराइच को हराकर स्वर्ण पदक जीता

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज के छात्र आकर्षित जायसवाल ने अंतर्जनपदीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। महाविद्यालय के छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य ,शिक्षक एवं परिजनों ने हर्ष जताया है।

बीतेदिनों बहराइच बॉक्सिंग एसोसिएशन ने बहराइच के स्टेडियम में आयोजित अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के बीबीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र आकर्षित जायसवाल ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा के 75 किलोग्राम वर्ग में बलरामपुर जिलेका प्रतिनिधित्व किया था। फाइनल मुकाबले में आकर्षित ने बहराइच के प्रतियोगी को दो राउंड के मुकाबले में 26-22 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। आकर्षित ने अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। आकर्षित की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बधाई देते हुए बीबीए विभाग के शिक्षकों के प्रति आभार जताया है। बधाई देने वालों में बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ राहुल विशेन,डॉ पवन सिंह व सिद्धार्थ मोहन्ता सहित ,परिजनों एवं मित्रो ने हर्ष जताया है।

गंगा दशहरा पर राप्ती नदी पर भव्य आरती आयोजन की बनी रणनीति

गंगा समग्र सरयू भाग मंडलीय इकाई की बैठक संपन्न

बलरामपुर। रविवार को गंगा समग्र की सरयू भाग की बैठक झारखंडेश्वर महादेव मंदिर बलरामपुर में आयोजित हुई। बैठक मेंचार जिले बलरामपुर, बहराइच ,गोंडा, एव श्रावस्ती के पदाधिकारी शामिल हुए हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी सहित सहयोगी नदियों के साफ सफाई एवं गंगा पूजा अर्चना रहा है

बैठक में गंगा समग्र के अवध प्रांत संगठन मंत्री लालजी शामिल होकर पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं द्य उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारणी के सभी आयाम प्रमुख व खंड स्तर के कार्यकर्ता को संगठन में शामिल करें फ़रवरी महीने में होने वाले कुंभ मेले के विषय में चर्चा हुई जिसमें प्रत्येक जिले से 100 संगठन के कार्यकता प्रतिभाग करने पर जोर दिया । प्रांत पर्व आयाम प्रमुख व भाग संयोजक जय कृष्ण मिश्र नवीन कार्यकर्ता के दायित्व की घोषणा की ।जिसमें प्रांत गंगा सेविका संयोजिका डॉ दिव्या पांडेय ,प्रांत शिक्षणआयाम प्रमुख राहुल श्रीवास्तव बलरामपुर जिले के पालक प्राचार्य डॉ जे पी पाण्डेय , जिला संयोजक मंगल देव मिश्रा जिला संरक्षक राजेश्वर मिश्रा,जिला संपर्क प्रमुख अंजनी कुमार,श्रावस्ती के संयोजक जय प्रकाश मिश्र,बहराइच के जिला संयोजक रमेश पाठक मौजूद रहे। बैठक की व्यवस्था देख रहे जिला संयोजक बलरामपुर मंगल देव मिश्र ने करते हुए कहा कि राप्ती नदी के सिसई घाट पर आगामी 5 नवंबर को भव्य मां गंगा आरती का आयोजन सांय 05 बजे किया जायेगा जिसमें संगठन के सभी दायित्व प्रमुख व आम जनमानस उपस्थित रहेंगे। जिला संयोजक ने कहा कि जल्द ही खंड एवं तहसील में संगठन का विस्तार किया जाएगा।

लखपति बनने के चक्कर में दिवाली से पहले निकल गया दिवाला

लोकमित्र ब्यूरो

आरजीए कंपनी लिंक पर जुड़े लोगों को लगा हजारों हजार का चूना

सुल्तानपुर। चंद दिनों में घर बैठे बगैर खून पसीना बहाए लखपति बनने की हसरत पाले सैकड़ों लोगों को जोरदार झटका लगा है। आरजीए कंपनी के लिंक से जुड़ कर दिवाली से पहले लाखों कमाने की लालच में हजारों हजार रुपया गँवा बैठे हैं। दीपावली का तोहफा पाने की आस लगाए लोगों का दिवाला निकाल कर कंपनी रफूचक्कर हो गयी है। ठगी के शिकार हुए लोगों में ग्राम प्रधान व कोटेदार प्रतिनिधि, सफ़ाई कर्मचारी एवं आम आदमी शामिल हैं।

बात करते हैं ठगी के शिकार हुए सिर्फएक गाँव जादीपुर के लोगों की। बीते कुछ माह पहले गांव के एक को आरजीए कंपनी की जानकारी हुई। बताया कि कंपनी के लिंक पर जुड़ कर घर बैठे मोटी रकम कमाई जा सकती है। 1600 रुपया लगाने पर 60 रुपया रोजाना मिलेगा। 4800 पर 160 रुपया, 15000 रुपया लगाने पर 540 रुपया प्रतिदिन खाते में आयेगा। इसी तरह ज्यादा पैसा लगाने पर ज्यादा कमाई का लालीपाप दिखाया गया। कुछ लोगों कुछ दिनों तक लाभ भी मिला। फिर क्या था लोगों ने धड़ाधड़ अपनी क्षमतानुसार पैसा लगाना शुरू कर दिया। ज्यादा पैसा लगाने पर दीपावली आफर भी दिया गया। लालच में आए लोगों ने ज्यादा से पैसा लगा दिया। किसी ने 2000 तो कोई 5000-10000-15000 रुपया लगा दिया। दो दिन पहले अचानक कंपनी की बेवसाइट बंद हुई तो पैसा लगाने वाले लोग एक दूसरे से मुंह लटकाए जानकारी करते फिर रहे हैं। फ़िल्हाल हम तो यही कहेंगे कि लालच बुरी बला है।

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने छात्रों को वितरित किए प्रतीकात्मक चेक

बांदा। मुख्यमंत्री ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान डीएम नगेंद्र प्रताप, पालिका चेयरमैन मालती बासू, सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने छात्रों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। जनपद के संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि खाते में आरटीजीएस के माध्यम से वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी भाषा, अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की बात कही। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार सहित विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, वंदना गुप्ता, राजकुमार राज आदि मौजूद रहे।

510 लीटर सरसों का तेल सीज, नमूना भरा

बादा। दीपावली त्योहार के मद्देनजर मिलावटखोरी तेजी से की जा रही है। रविवार को खाद्य विभाग की ओर से नायब तहसीलदार के साथ शहर की मिठाई की दुकानों और एक कारखाने में चेकिंग करते हुए नमूना लिया गया। 510 लीटर सरसों को तेल सीज करने के साथ ही मिठाई के नमूने लिए गए। दीपावली के मौके पर मिलावटखोरी को रोकने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को नायब तहसीलदार सदर विवेक कुमार के साथ खाद्य विभाग के अधिकारियों ने रोडवज बस स्टैंड में स्थित एक मिठाई की दुकान से डोडा बऊर्भ और पतीसा नामक मिठाई का नमूना लिया। इसी तरह गायत्री नगर बबेरू रोड में एक स्पेलर कारखाना में सरसों के तेल का नमूना लिया गया। 34 टीमन सरसों का तेल जो 510 लीटर था, को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही खाद्य विभाग की अभिरक्षा में दिया गया। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा-तफरी मची रही।

सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

बांदा। दीपावली और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए सभी थानों में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने समेत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लोगों के सुझाव भी लिए गए। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

शांति समिति की बैठक में सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली आदि को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। साथ ही सभी के सुझाव लिये गये। बैठक में सभी से आगामी त्यौहारों को शान्ति पूर्वक एवं परंपरागत तरीके से मनाने हेतु अपील की गई। साथ ही किसी नई धार्मिक परम्परा को बिना अनुमति शुरु न करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की समस्या, घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

चोरी की आठ बकरियां बरामद, एक युवक गिरफ्तार, दो फरार

बांदा। बिसंडा थाना पुलिस ने बकरी चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर आठ बकरियां और चोरी में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

रविवार को थाना बिसण्डा पुलिस ने बकरियां चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि थाना बिसण्डा क्षेत्र के परसेटा अंश सिंहपुरमाफी के रहने वाले बबुआ पुत्र जामिद खां ने शनिवार रात थाना बिसण्डा पर अपनी बकरियां चोरी होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना बिसण्डा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की आठ बकरियां व परिवहन में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर तीन बकरियां ग्राम परसेटा व पांच बकरियां ममसी से चोरी की थी। फरार अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम रामकिशोर वर्मा पुत्र केशपति निवासी ग्राम बैरफ थाना मरका बताया है। इसी तरह टिर्रा निवासी सिमौन थाना गाजीपुर फतेहपुर और सोनू गुप्ता निवसी सासा फतेहपुर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सिंहपुर वीरेंद्र त्रिपाठी व पुलिस टीम शामिल रही।

कार डिवाइडर से भिड़ी युवक की मौत

बांदा। तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के डोमानी गांव के मजरा गुढा कला निवासी 18 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र देशराज अपने 21 वर्षीय बड़े भाई भागवत सिंह, 25 वर्षीय छोटे राजपूत, एक अन्य के साथ बरछा गांव पार्टी मे गए थे । रात को चारो लोग कार से घर लौट रहे थे। तभी बरछा पुल के नजदीक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ गई। जिससे सभी लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

सर्प दंश से दो युवको की मौत

बांदा। अलग अलग थाना क्षेत्रो में सर्प दंश से दो युवको की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।हमीरपुर जिले के सिवाही गांव निवासी 28 उत्तम पुत्र अमर सिंह शनिवार की रात खेत में पानी लगाए था। तभी सर्प ने उसके पैर में डस लिया। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया।

जहां उसकी मौत हो गई। यह फुफेरे प्रेमकुमार ने दी। दूसरी घटना चित्रकूट जिला के बगलई गांव निवासी 40 वर्षीय बुद्धविलास वर्मा पुत्र बीरबल वर्मा शनिवार की रात चारपाई में सो रहा था। तभी सर्प ने डस लिया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सुदामा चरित्र की कथा सुनकर रो पड़े श्रोतागण

मढ़ीदाई मंदिर में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा

लोकमित्र ब्यूरो

बबेरू। सिद्धपीठ मढ़ीदाई मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री ने श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा का बखान किया। कथा सुनकर श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। कथावाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समाज के लिए एक आदर्श है। वास्तव में मित्रता ऐसी ही होनी चाहिए।

मढ़ीदाई मंदिर परिसर में कथा श्रवण के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार को सातवें दिन कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र की कथा का बखान किया। कहाकि श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता समाज के लिए आदर्श है जो समाज को एक संदेश भी है। चाहे कोई गरीब हो या अमीर हो, दोस्ती श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी ही होनी चाहिए। बताया कि सुदामा से मिलने के लिए माधव सुधि बुधि भुलाकर नंगे पांव दौड़ पड़े। श्रीमद् भागवत ज्ञान बैराग्य भक्ति का संगम है जो प्रभु की भक्ति को प्राप्त कराते हुए जीवन के सर्वोत्कृष्ट पथ पर भक्त को पहुंचती है। परीक्षित के रूप में कल्लू राम गुप्ता रहे। इस मौके पर जयगोपाल गुप्ता, मइयादीन, शिवगोपाल, राजेंद्र गुप्ता, विवेकानंद गुप्ता, जमुना प्रसाद, राममूर्ति, सुनील पांडे, प्रियंका गुप्ता, श्वेता, खुशी, महिमा, राधा, अर्पित गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

युवती समेत दो लोगो ने फंदा लगाकर जान दी

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। अलग अलग थाना क्षेत्रो में एक युवती समेत दो लोगो ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र ओरन गांव के दंगलहा पुरवा निवासी 18 वर्षीय भोलिया पुत्री सितार ने शनिवार की दोपहर कमरे के अंदर दुपट्टा से बास की बल्ली में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुची मां गीता ने शव देखा तो चीख पड़ी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चाचा भैरम प्रसाद ने बताया कि भोलिया के पिता ने चार साल पहले खुदकुशी कर लिया था। बाबा रामदीन घर का खर्च चलाता था। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। दूसरी घटना में शहर कोतवाली क्षेत्र के परशुराम तालाब निवासी 32 वर्षीय सरोज पुत्र कालीदीन ने शनिवार की रात कमरे के अंदर बासी की बल्ली में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह मौके पर पहुंचे भतीजे रसिक ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई मनोज ने बताया कि वह अपने बच्चो के साथ कांशी राम कालोनी में रहता है। सरोज अकेला रहता था। वह एक होटल में काम करता था। एक पैर से दिब्यांग था। वह नशे का आदी था। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है।

पुलिस कर्मी ने बेजुबान जीव का किया उपचार

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में नियुक्त आरक्षी सुदेश द्विवेदी ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक बेजुबान कुत्ते की सहायता कर समाज में करुणा और सेवा की नई मिसाल पेश की। गौरतलब हो कि रविवार को शहर के महाराणा प्रताप चौराहा से जरैली कोठी की ओर जाने वाली सड़क पर एक कुत्ते को एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी, इससे कुत्ता पैर से जख्मी हो गया। सिर और मुंह पर चोंटे आई थी जिससे वह गंभीर पीड़ा में था और जमीन पर असहाय अवस्था में पड़ा था। इस दौरान वहां से गुजर रहे आरक्षी सुदेश द्विवेदी की नजर पड़ी तो उन्होंने घायल कुत्ते को वहां पर उपस्थित अन्य लोगों की मदद से परिसर में लगाकर प्राथमिक उपचार करते हुए कुत्ते की मरहम-पट्टी की। उसकी भूख मिटाने के लिए बिस्किट खिलाए। पुलिस कर्मी की इस संवेदनशीलता की लोगों ने सराहना की।

प्रधानाचार्य की बुखार से मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बबेरू। भाजपा पूर्व विद्यायक चन्द्रपाल कुशवाहा की पुत्री और लवकुश इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुमन कुशवाहा (45) बबेरु को बुखार की चपेट में आ जाने पर सीएचसी और मेडिकल कालेज में उपचार कराया गया। हालत में सुधार न होने पर लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उसका उपचार किया जा रहा था, रविवार की सुबह उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर बबेरू आए।

वहां मुक्तिधाम में शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में राजनीतिक दलों के लोग, शिक्षक, व्यापारी और समाजसेवी शामिल रहे।

हृदयगति रुकने से किसान की मौत

मां ने ससुरालीजनों पर जहर देने का लगाया आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

बबेरू। जांच करने गए एक किसान की हृदय गति रुकने से मौत हो गई वहीं मृतक की मां ने ससुराली जनों पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अछाह निवासी 35 वर्षीय किसान दिग्विजय सिंह पटेल जो वर्तमान बबेरू कस्बे के संजय गांधी मार्ग में अपने पत्नी पूजा के साथ रहता था । वह करीब एक सप्ताह से बीमार चल रहा था रविवार की दोपहर पड़ोसी चचेरा भाई महेश के साथ इलाज करने गया। डॉक्टर की सलाह पर वह एक पैथोलॉजी पर खून जांच करने गया। जैसे ही वह पैथोलॉजी पर पहुंचा कि अचानक हृदय गति रुक गई और वह बेहोश हो गया। उसे आनन फानन इलाज है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर मृतक की पत्नी पूजा का कहना है कि वह काफी समय से बीमार चल रहा था। वह बरौली आजम ने अपने मामा के यहां से शनिवार को आया और रविवार की दोपहर हालत बिगड़ी तो इलाज कराने के लिए देवर महेश के साथ भेजा था। उधर मृतक की मां सावित्री देवी और बहन सन्नो देवी ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया है। वही कस्बा इंचार्ज कौशल किशोर ने बताया उसे पीलिया के साथ काफी समय से बीमार चल रहा था। अभी किसी तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

आबकारी टीम का छापा, तीन कुंतल लहन नष्ट

दो महिलाएं अवैध रूप से करती थीं अवैध शराब का निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

बदौसा। आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ कर दिया। तीन कुंतल लहन नष्ट किया गया। इसके साथ ही दो महिलाओं को टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

बदौसा के केवटन पुरवा में पुलिस, आबकारी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण कर रही दो महिलाओं को माया उर्फ सुरेखा पत्नी बच्चा निषाद, शीलू पत्नी सुखलाल निवासी केवटन पुरवा अंश दुबरिया को मौके से गिरफ्तार करते हुए दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं पर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। टीम ने मौके पर लगभग तीन कुंतल महुआ लहन को बरामद करके नष्ट कर दिया। इस छापेमारी पर नायब तहसीलदार अतर्रा राजीव कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 संदीप नाथ त्रिपाठी ,आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन सुनील कुमार, उप निरीक्षक थाना बदौसा राम नरायण सरोज, गौरव मिश्रा, आबकारी मुख्य आरक्षी रामसागर पांडेय, शिवप्रताप चंद्रशेखर, इलत फ़ात हुसैन, अजय कुमार महिला आरक्षी अनीता सिंह, सरिता पाल, बदौसा थाना आरक्षी अनुराग यादव, शेर सिंह मौजूद रहे।

मैजिक वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पैलानी के गैस एंजेसी के पास हुआ हादसा

पैलानी। बाइक से पत्नी को लिवाने जा रहे युवक को तेज रफ्तार मैजिक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मैजिक चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणो ने जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। पुलिस के समझाने के बाद जाम खोला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा निवासी 25 वर्षीय संजय पुत्र जगदीश निषाद रविवार की दोपहर बाइक से पैलानी में भर्ती पत्नी निशा को अस्पताल लिवाने जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर गैस एजेंसी के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही मैजिक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राइवेट वाहन से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही संजय को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मैजिक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनो ने पैलानी हमीरपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। परिजनो का कहना था कि संजय की मौके पर मौत हो गई थी। परिजनो को सूचना दिए बगैर पुलिस संजय को उठाकर ले गई। जाम करीब एक घंटा तक लगा रहा। दोनो तरफ वाहनो की लंबी लाइन लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। तब परिजनो ने जाम खोला। मृतक के छोटे भाई महेश निषाद ने बताया कि संजय अपनी अस्पताल में भर्ती अपनी पत्नी का लिवाने जा रहा था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। संजय तीन भाइयों में बड़ा था। संजय के दो पुत्र लकी 7 वर्ष व शिवम 4 वर्ष है।

पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी 16 मंडलों के 1389 बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह के मन की बात कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सुनते हुए उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

रविवार को प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 115वें एपीसोड को उत्सुकता और उत्साह के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसे सुना जैसे अपने घर के बड़ों के साथ हल्की फुल्की बात को भी गंभीरता से सुना जाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ नम्बर 191 में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि ये त्योहारों का समय है 7 'मन की बात' के श्रोताओं को धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और सभी पर्वों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी 7 प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाएं। वोकल फार लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आए 7 यहां मण्डल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने महुआ मंडल के बूथ नम्बर 242, छिबांव में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना, बताया कि प्रधानमंत्री ने यादगार पलों, खासतौर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड के उलिहातू गांव की अपनी यात्रा पर बात की। उन्होंने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने बबेरू मंडल के बूथ नम्बर 50 में मन की बात कार्यक्रम को सुना और कहा कि प्रधानमंत्री ने एनिमेशन, आत्मनिर्भरता और फिटनेस के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने लोगों को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े फ्राड्स के प्रति भी सतर्क किया। नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा ने नरैनी मंडल के बूथ नम्बर 64, कृष्णा नगर में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह के मन की बात को सुना जहां मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा तथा जागृति वर्मा, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश सेन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय जड़िया, दिलीप श्रीमाली ने बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नम्बर 105 खिन्नी नाका में मन की बात कार्यक्रम को सुना। जबकि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने तिंदवारी मंडल के बूथ नम्बर 209 , संतोषी नगर में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह के मन की बात कार्यक्रम को सुना उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि विदेशी धरती पर भारत के ये उदाहरण दर्शाते हैं कि भारतीय संस्कृति की शक्ति कितनी अद्भुत है 7 ये लगातार विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।÷जहां-जहां कला है, वहां-वहां भारत है÷।÷जहां-जहां संस्कृति है, वहां-वहां भारत है÷।आज दुनिया भर के लोग भारत को जानना चाहते हैं, भारत के लोगों को जानना चाहते हैं।अनूसूचित मोर्चा जिला महामंत्री धनंजय चौधरी ने तिंदवारी मंडल के बूथ नम्बर 215, आबादी, अरसौड़ा में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

ट्रक से कुचल कर घायल हुई किशोरी की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। ट्रक से कुचल कर घायल हुई किशोरी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी 13 वर्षीय ज्योति पुत्री राजेंद्र कुमार शनिवार की दोपहर सड़क पार कर रही थी। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने बताया कि वह तिंदवारी बाईपास के समीप होटल किए है। ज्योति घर से होटल आ रही थी। तभी यह हादसा हो गया।

ई-रिक्शा चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। छह दिन पूर्व कांशीराम कालोनी हरदौली घाट से ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने रिक्शा चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए तहकीकात शुरू कर दी थी।

रविवार को नगर कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। 19 अक्टूबर को कांशीराम कालोनी हरदौली घाट थाना कोतवाली नगर के रहने वाले प्रकाश पुत्र रघुवर का ई-रिक्शा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़ित की सूचना पर

25 अक्टूबर को थाना कोतवाली नगर में अज्ञात चोरों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। 26 अक्टूबर को चोरी गये ई-रिक्शे को मवई चौराहे से अभियुक्त जयदीप दीक्षित पुत्र ऋषिकेश दीक्षित के कब्जे से बरामद किया गया, मौके से उसका साथी छेद्दू खान उर्फ सिद्दतुल पुत्र स्व. अजीज खान निवासी कांशीराम कालोनी हरदौली घाट ब्लाक नंबर 45 कमरा नम्बर 706 थाना कोतवाली नगर जनपद भागने मे सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम जयदीप दीक्षित पुत्र ऋषिकेश दीक्षित निवासी ब्लाक नंबर 21 कमरा नम्बर 333 काशीराम कालोनी हरदौली घाट बताया है। उसके पास से एक ई-रिक्शा बरामद हुआ है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, उप निरीक्षक अनुग्रह नारायण मौर्य, कांस्टेबल जनक सिंह यादव, धरमू पांडेय आदि मौजूद रहे।

₹80 पैकेट पूड़ी सब्जी और ₹6 कप चाय

चुनाव खर्च जोड़ने के लिए निर्धारित हुआ रेट, फॉर्च्यूनर-इंडीवर से किया प्रचार तो खर्च में जुड़ेंगे रोज आठ हजार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च को लेकर गाइडलाइन आ गई है। बाजार में अमूमन ₹30 पैकेट मिलने वाली पूरी सब्जी का रेट ₹80 निर्धारित किया गया है जबकि चाय 6 रुपए की है। फार्च्यूनर और इंडीवर जैसी लग्जरी एसयूवी कार से प्रचार करने पर रोज लगभग आठ हजार रुपये खर्च में जुड़ जाएंगे। इसी तरह मर्सिडीज, पजेरो व बीएमडब्ल्यू, आडी से चलने पर प्रत्याशियों को आठ हजार रुपये प्रतिदिन खर्च में जोड़वाना होगा।

चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार इनोवा, टाटा सफारी, क्रेटा, टवेरा, जाइलो से प्रचार करने पर साढ़े तीन हजार रुपये रोज जोड़े जाएंगे। बोलेरो, स्कार्पियो, जीप व कार जनसंपर्क मं लगेंगी तो लगभग तीन हजार रुपये खर्च में जोड़े जाएंगे। थ्रीव्हीलर, आटो, टेंपो, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा एक हजार रुपये पर रहेंगे।

गेट बनवाने पर तीन हजार रुपये, तोरण द्वार के निर्माण पर ढाई हजार रुपये खर्च में जुड़ेंगे। छोटे-बड़े पंडाल के लिए अलग-अलग रेट तय किए गए हैं। होर्डिंग तीन से छह हजार रुपये, लकड़ी, कपड़े व प्लास्टिक के कटाउट के वर्ग फीट के हिसाब से रेट जारी हुआ है।

हैंडबिल चार सौ रुपये प्रति हजार, लाउडस्पीकर 850 रुपये प्रति यूनिट, बैनर 100 रुपये प्रति मीटर दर तय हुआ है।

गेस्ट हाउस चार हजार रुपये रोज, होटल सामान्य एसी के लिए दो हजार प्रति कमरा, होटल नान एसी एक हजार रुपये प्रति कमरा, होटल डिलक्स एसी 3200 रुपये प्रति कमरा तय हुआ है।

प्लास्टिक की कुर्सी आठ रुपये, वीआइपी कुर्सी 30 रुपये, सोफा स्टील का 50 रुपय, सोफा लकड़ी का 300 रुपये निर्धारित किया गया है। पूड़ी-सब्जी के पैकेट के लिए 80 रुपये, छह-छह रुपये चाय व समोसा के लिए निर्धारित किया गया है।

भोजन थाली के लिए 120 रुपये, भोजन पैकेट डिलक्स के लिए 200 रुपये निर्धारित हुआ है।

मिनी बस नान एसी के लिए 1500 रुपये, एसी के लिए 1800 रुपये, बड़ी बस के लिए 2000 रुपये रेट तय हुआ है।

लोक गायक मंडली के लिए 11500, वीडियो कैमरा 1500 रुपये रोज, ड्रोन कैमरा 5500 रुपये, जर्मन हैंगर छोटा के लिए डेढ़ लाख, जर्मन हैंगर बड़ा के लिए साढ़े तीन लाख रुपये खर्च में जोड़े जाएंगे।

मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर पुलिस बल ने पैदल गस्त कर लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, कौशाम्बी। कौशाम्बी आगामी 30 तारीख को कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी बड़ी जोरों से चल रही है त्योहारों को दृष्टिगत देखते कई गांव के हनुमान भक्त कुम्हियांवा बाजार में आते हैं हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश के बाद रविवार दोपहर में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ थाना महेवा घाट अन्तर्गत मुख्य मार्गो एवं चौराहों व सराफा बाजार में पैदल गस्त किया। इसके साथ ही उन्होंने अस्थायी पटाखों की दुकानो के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

गरीब कुनबे को एक अदद आवास की दरकार, वही गाँव में अपात्रों की मौज

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली गाँव में एक कुनबे को एक अदद आवास की दरकार है। जबकि गाँव में अपात्रों की मौज है। आवास न मिलने पर गरीब कुनबा खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।हंडिया तहसील के ब्लॉक सैदाबाद के सिठौली गाँव निवासी अभिनव जाति का मंगता हैं। यह सरकारी जमीन में पुस्तैनी रुप से छप्पर रख कर पत्नी साधना और 5 मासूम बच्चों के साथ रहता था। लेकिन 25 अक्टूबर को राजस्व टीम ने इसका छप्पर को गिरा दिया। जिससे यह कुनबा बेघर हो गया है। इस कुनबे के सिर से छत का साया हट गया। मजबूरन कुनबा खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है। आपको बताते चलें कि इस गांव में लोहिया आवास, प्रधानमंत्री आवास

ऐसे लोगों को दे दिया गया है जो इसके पात्र ही नहीं है। ज्यादातर अपात्र लोगों को आवास रेवड़ी की तरह बांट दिया गया है। लेकिन इस गांव का सबसे गरीब मंगता जाति का एक गरीब परिवार एक अदद आवास कि उसे दरकार है। अब उसका छप्पर गिर जाने से पूरा परिवार आसमान के नीचे आ गया है। यही भर नहीं गांव में अपात्र लोगों को आवासीय पट्टा, कृषि आवंटन कर दिया गया है लेकिन गाँव का सबसे पात्र कुनबा गरीब और पैसा न होने के कारण इस गरीब को सरकारी सुविधा नहीं मिल पाई है। आखिर इस ठंड में इस कुनबे का गुजर बसर कैसे होगा।

आग से किसान के घर में रखे रुपये और आभूषण तथा सारी गृहस्थी जलकर खाक

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के बरईतारा गांव में आग लगने से एक किसान के घर में रखे रुपये आभूषण और सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। बरई तारा गाँव निवासी सुनील कुमार पटेल शनिवार को दोपहर अपनी माँ बिटानी पत्नी समला देवी एक मासूम बच्चें के साथ धान की कटाई करने खेत में गये हुए थे। इधर घर में ताला बंद था।

बताया जा रहा है कि शाम लगभग 4 बजे अचानक शार्ट सर्किट से घर में आग लग गयी।

जिससे पूरा घर आग की चपेट में आ गया। पूरा घर आग की चपेट में आ जाने से घर धू धूकर जलने लगा। जिससे किसान के घर में रखा 25 हजार नकद रुपये टीवी, समला का रखा सोने का लाकेट, कीमती कपड़े कुल लगभग, 90 हजार रुपये कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटों को देख लोगों ने पीड़ित परिवार को सूचना दिया तो पीड़ित परिवार मौकै पर पहुँच कर देखा तो उसके पैरों की जमीन खिसक गयी। शोर मचाने पर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी प्रकार से काबू पाया गया। आग शार्ट सर्किट से लगी यह बताया जा रहा है। । घर के लोग अगलगी से शोक में डूबे है। वही ग्राम प्रधान कुलदीप पटेल ने लेखपाल को अगलगी की सूचना दे दिया है।

इलाहाबाद ने सोनभद्र वेटरन एसोसिएशन को हराया

प्रयागराज। डॉ. गौर हरी सिंघानिया टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट वेटरन क्रिकेट लीग में पूर्व रणजी क्रिकेटर अरशद वली उल्ला की स्मृति में आयोजित मैच में इलाहाबाद वेटरन एसोसिएशन ने सोनभद्र वेटरन एसोसिएशन को 6 विकेट से हराया।

गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में सोनभद्र वेटरन एसोसिएशन ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 168 रन (पंकज ओझा 72, विपुल 34 नाबाद, विनय 20, सैफ अहमद, शिवाकांत शुक्ला, कलीम अख्तर एवं उदय प्रताप सिंह एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में इलाहाबाद वेटरन एसोसिएशन ने 16.1 ओवर में चार विकेट पर 169 रन (विनीत सिंह 56, आजाद खान

52 नाबाद, शिवाकांत शुक्ला 31, सुनील सिंह 1/22, विपुल 1/29) बना लिए।मैच से पहले मुख्य अतिथि इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट कोच विवेक सिंह ने उनका स्वागत एवं सोमेश्वर पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। मैच में ताहिर अब्बास व प्रितेश सोनकर अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

आखिर मिथिलेश पटेल क्यों खाया जहर? पुलिस जांच में जुटी

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के महटीकर गाँव निवासी युवक मिथिलेश पटेल की मौत जहर खाने से हुई है। जिसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर मिथिलेश ने आत्महत्या किस वजह से की है। बताते चले कि इंसान बहुत ही प्रताड़ित होकर जिंदगी से हाथ धोता है। अब मिथिलेश पटेल की मौत प्रकरण में कई सवालियां निशान खड़ा हो गया है। उन सवालों का जवाब पुलिस जल्द ही खोज निकालने में जुट गयी है। अखिलेश पटेल की मौत प्रकरण में उसे प्रताड़ित करने वाले कई लोग जेल जा सकते हैं। साथ ही साथ किस वजह से प्रताड़ित किया करते थे वह भी आईना की तरह साफ हो जाएगा। अखिलेश पटेल लालचंद पटेल की पहली बीवी का इकलौता बेटा है। उसके बाद लालचंद पटेल ने दूसरी शादी की। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मिथिलेश पटेल की मौत जहर खाने से हुई है। वह जहर किस लिए खाया यह जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा। जल्द ही प्रताड़ित करने वाले जेल जायेगें।

न्यूज डायरी

फूफा ने नौ साल की बच्ची से किया दुराचार

खून में लथपथ छोड़ हुआ फरार, आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। हंडिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नौ साल की बालिका के साथ उसके फूफा ने दुष्कर्म कर रिश्ते को कलंकित कर दिया। बालिका घर में अकेली थी। बालिका को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति है। गांव में बीते शुक्रवार की दोपहर बालिका के माता-पिता मजदूरी करने गए थे। इसी बीच गांव का ही बालिका का फूफा घर आया। बालिका को अकेले देख दुष्कर्म किया। इसके बाद फरार हो गया। बालिका अचेत हो गई। मजदूरी कर घर लौटे परिजनों ने बेटी को खून से लथपथ देखा तो अवाक रह गए। आनन-फानन में उसे पास के निजी अस्पताल में ले गए। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बालिका ने अपने माता-पिता को आपबीती बताई। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर हंडिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

दहेज में मांगे 50 लाख, न देने पर पिटाई

अमेरिका से लाकर मायके छोड़ा

प्रयागराज। करेली थाने में एक विवाहिता ने शनिवार को ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि ससुरालियों ने दहेज में 50 लाख रुपये की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना की। यहां तक कि अमेरिका से जबरन वापस लाकर एक साल से मायका में छोड़ दिया है। पुलिस विभिन्न धाराओं व दहेज उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली के करामत की चौक निवासी शौकत अली जाफरी की बेटी फातिमा जाफरी का निकाह चार जनवरी 2019 को शमी उल्लाह पुत्र शफी उल्लाह निवासी मदारीपुर रहमत नगर थाना करेली से हुआ था। आरोप है कि निकाह के समय 85 लाख रुपये दान व उपहार दिए गए थे। निकाह के कुछ दिन बाद ही फातिमा अपने पति शफी उल्लाह के साथ अमेरिका चली गई। आरोप है कि ससुराल वाले अमेरिका में फ्लैट खरीदने के लिए मायके से 50 लाख रुपये लाने की जिद करने लगे। उनकी मांग पूरी नहीं करने पर फातिमा को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इसके बाद 14 नवंबर 2023 को जबरन अमेरिका से लाकर उसे मायके में छोड़ दिया गया। मायका पक्ष ने कई बार सुलह-समझौते का प्रयास किया, लेकिन ससुरालियों ने फातिमा को अपनाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। पूरामुफ्ती थानांतर्गत प्राथमिक विद्यालय भगवतपुर में चोरी हुई है। प्रधानाध्यापक सौरभ सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 20 अक्तूबर की सुबह ग्रामीणों से विद्यालय का ताला टूटा होने की जानकारी मिली। विद्यालय की रसोई से 50 किग्रा गेहूं, 100 किग्रा चावल व अन्य सामान चोरी हो गए। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

फूलपुर उप चुनाव में अफवाह फैलाने वाले बक्से नहीं जायेगे- महेश मिश्रा

सीआरपीएफ के जवानों संग बहरिया पुलिस ने विभिन्न चौराहों पर किया पैदल मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । बहरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में फूलपुर विधानसभा में 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर बहरिया पुलिस ने सीआरपीएफ के जवानों के संग पैदल मार्च कर क्षेत्र के लोगों को शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान करने के लिये प्रेरित किया और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बहरिया थानाध्यक्ष महेश मिश्रा ने कहा कि फूलपुर विधान सभा मे होने वाले उप चुनाव में अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों को बक्सा नहीं जायेगा आप लोग निर्भीक और निड़र हो कर मतदान करें अगर थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आये तो आप लोग तुरंत पुलिस को सूचित करें उसका तुरंत निराकरण होगा। पैदल मार्च मे सब इंस्पेक्टर अमित मिश्रा, रईस अहमद, राजेन्द्र यादव सूरज प्रसाद व सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान तथा पुलिस के जवान रहें

प्रयागराज पैंथर्स ने हरिकेन हजार्ड्स को किया पराजित

कार्निवल ऑफ चैंपियंस कप का फाइनल

प्रयागराज। डीएवी मैदान पर प्रयागराज पैंथर्स कप्तान निशिकांत एवं हरिकेन हजार्ड्स कप्तान सुमित खन्ना के बीच में खेला गया। जिसमें प्रयागराज पैंथर्स ने हरिकेन हजार्ड्स को 48 रन से पराजित किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर्स में 168/7 बनाया। जिसमें निशिकांत ने 50 रन एवं योगेश ने 34 रन का योगदान दिया। हरिकेन की तरफ से अभिजीत सिंह 3/34,एवं रवि ने 3/26 किए। जिसके जवाब में हरिकेन हजार्ड्स मात्र 120 रन ही बना पाया जिसमें अभिजीत सिंह ने 27 रन एवं सुमित

खन्ना ने 29 रन का योगदान दिया। निलंबुज ने 3/13, शिवम अरोड़ा ने 3/16 गेंदबाजी में योगदान दिया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच शिवम रहे। टूर्नामेंट का बेस्ट बैटर का अवॉर्ड हरिकेन हजार्ड्स के हर्षित कन्नौजिया एवं बेस्ट बोलर का अवॉर्ड रवि कन्नौजिया को दिया गया।

बिश्नोई समाज से माफी मांग लें सलमान खान- राकेश टिकैत

कहा–हरियाणा में विपक्ष चुनाव ठीक से नहीं लड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अभिनेता सलमान खान को विश्नोई समाज से माफी मांगने की अपील की है। किसान सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रयागराज आए टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विश्नोई समाज पर्यावरण व जीव संरक्षण के लिए काम कर रहा है। सलमान के किसी कृत्य से उनकी भावनाओं पर ठेस पहुंची है तो उन्हें माफी मांग लेनी चाहिए। बोले, अगर माफी मांगने से किसी की जान बच

सकती है तो उसे बोलकर विवाद खत्म कर देना चाहिए।टिकैत ने यह बयान लारेंस विश्नोई द्वारा माफी न मांगने पर सलमान की हत्या करने की धमकी को लेकर दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। एमएसपी की गारंटी बड़ा मुद्दा है। इसको लेकर आंदोलन चलता रहेगा। हरियाणा में भाजपा की जीत पर कहा कि विपक्षी दलों ने ठीक से चुनाव नहीं लड़ा। उनमें त्याग की भावना नहीं है। अगर त्याग की भावना नहीं होगी तो आगे ऐसे परिणाम देखने को मिलेंगे। बाकी काम ईवीएम कर रही है।

भाजपा नेता के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के मंत्री मोनू सोनकर के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा मोनू सोनकर के भाई सुनील सोनकर ने लिखवाया है। ज्ञात हो कि सिविल लाइंस बस स्टैंड गेट के सामने अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। आरोप है कि गाड़ी का नंबर लगाने को लेकर मोनू सोनकर ने सुनील सोनकर के साथ मारपीट व गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और कहा कि मैं भाजपा नेता हूं मेरे खिलाफ कुछ नहीं होने वाला है। मोनू सोनकर की कई गाड़ियां अवैध डगामारी में चलती है। कुछ समय पहले पूर्व एसीपी सिविल लाइंस ने भी कहा था कि मोनू सोनकर, सोनू सोनकर समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ सिविल लाइन बस स्टैंड के आसपास अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित कर रहे हैं और अवैध वसूली भी कर रहे हैं। एसीपी ने आरटीओ, ट्रैफिक समेत कई अधिकारियों के पास कार्रवाई करने के लिए भी लिखा था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने दिये सुरक्षा टिप्स

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के फेज 05 के तहत थाना फूलपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा जिसमें उप निरीक्षक उपमा सिंह, उप निरीक्षक काजल पटेल कांस्टेबल लालसा मौर्य आदि शामिल रही। वहां पर उपस्थित लोगों तथा ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं तथा आशाओं एवं अन्य स्वास्थ्य कत्रियों को महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन योजना एवं उज्जवला कौशल विकास सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना के साथ हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

साहित्यकार राकेश कुमार वर्मा नूतन की पुस्तक काल चक्र का हुआ विमोचन

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार स्व. राकेश कुमार वर्मा नूतन द्वारा लिखित पुस्तक काल चक्र एक प्रारब्ध का विमोचन रविवार को स्वदेशी शिल्प मेला परिसर उद्योग नगर नैनी प्रयागराज में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि आकाशवाणी केंद्र प्रयागराज के निदेशक आशुतोष सुंदरम एवं योगेश शुक्ला पूर्व सदस्य युवा आयोग, भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मती माधुरी देवी वर्मा(लेखक स्व.राकेश कुमार वर्मा की मां), रवि कथूरिया उप महालेखाकर प्रयागराज मंडल, शशांक शेखर पांडे, डॉ. कृतिका अग्रवाल (निदेशक वात्सल्य अस्पताल), राजेश पाल शामिल हुए। इस मौके पर स्व. राकेश कुमार वर्मा स्मृति सम्मान की शुरुआत की गई । जिसमें साहित्यकार भगवान प्रसाद उपाध्याय पत्रकार आर डी केसरवानी को राकेश कुमार वर्मा नूतन स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस पुस्तक में स्व. राकेश कुमार वर्मा द्वारा लिखी गई रचनाओं को उनकी पत्नी स्व. श्रीमती नूतन वर्मा ने संकलित किया था और श्री वर्मा के निधन के केवल एक माह पांच दिन बाद उनका भी निधन हो गया था। माता पिता की मौत के बाद संकलित रचनाओं को एक पुस्तक में पिरोकर स्व. राकेश कुमार वर्मा नूतन के बड़े पुत्र कलाकार संघ यमुनापार के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव ने अपनी मित्र डॉ. आकांक्षा पाल(संगीत प्रवक्ता) चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय, प्रयागराज के साथ मिलकर इस पुस्तक का संपादन किया है।विमोचन कार्यक्रम में मंच संचालन आकाशवाणी केंद्र प्रयागराज (प्रसार भारती) की कंपेयर श्वेता श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम के दौरान सीएमपी डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई।

प्रत्येक बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने बूथ संख्या 117 बदलेपुर ननसैनी में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 115 वाँ एपिसोड लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम मन की बात के ऐतिहासिक 115 वें संस्करण में उनके विचारों को सुना। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल व भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मजयंती वर्ष के शुभारंभ आत्मनिर्भर भारत अभियान, एनिमेशन सेक्टर, वीआर टूरिज्म, डिजिटल अरेस्ट व डिजिटल सुरक्षा, फिटनेस एक्टिविटीज सस्कृति और विरासत के संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा किया।

यमुनापार में विशाल पर्वतारोहण का आयोजन 8 दिसम्बर को बड़ोखर में

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव(प्रयागराज)। पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में क्षेत्रीय सम्भ्रांत नागरिकों की बैठक रविवार को फूल चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषक शांति निकेतन इंटर कॉलेज बड़ोखर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 8 दिसंबर रविवार को पर्वतारोहण का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन करते हुए यमुनापार पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि पर्वतारोहण की पूर्व सध्या पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष पत्रकार

गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहाकि पर्वतारोहण का यह आयोजन पर्यटन विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी धरोहरो को संरक्षित करने का प्रेरक प्रयास है जिसमें सुशिक्षित लोगों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। बैठक में समिति के सचिव सुनील कुमार केशरी, बुद्धसेन पाण्डेय, आशिफ खांन, अमर बहादुर, सुधीर कुमार केसरी, सुमन शुक्ला, आजाद विश्वकर्मा, विशाल केसरी, अंकुश मिश्रा, गोविन्द कुमार, विश्वनाथ प्रताप सिंह, राकेश पटेल आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

प्रयागराज की धरती पर आयोजित हुआ विशाल विश्व बौद्ध महासम्मेलन

महेन्द्र सेन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सरदार पटेल संस्थान चुंगी प्रयागराज में विशाल विश्व बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सहित दुनिया के तमाम देशों से अनेक बौद्ध भिक्षु और हजारों की तादाद में बौद्ध उपासक शरीक हुए। कार्यक्रम में मुख्य आयोजन भंते सुमित रतन ने कहा विश्व बौद्ध महासम्मेलन का मकसद इलाहाबाद की धरती पर सम्राट हर्षवर्धन के दौर आयोजित महाकुंभ की परंपरा से देश और दुनिया के लोगों का परिचित कराना और तथागत बुद्ध के करूणा और मैत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। धम्म सत्ता के संरक्षक में आगे बढ़ता है और आज देश में ऐसे दौर चरित्र धारी का कब्जा है जो कहते हैं कुछ और करते कुछ और हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं तो कहते हैं मैं बुद्ध की धरती से आया हूं दुनिया को युद्ध की नहीं और बुद्ध की जरूरत है और वहां बहुत साहित्य त्रिपिटक और बुद्ध की प्रतिमा वहां भेंट करते हैं और अपने देश में बुद्ध की शिक्षाओं के विपरीत आचरण करते हैं वह कहते हैं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे लेकिन भारत अभी कौन सा राज्य है यह नहीं बताएंगे भारतीय इतिहास के प्राचीन बौद्ध काल में प्रज्ञा की महानता का प्रमाण अशोक स्तंभ के उत्कीर्ण अभिलेख से भी मिलता है जिस पर सम्राट अशोक की पत्नी कारूवकी द्वारा दान देने की चर्चा तथा पुत्र तीवर का नाम अंकित है बाद के वर्षों में मुगल काल के दौरान सम्राट अकबर द्वारा इसका पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कराया गया। बुद्धिज्म में मोक्ष नहीं ज्ञानचक्षु खुलते हैं।मोक्ष प्राप्त करने का कुचक्र इतना जटिल है की कोई व्यक्ति साथ जन्म में क्या सट्टा जन्म भी ले लेगा तो भी इस आत्मा परमात्मा और पुनर्जन्म की गफ्लत को समझ नहीं पाएगा क्योंकि यह एक काल्पनिक विषय है जो पूरी तरह झूठ, फरेब, अंधविश्वास और प्रखंड पर आधारित है इसका कोई आदि और अंत नहीं है। मोक्ष का मतलब है मृत्योपरांत पुनजर्न्म से मुक्ति। अर्थात जहां जीते जी कोई गया नहीं और करने के बाद कोई लौटा नहीं। तो फिर यह कल्पना नहीं तो और क्या है हमारा मन एक असंभव लोक में पहुंच जाता है जिसका हमारे लौकिक जीवन से कोई तालुका नहीं है। आर्थिक उत्थान के साथ-साथ सामाजिक संस्कृति और वैचारिक उत्थान होने की भी आवश्यकता है क्योंकि कोई जरूरी नहीं कि आर्थिक रूप से समृद्ध होने के बाद हम वैचारिक सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हो जाएं। बेशक शिक्षा उस सिहनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। लेकिन जब तक शिक्षित व्यक्ति विज्ञानवादी तर्कवादी और मानवतावादी सोच का नहीं है तब तब तक शिक्षा का कोई मतलब नहीं है मैं तमाम ऐसे डिग्री धारकों पीएचडी, इंजीनियरिंग, डॉक्टर, आईएएस लोगों का देखता हूं कि शिक्षित होने के बावजूद गीदड़ बने हुए हैं। मौर्य युग बौद्ध धम्म का यह ऐसा स्वर्णिम कॉल था जिसमें सनातन धर्म की जड़ें सूखने लगी थी। सनातनी परंपरा के लोग बौद्ध धम्म के आगे टिक नहीं पा रहे थे। यह लोग किंकर्तव्यविमूढ़ के स्थिति में थे। फिर उन्होंने ऐसा कुचक्र रचा कि मौर्य वंश के दसवें बौद्ध शासक बृहद्रथ की हत्या कर उसके ही सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने व्यापक स्तर पर बौद्ध भिक्षुओं का भी कत्लेआम करवाया और बौद्ध धम्म को दबाने का कुत्सित प्रयास किया था । एव संगठन के लोग अपनी अपनी बातें बोले। इस मौके पर स्वामी प्रसाद मौर्य, के. पी. सविता बौद्ध एवं पत्रकार, महेंद्र सेन पत्रकार आदि हजारों के संख्या में लोग उपस्थित रहें।

श्रीलंका से आए बौद्ध अनुवाईयों ने लंका राम बौद्ध विहार में किया चीवर पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। ऐतिहासिक पर्यटक स्थल कौशांबी में स्थिति श्री लंकाराम बौद्ध विहार में शनिवार को कठिन चीवर वार्षिक पूजा संपन्न हुई। बौद्ध उपासकों परंपरागत तरीके से पूजा किया।कौशांबी घास स्थिति श्री लंकाराम बौद्ध विहार में कठिन चीवर वार्षिक पूजा रविवार को बौद्ध उपासकों द्वारा किया की गई। भंते टी सिरि विसुद्धि महाथेरो ने बताया कि यहां पर बौद्ध विहार की स्थापना वर्ष 2006 में हुई तब से यहां बौद्ध पर्यटकों का आना जाना लगा है। बौद्ध विहार बनने के बाद से वार्षिक कठिन चीवर पूजा की परंपरा चली आ रही है। यहां पर श्रीलंका के उपासक बौद्ध भिक्षु आकर हर वर्ष पूजा करते थे, लेकिन भन्ते टी सिरि विसुद्धि महाथेरो ने बौद्ध धर्म और उनके उपदेश की जानकारी दी। पूजन के बाद कंबोडिया बौद्ध विहार से श्री लंकाराम बौद्ध विहार तक शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विदेशी बौद्ध अनुयायियों के साथ स्थानीय बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।

कौशाम्बी थाना पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण हेतु किया पैदल मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। योगी सरकार के निर्देशन के अनुसार यूपी में जीरो टॉलरेंस अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के क्रम में कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने दंगा नियंत्रण हेतु ,कौशाम्बी,विजिया चौराहा, बैगवां सहित प्रमुख चौराहा में पैदल मार्च किया इस दौरान थाना प्रभारी उर्मिला सिंह, उपनिरीक्षक राम बाबू,उपनिरीक्षक हाफिज खान, उपनिरीक्षक सलाम मोहम्मद,उपनिरीक्षक दिलीप यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार राय,कास्टेबल जितेन्द्र सिंह,अरशद खां ,हेड कांस्टेबल हरिकेश,जय शंकर सिंह,कास्टेबल सचिन कुमार, राकेश पाल, ओम प्रकाश गुप्ता,महिला कास्टेबल प्रेमलता,पूनम,स्वाति,सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा।

मवेशियों से भरी ट्रक को पकड़ने पहुंचे दरोगा पर चढ़ा दी ट्रक, घायल

प्रयागराज। मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ने की कोशिश कर रहे चौकी प्रभारी पर पशु तस्करों ने ट्रक चढ़ा दिया। घटना के बाद तस्कर भागने लगे। जिसमे दारोगा घायल हो गए। पुलिस ने कुछ दूर तक तस्करों का पीछा किया और दो तस्करों को घेर कर दबोच लिया। पुलिस ने 39 भैंसों से लदी ट्रक को हिरासत में ले लिया। बुधवार भोर में चौकी प्रभारी कांशीराम रामानंद विश्वकर्मा मुखबिर की सूचना पर मामा भांजा की ओर से एक ट्रक में पशु की तस्करी होने की आशंका पर पहुंच गये। जानकारी मिली कि पशु तस्कर मवेशियों को कौशाम्बी मे काटने के लिए ले जा रहे है। दारोगा ने ट्रक पकड़ने कोशिश की तो, तस्करों ने दारोगा पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। जिसमे दारोगा घायल हो गए।

संस्कृति माध्यमिक विद्यालयों और संस्कृति महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण

जिला अधिकारी ने 17 विद्यार्थियों को आंशिक चेक किया वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी।। जनपद कौशाम्बी के उदयन सभागार परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के महत्वपूर्ण बिंदुओं में शामिल संस्कृति माध्यमिक विद्यालयों और संस्कृति महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण समारोह जिला अधिकारी कौशाम्बी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने 17 विद्यार्थियों को सांकेतिक चेक वितरण किया आपको बतादें कि जनपद में माध्यमिक संस्कृति विद्यालय /महाविद्यालयों में अध्ययनरत 2255 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 1355 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति वितरण ऑनलाइन व्यवस्था गतिशील है इस कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी, जिला क्रीड़ा अधिकारी कौशाम्बी,पूर्व सचिव चंद्र भूषण पाण्डेय, स्कॉलर आयुक्त,राजू यादव,नीरज केशरी,डॉ.रविन्द्र नाथ शुक्ल,प्रदीप कुमार मिश्र,सहित 250 विद्यार्थी शामिल रहे।

दीपावली के अवसर पर अपने विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों के 800 बच्चों के साथ लखनऊ के आनंदी वाटर पार्क में मंत्री नंदी का शानदार मस्ती

लोकमित्र ब्यूरो

बारा कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी जी के साथ पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस में प्रयागराज से लखनऊ का सफर कर प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों के करीब 800 बच्चों ने गुरुवार की रात आनंदी वाटर पार्क में शानदार डिनर और डीजे नाइट का आनंद लिया। शुक्रवार की सुबह बच्चों ने मंत्री नंदी के साथ वाटर पार्क में जमकर मस्ती की। वाटर स्लाइडिंग के साथ ही तमाम स्पोर्ट्स गेम और झूलों का आनंद लिया।

मंत्री नंदी ने कहा बच्चों की यह खुशी और उनके चेहरे पर छाई मुस्कान, वाकई अनमोल है। जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल है।दीपावली के उत्सव पर्व पर उत्साह के पर्व के रूप में पहली बार मनाया गया।

भाजपाइयों ने शोक संवेदना किया व्यक्त

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद साहिल अरोरा के पिता विजय अरोरा का निधन हो गया है। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं की तरह शोक संवेदना व्यक्त किया गया।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया विजय अरोरा प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे और 1989 में मीरापुर क्षेत्र से पार्षद हुए वे पालिस ग्रसित थे और लखनऊ वेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देर रात्रि उनका निधन हुआ और आज सुबह 9ः00 बजे उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से प्रयागराज लाया गया और अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र पार्षद साहिल अरोरा ने दिया। वह अपने पीछे दो पुत्र पार्षद साहिल अरोरा एवं आयुष अरोरा को छोड़कर दुनिया से अंतिम विदाई ली।

भरवारी का दो दिवसीय मेला सकुशल संपन्न

नगर पालिका अध्यक्ष का सभी पार्षद लोगो ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा में दो दिवसीय दशहरा मेला रावण वध और भरत मिलाप सकुशल संपन्न हो गया है मेला में जोरदार तरीके से विद्युत सजावट की गई थी मेला देखने के लिए गांव क्षेत्र के लाखों लोग मेला में पहुंचे मेला की सुरक्षा को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाकचौबंद थी

रविवार को भरत मिलाप का कार्यक्रम था जिसमें नगर पालिका परिषद भरवारी के समस्त पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी का जोरदार स्वागत कर सभी को स्वल्पाहार करवाया

तत्पश्चात अध्यक्ष कविता पासी के साथ कस्बा में सजाई गई विधुत की कंपीटिशन लाइट वा मेले का आनंद लिया तथा मेले में कस्बा के बच्चों द्वारा निकाली गई कलात्मक एवम श्रृंगारात्मक चौकी के महिला डांसरों का डांस देख पार्षद मोहम्मद हुसैन द्वारा पांच पांच सौ रुपए का इनाम कविता पासी के नाम से दिया गया जिसे पाकर चौकी के जिम्मेदारों ने अध्यक्ष कविता पासी का धन्यवाद दिया द्यइस मौक़े पर मोहम्मद हुसैन घनश्याम पासी शंकर लाल केशरवानी राजू पासी विकास सोनकर बबलू गौतम तुषार केशरवानी पार्षद प्रतिनिधि आदि सभी पार्षद मौजूद थे

अवैध मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी व ट्रैक्टर को नायब तहसीलदार ने किया सीज

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में अवैध मिट्टी का खनन पाए जाने पर नायब तहसीलदार सिराथू ने जेसीबी व ट्रैक्टर को पकड़कर सीज की कार्रवाई करते हुए थाना कोखराज पुलिस के सुपुर्द किया। रविवार की शाम को नायब तहसीलदार अतुल कुमार एक शिकायत की जांच करने क्षेत्रीय लेखपाल अमन सिंह के साथ सिराथू तहसील के हिसामपुर परसखी गांव गये हुए थे।

बताते हैं की वापसी आते समय उन्हें गांव के पास जेसीबी और ट्रेक्टर के द्वारा मिट्टी खनन करते मिले। जिनके खिलाफ सीज करने की कार्रवाई की। वहीं अन्य ट्रेक्टर मौके से फरार होने में कामयाब हो गये।नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने बताया की अवैध मिट्टी करते पाये गये जेसीबी और एक ट्रेक्टर को पकड़कर थाना कोखराज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता किया अवलोकन

जौनपुर । जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रविवार को सिरकोनी क्षेत्र के हौज गांव निवासी कृषक बबऊ सिंह के खेत मे लगी धान फसल की क्रॉप कटिंग का अवलोकन कर उत्पादकता का हाल जाना। प्राप्त रेण्डम नम्बम के खसरा में 10म10म10 के त्रिभुज क्षेत्रफल 43.33 वर्गमीटर की कटाई कराकर तौल करवाई गई जिसमें 20.06 किग्रा उत्पादन प्राप्त हुआ। इस प्रकार एक हेक्टेयर की उत्पादकता 46.138 कुन्तल प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई। इस मौके पर उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ऑन लाईन क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट एप से हर राजस्व गाँव की क्रॉप कटिंग कराकर औसत उत्पादन का आकलन करती है औसत उत्पादन से उत्पादकता कम आने पर फसल बीमा कंपनी द्वारा बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराती है, इस महत्वपूर्ण कार्य मे राजस्व एवं कृषि विभाग समन्वय स्थापित कर हर गांव में प्राप्त रेण्डम नम्बम के खसरे से क्रॉप कटिंग कराते है ताकि आकलन करके किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाई जाती है।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, तहसीलदार, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव, राजस्व लेखपाल एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि सहित विनोद कुमार, रामजीत, बीरेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को किया नमन

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विकासखंड सिरकोनी के ग्राम हौज स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया गया।

शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदो के बलिदान को याद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शहीदों के बलिदान, उनके गौरव गाथा को याद करने के लिए जिस प्रकार से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है इससे आमजन तथा आने वाली पीढ़ी में त्याग समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। क्षेत्र के युवाओं को देश के लिए बलिदान होने वाले इन शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने जौनपुर के इतिहास में इस गांव के बारे में पढ़ा था यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इसके उपरान्त उन्होंने उपस्थित ग्राम वासियों में मिठाई भी वितरित की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पवन सिंह, तहसीलदार सहित ग्राम प्रधान और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

फरार चल रहे वांछित के यहां पुलिस ने चस्पा किया 82 की नोटिस

खीरी (प्रयागराज) । खीरी पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार की दोपहर पुरानी खीरी निवासी और काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त आकाश कुमार पुत्र भारत आदिवासी और नरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय रामबहोर कुशवाहा निवासी खीरी थाना खीरी के घर पहुंच कर गवाह आशीष कुमार पुत्र शीतला प्रसाद एवं अखिलेशचंद्र पुत्र संगम लाल निवासी खीरी के समक्ष धारा 82 की नोटिस चस्पा की गई। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा बतलाया गया कि उपरोक्त दोनों अभियुक्त के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई लेकिन दोनों अभियुक्त पकड़ में नहीं आए। वारंट के बाद पुलिस फरार चल रहे मुकदमे के दोनों आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार दबिश दी गई लेकिन वह दोनों नहीं मिले। गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई महीनो से लगातार प्रयास कर रही है ।

टीचर्स प्रीमियर लीग में मंझनपुर की टीम ने कौशाम्बी को हराया,ऑलराउंडर प्रदर्शन से अवनीश यादव बने मैंन ऑफ दी मैच

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मंझनपुर के टेवां में स्थित जिला स्टेडियम में टीचर्स प्रीमियर लीग 3.0 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें में मंझनपुर बनाम कौशाम्बी के बीच मुकाबला सम्पन्न हुआ। इसमें पहले खेलते हुए टीम कौशाम्बी ने निर्धारित 12 ओवर में 73 रन बनाए। कौशांबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वो अंत तक झटकों से उभर नहीं पाई ।कौशांबी की तरफ से सबसे ज्यादा प्रदीप कुमार ने 17 रन का योगदान दिया।

अपनी पारी की शुरुआत करने आई मंझनपुर टीम की शुरुआत भी निराशाजनक रही और दिव्य रत्न यादव की गेंद पर पहले ही ओवर में मंझनपुर का स्टार बल्लेबाज विपिन कुमार बिना खाता खोले आउट हो गए । कौशांबी टीम के स्टार खिलाड़ी दिव्य रत्न यादव ने 2 लगातार ओवर मेडन फेंके । मंझनपुर की टीम से अनूप वर्मा ने मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 11 रन का योगदान दिया।

बाकी खिलाड़ी तू चल मै आता हूं कि तर्ज पर आते जाते रहे।6वें नंबर पर खेलने आए अवनीश यादव ने अपने हाथ खोले। और मैदान के चारों तरफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर जिला स्टेडियम में तहलका मचा दिया।आश्चर्य जनक तरीके से खेली गई इस अविस्मरणीय पारी में अवनीश यादव ने 17 गेंदे खेली और 3 चौका और 3 छक्का लगाते हुए 235 के स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाया। बेसिक शिक्षक परिवार कौशांबी टीम के सक्रिय तकनीकी सदस्य अवनीश यादव ने जब मंझनपुर क्षेत्ररक्षण कर रही थी तो शानदार और अदभुत 3 कैच बाउंड्री पर लपके और मंझनपुर के लिए कम से कम 20 रन बचाया।

टीचर्स प्रीमियर लीग 3.0 में रविवार को अवनीश यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दम पर मंझनपुर को जीत दिलाया और मैंन ऑफ द मैच का अवार्ड अपने नाम किया ।टीम मंझनपुर ने 5 ओवर खेलकर टीम कौशांबी के द्वारा दिए गए 73 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए जीत दर्ज किया।